# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# घाटों पर सुरक्षा का कवच

**GORAKHPUR (27 Oct):** छठ महापर्व पर सोमवार की दोपहर से ही घाटों पर श्रद्धा के साथ सतर्कता का संगम दिखाई दिया. राप्ती नदी के किनारों से लेकर सूर्यकुंड पोखरा और ग्रामीण इलाकों तक पुलिस अलर्ट मोड में रही. डीआइजी डा. एस. चन्नप्पा, डीएम दीपक मीणा और एसएसपी राजकरन नय्यर ने खुद मोर्चा संभालते हुए घाटों का निरीक्षण किया. देर रात तक पुलिसकर्मी घाट पर मुस्तैद रहे. राप्ती के गुरु गोरक्षनाथ घाट व रामघाट तट पर बोट में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम गश्त कर रही थी, घाट किनारे झिलमिलाती लाइटों के बीच पब्लिक एड्रेस सिस्टम से पुलिस लोगों को सचेत कर रही थी कि घाट पर गहरे पानी में न जाएं, सावधानी रखें. डीआइजी डा. एस. चन्नप्पा, डीएम दीपक मीणा व एसएसपी राजकरन नय्यर ने राप्ती के गुरु गोरक्षनाथ घाट से बोट में सवार होकर निरीक्षण किया. उन्होंने गोताखोरों और तैनात सुरक्षा बलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, सभी प्रमुख घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है.

## रंजिश में पिता-पुत्र को पीटा मुकदमा दर्ज

जंगल कौड़िया : चकरा गांव में रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने पिता-पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। चकरा गांव के गुलाब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की सुबह आठ बजे शैलेश साहनी, रणविजय साहनी, सुरेंद्र साहनी, करन साहनी व अमन साहनी ने रंजिश में मुझे व मेरे बेटों राहुल व अरविंद को लाठी-डंडा व बैट आदि से पीटकर घायल कर दिया। इससे तीनों को गंभीर चोट लगी है। आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

## हिस्से की जमीन मांगने पर बड़े भाई को पीटा, केस दर्ज

जंगल कौड़िया : अजीजुल्लाह उर्फ चकिया गांव में हिस्से की जमीन मांगने पर बड़े भाई ने छोटे को पीटकर घायल कर दिया। चिलुआताल पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। चिलुआताल थाना के अजीजुल्लाह उर्फ चकिया गांव के अनिल कुमार शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की दोपहर में बड़े भाई वेद प्रकाश शुक्ला से अपने हिस्से की जमीन मांगने गांव गया। हिस्से की जमीन मांगी गाली देते हुए राड से पीटकर घायल कर दिया।

## जूते से पैर दवाने को लेकर विवाद, युवक का सिर फोड़ा

जंगल कौड़िया : महेसरा में जूते से पैर दबाने के विवाद में दबंगो ने युवक का सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने चिलुआताल थाने में तहरीर दी। सोमवार को पुलिस ने गौतम चौहान व पांचू चौहान पर केस दर्ज किया है। ददरखावा निवासी कृष्णा चौहान ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर की रात 11 बजे वह महेसरा में खड़ा था। इस दौरान उसके गांव का आरोपित जूते से बार-बार उसका पैर दबा रहा था। मना करने पर गौतम और पांचू ने मिलकर लात और मुक्के से मारा। इसके बाद हाथ से कड़ा निकालकर सिर पर हमला कर दिया। इससे उसका सिर फट गया।

## वाइक सवारों ने युवक पर किया हमला, भर्ती

गोरखपुर : सिक्षोरवा चौराहे के पास सोमवार को बाइक सवार युवकों ने प्रतापपुर निवासी राजनीत सिंह पर पीछे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गए। घायल को गांव के ही एक युवक ने तुरंत प्राथमिक उपचार के सीएचसी जंगल कौड़िया भिजवाया। जहां से चिकित्सकों ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। युवक की पीठ और दाहिने कंधे पर गंभी चोट आई है। घटना के दो घंटे बाद स्वजन ने चिलुआताल थाना पुलिस को सूचना दी। हालांकि पुलिस को अभी तहरीर नहीं मिली है।

## परीक्षा फार्म भरने निकली छात्रा गायब

गोला : परीक्षा फार्म भरने मऊ जिले के दोहरीघाट स्थित कालेज गई छात्रा का अपहरण हो गया। छात्रा के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बहन बीएससी प्रथम में पढ़ती है। शनिवार की सुबह साढ़े सात बजे वह दोहरीघाट स्थित कालेज के लिए निकली। साढ़े 10 बजे उससे बात हुई। अपराह्न डेढ़ बजे फोन किया तो उसका मोबाइल फोन स्विच आफ हो गया था। कोतवाल राहुल शुक्ल ने बताया, विकास चौधरी नाम के युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## पोखरे में नहाते समय डूबे वुजुर्ग की मृत्यु

नई वाजार : बोहाबार गांव के खुरहुरी यादव टोला निवासी रामकिशुन यादव 65 वर्ष सोमवार की शाम पांच बजे चौराहे के पास स्थित पोखरे में स्नान करने के दौरान डूब गए। सूचना पर पहुंचे एसडीएम चौरी चौरा कुंवर सचिन सिंह, सीओ अनुराग सिंह, झंगहा थाने के इंस्पेक्टर जयंत सिंह व स्वजन उन्हें लेकर पीएचसी ब्रह्मपुर आए। यहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# झोलाछाप की लापरवाही से मासूम की मौत से आक्रोश

- सहजनवां क्षेत्र का मामला, ननिहाल में रहता था बदायू का पारस, सिर में हुई थी गिल्टी
- स्वजन ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार, पंचनामा कर पुलिस ने शव को सौंपा



संवाद सूत्र, घघसरा : सहजनवा के बाहिलपार स्थित रिश्तेदारी में आए छह वर्षीय मासूम पारस की झोलाछाप की लापरवाही से मौत हो गई। इससे आक्रोशित स्वजन व ग्रामीणों ने झोलाछाप की दुकान के सामने जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम व पुलिस ने स्वजन को शांत कराकर शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा, लेकिन स्वजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिए। पुलिस ने पंचनामा कर शव को सिपुर्द कर दिया।

बदयूं जनपद के ओजयानी थाना के पृथ्वीनंगला टोला मजरा नेहोला निवासी रिंकू की पत्नी की मां का ननिहाल सहजनवा थाना के बाहिलपार निवासी चंद्रिका बेलदार के वहां है। रिंकू के इकलौते पुत्र छह वर्षीय पारस के सिर में जन्म से गिल्टी थी। बाहिलपार के रिस्तेदार ने गांव के चौराहे पर स्थित एक झोलाछाप से मासूम की बीमारी के बारे बताया तो उसने विश्वास में लेकर कहा, मासूम को बुलाइए वह ठीक कर देगा।

इसके बाद रिंकू पत्नी व बच्चे को लेकर रिश्तेदार के यहां आए। सोमवार को झोलाछाप ने सिर में गिल्टी का आपरेशन करने के लिए बुलाया। जैसे ही उसने सिर में इंजेक्शन लगाया, मासूम अचेत हो गया। स्वजन ने पूछताछ की तो झोलाछाप कुछ नहीं बता पाया।

फिर स्वजन मासूम को लेकर सीएचसी ठर्रापार पहुंचे, यहां से निजी अस्पताल लेकर गए और अंत में बीआरडी मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। इससे नाराज होकर स्वजन और ग्रामीण झोलाछाप की दुकान पर पहुंचे और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। इसी बीच मौका पाकर झोलाछाप वहां से फरार हो गया। इधर, हंगामे की सूचना पर नायब तहसीलदार रामसूरत, थाने के एसआई राजेश सिंह, समधिया चौकी प्रभारी दिनेश पांडेय समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया। स्वजनों से घटना की जानकारी ली और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा। लेकिन स्वजन ने बताया कि मासूम का शव लेकर गांव जाना है। इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। थाना प्रभारी महेश चौबे ने बताया कि पंचनामा कर शव स्वजन को सिपुर्द कर दिया गया है।

# जाम के चलते एंबुलेंस को नहीं मिला रास्ता

संवाद सूत्र, उरुवा बाजार : खजनी तहसील के कस्बा खजनी, उनवल, बेलघाट, सिकरीगंज, उरुवा बाजार, महादेवा, कुई बाजार आदि स्थानों पर छठ महापर्व पर जाम लग गया। लोगों को तो परेशानी का सामना करना ही पड़ा, जाम में एक पीएचसी उरुवा बाजार की एंबुलेंस भी फंस गई। पुलिस ने किसी तरह एंबुलेंस को जाम से बाहर निकलवाया।



उरुवा बाजार में जाम में फंसे वाहन • जागरण

छठ महापर्व पर सोमवार को भी हर कस्बा व चौराहों पर सड़क तक पूजा में प्रयोग होने वाली सामग्री की दुकान सजाई गई थी। खरीददारों के वाहन सड़क पर ही खड़े हो गए थे। इस वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। दोपहर में बेलघाट, सिकरीगंज, उनवल, कुई बाजार, महादेवा व खजनी में जाम लगना शुरू हुआ और दो बजे तक जाम में लोग फंस गए। उरुवा बाजार में एक एंबुलेंस फंस गया। चालक रंजीत ने बताया कि गंभीर मरीज लेने देवापार जा रहा था। जाम में एंबुलेंस फंसने की सूचना पर उरुवा पुलिस ने मशक्कत कर बाहर निकलवाया। सीओ खजनी शिल्पा कुमारी ने बताया कि त्योहार के कारण खरीददारी के लिए अधिक संख्या में लोग बाजार व चौराहों पर आ गए। इसलिए जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। हर कस्बा, चौराहा व छठ घाट पर पुलिस बल तैनात रहा।

# जेल में बंद मां-बाप को नहीं दिखा सके बच्चे का चेहरा

संवाद सूत्र, भटहट : एक मासूम जिसने अभी दुनिया को समझना भी नहीं सीखा था, सोमवार को हमेशा के लिए आंखें मूंद गया। परिवार के लोग शव लेकर जिला कारागार पहुंचे और हत्या की कोशिश करने के मामले में बंद माता-पिता को अंतिम बार दिखाने की मांग करने लगे। जेल प्रशासन ने नियमों का हवाला देते हुए अनुमति दने से इनकार कर दिया। इससे नाराज परिवार के लोग गुलरिहा के खपड़हवा चौकी के पास पहुंचे। फोरलेन पर शव रखकर जाम लगा दिया। थानेदार ने मदद का भरोसा देकर ग्रामीणों को सड़क से हटाया।



फोरलेन पर शव रख जाम लगाने वाले स्वजन को समझाते गुलरिहा थानेदार • जागरण

जंगल डुमरी नंबर दो निवासी छांगुर और वंदना पिछले कुछ महीनों से पीपीगंज में हुई चाकूबाजी के मामले में जेल में बंद हैं। दोनों का चार वर्षीय पुत्र अपने नाना गिरधारी पटेल के पास गांव में रहता था। सोमवार सुबह बच्चे को अचानक पेट दर्द की शिकायत हुई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बच्चे के शव को जेल ले जाकर अनुरोध किया कि बस एक बार मां-बाप को उनका बच्चा दिखा दिया जाए। लेकिन जेल प्रशासन ने कोर्ट से अनुमति आवश्यक होने की बात कहकर शव को अंदर जाने नहीं दिया। मासूम का शव जेल से वापस लेकर लौटे परिजन रोते हुए खपड़हवा चौकी के पास फोरलेन पर बैठ गए। ग्रामीणों की मांग थी कि प्रशासन बच्चे के माता-पिता को आखिरी बार देखने की अनुमति दे। सूचना पर सीओ गोरखनाथ रवि सिंह और गुलरिहा थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा विजय प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों को हर संभव मदद की जाएगी।

## जेल में मां के साथ रह सकते हैं, छह वर्ष तक के बच्चे

जगोरखपुर : जेल मैनुअल के अनुसार, महिला बंदियों को अपने छह वर्ष तक के बच्चे को जेल में साथ रखने की अनुमति होती है। जेल अधीक्षक दिलीप पांडेय ने बताया जेल में ऐसी महिला बंदियां जिनके छोटे बच्चे हैं, वे चाहें तो अपने छह वर्ष तक के बच्चों को जेल में रख सकती हैं। इसके लिए आवेदन देना होता है या मौखिक जानकारी भी दी जा सकती है, उन्होंने बताया कि वंदना और उसके पति छांगुर ने बच्चे को साथ रखने के लिए न तो कोई अर्जी दी थी और न ही मौखिक रूप से जेल प्रशासन को बताया था।

# छेड़खानी व मारपीट में दोनों पक्ष के 18 पर मुकदमा दर्ज

संवाद सूत्र, मुंडेरा बाजार : एक गांव में युवती से छेड़खानी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि छेड़खानी करने वाले मुख्य आरोपित का ही नाम सूची में नहीं लिखा है।

चौरी चौरा थाना के एक गांव के युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का कृष्णा, विशाल व सतपाल बहन से छेड़खानी करते थे। बहन के बताने पर स्वज ने आरोपित के परिवारवालों से शिकायत की तो उन्होंने माफी मांग ली। इसके बाद 22 अक्टूबर की सुबह नौ बजे तीनों घर पहुंच कर बहन से छेड़खानी करने लगे। बहन ने विरोध करते हुए कृष्णा को पकड़ लिया और दो लोग भाग गए। शोर मचाने पर हमलोग पहुंचे तो कुछ देर में ही विशाल, सत्यपाल, गोपाल, हरपाल, अमन, विमलेश, विवेक, जयसिंह व सुभाष लाठी-डंडा व राड से पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं, मुख्य आरोपित कृष्णा का नाम आरोपितों की सूची में शामिल नहीं किया है। वहीं, दूसरे पक्ष के जयसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बेटा कृष्णा उसी दिन सुबह छठ की वेदी बनाकर लौट रहा था। रास्ते में रोककर भोलू पासवान, विजेंद्र, टिंकू, रंगेश, सुमेर गौड़, छोटे पासवान, अमन पासवान, खुशबू देवी व एक अन्य ने हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए स्वजन के साथ अभद्रता व मारपीट की। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि तहरीर में जिसका नाम होगा, वह मुकदमा में आरोपित है। कृष्णा का नाम आरोपितों की सूची में छूटा है तो विवेचना के दौरान शामिल कर लिया जाएगा।

## शापिंग माल के लेडिज वाशरूम में घुसकर युवती से की छेड़खानी

- सहेलियों संग मूवी देखने आई थी युवती, शोर मचाने पर धराया आरोपित
- कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं आरोपित व पीड़ित, पुलिस ने दर्ज किया केस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहर के एक शापिंग माल में रविवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब लेडिज वाशरूम में युवती से युवक छेड़खानी करने लगा। पीड़ित के शोर मचाने पर उसके साथ फिल्म देखने आए दोस्तों और शापिंग माल के सुरक्षाकर्मियों ने आरोपित को पकड़ लिया। कैंट पुलिस ने कुशीनगर जिले के रहने वाले आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कर सोमवार की सुबह चालान कर दिया।

कुशीनगर जिले के कसया क्षेत्र की रहने वाली युवती सहेली और दो परिचित युवकों के साथ माल में फिल्म देखने आई थी। मध्यांतर के दौरान युवती वाशरूम में गई, तो साथ आया युवक अखिलेश यादव भी पीछे-पीछे अंदर चला गया। उसने युवती से गलत हरकत करने की कोशिश की, जिस पर युवती ने शोर मचाया। आवाज सुन फिल्म देखने आई सहेली के साथ ही सुरक्षाकर्मी पहुंच गए। घटना की जानकारी डायल 112 पर दी। कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक कैंट संजय सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध छेड़छाड़ और महिला की मर्यादा भंग का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित युवती को उसके स्वजन साथ ले गए। पूछने पर बताया कि फिल्म देखने की बात कहकर वह दोस्तों के साथ शहर आई थी।

# शराब के रुपये न देने पर मां का गला दबाया

- स्थिति गंभीर, रामपुर-सिक्टौर गांव में रविवार रात की घटना
- भाभी ने दर्ज कराया मुकदमा आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: सिक्टौर स्थित रामपुर गांव में रविवार की रात शराब के लिए रुपये न देने पर बेटे ने अपनी मां की गला दबाकर हत्या की कोशिश की। 60 वर्षीय मझिंदरा देवी गंभीर रूप से घायल हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। एम्स में प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।पुलिस ने आरोपित बेटे झिनक गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना रविवार रात करीब 11 बजे की है। झिनक गौड़ शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। उसकी पत्नी संजू कुशीनगर के अहिरौली गांव अपने मायके गई हुई थी। बड़ा भाई शैलेंद्र सहजनवा की फैक्ट्री में काम करने गया था। भाभी सीता अपने बच्चों के साथ छठ मनाने सिविल लाइंस स्थित मायके गई थीं। घर में केवल मझिंदरा देवी अकेली थीं। झिनक ने घर पहुंचते ही मां से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। जब मां ने पैसे देने से इनकार किया, तो वह गुस्से में आगबबूला हो उठा। आरोप है कि उसने पहले अभद्रता की और फिर मां का गला दबा दिया। मझिंदरा देवी बेहोश होकर गिर पड़ीं। पड़ोसियों ने शोर सुनकर पुलिस को सूचना दी।

खोराबार थाना पुलिस ने मझिंदरा देवी को एंबुलेंस से एम्स पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बीआरडी रेफर कर दिया। मझिंदरा देवी की बड़ी बहू सीता ने सोमवार सुबह खोराबार थाने में तहरीर देकर झिनक गौड़ पर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि आरोपित झिनक गौड़ एक निजी स्कूल की बस चलाता है। उसने शराब के नशे में मां की गला दबाकर हत्या की कोशिश की। महिला की स्थिति गंभीर है।आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नशा उतरने पर थाने में रोने लगा

पुलिस ने रात में ही झिनक गौड़ को हिरासत में ले लिया था। सोमवार सुबह जब उसका नशा उतरा, तो थाने में ही वह फूट-फूटकर रोने लगा। उसने पुलिस से गुहार लगाई- मुझे छोड़ दो, मैं मां का उपचार कराऊंगा। पुलिस को उसने बताया कि पिता की मौत के बाद मां बड़े भाई के साथ रहती थीं। रविवार को जब घर लौटा, तो मां ने पैसे देने से इनकार किया और उसने गुस्से में यह गलती कर दी।

# देवर ने भाभी के सिर पर कुल्हाड़ी से किया हमला, हालत गंभीर

संवाद सूत्र, जंगल कौड़िया : देवीपुर के टोला दुर्गापुर में देवर ने भाभी के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में उपचार कराने के बाद पीड़िता ने चिलुआताल थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपित देवर सुनील व देवरानी सीता देवी पर केस दर्ज किया। सरिता देवी ने पुलिस को बताया कि 24 अक्टूबर की शाम छह बजे वह अपनी सास से हक की बात कर रही थी। तभी देवर और देवरानी वहां आ गए और बिना किसी कारण के गाली देने लगे। विरोध पर देवरानी ने उसे पकड़ लिया और देवर ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। थाना प्रभारी चिलुआताल ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश चल रही है।

**चिलुआताल के देवीपुर गांव का मामला, पुलिस ने आरोपित देवर सुनील पर दर्ज किया मुकदमा**

**पिता से विवाद के विरोध पर भाई-भाभी का सिर फोड़ा,** पीपीगंज : मखनहा के झगरहा टोला निवासी सुधीर गुप्ता और उनकी पत्नी गूंजा देवी को उनके भाइयों ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया। घटना रविवार की रात आठ बजे की है। सोमवार को सुधीर की तहरीर पर पीपीगंज थाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

सुधीर ने पुलिस को बताया कि वह तीन भाई हैं, उसके दो भाई रविवार की रात पिता से तेज आवाज में बोल रहे थे। यह सुनने के बाद उन्होंने दोनों भाइयों को धीरे बोलने और डांटने से मना किया। इस पर दोनों नाराज हो गए और मेरे ऊपर लाठी-डंडा से हमला कर दिए। शोर सुनकर बचाव में पत्नी आई तो आरोपित भाइयों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। इसमें दोनों पति-पत्नी का सिर फट गया। थाना प्रभारी प्रभु दयाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मेडिकल कराकर कार्रवाई की जा रही है।

## छठ वेदी बनाने को लेकर युवकों में मारपीट

कैंपियरगंज : मछलीगांव गांव के समीप रोहिन नदी के बड़हरा लाल घाट पर रविवार को शाम छठ की वेदी बनाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ से चले लात-घूसे का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा। यह घटना तब हुई जब मंगरहिया और नरायनपुर के लोग घाट पर वेदी बना रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

मौके पर मौजूद अन्य लोग और बड़े बुजुर्गों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि नदी का पूर्वी किनारा पनियरा के महराजगंज में आता है। हमें उस पार से सूचना मिली थी कि विवाद के दौरान कुछ लड़कों में हाथापाई हुई थी, जिसे स्थानीय बुजुर्गों ने शांत कराया। पुलिस के पास इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। प्रसारित वीडियो की जांच कराई जा रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

संवाद सूत्र, मुंडेरा बाजार : विशुनपुर खुर्द में सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में शैलेंद्र निषाद का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस हत्या या खुदकुशी की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। चार भाइयों में दूसरे नंबर का शैलेंद्र निषाद इलेक्ट्रानिक का काम करता था। दीपावली से पहले उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई थी। यह अकेले घर पर था। सुबह के समय टीनशेड के घर में लगे पाइप पर फंदे से उसका शव लटकता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# तीन महिलाओं से जेवर चोरी में एक गिरफ्तार

संवाद सूत्र, भटहट : गुलरिहा के भटहट कस्बे में रविवार को तीन महिलाओं से जेवरात और चेन चोरी की घटनाएं हुईं। इस बीच, एक पीड़ित महिला सविता चौधरी ने बहादुरी दिखाते हुए एक चोरनी को दौड़ाकर पकड़ लिया और भटहट चौकी पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने चोरनी के पास से मंगलसूत्र बरामद किया और सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस पूछताछ में चोरी करने वाली महिला की पहचान नेहा उर्फ पूजा, निवासी एकगर सराय, थाना नवादा बाजार, जनपद नालंदा, बिहार के रूप में हुई।



**भटहट कस्बे में छठ बाजार में खरीददारी करते समय हुई घटना एक पीड़िता ने दौड़ाकर पकड़ा था आरोपित महिला को**

भटहट चौकी के प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़ी गई चोरनी को जेल भेज दिया गया है। साथ ही पिपराइच थाना क्षेत्र के अतरौलिया निवासी चंद्रेश विश्वकर्मा की पत्नी सुनीता देवी और सहजनवा थाना की निर्मला शुक्ला से चोरी की गई चेन की जांच की जा रही है। पुलिस टीम सीसी कैमरे के फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से बाकी का पता लगाने में लगी हुई है।

# उधारी मिली नहीं, केस लड़ने में खर्च हुए हजारों

**लेने के देने**

- चेक बाउंस होने का मुकदमा कर बुरे फंसे कपड़ा कारोबारी
- चेक बाउंस के 40 से अधिक मुकदमे लड़ रहे थोक कारोबारी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गीता प्रेस रोड स्थित दीवान दयाराम बाजार में थोक कपड़ा कारोबारी संजय कुमार ने सिद्धार्थनगर के व्यापारी को क्रेडिट पर कपड़ा दिया। कुछ नकद मिला लेकिन धीरे-धीरे उधारी की रकम 18 लाख रुपये पहुंच गई। लंबी उधारी होने के बाद व्यापारी ने कपड़ा लेना बंद कर दिया। ऊपर से देनदारी को लेकर भी आनाकानी शुरू कर दी। भागदौड़ के बाद भी रकम नहीं मिली तो थोक कारोबारी को 138 एनआईए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराना पड़ा। दो साल बाद भी उधारी मिली नहीं ऊपर से केस लड़ने में हजारों रुपये खर्च हो गए।

ऐसी उधारी देकर सिर्फ संजय ही नहीं फंसे हैं, उनके जैसे 40 से अधिक मामले सिर्फ कपड़े की थोक मंडी में हैं। दरअसल, कपड़ा का कारोबार उधारी पर टिका है। आमतौर पर फुटकर कारोबारी कपड़ा बेचकर किस्तों में देनदारी चुकता कर देते हैं। लेकिन हर साल 20 से 25 मामले ऐसे होते हैं, जिनमें पुलिस तक शिकायत पहुंचती है। मामला पुलिस से भी नहीं सुलझता है तो व्यापारी को कोर्ट की शरण लेनी पड़ती है। थोक कारोबारी राजेश नेभानी भी कुशीनगर के एक व्यापारी के खिलाफ मुकदमा लड़ रहे हैं। राजेश बताते हैं कि आम तौर पर फुटकर कारोबारी चेक द्वारा भुगतान करते हैं। कई बार ऐसा होता है कि छह से दस दिन बाद की तिथि का चेक देकर व्यापारी कपड़ा लेकर चला जाता है। इसके बाद चेक बाउंस हो जाता है। उधारी लेने के लिए कोर्ट में चेक बाउंस का केस कराने के सिवा कोई विकल्प नहीं बचता है।

## चार करोड़ से अधिक की उधारी

उधारी को लेकर थोक कारोबारियों ने सोशल मीडिया पर डिफाल्टर व्यापारियों के खिलाफ मुहिम के साथ ही प्रमुख बाजार में होर्डिंग आदि भी लगाई गई। लेकिन थोक कारोबारियों की माने तो 4 करोड़ से अधिक की धनराशि कस्बाई व्यापारियों के पास फंसे हुए हैं। व्यापारी अनूप कुमार का कहना है कि तीन लाख की उधारी को लेकर कोर्ट फीस और अधिवक्ता पर पिछले तीन साल में 25 हजार से अधिक खर्च हो चुके हैं। थोक कारोबारी राजेश नेभानी का कहना है कि थोक व्यापारी 5 फीसदी जीएसटी अदा कर कपड़ा लाता है। कपड़े के धंधे में उधारी पर ही काम होता रहा है। फिलहाल 40 से अधिक मुकदमे चेक बाउंस के चल रहे हैं। सरकार को ऐसे मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई का प्रावधान करना चाहिए।

# युवती की मई में होनी थी शादी

**पिपराइच।** पिपराइच रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सोमवार की रात एक युवक और युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। युवती की मां ने बताया कि बेटी का रिश्ता तय हो गया था। मई में उसकी शादी होनी थी। पुलिस का मानना है कि सजातीय होने के बाद भी परिवार दोनों के रिश्ते से खुश नहीं थे। शादी तय होने के बाद दोनों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। वहीं स्टेशन अधीक्षक उमेश चंद्र झा ने बताया कि रेल ट्रैक पर युवक-युवती के शव मिलने की सूचना जीआरपी को दी गई। वह अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस की मौजूदगी में किशोर का अंतिम संस्कार

**हि फॉलोअप**

- परिजनों ने प्रशासन से मांगी आर्थिक मदद
- गोर्रा नाव हादसे में डूबने से हुई थी कृष्ण की मौत

**झंगहा/चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद।** झंगहा क्षेत्र के गोर्रा नदी के करही घाट पर शनिवार को हुए नाव हादसे में डूबने से कृष्ण कुमार चतुर्वेदी (17) की मौत हो गई थी। सोमवार को पुलिस की मौजूदगी में गौरीघाट पर किशोर का अंतिम संस्कार किया गया।

पोस्टमार्टम के बाद शव जब घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। अपराह्न करीब दो बजे झंगहा थाना प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और उनकी मौजूदगी में पिता मदनेश चतुर्वेदी ने अपने इकलौते पुत्र को मुखाग्नि दी। चिता को जलते देख मौजूद ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने बताया कि घटना के दो दिन बाद भी प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिली है। गौरतलब है कि शनिवार को करही घाट पर नाव पलटने से कृष्ण कुमार नदी में डूब गया था, जिसके बाद रविवार को एसडीआरएफ टीम ने उसका शव बरामद किया था।

**डूबने से छात्र की मौत में दो नाविक और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज:** चौरीचौरा झंगहा क्षेत्र के करही घाट पर नाव पलटने से छात्र की डूबने से हुई मौत की घटना में पुलिस ने दो नाविक और एक ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई मृतक के पिता मदनेश चतुर्वेदी की तहरीर पर हुई है। जोगिया गांव निवासी मदनेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि नाव चलाने में गंभीर लापरवाही बरती गई। घटना के समय नाविक नशे की हालत में था, जिसके चलते नाव पलट गई और उनके पुत्र कृष्ण कुमार चतुर्वेदी की डूबने से मौत हो गई।

# ऑनलाइन पोर्टल पर भी अपराधियों के नाम के आगे से हटेगी जाति

- सीसीटीएनएस से नाम हटाने के लिए पत्राचार हुआ, तब तक रिक्त रखी जाएगी जगह
- डीजीपी ने जारी किया एसओपी बताया गया पुलिस कहां कर सकती जाति का उल्लेख




**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पुलिस अब अभियुक्तों की जाति का उल्लेख केवल कानूनी आवश्यकता होने पर ही कर सकेगी। थानों के नोटिस बोर्ड, गिरफ्तारी मेमो, पंचनामा या किसी अन्य पुलिस रिकॉर्ड में जाति लिखने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इतना ही नहीं ऑनलाइन पोर्टल से भी जाति हटाने के लिए पत्राचार कर दिया गया है, तब तक वह जगह रिक्त रखी जाएगी। डीजीपी ने इस संबंध में सभी पुलिस अधिकारियों को नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में की गई है, जिसने पुलिस रिकॉर्ड में जाति के अनावश्यक उल्लेख पर नाराजगी जताई थी।

डीजीपी ने यह स्पष्ट किया है कि कानूनी रूप से जिन मामलों में जाति लिखना आवश्यक है, जैसे अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, उनमें विवेचक अभियुक्त और पीड़ित की जाति का उल्लेख कर सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि सीसीटीएनएस पोर्टल पर भी अभियुक्तों की जाति से संबंधित फील्ड को डिलीट करने के लिए एनसीआरबी को पत्र भेजा गया है। जब तक तकनीकी बदलाव नहीं हो जाता, सभी पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे जाति संबंधी कॉलम को खाली छोड़ दें। इसके अलावा अब अभियुक्त के पिता के नाम के साथ माता का नाम भी रिकॉर्ड में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा, जिससे पहचान और पारदर्शिता बनी रहे। आदेश में कहा गया है कि थानों के नोटिस बोर्ड पर अभियुक्त के नाम के साथ जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। यदि किसी वायरल वीडियो या पुलिस कार्रवाई में किसी की जाति का नाम सामने आता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## जाति आधारित रैलियों पर भी रोक

आदेश में जाति आधारित रैलियों और सम्मेलनों पर भी रोक लगाई गई है। डीजीपी ने कहा कि राजनीतिक या सामाजिक उद्देश्यों से की जाने वाली जाति-आधारित सभाएं लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ हैं। ऐसे आयोजनों पर अब राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन करने वाले अफसरों पर कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया की निगरानी पर भी बल दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि किसी जाति को महिमामंडित करने या अपमानित करने वाले पोस्ट या वीडियो पर पुलिस निगरानी रखेगी, और ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# टेम्पो में गहने उड़ाने की आरोपित महिला गिरफ्तार, जेल

**भटहट, हिन्दुस्तान संवाद।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में महिलाओं के गहने और पैसे चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह में शामिल एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है, जबकि तीन अन्य संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र की सावित्री देवी रविवार को ससुराल जाने के लिए टेम्पो से भटहट पहुंची थीं। उतरने पर उन्होंने देखा कि उनके पर्स से सोने का मंगलसूत्र और पैसे गायब हैं। शक होने पर सावित्री देवी ने टेम्पो में बैठी तीन महिलाओं से पूछताछ की, तो उनमें से एक भागने लगी। सावित्री देवी ने साहस दिखाते हुए उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और भटहट चौकी पुलिस को सौंप दिया। तलाशी के दौरान महिला के पास से सोने का मंगलसूत्र बरामद हुआ।

# मॉल में युवती से छेड़खानी युवकों ने आरोपी को पकड़ा

- महिला बाथरूम में घुसा था युवक, कैण्ट पुलिस ने दर्ज किया केस
- कुशीनगर की युवती सहेलियों के साथ मॉल में मूवी देखने आई थी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** शहर के एक मॉल में मूवी इंटरवल के दौरान एक युवक द्वारा युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है। युवती के शोर मचाने पर साथ आए दोस्तों और मॉल के स्टाफ ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, कुशीनगर के कसया इलाके की युवती अपनी सहेली और दो अन्य परिचित युवकों के साथ मॉल में फिल्म देखने आई थीं। इंटरवल के दौरान जब वह बाथरूम गई, तभी साथ आया युवक महिलाओं के बाथरूम में घुस गया और गलत हरकत करने लगा। इस दौरान अन्य महिलाओं और स्थानीय लोगों ने शोर मचाया। मॉल के स्टॉफ व युवती के साथ आए युवकों ने आरोपित युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान अखिलेश पुत्र रामशंकर, निवासी माधोपो देवरिया पाण्डेय, थाना पडरौना, कुशीनगर के रूप में हुई। कैण्ट पुलिस को सूचना दी गई। आरोपित युवक को पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद थाने ले आई और केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक कैंट ने बताया कि केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 351 घाटों पर मुस्तैद रही पुलिस-प्रशासन की टीम

- घाटों पर तैनात रही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम
- ड्रोन के साथ ही स्थानीय पुलिस ने नाव से की व्यवस्था की निगरानी



सोमवार को छठ पर्व पर गोरखनाथ मंदिर एवं राजघाट के घाट का मंडलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** छठ पर्व को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जिले के 391 घाटों पर पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें तैनात की गई हैं। प्रमुख घाटों जैसे गोरखनाथ मंदिर, राजघाट, सूर्यकुंड, बड़हलगंज मुक्तिपथ और गोलाघाट पर ड्रोन से निगरानी की जा रही है, जबकि स्थानीय पुलिस नाव से गश्त कर रही है।

घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, लाइफ जैकेट, गोताखोर, नाव और फर्स्ट एड की व्यवस्था की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी प्रमुख घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और सभी अधिकारी मंगलवार सुबह तक अलर्ट मोड पर रहेंगे।

**सक्रिय रहे नागरिक सुरक्षा के वालंटियर:** नागरिक सुरक्षा प्रखण्ड कोतवाली की ओर से छठ पूजा में गोरक्षनाथ घाट, हनुमानगढ़ी घाट एवं सूर्यकुंड लाइन के पास कैंप का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव, डिवीजनल वार्डेन विकास जालान, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन मुर्तजा आलम आदि उपस्थित रहे।

## छठ पर्व पर निर्बाध बिजली आपूर्ति

**गोरखपुर।** बिजली निगम ने शहर के सार्वजनिक 45 छठ घाटों पर निबार्ध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था गई। वहीं 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने की व्यवस्था की गई। पर्व के दौरान बिजली की समस्या से तत्काल निजात दिलाने के लिए उपकेंद्रों पर 24 घंटे तकनीकी टीम तैनात किया गया। 18 ट्रॉली-ट्रांसफार्मर तैयार रहे। उपभोक्ता किसी तरह की समस्या होने पर कंट्रोल रूम के नंबर 9415737209 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

Activate Windows

## छठ घाट पर युवक डूबा, एम्स में मृत घोषित

**जगदीशपुर।** सोमवार शाम एम्स थाना क्षेत्र के माड़ापार फरेन नाला पर एक युवक डूब गया। माड़ापार दक्षिण टोला निवासी श्याम लाल (45) छठ घाट पर आरती में शामिल हुआ था। पानी में उतरते समय उसका पैर फिसल गया और अचानक वह डूब गया। आस-पास मौजूद लोगों ने श्याम लाल को किसी तरह बाहर निकाला और तुरंत एम्स अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना ने क्षेत्र में शोक का माहौल बना दिया। एम्स थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि छठ घाट पर सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं थे, जिससे इस प्रकार की दुर्घटनाओं का जोखिम बना रहता है।

# छह माह पहले भी करने वाले थे आत्महत्या, बचा लिया था लोगों ने

## प्रेमी युगल की खुदकुशी का मामला : मां की पिटाई से क्षुब्ध होकर की थी आत्महत्या की कोशिश

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पिपराइच रेलवे स्टेशन पर आत्महत्या करने वाले प्रेमी युगल ने छह माह पहले भी आत्मघाती कदम उठाया था लेकिन लोगों ने उन्हें रोक लिया था। तब युवती की मां ने दोनों को सरेराह पीटा था। बताया जा रहा है कि युवती की मां के लगातार विरोध और जबरन तय की गई शादी से क्षुब्ध होकर दोनों ने सोमवार की जान दे दी।

विश्वकर्मा के पिता ने बताया कि उनके बेटे की दिव्या के साथ एक साल से नजदीकियां थीं। छह माह पहले दोनों को पिपराइच रेलवे स्टेशन के पास स्थित मंदिर में बातचीत करते हुए दिव्या की मां ने देख लिया था और गुस्से में दोनों को सरेआम पीट दिया थ। उस दौरान भी दोनों ने आत्महत्या की कोशिश की थी लेकिन आसपास के लोगों ने समझा-बुझाकर रोक लिया था।

इसके कुछ दिन बाद युवती के पिता परदेस से घर आए और विश्वकर्मा के घर जाकर बात की। विश्वकर्मा के परिवार ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए नवंबर या दिसंबर में शादी का आश्वासन दिया था। यह बात युवती की मां को नागवार गुजरी।

नाराज होकर उसने बेटी की शादी एक अन्य युवक से तय कर दी, जो सऊदी अरब में काम करता है। मई 2026 में डेट भी पड़ गई थी। बताया जा रहा है कि इसी के बाद प्रेमी युगल ने सोमवार की देर शाम रेलवे स्टेशन पहुंचकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

रेलवे ट्रैक के पास दोनों के शव करीब 10 मीटर की दूरी पर पड़े मिले। युवती का शव नग्न अवस्था में मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दिव्या की मां ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसकी बेटी रोज की तरह सोमवार सुबह नौ बजे कपड़े की दुकान पर काम करने गई थी देर शाम तक घर न लौटने पर उन्हें चिंता हो रही थी इसी बीच शव मिलने की सूचना मिली।

पिपराइच थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम संबंध की बात सामने आई है। दोनों परिवारों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले की जांच सभी पहलुओं पर की जा रही है।

### तीन बहनों में सबसे बड़ी थी दिव्या

दिव्या तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। वह घर की आर्थिक मदद के लिए कस्बे की कपड़े की दुकान पर काम करती थी। पिता को जब बेटी की मौत की खबर मिली तो वे बंगलूरू से गोरखपुर के लिए रवाना हो गए। घर में कोहराम मचा हुआ है।

### तीन भाइयों में सबसे छोटा था विश्वकर्मा

विश्वकर्मा कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पिता ने बताया कि बेटा हैदराबाद में पेंट पॉलिश का काम करता था और दिवाली से दो दिन पहले ही घर लौटा था। परिवार शादी के लिए राजी था लेकिन दिव्या की मां नहीं मान रही थी। इसके चलते दोनों बच्चों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। सोमवार की शाम भी दिव्या ने दुकान से निकलते समय विश्वकर्मा को फोन किया था। कॉल आने के बाद वह घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा।

## चोरी के लेडीज पर्स के साथ युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चोरी करने के आरोप में एक युवक को रेलवे स्टेशन के पुराने भाप इंजन के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बांसगांव के पाली अमित राय के रूप में हुई है। आरोपी के पास से एक लेडीज पर्स और 2200 रुपये बरामद हुए हैं। जीआरपी इंस्पेक्टर अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी यात्रियों से सामान चोरी कर मौके पर ही बेच देता था। आरोपी कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

## फरेन नाले में युवक डूबा, मौत

**जगदीशपुर।** सोमवार शाम एम्स थाना क्षेत्र के माड़ापार फरेन नाला पर एक युवक डूब गया। माड़ापार दक्षिण टोला निवासी श्याम लाल (45) छठ घाट पर आरती में शामिल हुआ था। पानी में उतरते समय उसका पैर फिसल गया और अचानक वह डूब गया। आस-पास मौजूद लोगों ने श्याम लाल को किसी तरह बाहर निकाला और तुरंत एम्स अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना ने क्षेत्र में शोक का माहौल बना दिया। एम्स थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि छठ घाट पर सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं थे, जिससे इस प्रकार की दुर्घटनाओं का जोखिम बना रहता है। संवाद

## पोखरे में नहाते समय डूबने से बुजुर्ग की मौत

**ब्रह्मपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोहाबार के खुरुरी यादव टोला निवासी 65 वर्षीय राम किशुन यादव की सोमवार शाम लगभग पांच बजे पोखरे में स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। वह गांव के चौराहे के पास स्थित पोखरे में स्नान कर रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर एसडीएम चौरीचौरा सचिन सिंह, सीओ अनुराग सिंह और थाना प्रभारी जयंत सिंह पहुंचे। मृतक के परिवार में तीन बेटे दिनेश, विनय और अभिनव हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संवाद

## विक्षिप्त महिला को खोजकर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**जगतबेला।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बुढ़ियाबारी की एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला रविवार को लापता हो गई थी। पुलिस की तत्परता से महिला को सकुशल ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बुढ़ियाबारी निवासी दिनेश यादव की 32 वर्षीय बेटी सविता मानसिक रूप से अस्वस्थ है। वह बीते रविवार की दोपहर में डोहरिया बाजार गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने मजनू चौकी में लिखित सूचना देकर पुलिस से मदद मांगी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी ने तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर महिला की तलाश शुरू की। पुलिस ने घंटों की तलाश के बाद सविता को क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने औपचारिक कार्रवाई के बाद महिला को उसके भाई राहुल के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस टीम की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। थानाप्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि महिला को सुरक्षित परिवार तक पहुंचा दिया गया है। संवाद

## बाइक सवारों ने युवक को पीटकर किया घायल, दो घंटे बाद दी पुलिस को सूचना

**जगतबेला।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के सिंहोरवा चौराहे के पास सोमवार शाम बाइक सवार युवकों ने पीछे से हमला कर राजनीत सिंह को घायल कर दिया। घटना के बाद दो घंटे बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामला क्षेत्र में चर्चा में है।

प्रतापपुर गांव निवासी राजनीत सिंह सोमवार शाम करीब चार बजे सिंहोरवा बाजार से घर लौट रहे थे। तभी गांव के समीप स्थित एक स्कूल के पास पीछे से आए बाइक सवार युवकों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में राजनीत सिंह के दाहिने कंधे के नीचे गंभीर चोटें आईं। युवकों के भागने के बाद एक ग्रामीण ने राजनीत को चौराहे पर ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया, जिसके बाद वह घर चला आया। लगभग दो घंटे बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चिलुआताल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी जंगल कौड़िया ले गई, जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। सूचना पर सीओ कैंपियरगंज विवेक तिवारी और एसओ सूरज सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि डॉक्टर की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि युवक पर वार किस चीज से किया गया था। सीओ विवेक तिवारी ने बताया कि युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया है। घटना की जांच की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। संवाद

### चिलुआताल थाना क्षेत्र का मामला

# छेड़खानी के विवाद में हुई मारपीट, 18 पर केस दर्ज

**चौरीचौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम शत्रुघनपुर में युवती से छेड़खानी और विरोध के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ-नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक पक्ष ने आरोप लगाया कि गांव के तीन लोग उसकी बहन से आए दिन छेड़खानी करते हैं। विरोध करने पर 22 अक्तूबर की सुबह तीनों घर पर पहुंच गए और अशोभनीय हरकत करने लगे। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो आरोपी भाग निकले लेकिन कुछ देर बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडों और रॉड से संघर्ष हो गया।

इसमें उसकी मां और बहन घायल हुईं। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि उसका बेटा छठ का बेदी बनाकर लौट रहा था तभी आरोपी पक्ष ने रोककर गाली-गलौज की। कुछ देर बाद भोला समेत कई लोग लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और हमला कर दिया। थानाप्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के नौ-नौ लोगों पर छेड़खानी, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

### दोनों पक्षों के नौ-नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

## जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, आठ पर केस

**हरपुर बुदहट।** थाना क्षेत्र के बरौली गांव में शनिवार की शाम जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जमकर चलाए गए लाठी-डंडे के कारण दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पहले पक्ष के रामशरण ने आरोप लगाया कि गांव के अमरजीत, कन्हैया, आकाश और दो अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर, उनके भाई, बहन, दादी और चाची पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के कन्हैया ने बताया कि शनिवार शाम विरोधी पक्ष के रामशरण, सोनी, सुशीला और विद्या देवी ने उन्हें, सोनू और आकाश को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष विवेक मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# राप्ती नदी में उतराया मिला युवक का शव, जांच शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**जंगल कौड़िया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम एकमा के पास राप्ती नदी में सोमवार सुबह 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दिन में करीब 11 बजे छठ पूजा स्थल की साफ-सफाई कर रहे ग्रामीणों ने नदी की धारा में शव को बहते देखा।

ग्रामीण शव को किनारे लाए और तत्काल पीपीगंज पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शव की पहचान के प्रयास में पुलिस ने आसपास के इलाकों में जानकारी जुटाई और शव का विवरण सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। शव पर क्रीम रंग की शर्ट, नीली जींस और कमर में बेल्ट थी। हाथ में कलावा, गले में लॉकिट और चेहरे पर मूंछें थीं। मुंह पर खून के निशान भी हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। चौकी प्रभारी जंगल कौड़िया विकास मिश्रा ने बताया कि शव की पहचान और मौत के कारणों की जांच की जा रही है। सोमवार देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## नाव हादसे में डूबे कृष का हुआ अंतिम संस्कार, पिता ने दी मुखाग्नि

**झंगहा।** झंगहा थाना क्षेत्र के गोर्रा नदी के करही घाट पर शनिवार को नाव हादसे में डूबे किशोर कृष का सोमवार दोपहर अंतिम संस्कार कर दिया गया। झंगहा पुलिस की मौजूदगी में गौरी घाट पर दोपहर करीब दो बजे शव का दाह संस्कार किया गया, जहां नम आंखों से पिता मदनेस चतुर्वेदी ने बेटे को मुखाग्नि दी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम थीं। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बता दें कि शनिवार को करही घाट पर यात्रियों से भरी नाव अचानक नदी की तेज धारा में पलट गई थी, जिसमें जोगिया गांव निवासी कृष कुमार चतुर्वेदी (16) की डूबकर मौत हो गई थी। संवाद

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना संख्या :
SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T21

# पड़ोसी महिला ने किशोर से कराई गहनों की चोरी, गिरफ्तार

## चोरी में महिला की बेटी भी शामिल मां के पकड़े जाते ही भागी, तलाश में जुटी गुलरिहा थाने की पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**गुलरिहा।** गुलरिहा थाना क्षेत्र में पड़ोसी के घर से गहने चोरी कराने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर महिला शीला देवी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। जबकि पड़ोसी नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश कर बाल सुधार गृह भिजवाया गया है। आरोप है कि महिला ने 16 वर्षीय किशोर को बहला-फुसलाकर घर से गहने चोरी कराए और उन्हें अपने पास रख लिया। पुलिस ने महिला के घर से चोरी गए जेवर भी बरामद कर लिए हैं।

सेमरा नंबर दो निवासी अवधेश ने पुलिस को बताया कि उनके घर से गहने अचानक गायब हो गए। जब उन्होंने 16 वर्षीय बेटे से पूछताछ की तो उसने बताया कि पड़ोसी शीला देवी ने उसे बहकाकर चोरी कराई और गहने अपने पास रख लिए।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने शीला देवी से पूछताछ की। पहले तो उसने आरोपों से इन्कार किया, लेकिन सख्ती से पूछताछ में उसने चोरी स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक जोड़ी चांदी की पाजेब और दो कड़ा बरामद किए। जांच में सामने आया कि चोरी की साजिश में शीला की बेटी सलोनी भी शामिल थी।



गहने चोरी कराने वाली शीला गिरफ्त में। स्रोत- पुलिस

गुलरिहा पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर रविवार शाम शीला देवी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पुलिस ने उसे जेल भिजवा दिया। जबकि नाबालिग को पकड़कर बाल सुधार गृह भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया कि बरामद गहनों को कोर्ट के आदेश पर पीड़ित परिवार को सौंपा जाएगा।

# चेन स्नेचर गैंग का पर्दाफाश, महिला गिरफ्तार

## तीन संदिग्ध हिरासत में लेकर छोड़ी गईं, बिहार से आई महिलाओं के गिरोह की तलाश में पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में महिलाओं से गहने और रुपये चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने महिला नेहा उर्फ पूजा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। जबकि तीन अन्य संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र की सावित्री देवी रविवार को अपने घर से ससुराल जाने के लिए टेंपो से भटहट कस्बे पहुंचीं। उतरने पर उन्होंने देखा कि उनके



गिरफ्त में चेन स्नैचर। स्रोत-पुलिस

पर्स से सोने का मंगलसूत्र और रुपये गायब हैं।

शक होने पर उन्होंने टेंपो में बैठीं तीन महिलाओं से पूछताछ की तो उनमें से एक महिला भागने लगी। सावित्री देवी ने साहस दिखाते हुए उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और भटहट चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से सोने का मंगलसूत्र बरामद किया। पूछताछ में महिला की पहचान बिहार प्रांत के नालंदा जिले के नवादा थाना क्षेत्र के एकगसराय निवासी नेहा उर्फ पूजा के रूप में हुई। सोमवार को पुलिस ने उसे जेल भिजवा दिया।

इसके अलावा, पिपराइच थाना क्षेत्र की सुनीता देवी, सहजनवां की निर्मला शुक्ला और महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी सुनैना ने भी भटहट चौकी पर अपने गले से चेन खींचने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद से पूरे गिरोह की पहचान में जुटी है। बताया जा रहा है कि बिहार से आई महिलाओं का यह गिरोह आसपास के बाजारों में सक्रिय है। जो टेंपो या भीड़भाड़ वाले इलाकों में यात्रियों को निशाना बनाता है।

सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि बिहार से आई महिलाओं के गिरोह की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है।

# रामलीला कमेटी के अध्यक्ष व सभासद को पीटा

## पिपराइच में रामलीला मैदान के छठ घाट पर बैनर लगाने को लेकर विवाद, चेयरमैन के समर्थकों पर आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**पिपराइच।** कस्बे के रामलीला मैदान में स्थित छठ पूजा स्थल पर बैनर लगाने के विवाद में सोमवार की दोपहर नगर पंचायत के चेयरमैन संजय मद्धेशिया के समर्थकों और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों में मारपीट हो गई।

आरोप है कि चेयरमैन समर्थकों ने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ऋषभ कश्यप और सभासद व्यास मुनि गुप्ता की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान मौजूद पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे। इस मामले में दोनों पक्ष से तीन तहरीरें दी गईं हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद की जड़ नगर पंचायत बोर्ड में चल रही गुटबाजी है। रामलीला कमेटी हर वर्ष मैदान पर रामलीला और छठ पूजा का आयोजन करती है। सोमवार को नगर पंचायत के कर्मचारी चेयरमैन के निर्देश पर उसी मैदान पर बैनर लगाने पहुंचे थे। इस पर कमेटी ने आपत्ति जताई तो विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया।



पिपराइच रामलीला मैदान के छठ घाट पर विवाद के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी। संवाद

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने ले गए। रामलीला कमेटी के सदस्यों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए छठ पूजा स्थल व रामलीला मैदान के गेट में ताला लगा दिया। मामला बढ़ने पर सीओ चौरीचौरा अनुराग सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर ताला खुलवाया।

### चेयरमैन पक्ष से दी गई दो तहरीर

थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों से तीन तहरीरें मिली हैं। सभासद व्यास मुनि गुप्ता ने छह नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व लूटपाट की तहरीर दी है। वहीं, चेयरमैन के पक्ष से एक सफाईकर्मी ने जातिगत शब्दों के इस्तेमाल और मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। एक अन्य तहरीर में नगर पंचायत कर्मचारियों ने सभासद व्यास मुनि गुप्ता पर मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों में मारपीट, आठ पर केस

**हरपुर बुदहट।** थाना क्षेत्र के बरौली गांव में शनिवार की शाम जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जमकर चलाए गए लाठी-डंडे के कारण दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पहले पक्ष के रामशरण ने आरोप लगाया कि गांव के अमरजीत, कन्हैया, आकाश और दो अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर, उनके भाई, बहन, दादी और चाची पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के कन्हैया ने बताया कि शनिवार शाम विरोधी पक्ष के रामशरण, सोनी, सुशीला और विद्या देवी ने उन्हें, सोनू और आकाश को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# 6 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का 84 हजार बरामद

**देवरिया(एसएनबी)** । एसपी संजीव सुमन ने बताया कि पिछले हफ्ते 23 अक्टूबर को विवेक कुमार पाण्डेय पुत्र पुनीत निवासी ग्राम महुआडीह टोला रामपुर बनहर पोस्ट करजहा ने अवगत कराया कि मैं सीएचसी संचालक हूं। कलेक्सन का रुपया लेकर घर जा रहा था कि रास्ते में 3 बाइक सवार अज्ञात बदमाश कुर्ना नाले के पास से पैसे से भरा बैग छीनकर भाग गये । उक्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-977/2025 धारा 309(4) बीएनएस का अभियोग अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है ।

इसी बीच मुखबिर की सूचना पर परसिया अहिर चौराहे के पास से घटना में प्रयुक्त 2 मोटर साइकिल बजाज पल्सर व बुलेट के साथ 6 अभियुक्तों उत्कर्ष पाण्डेय पुत्र रामकृष्ण पाण्डेय निवासी मुन्सफ कालोनी वन विभाग के पीछे रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली ,संत यादव उर्फ दीपक यादव पुत्र हरिहर यादव निवासी मुन्सफ कालोनी रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली, प्रशान्त सिंह पुत्र प्रभाकर सिंह निवासी महुई बुजुर्ग थाना सिकरी गंज जनपद गोरखपुर ,राज सिंह उर्फ धोनी पुत्र स्व0 राजेश सिंह निवासी आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर, अभिषेक यादव पुत्र अभय चन्द यादव साकिन मुसहरी बाजार विरवतपुर थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार व आशुतोष मल्ल पुत्र अरुण कुमार मल्ल उमानंगर देवरिया एसकेवाई स्कूल के पास थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उत्कर्ष पाण्डेय व अभिषेक यादव के पास से 1 अवैध देशी तमन्चा 315 बोर व 01-01 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त संत यादव उर्फ दीपक यादव के पास से 01 अवैध देशी तमन्चा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया ।उनके पास से लूट के 84360 रूपये बरामद किये गये। उन सभी को अदालत ने जेल भेज दिया । उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों द्वारा मिलकर सीएचसी संचालक की रेकी करने के उपरान्त उसके साथ लूट की घटना को कारित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बरामद अवैध शस्त्र एवं घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साइकिल एवं लूट के 84360 रूपये कब्जे में लेकर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

## मोटरसाइकिल की ठोकर युवक घायल

**खोरीबारी।** बनकटा तिवारी निवासी बीरबल का 30 वर्षीय पुत्र भुट्टक किसी काम से एकलाआम चौराहे पर आया था लगभग तीन बजे के आस पास भटनी के तरफ से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे उसका एक पैर टूट गया।आस पास के लोगों ने मोटरसाइकिल की चाभी निकाल ली। मौके का फायदा देख मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल छोड़ भाग निकला। घायल युवक का इलाज चल रहा है।

## ड्रोन से हुई मेले की निगरानी

**लार (एसएनबी)** । लार कस्बे के बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने वाले घाट पर, मठ डिग्री कालेज के सामने घाट पर, पाठक के आवास के समीप, चौक के रामलीला मैदान के सामने, चनुकी मोड़ बीज गोदाम के समीप, भेडिहरवा टोला समेत कुल 20 स्थानों पर छठ बेदी बनाकर पूजा अर्चना होती रही। इस दौरान सभी घाट पर साफ सफाई और पथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई थी। नगर पंचायत लार के अध्यक्ष मूसा रजा लारी, इस वार्ड के पूर्व सभासद अजय जायसवाल और लार के थानाध्यक्ष मयफोर्स घूमकर निरीक्षण करते रहे। पूरे मेले की निगरानी ड्रोन कैमरे से होती रही।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**गौरी बाजार ।** मार्ग दुर्घटना में नौ दिन पूर्व घायल हुए युवक की चंडीगढ़ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। 18 अक्टूबर को ग्राम पननहा निवासी युवक ट्राली से मूर्ति लेकर आते समय देवगांव मोड़ के समीप तीन युवक टैंकर की चपेट में आ गए थे।चंदन कन्नौजिया 27 वर्ष पुत्र राजबली की इलाज के दौरान मौत हो गई ।जबकि राजू कन्नौजिया 38 वर्ष पुत्र सुखारी को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए परिजन चंडीगढ़ ले गए।जहां उसकी सोमवार को मौत हो गई ।मौत की सूचना मिलते ही पूरा परिवार गम में डूब गया।

# छठव्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

**देवरिया/भाटपाररानी/बरहज/रुद्रपुर (एसएनबी) ।** [illegible]





अर्घ्य के लिये खड़ी महिलाएं तथा अर्घ्य देने जातीं [illegible] व सिर पर दउरा लिये [illegible]।

[illegible]

### छठ पर्व पर ही एल एड की परीक्षा होने से आक्रोश

**पिंडी (एस एन बी)।** [illegible]



[illegible]

### 30 वर्षों से हज्जह तुल निशा उपवास रख करती है छठ पर्व

[illegible]

### युवकों ने छठ घाट पर बनाया लकड़ी का पुल



**पिंडी (एस एन बी)** । [illegible]

### प्रधान प्रतिनिधि पर हमला, तीन घायल

[illegible]



भटनी के [illegible] पर जुटे श्रद्धालु।

# हादसे में कांग्रेस नगर अध्यक्ष की पत्नी घायल

**बरहज।** छठ पूजा करने सोमवार को बाइक से मायके जा रही कांग्रेस नगर अध्यक्ष की पत्नी बाइक के उछलकर गिर गई। जिससे उन्हें गम्भीर चोटें आई। उनका इलाज बड़हल गंज के एक निजी अस्पताल मे चल रहा है। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल उर्फ जीतू अपनी पत्नी सुनीता जायसवाल 40 को लेकर बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के पटना घाट जा रहे थे। बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम नौकटोला के निकट ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो गयी। जिससे सुनीता जायसवाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी।

# तहसीलदार ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**भटनी।** क्षेत्र के छठ घाटों का निरीक्षण तहसीलदार ने किया। निरीक्षण के बाद कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। राजस्व कर्मियों के साथ पहुंची तहसीलदार ने जिगिना मिश्र, नोनापार आदि सहित छठ घाटों का निरीक्षण किया। जिगिना मिश्र छोटी गण्डक घाट पर कीचड़ होने की शिकायत लोगों ने की थी। शिकायत के बाद लेखपाल प्रमोद कुमार, ग्राम पंचायत सचिव जनरंजन गौतम, ग्राम प्रधानपति दीपू मिश्र आदि ने जेसीबी से घाट पर मिट्टी भरवाया।

# पास कराने के नाम पर दो छात्राओं पर संबंध बनाने का दबाव, केस




- सरकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य ने शिक्षक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा
- कक्षा सात में पढ़ती हैं दोनों छात्राएं, शिक्षक पर विभागीय कार्रवाई की भी संस्तुति

**देवरिया/सलेमपुर, हिटी।** देवरिया जिले के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में परीक्षा पास कराने के नाम पर एक शिक्षक के दो नाबालिग छात्राओं पर शारीरिक संबंध का दबाव बनाया। मामला प्रकाश में आने पर प्रधानाचार्य ने सलेमपुर कोतवाली में आरोपी शिक्षक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। साथ ही, विभागीय कार्रवाई के लिए भी रिपोर्ट भेजी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक सरकारी विद्यालय में तैनात एक शिक्षक ने 13 साल की दो छात्राओं पर परीक्षा पास कराने के नाम पर शारीरिक संबंध का दबाव बनाया। साथ ही अश्लील बातें कीं। दोनों छात्राएं कक्षा 7 में पढ़ती हैं। मामला प्रकाश में आने पर हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य को हुई तो उन्होंने सलेमपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने शिक्षक अजय कुमार यादव के विरुद्ध छेड़खानी का केस दर्ज किया है साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। आरोपी मईल थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। वह कुछ वर्ष पहले ही दूसरे जनपद से स्थानांतरित होकर जिले में आया है। हालांकि, पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी अभी कुछ भी कहने से परहेज कर रहे हैं।

# न्यायालय बंद होने के चलते घर नहीं लौटीं सगी बहनें

**तरकुलवा।** छठ पर्व से न्यायालय न खुलने के चलते दोनों सगी बहनों का घर आने की हसरत अभी अधूरी है। परिजन उन्हें लाने के लिए दिल्ली तो गए, लेकिन उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। अब एक बार फिर पुलिस व परिजन उन्हें लेने के लिए दिल्ली जाएंगे।

क्षेत्र के बंजरिया गांव के पोखारभिंडा टोला निवासी सदारत अली की दोनों बेटियां फलक 13 वर्ष व महक 11 वर्ष शुक्रवार को स्कूल से निकलने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की तो शनिवार को दोनों को दिल्ली रेलवे स्टेशन से जीआरपी ने बरामद किया। साथ ही उन्हें बाल संरक्षण गृह भेज कर परिजन व पुलिस को इसकी जानकारी दी।

# एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार उड़ाए

महदहां। सलेमपुर उपनगर के सोहनाग रोड स्थित एटीएम में सहयोग का झांसा देकर जालसाज एक महिला का कार्ड बदल दिया और 40 हजार निकाल लिया। मोबाइल पर निकासी का मैसेज आने के बाद इसकी भनक महिला को लगी। उसने तत्काल खाते की निकासी पर रोक लगाने के साथ ही साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। लार थाना क्षेत्र के बरडीहा चौरसिया की रहने वाली सुगंती देवी पत्नी जयराम राजभर गुजरात में परिवार के साथ रहती हैं। वहीं पर उनका एसबीआई में खाता है। इन दिनों छठ पूजा के लिए परिवार के साथ गांव आई हैं।



हेतिमपुर घाट पर राजकीय सम्मान के साथ लोकतंत्र सेनानी झिनकू राव को अंतिम सलामी देते पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी झिनकू राव का निधन

**गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के बखरा खास निवासी झिनकू राव का रविवार देर रात निधन हो गया। सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ।

गौरीबाजार के बखरा खास निवासी 85 वर्षीय झिनकू राव लोकतंत्र रक्षक सेनानी व समाज सेवी थे। इमरजेंसी के दौरान वह कई महीने जेल में बंद रहे। पिछले कुछ समय से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। रविवार देर रात उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। सोमवार को दोपहर एक बजे के करीब हेतिमपुर घाट पर गार्ड आफ आनर, राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके भतीजे प्रेम राव ने मुखाग्नि दी। इस दौरान एसडीएम सदर, तहसीलदार व ग्रामीण मौजूद रहे। बताया जाता है कि वह शादी नही किए थे।

**■ राजकीय सम्मान के साथ हुआ लोकतंत्र रक्षक सेनानी अंतिम संस्कार**

# घाटों पर रहा सुरक्षा का इंतजाम

**देवरिया।** छठ घाटों पर सोमवार की शाम सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। ड्रोन व सीसी कैमरे से घाटों की निगरानी की गई। डीएम दिव्या मित्तल, एसपी संजीव सुमन समेत अन्य अधिकारियों ने भी घाटों का निरीक्षण किया और सुरक्षा का जायजा लिया। वहीं छठ घाट जाने वाले मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर रोक लगी रही। छठ घाटों पर जाम की समस्या भी उत्पन्न हुई।

दोपहर बाद से ही महिलाएं छठ गीत गाते हुए छठ घाट पहुंचने लगी। शहर के सोमनाथ मंदिर पोखरा, लक्ष्मीराम पोखरा, हनुमान मंदिर पोखरा, परमार्थी पोखरा स्थित छठ घाटों पर काफी भीड़ दिखी। हनुमान मंदिर जाने वाली सड़क पर भीड़ के चलते वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था। यहां पोखरे में रस्सी बांधी गई थी, ताकि महिलाएं ज्यादा अंदर न जा सके और हर सीढ़ी पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा भीड़ वाले जगहों पर बिना वर्दी के पुलिसकर्मी तैनात थे। डीएम दिव्या मित्तल, एसपी संजीव सुमन, एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह, एएसपी आनंद कुमार पांडेय समेत अन्य अधिकारी पहुंचे और निरीक्षण किया।

# छठ घाट पर दो पक्षों में मारपीट, छह घायल

**प्रतापपुर।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में सोमवार को छठ घाट पर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि मंकेश सिंह उर्फ सुनील सिंह और जटाशंकर सिंह के बीच पुरानी रंजिश काफी समय से चली आ रही है। सोमवार को दोनों पक्ष छठ घाट की साफ-सफाई अपने-अपने तरीके से कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में एक पक्ष से प्रधान प्रतिनिधि मंकेश सिंह उर्फ सुनील पुत्र जनार्दन सिंह, उनके भतीजे दीपांशु सिंह पुत्र मनोज सिंह और पवन गोंड पुत्र रामाधार गोंड घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से महेंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह, राज सिंह पुत्र संतोष सिंह और पीयूष सिंह पुत्र संजय सिंह को चोटें आईं।

## महिला से छेड़खानी में केस

**सलेमपुर।** महिला के साथ लगातार छेड़खानी करने वाले आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने सोमवार को छेड़खानी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया। एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि 23 अक्टूबर की शाम वह बाबा के यहां जा रही थी।

# छह बदमाश गिरफ्तार, लूट के 84 हजार बरामद

- सीएसी से हुई लूट का पुलिस ने किया पर्दाफाश
- बदमाशों के पास से तीन कट्टा, कारतूस बरामद

**देवरिया, निज संवाददाता।** सदर कोतवाली पुलिस को सोमवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुई लूट का पर्दाफाश करते हुए छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से कट्टा व कारतूस भी बरामद किए गए हैं। लूट का 84 हजार रुपये के साथ ही घटना में प्रयुक्त दो बाइक भी बरामद किया है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर बनहर के रहने वाले विवेक कुमार पांडेय सीएससी संचालक हैं। 23 की रात वह वह देवरिया से घर जा रहे थे, अभी वह पुरवा चौराहे से आगे बढ़े थे कि बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनका रुपया लूट लिया। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर परसिया अहीर के समीप से दो बाइक सवार छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी ली तो उनके पास से 84 हजार नकद, कट्टा व कारतूस भी बरामद किए गए। बदमाशों ने अपना नाम उत्कर्ष पांडेय व संत यादव उर्फ दीपक निवासी देवरिया रामनाथ, प्रशांत निवासी महुई बुजुर्ग थाना सिकरीगंज गोरखपुर, राज सिंह उर्फ धोनी निवासी आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर गोरखपुर, अभिषेक यादव निवासी मुसहरी बाजार थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज, आशुतोष मल्ल निवासी उमानगर देवरिया बताया।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

संवाद सूत्र, सोहनपुरः बनकटा थाने की मिशन शक्ति टीम ने रविवार को ग्राम सोहनपुर में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया। इस अभियान के तहत मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत टीम ने विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

टीम ने महिलाओं को 1930 साइबर हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस सेवा, 181 वूमेन हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्डलाइन, और 112 आपातकालीन पुलिस सेवा के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

इसके अतिरिक्त, महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में भी जागरूक किया गया। महिला कांस्टेबल नेहा सिंह और रेनू यादव भी उपस्थित रहीं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और उपलब्ध संसाधनों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में अपनी पहचान बना सकें। मिशन शक्ति टीम की यह गतिविधि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# चोरी गई बाइक बरामद, एक हिरासत में

संवाद सूत्र, लारः बीते 19 अक्टूबर को हुए बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। खुखुंदू थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव निवासी विनायक कुमार अपने मित्र से मिलने लार आए थे।

उसी दौरान उनकी बाइक कस्बे के लख्खू मोड़ के समीप से चोरी हो गई थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। इस मामले में सोमवार को पुलिस एक युवक को बाइक के साथ हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। युवक को हिरासत में लेने की बात से पुलिस कतरा रही है। जबकि बाइक स्वामी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि लार थाने से फोन आया था कि आपकी बाइक बरामद हो गई है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

संवाद सूत्र खुखुंदूः फोरलेन सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से निजी अस्पताल पर भेजा गया। सरया गांव निवासी महेश गोड़ खुखुंदू पेट्रोल पंप के समीप फोरलेन सड़क पार कर रहे थे। साइकिल से दूर जा गिरे और गंभीर चोटें आईं। लोगों के सहयोग से निजी अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

# पूछताछ से स्वास्थ्यकर्मियों की बढ़ी बेचैनी

## इंजी. अशोक गावंडे हत्याकांड **मेडिकल कालेज** में दो दिन से डेरा डाली है एसओजी

जागरण संवाददाता, देवरियाः महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में केमिकल इंजीनियर गावंडे हत्याकांड को लेकर पुलिस घटना के पर्दाफाश के करीब पहुंच गई है। जांच के दौरान पुलिस को मिले साक्ष्य बता रहे हैं हत्या में मेडिकल कालेज के लोग शामिल रहे हैं।

पुलिस की पूछताछ से मेडिकल कालेज के सुरक्षाकर्मियों व स्वास्थ्यकर्मियों की परेशानी बढ़ गई है। दो दिन चली पुलिस की पूछताछ से कई स्वास्थ्यकर्मी व सुरक्षाकर्मी परेशान है। पूछताछ के दौरान दो सुरक्षाकर्मी व सुपरवाइजर पर पुलिस का शक बरकरार है। पुलिस अभी इनसे कड़ाई से पूछताछ कर ही रही थी मेडिकल कालेज के सफाईकर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया। जिससे पुलिस बैकफुट पर आ गई। उधर दो दिन से गोपनीय ढंग से एसओजी मेडिकल कालेज में डेरा डाले हुए है। जांच की कारंवाई पूरी करने के साथ ही कुछ लोगों पर नजर बनाए हुए है।

उधर सीसी कैमरे में मेडिकल कालेज के वार्ड में 26 सितंबर को भर्ती होने के क्रम में अंतिम बार इंजीनियर अशोक गावंडे एक सुरक्षा कर्मी से नवीन ओपीडी के भूतल पर बात करते सीसी कैमरे में दिख रहे हैं। सुरक्षा कर्मी उससे बात करते दिख रहा है, इसे पहले तो सुरक्षा कर्मी ने पुलिस की पूछताछ में उसे इंकार कर दिया लेकिन बाद में पुलिस ने सीसी कैमरे का फुटेज दिखाया तो उसके पैर तले जमीन खिसक गई। उसके बाद भी सुरक्षा कर्मी कुछ बताने को तैयार नहीं है।

पुलिय की पूछताछ में जब सीसी कैमरे में अशोक से बात करने बात सामने आई तो सुरक्षा कर्मी ने कहा दिन में बहुत सारे लोग मुझसे विभिन्न कमरे का पता पूछते हैं। सभी लोगों से मैं उनका नाम पता थोड़े पूछता हूं। उसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो परत दर परत अपनी बात बतानी शुरू की। बताया कि मैंनें अशोक के बरामदे में फर्श पर पड़े होने की सूचना अपने सुपरवाइजर को दी।

उसके बाद सुपरवाइजर से प्रभारी निरीक्षक ने पूछा तो बताया कि मैंने इसकी सूचना मेडिकल कालेज के एक उच्चाधिकारी को दी। उच्चाधिकारी ने उस दिन कहा कि उसे बेड पर पहुंचा दीजिए, वार्ड में डाक्टर को इसके बारे में सूचना दे दीजिए। उसके बाद अशोक को किसी ने रीसीव नहीं किया। उसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है कि आखिर वह कैसे पांचवीं मंजिल पर पहुंचा।

पुलिस की जांच यहीं आकर ठहर जा रही है। हालांकि कुछ और बातें पुलिस को पता चली हैं। जिसे मेडिकल कालेज में तैनात सुरक्षा कर्मी व स्वास्थ्य कर्मी छिपा रहे हैं। पुलिस बहुत जल्द उनसे राज की बातें उगलवाएगी। उधर घटना में मुंबई से भी पुलिस घटना का तार जोड़ कर देख रही है और अशोक गावंडे से किसके-किसके विवाद थे, इसके बारे में पता कर रही है।

वार्ड में भर्ती के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों से अशोक ने अपने साले और पत्नी पर रुपये लूटने का आरोप लगाया था, बताया था कि उसकी बेटी ने उसे घर से भगा दिया।

इसे लेकर वह बहुत दुखी था। एडिशन एसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि घटना में पुलिस को कई क्लू मिले हैं जिनके जरिए पुलिस जांच में आगे बढ़ रही है। पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। घटना के जल्द पर्दाफाश की उम्मीद है।

# दिल्ली के बर्निंग अस्पताल में चल रहा चंदन का उपचार

जागरण संवाददाता, सलेमपुरः एसिड अटैक से गंभीर रूप से झुलसा चंदन के हालत में अभी सुधार नहीं दिख रहा है। गोरखपुर से रेफर होने के बाद स्वजन इलाज के लिए देल्ही स्थित सफदरजंग स्थित बर्निंग अस्पताल में सोमवार को भर्ती कराया है। चिकित्सक आंख में गंभीर चोट बता रहे हैं।

मईल थाना क्षेत्र के पनिका गांव निवासी चन्दन राजभर पुत्र झुलन राजभर 28 वर्ष व उसी गांव के अरविंद वर्मा पुत्र श्रीपति वर्मा के बीच आभूषण बंधक रखने को लेकर गुरुवार को विवाद हो गया था। आभूषण व्यवसायी ने दुकान में रखे तेजाब से चन्दन व उसकी बहन संध्या पर हमला कर दिया, जिसमें चन्दन राजभर व उसकी बहन संध्या ग्राम पनिका व दोनों पक्षों के विवाद में बीच बचाव कर रहे मकान मालिक मईल निवासी अंजनी चौधरी,राघव वर्मा नरियांव, सुधांशु शुक्ला ग्राम एकौना,मैना देवी बगहा,रमेश पाल गोंड़वली,भी झुलस गए, जिसमें चन्दन व संध्या की हालत चिंताजनक हो गयी।

चन्दन की दोनों आंखों में तेजाब अटैक से हालत गंभीर हो गयी। मेडिकल कालेज देवरिया व गोरखपुर से रेफर होने के बाद गोरखपुर के एक निजी आई केयर अस्पताल में चन्दन का इलाज चल रहा था। जहां स्थिति में सुधार न होने से स्वजन दिल्ली के एक बर्निंग अस्पताल में इलाज के लिए रविवार को निकल गये। जिसे सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वजन स्थिति सामान्य बता रहे हैं।


कार्यालय अ

पत्रांक /04 ई-नि

1- महामहिम राज्यपाल,
निर्माण विभाग में मा
नीचे दर्शाये गये का
आई०टी०बी० के क

# तीन के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस

जासं, रुद्रपुर: पचलड़ी डीह चौराहा के समीप छठ पूजन सामग्री खरीदने आए युवकों को रंजिश में मारने पीटने और आठ हजार रुपये छीनने के मामलों में पुलिस तीन के विरुद्ध छिनैती समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर बगहीं के रहने वाले राजकुमार सिंह, रघुराज प्रताप सिंह पुत्र अमरजीत सिंह मुकेश कन्नौजिया पुत्र रामधारी कन्नौजिया ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि हमलोग छठ पूजा के सामान खरीदारी करने अपने घर से पचलड़ी डीह चौराहा पर रविवार की सुबह 11.30 बजे पर गए थे कि पहले से घात लगा कर बैठे विशुनपुर बगहीं के रहने वाले सुभाष पुत्र चन्द्रबली व मोनू, सचिन पुत्र सुभाष इनके अन्य सहयोगी लगभग चार अज्ञात मां-बहन की गाली देते हुए तथा ललकारते हुए प्राण घातक हमला लाठी डंडा, लोहे के राड व धारधार हथियार व चाकू से कर दिए। मारने पीटने से हम प्रार्थीगण मौके पर बेहोश हो गए, जिसका लाभ उठाते हुए उक्त व्यक्ति जेब से आठ हजार रुपये व एक सोने का चेन लगभग 12 ग्राम का लूट कर फरार हो गए।

थानाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय ने बताया कि तीन लोगों के विरुद्ध छिनैती समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## खेत बेचने को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

संवाद सूत्र, खुखुंदू: खेत बेचने के विवाद को लेकर हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

अहिरौली गांव निवासी प्रेम शीला देवी ने बताया कि खेत बेचने की बात को लेकर बगल के लोगों से विवाद होने लगा। इसी बीच विवाद बढ़ गया और उन लोगों ने पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस राजकुमार व शीला देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

## मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संवाद सूत्र, खुखुंदू : आंबेडकर की प्रतिमा के समीप रात को शराब और सिगरेट पीने से मना करने पर युवकों में मारपीट हो गई। शराब की बोतल को तोड़ कर प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। इस मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

खुखुंदू गांव के पोखरा टोला निवासी अरुण कुमार ने बताया कि शनिवार की रात दस बजे खाना खाने के बाद टहलते हुए आंबेडकर मूर्ति के समीप चला गया। जहां बगल के ही कुछ युवक शराब व सिगरेट पी रहे थे, जिसको लेकर मना किया।

इसको लेकर विवाद बढ़ गया और युवक ने फोन कर कुछ युवकों को बुला लिया। युवक पहुंचते ही शराब की बोतल तोड़कर सिर व चेहरे पर प्रहार कर दिया। यह देख बीच बचाव करने पहुंचे भाई सचिन प्रसाद पर हमला बोल दिया। जिसके चलते दोनों भाई लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान मारपीट दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा

संवाद सूत्र, रामपुर कारखाना : रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक को मारपीट के गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के डीघवा गांव के रहने वाले कृष्ण प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर के आरोप लगाया है कि 22 अक्टूबर के शाम 5:30 बजे रंजीत को लेकर डीघवा गांव के रहने वाले अंश सिंह एवं विवेक यादव मदरापाली काली मंदिर के पास प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुनसान जगह देकर के गाली देने लगे। विरोध करने पर हाथ में पहने कड़ा और पत्थर से मुझे मारपीट करके घायल कर दिए।

मारपीट में गंभीर चोट, मुकदमा दर्ज : बनकटा: एक दिन पूर्व हुए विवाद व्यक्ति को गंभीर चोट लगने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पीड़ित की तहरीर पर करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। अहिरौली बघेल के शशिकांत राजभर ने तहरीर में बताया कि गांव के कुछ लोग पिता रामअसरे राजभर व मां प्रेमशीला देवी व बहन पूनम कुमारी व मुझे पीट दिया।

# छठ पूजा करने जा रही महिला बाइक से गिरकर घायल

संवाद सूत्र, बरहजः सोमवार को छठ पूजा के लिए मायके जा रही कांग्रेस नेता जितेंद्र जायसवाल की पत्नी सुनीता जायसवाल बाइक के अनियंत्रित होने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनका उपचार बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, सुनीता जायसवाल (40 वर्ष) पटना घाट से बाइक पर यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान नौकटोला मार्ग के समीप ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो गई। कांग्रेस नगर अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल ने इस घटना की पुष्टि की है। सुनीता की स्थिति को लेकर परिवार और समर्थकों में चिंता व्याप्त है।

मार्ग दुर्घटना में छठी व्रती महिला घायल : सोहनपुरः सोहनपुर चौराहे पर सुभावती देवी उम्र 65 वर्ष पत्नी छठ्ठू गुप्ता सोहनपुर निवासी उनकी पत्नी छठ घाट सोहनपुर पोखरा से वापस आ रहीं थीं। एक तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चालक ने बाजार के बीच चौराहे पर ठोकर मार दी।

# फर्जी बैनामे के शिकायतकर्ता को धमकी, सीओ से लगाई गुहार

संवाद सूत्र, मदनपुरः क्षेत्र के ग्राम नेतवार निवासी लापता युवक आकाश की जमीन के फर्जी बैनामे की शिकायत करना शिकायतकर्ता को भारी पड़ रहा है। पीड़ित ने सीओ के समक्ष बयान दर्ज करा कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

आकाश को गायब कर उसकी जमीन के फर्जी बैनामे की थाने से लगाए उच्चाधिकारियों से गांव निवासी जयदयाल पांडेय ने शिकायत किया था। जिसे पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लेते हुए सीओ रुद्रपुर को मामले की जांच सौंपी। जिसके बाद इसमें संलिप्त लोगों के साथ निबंधन कार्यालय में हड़कंप मच गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसे फोन पर दी गई शिकायत वापस लेने व मामले से हटने के लिए धमकी दी जा रही है। जिसे जांच अधिकारी के समक्ष दर्ज कराया है।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव ने बताया कि सभी आरोपों और शिकायतों की गहनता से जांच की जा रही है। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

# दो लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट का मुकदमा

संवाद सूत्र, रामपुर कारखाना :पांडेचक चौराहे पर दो पक्ष में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मारपीट एवं दलित अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौबे गांव के रहने वाले रामबेलास प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर के आरोप लगाया है कि 19 अक्टूबर की शाम 4:00 बजे हम पांडे चक चौराहे पर सब्जी लेने गए थे। तभी मेरे ही गांव के पवन शर्मा एवं उनके साथ एक व्यक्ति अज्ञात हमें जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे । विरोध करने पर ईंट पत्थर से मारपीट कर लहूलुहान कर दिए। जिससे आंख व सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामले में गांव के ही पवन शर्मा सहित एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीएससी संचालक से लूट में छह गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस ने बरामद किए 86 हजार 360 रुपये तीन देसी तमंचा भी बरामद

जागरण संवाददाता, देवरिया: कुर्ना नाले के पास असलहा के बल पर सीएससी संचालक से हुई लूट के मामले में पुलिस ने घटना के पांचवें दिन परसिया अहीर चौराहे के पास से छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट के 84,360 रुपये नकद व तीन देसी तमंचा व चार जिंदा कारतूस भी बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त दो बाइक व एक बुलेट पर सवार थे। तीनों बाइक को भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है।



लूट में शामिल अभियुक्त पुलिस गिरफ्त मे● सौ. पुलिस मीडिया

थाना कोतवाली के महुआडीह टोला के रामपुर बनहर के रहने वाले विवेक कुमार पांडेय पुत्र पुनीत कुमार पांडेय सीएससी संचालक हैं। वे कोतवाली पुलिस को 23 अक्टूबर 25 को सूचना दिए कि वह कलेक्शन का रुपया लेकर घर जा रहे थे कि रास्ते में तीन बाइक सवार अज्ञात व्यक्तियों ने कुर्ना नाले के पास से पैसों से भरा बैग छीनकर भाग गए। उनके तहरीर पर पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर घटना के पर्दाफाश में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने परसिया अहिर चौराहे के पास दो मोटरसाइकिल एक बुलेट से जा रहे छह लोगों को संदिग्ध स्थिति में दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम उत्कर्ष पांडेय पुत्र रामकृष्ण पांडेय निवासी मुंसफ कालोनी वन विभाग के पीछे रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली, संत यादव उर्फ दीपक यादव पुत्र हरिहर यादव निवासी मुंसफ कालोनी रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली, प्रशान्त सिंह पुत्र प्रभाकर सिंह निवासी महुई बुजुर्ग थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर, राज सिंह उर्फ धोनी पुत्र स्व. राजेश सिंह निवासी आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर, अभिषेक यादव पुत्र अभय चन्द यादव साकिन मुसहरी बाजार विरवतपुर, थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार व आशुतोष मल्ल पुत्र अरुण कुमार मल्ल उमानंगर देवरिया एसकेवाई स्कूल के पास थाना कोतवाली जनपद देवरिया बताया। जिसमें पुलिस ने उत्कर्ष व अभिषेक यादव व संत यादव के पास से 01-01 अवैध देशी तमंचा व 315 बोर का चार कारतूस बरामद किया। साथ ही उनके पास से लूट के 84360 रुपये बरामद किया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों द्वारा मिलकर सीएचसी संचालक की रेकी करने के बाद उसके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय यादव, शुभम कुमार पाठक, रिद्वन सिंह, सौरभ सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे। सीओ संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि पुलिस टीम ने छह आरोपितों को लूट के रुपये के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।






# शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जा की होगी जांच

## मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी एसडीएम व तहसीलदार को जांच के लिए दिए निर्देश

- जिले में कई जगहों पर शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जा की मिल रहीं शिकायतें
- नवं रामपुर कारखाना की अध्यक्ष ने सीएम व डीएम को शिकायती पत्र भेज जांच की मांग की थी

जागरण संवाददाता, देवरिया: देवरिया जिले में शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जे की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। इस गंभीर मुद्दे पर गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने संज्ञान लिया है। इसके परिणामस्वरूप, मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वे सात दिनों के भीतर इस मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय को उचित जानकारी मिल सके।

सदर तहसील और सलेमपुर तहसील में कई स्थानों पर शत्रु संपत्ति में फर्जीवाड़े के मामले सामने आए हैं। भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के निर्देशानुसार, जांच में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान दिया जाएगा।

इनमें शत्रु संपत्ति के सहखातेदारों या बाहरी व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण, अनधिकृत बिक्री, खाली भूमि या कृषि क्षेत्र पर अवैध निर्माण, भू-माफिया द्वारा कब्जा और बिक्री, तथा शत्रु संपत्ति के सह हिस्सेदारों के बीच विभाजन न होने के कारण उत्पन्न विवाद शामिल हैं।

इससे पहले, मई में नगर पंचायत रामपुर कारखाना की अध्यक्ष शिव कुमारी देवी ने डीएम और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर शत्रु संपत्ति की जांच की मांग की थी। उन्होंने नगर पंचायत में लगभग तीन एकड़ शत्रु संपत्ति के राजस्व विभाग से चिह्नांकन की मांग की थी। इसके अलावा, सलेमपुर उपनगर के सीएचसी के पास कुछ लोगों ने शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी।

2022 में, पाकिस्तानी नागरिकों के नाम की संपत्ति को राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज किया गया था। सलेमपुर तहसील के चकमुकाम अली गांव के अब्दुल हमीद की संपत्ति को शत्रु संपत्ति अधिनियम 1969 और भारत रक्षा अधिनियम 1962 के तहत घोषित किया गया।

मुख्य राजस्व अधिकारी जलराजन चौधरी ने कहा है कि शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे की जांच के निर्देश दिए गए हैं और रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत की जाएगी।

## छापेमारी में एक कार व दो बाइक बरामद

संवाद सूत्र.बनकटा/प्रतापपुर: श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने छापेमारी कर एक कार व दो मोटरसाइकिल बरामद की है। सूत्रों की मानें तो पुलिस किसी मामले की छानबीन के लिए क्षेत्र में घूम रही थी।

इसी दौरान किसी ने सिकटिया बाजार में बिहार की संदिग्ध मोटरसाइकिल दिखने की सूचना दिया तो पुलिस ने दो मोटरसाइकिल को पिकअप में लादकर लेकर चली गई। सूत्रों की माने तो पुलिस खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव में भी गई थी। जहां सुनसान जगह पर खड़ी एक कार मिली तो उसे भी अपने साथ लेकर चली गई। पुलिस उन गाड़ियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर सकी थी। एसओ महेंद्र कुमार ने बताया अभी जांच चल रही है।

# छठ वेदियों को तोड़ने पर लोगों में आक्रोश

संवाद सूत्र, वैतालपुर: मनबढ़ों ने जमुना गांव के भंडा टोला में छोटे पोखरे किनारे बनी तीन वेदियों को तोड़ दिया। जिससे लोग आक्रोशित हो उठे। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक गौरीबाजार राहुल सिंह ने कार्रवाई का भरोसा देकर व लोगों को समझा कर शांत किया। इसके बाद वेदियों का मरम्मत करने के बाद लोगों ने पूजा अर्चना की।

गौरीबाजार थानाक्षेत्र के जमुना गांव के भंडा टोला में प्राथमिक विद्यालय के समीप छोटे से पोखरे किनारे छठ पूजा होती है। कई लोगों ने एक दिन पूर्व रविवार को छठ वेदियों का निर्माण किया था। सोमवार की सुबह तक वेदियां सुरक्षित थीं। आरोप है कि मनबढ़ों ने तीन वेदियों को जानबूझकर तोड़ दिया। शाम को जब लोग छठ पूजा स्थल पर पहुंचे तो तीन वेदियों के टूटा देख आक्रोशित हो उठे। लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके की जांच की। वेदियों को तोड़े जाने की जानकारी पर गौरीबाजार के प्रभारी निरीक्षक भी पहुंच गए।

गांव के अमित चौहान, दिलीप विश्वकर्मा, शम्मी पटेल ने बताया कि उन्होंने एक दिन पहले ही वेदियों का निर्माण किया था। जिसे तोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई का भरोसा दिया। उसके बाद वेदियों की मरम्मत की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वेदियों का मरम्मत कराया गया है। व्रती महिलाओं ने पूजा अर्चना की है।



छठ वेदियों के तोड़े जाने से आक्रोशित लोगों को समझाती पुलिस • जागरण

## जमसड़ा गांव में नीले रंग से छठ वेदी रंगने पर हुआ विरोध

संवाद सूत्र, लार: क्षेत्र के जमसड़ा गांव में ग्राम प्रधान द्वारा सभी छठ वेदी को गेरुआ रंग से रंगवाया जा रहा था। इसको लेकर गांव के ही कुछ युवकों ने अपने स्वजन द्वारा बनाई गई छठ वेदी को रंगने से मना कर दिया। और उसे नीले रंग में रंग दिया, जिसको लेकर विरोध भी हुआ। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दारोगा गोविंद सिंह ने पुनः उस छठ वेदियों को भी गेरुआ रंग में कर दिया और शांतिपूर्ण तरीके से सभी ने छठ पूजा को मनाया।



जमसड़ा गांव में नीले रंग से रंगा गया छठ वेदी • जागरण

# पूरे दिन लगी रही जाम, रेंगते रहे वाहन



छठ के दिन तहसील रोड पर लगी वाहनों की कतार, राहगीर परेशान● जागरण

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: छठ पूजा को लेकर सोमवार को भी बाजार में भीड़ उमड़ी रही। पूरा नगर जाम से जूझता रहा। सड़कों पर पैदल निकलना मुश्किल हो गया था। अंतिम दिन भी लोगों ने पूजा का सामान खरीदने के लिए बाजार में उमड़े रहे। इस दौरान यातायात व्यवस्था संभालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

नगर में जाम की समस्या हर रोज हो रही है। नवरात्र से लेकर अब तक त्योहारों का बाजार गर्म होने के चलते हर रोज लोग जाम से जूझ रहे हैं। इधर एक सप्ताह से छठ त्योहार को लेकर भीड़ और बढ़ गई। हर चौक चौराहों पर फल व पूजा के सामान की दुकानों के सज जाने से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई है।

नगर में स्थिति यह रही कि सड़कें खाली होने का नाम नहीं ले रही थी। जाम का सबसे प्रमुख कारण कई दुकानें सड़कों की पटरियों पर लगा दी गई थी। शाम को जब व्रती महिलाएं डाला लेकर निकली तो सड़क पर और जाम लग गया। महिलाओं की भीड़ के आगे आम लोगों को निकलना मुश्किल था। सोहनाग रोड में दो घंटे तक वाहन फंसे रहे। यही स्थिति गांधी चौक से तहसील रोड, सब्जी मंडी, आजाद रोड, सेंट जेवियर्स रोड की भी थी। वाहनों की लंबी कतारें लग जाने से दो पहिया वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो गया था।

भीड़ से लोगों के गंतव्य तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोतवाली प्रभारी महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि आज व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की वजह से जाम अधिक है।

## युवक को सांप ने डसा

**भलुअनी।** कस्बे के शिवधरिया वार्ड निवासी राजन (19) पुत्र स्व. तूफानी को रविवार की शाम को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ता देख परिजन उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी शंभू प्रसाद ने बताया कि सर्पदंश का एक मरीज आया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। संवाद

# खाद वितरण में पक्षपात का आरोप, हंगामा



घांटी बाजार में सहकारी समिति पर हंगामा कर रहे किसानों को समझाते सचिव। संवाद

संवाद संवाद न्यूज एजेंसी

**घांटी बाजार/भटनी।** घांटी बाजार सहकारी समिति पर सोमवार को किसानों ने खाद वितरण में पक्षपात पर जमकर हंगामा किया। किसानों के कड़े तेवर देख सचिव और अन्य सदस्य सकते में आ गए।

उन्होंने वितरण प्रक्रिया को बीच में रोक कर हंगामा कर रहे किसानों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों ओर से तीखी बहस देखी गई। हालांकि शिकायत पर पहुंची पुलिस ने लोगों को कतार में खड़ा कराकर खाद वितरित कराया।

किसान धान की कटाई के बाद रबी की फसलों की बुआई की तैयारियों में जुट गए है, लेकिन समिति पर खाद और बीज समय से नही पहुंचने पर किसान चिंतित है। शनिवार को भटनी इलाके में खाद की पहली खेप विभिन्न समितियों पर पहुंची। कई जगहों पर उसी दिन वितरण कर दिया गया, जबकि अन्य जगहों पर वितरण का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को घांटी बाजार स्थित सहकारी समिति पर खाद वितरण शुरू हुआ।

## घांटी बाजार सहकारी समिति का मामला, पुलिस ने कराया वितरण

बड़ी संख्या में किसान कतार में खड़े होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करने लगे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि कुछ लोग बिना लाइन में खड़े बैकडोर से खाद लेकर जाने लगे। यह देख किसानों का धैर्य जवाब दे गया और वह हंगामा करने लगे। किसानों की नाराजगी देख गोदाम में बैठे सचिव व अन्य जिम्मेदार वितरण प्रक्रिया को रोक उनको समझाने लगे। इसको लेकर किसानों और जिम्मेदारों में कई बार बहस हुआ।

बाद में घांटी बाजार चौकी से पहुंची पुलिस ने खाद वितरण कराया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि पीछे के रास्ते खाद लेने पर किसानों ने हंगामा किया था। पुलिस मौके पर पहुंच कतार लगवाकर खाद वितरण कराया।

## सड़क हादसे में दंपती घायल

**बरहज।** नौका टोला के पास राम जानकी मार्ग पर सोमवार को सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल हो गए। छठ महापर्व पर महिला अपने पति के साथ बाइक से मायके जा रही थीं। आजाद नगर दक्षिणी निवासी और कांग्रेस के नगर अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल पत्नी सुनीता के साथ सोमवार को गोरखपुर जनपद के पटना स्थित ससुराल जा रहे थे। जब वह नौका टोला स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे तो हादसे का शिकार हो गए। दूसरी ओर रविवार की रात भलुअनी के पिपरा पूरन निवासी पुजारी सिंह और इसरौली उर्फ तरौली के मनोज कुमार सिंह सड़क हादसे में घायल हो गए। पीएचसी भलुअनी के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। संवाद

# तेजाब से झुलसे चंदन की हालात में सुधार

**मईल।** तेजाब से गंभीर रूप से झुलसे पनिका गांव निवासी चंदन राजभर को मेडिकल कॉलेज से रेफर कर रविवार को इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया गया था। परिजनों के अनुसार सफदरगंज हॉस्पिटल में इलाज के बाद चंदन खतरा से बाहर है।

**सफदरगंज हॉस्पिटल में चल रहा है इलाज**

स्थानीय चौराहे पर पैसा व गहने के लेनदेन को लेकर बृहस्पतिवार को हुए विवाद मे अभूषण दुकानदार द्वारा पनिका निवासी चंदन पर तेजाब फेंक दिया था, जिससे चन्दन सहित आधादर्जन लोग झुलस गए थे, जिसमे चंदन की हालत गंम्भीर होने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर में इलाज चल रहा था।

चंदन की हालत में सुधार न होने पर क्षेत्रीय जनता व कुछ कोचिंग सेंटर के पढ़ रहे छात्र छात्राओं और ग्रामीणों, प्रधान के सहयोग से धन एकत्रित कर मौत व जिंदगी से जूझ रहे चंदन को इलाज के लिए सहयोग कर उसे गांव के प्रधान प्रतिनिधि ने एंबुलेंस कर अपने भाई संदीप व साथ में चंदन की पत्नी के साथ गोरखपुर से दिल्ली भेजा गया। वहां इलाज के बाद चंदन की सेहत में सुधार है। संवाद

## तीन लावारिस वाहन बरामद

**बनकटा/रामपुर बुजुर्ग।** श्रीरामपुर पुलिस ने सोमवार को तीन लावारिस वाहनों को बरामद कर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार, सिकटिया बाजार में बिहार के नंबर प्लेट की संदिग्ध बाइक खड़ी होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस ने देसी शराब की दुकान के समीप खड़ी दो बाइक को पिकअप से थाने ले गई। वहीं खामपार थाना क्षेत्र में एक सुनसान जगह पर खड़े संदिग्ध चार पहिया वाहन को भी पुलिस थाने ले गई है। एसओ महेंद्र कुमार ने बताया कि अभी जांच चल रही है। संवाद

## मारपीट के मामले में केस दर्ज

**रामपुर बुजुर्ग/बनकटा।** अहिरौली बीच पट्टी गांव निवासी शशिकांत राजभर ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रविवार की शाम गांव के कुछ लोग उनके घर आ धमके और पिता रामआसरे राजभर, मां प्रेमशीला देवी, बहन पूनम और उन्हें लाठी-डंडों से मारने लगे। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि सभी नामजद आरोपियों पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि लालजी राजभर, विनोद राजभर, मंटू राजभर, रूबी, मधु, बिंदा देवी, मालती देवी और नंदजी राजभर ने मिलकर हमला किया। संवाद

## मारपीट के मामले में एससी-एसटी का केस

**रामपुर कारखाना।** क्षेत्र के भगवानपुर चौबे गांव निवासी रामबेलास प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 19 अक्तूबर की शाम करीब चार बजे वह पांडेचक चौराहे पर सब्जी लेने गए थे, तभी गांव के ही पवन शर्मा एवं उनके साथ एक व्यक्ति ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते गाली देने लगा। विरोध करने पर ईंट-पत्थर से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया जिससे आंख व सिर में गंभीर चोट आई। थानाध्यक्ष अभिषेक राय ने बताया कि पवन शर्मा सहित एक अज्ञात पर एससी-एसटी एक्ट आदि धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## साइकिल सवार अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के सरया मोड़ के पास एक साइकिल सवार 55 वर्षीय अधेड़ को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे साइकिल सवार सड़क पर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से वह अचेत हो गए थे। आस-पास के लोगों ने नजदीक के अस्पताल भेजवाया। उधर, टक्कर के बाद मौके से बाइक सवार भाग निकला। खुखुंदू क्षेत्र के सरया गांव निवासी महेश गोड़ सोमवार सुबह छठ महापर्व का बाजार करने खुखुंदू चौराहे पर आ रहे थे। वह साइकिल लिए अभी अभी देवरिया सलेमपुर फोरलेन पर गांव के मोड़ के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से महेश मौके पर ही अचेत हो गए थे। आस-पास के लोगों ने उन्हें अस्पताल भेजवाया। थानेदार दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। संवाद

## हादसे में छठ व्रती महिला घायल

**सोहनपुर।** बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर चौराहे पर बाइक की टक्कर से छट्ठू गुप्ता की 65 वर्षीय पत्नी सुभावती देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वह छठ घाट सोहनपुर पोखरा से घर आ रही थीं। उनके सिर में चोट आई है। लोगों ने उन्हें भाटपाररानी पीएचसी पहुंचाया। बनकटा के थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि महिला को चोट लगी है। संवाद

निरीक्षण

आननफानन में सफाईकर्मियों ने शुरू किया काम

# घाटों पर अव्यवस्था देख तहसीलदार ने लगाई फटकार

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटनी।** छठ पर्व को लेकर तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को तहसीलदार अलका सिंह ने भटनी क्षेत्र के जिगिना मिश्र और नोनापार गांव के छठ घाटों का निरीक्षण किया। घाटों की सही तरीके से सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताई और तत्काल सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद घाट की सफाई हुई।

तहसीलदार ने मौके पर ही सफाई कर्मियों को फटकार लगाते हुए तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था का पर्व है। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने ग्राम प्रधानों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पर्व तक सभी घाटों की सफाई पूरी कर ली जाए और कहीं भी गंदगी या जलभराव न रहने पाए। स्

थानीय ग्रामीणों ने तहसीलदार की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की पहल से श्रद्धालुओं को अब सुविधा मिलेगी। तहसीलदार अलका सिंह ने बताया कि जिगिना मिश्र और नोनापार गांव से छठ घाट पर अव्यवस्था की शिकायत मिली थी। मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराया गया है।



भटनी के जिगिना मिश्र में घाट का निरीक्षण करतीं तहसीलदार। संवाद

## वेदी को नीले रंग में रंगने का आरोप

**चनुकी।** लार थाना क्षेत्र के जमसड़ा गांव में छठ घाट पर बनीं वेदियों को ग्राम प्रधान ने भगवा रंग से रंगवाया था। आरोप है कि कुछ युवक घाट पर पहुंचे और कुछ वेदियों को नीला रंग में रंग दिया। इस बात पर गांव में तनाव की स्थिति बनने लगी। किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक गोविंद सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की सहमति के बाद नीले रंग की वेदियों को फिर से भगवा रंग में रंगा गया। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि छठ वेदी को एक रंग में करा दिया गया। संवाद

# रेकी के बाद बाइक सवार बदमाशों ने सीएसपी संचालक से की थी लूट

### पुलिस ने छह बदमाशों को किया गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल दो बाइक बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** शहर में चार दिन पहले कुरना नाला के समीप दिनदहाड़े सीएसपी संचालक से तमंचे के बल पर दो बाइक सवार छह बदमाशों ने 1.25 लाख रुपये लूट लिए थे।

लूट की वारदात के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से सोमवर को छह आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त दो बाइक, तीन तमंचा और 84,360 रुपये बरामद किया है। इसमें दो आरोपी गोरखपुर जिले और एक बिहार के गोपालगंज जिले का रहने वाला है।

सोमवार को लूट का पर्दाफाश करते हुए पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, महुआडीह थाना क्षेत्र के टोला रामपुर बनहर निवासी विवेक कुमार पांडेय सीएसपी चलाते हैं। 23 अक्तूबर को वह रुपये कलेक्शन कर बाइक से घर जा रहे थे। कुरना नाले के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर रुपये से भरा बैग लूट लिया था। बैग में 1.25 लाख रुपये थे। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों पर लूट का केस दर्ज किया था।

### गोरखपुर ओवरब्रिज के पास छह बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने के आरोपी बाइक सवार तीन बदमाशों की पहचान की। इसके माध्यम से रेकी करने वाले बाकी तीन अन्य बदमाशों तक पुलिस पहुंच गई।

पुलिस ने वारदात में शामिल उत्कर्ष पाण्डेय, निवासी मुंसफ कॉलोनी के पीछे रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली, संत यादव उर्फ दीपक यादव, निवासी मुंसफ कॉलोनी रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली, प्रशांत सिंह निवासी महुई बुजुर्ग थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर, राज सिंह उर्फ धोनी निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर, अभिषेक यादव निवासी मुसहरी बाजार विरवतपुर थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार और आशुतोष मल्ल उमानंगर देवरिया को अहिर परसिया के पास से सोमवार को दोपहर में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने लूट में शामिल होने की बात स्वीकार की। उत्कर्ष पांडेय व अभिषेक यादव, संत यादव उर्फ दीपक यादव के पास से एक-एक तमंचा बरामद किया है। लूट का 84,360 रुपये आरोपियों के पास से पुलिस ने बरामद किया है।

## छठ घाट पर दो पक्षों में मारपीट, छह लोग घायल

**भाटपाररानी/सोहनपुर।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर में सोमवार की शाम छठ घाट पर किसी बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। एक पक्ष के घायलों का इलाज बनकटा पीएचसी पर कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम राजपुर में छठ घाट पर सफाई और सजावट के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील सिंह और इसी गांव के दूसरे पक्ष के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। थोड़ी देर में दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। इसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील सिंह, दिपांशु व पवन कुमार घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को बनकटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजवाया। चिकित्सक ने सुनील सिंह व दीपांशु सिंह को गंभीरावस्था में देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दूसरे पक्ष के भी तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि किसी पक्ष से तहरीर नहीं आई है। संवाद

# पुलिस कर रही विसरा जांच रिपोर्ट का इंतजार...परिजनों में आक्रोश

**फॉलोअप**

## अबूझ पहेली बनी डीजे संचालक और मासूम प्रिया की हत्या का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र में तीन महीने के भीतर दो गांवों में हुई दो हत्याओं का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। पुलिस के लिए दोनों हत्याएं अबूझ पहेली बन चुकीं हैं। इससे पीड़ित परिवारों में आक्रोश है।

बंजरिया गांव निवासी डीजे संचालक हीरालाल शर्मा उर्फ बिकाऊ (30) पुत्र केदार शर्मा की नौ अगस्त की रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला था। उसका शव अगले दिन सुबह गांव के बाहर एक स्कूल के पास धान के खेत में पड़ा था।

पत्नी नीतू की तहरीर पर पुलिस अज्ञात लोगों पर हत्या के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया था कि जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा और अपराधी जेल में होंगे।

वारदात के तीन महीने बाद भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस अब इस मामले में जांच कर ही रही थी कि 19 सितंबर की शाम को क्षेत्र के बरवा सेमरा गांव में सहेलियों के साथ शिव मंदिर परिसर में लुकाछिपी खेलने गई मासूम प्रियंका यादव (6) पुत्री राजू यादव अचानक रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। अगले दिन सुबह उसका शव गन्ने के खेत से क्षत-विक्षत हालत में बरामद हुआ था।

इन दोनों मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका था। इसके चलते विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस तीन महीने बाद भी दोनों वारदातों का खुलासा नहीं कर पाई है। ताबड़तोड़ हुई दो हत्याओं का खुलासा न होना पीड़ित परिवार वाले पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि दोनों वारदातों की जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, इसलिए विसरा जांच के लिए भेजा गया है।

विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद दोनों वारदातों का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज परिसर में नहीं, कोतवाली में ही कर्मचारियों से पूछताछ करेगी पुलिस

## अशोक हत्याकांड : कोतवाली जाने से कतरा रहे कर्मचारी, पुलिस पर पिटाई करने का आरोप

**फॉलोअप**

### अतिरिक्त कैमरे लगवाने के लिए भेजा प्रस्ताव

महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में अशोक गावंडे की हत्या के बाद कालेज प्रशासन ने सुरक्षा को पुनर्विचार करना शुरू कर दिया है। कालेज प्रशासन हर तरह से सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है। इस बावत सुरक्षा के नोडल अधिकारियों ने सीएमएस के माध्यम से प्राचार्य को अतिरिक्त कैमरे लगवाने का अनुरोध किया है। इसमें उच्च क्षमता का नाइट विजन कैमरा लगवाने का अनुरोध किया गया है। सीएमएस डॉ. एचके मिश्र ने बताया कि उच्च क्षमता के कैमरे लगवाने का प्रस्ताव मेरे पास आया था, इसे मैने प्राचार्य के पास भेज दिया है।


सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारियों से छठ के बाद की जाएगी पूछताछ

27 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** मेडिकल कॉलेज परिसर में पूछताछ पर अड़े कर्मचारियों की मांग को दरकिनार करते हुए पुलिस महाराष्ट्र के अशोक गावंडे (61) की हत्या के मामले में कोतवाली में ही बुलाकर पूछताछ करेगी।


**अशोक।** फाइल फोटो

तीन दिन पहले मेडिकल कॉलेज के सफाईकर्मियों ने पुलिस पर पूछताछ के दौरान पिटाई का आरोप लगाते हुए सीएमएस का घेराव किया था। इसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन का तर्क था कि परिसर में बनी पुलिस चौकी पर पूछताछ की जाए। साथ ही, पूछताछ के दौरान किसी मेडिकल अफसर के मौजूद रहने की पुलिस ने इजाजत दे दी है।

महाराष्ट्र के रहने वाले अशोक गावंडे इलाज कराने के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में 27 सितंबर को आए थे। सर्जिकल वार्ड से वह अचानक रात को लापता हो गए थे। छह अक्तूबर को उनका शव मेडिकल कॉलेज के पानी की टंकी में मिला था। अशोक की पत्नी अनीता उर्फ तनु और गोरखपुर के हुमायूंपुर दक्षिणी निवासी साले प्रफूल्ल देवरिया मोर्चरी हाउस पहुंचकर शव की पहचान की थी।

साले की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर पुलिस वारदात में शामिल कातिलों के करीब पहुंच गई है। अब तक जो भी साक्ष्य हाथ लगे हैं और पूछताछ में सामने बात सामने आई हैं, उसकी कड़ियों को जोड़ना बाकी है, मगर चार दिन

*पुलिस को जांच के दौरान जो भी साक्ष्य मिले हैं, उसकी वास्तविक जानकारी के लिए पुलिस पूछताछ की जा रही है। जिन कर्मचारियों से पूछताछ करनी रहती है, उसे एक दिन पहले मेडिकल कॉलेज प्रशासन को सूचना देकर बुलाया जाता है।*

***-संजय रेड्डी, सीओ सिटी***

पहले अचानक मेडिकल कॉलेज के सफाईकर्मी पुलिस पर पूछताछ के नाम पर कोतवाली बुलाकर पिटाई करने का आरोप लगाने लगे।

यह मामला एसपी संजीव सुमन तक भी पहुंचा। पुलिस इस आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कैमरे के सामने और समूह में सुरक्षा गार्डों और कर्मचारियों को बुलाकर पूछताछ करने का दावा किया है। पुलिस के हाथ लगे सीसीटीवी फुटेज में अंतिम बार जिस गार्ड से रात में अशोक बात कर रहा है, पुलिस ने उससे काफी कुछ कबुला लिया है। गार्ड को तीन बार कोतवाली बुलाकर पुलिस पूछताछ कर चुकी है।

वहीं पुलिस की जांच में पता चला है कि 27 सितंबर की रात जब अशोक वार्ड से लापता हुआ था, तब सर्जिकल वार्ड में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स और अन्य कर्मचारी सो रहे थे। उसे वार्ड से बाहर जाते हुए किसी ने नहीं देखा था।

# KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# अधिकारियों ने रात्रि चेकिंग कर जानी हकीकत

**पडरौना ।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देश पर जनपद में कानून एवं कानून व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित रात्रि चेकिंग की जा रही है। रात्रि रात्रि चेकिंग अधिकारी तथा दो थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों ने रविवार की देर रात्रि जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों, पीआरवी वाहनों व महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण व गहन चेकिंग की। रात्रि चेकिंग अधिकारी निरीक्षक मनमोहन मिश्रा ने थाना कसया, पटहेरवा, तमकुहीराज व विशुनपुरा क्षेत्र में रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों व थाना हवालात की जांच की। इस दौरान रात्रि चेकिंग अधिकारी ने सम्बन्धित क्षेत्र में भ्रमणशील पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया।

# गायब किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**बरवां रतनपुर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पूर्व एक किशोरी गायब होने की पीड़ित मां ने पुलिस को तहरीर सौंप कर न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि बेटी को गांव के एक लड़के ने बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। काफी खोज बिन करने के बाद भी पता नहीं चल सका है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गायब किशोरी को चौबीस घंटे के अंदर रविवार को देर रात बरामद कर कार्रवाई में जुटी है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# यूपी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**पडरौना।** तमकुहीराज थाने की पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह में पुलिस ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त हरेन्द्र राय पुत्र बलदेव राय निवासी खुशीयाल चक थाना गौरी चक जिला पटना बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, दरोगा अजीत कुमार, सिपाही अमित कुमार सिंह व छोटेलाल शामिल रहे।

# हाटा कोतवाली पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**पडरौना।** हाटा कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारण्टी अवित्तुलाह पुत्र मंसूर अंसारी निवासी मोतीपाकड कबिलसहा कोतवाली हाटा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, दरोगा गजानन पाठक व सिपाही संजय सिंह शामिल रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**तरयासुजान** । तरयासुजान थाना क्षेत्र के अहिरौली दान के टोला नुनियापट्टी निवासी सतेंद्र सिंह ( 40 ) को सड़क किनारे बुलेट चालक ने ठोकर मार दी। वह घायल हो गए और गिर बेहोश हो गए। बुलेट लेकर चालक मौक़े से फरार हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें सीएचसी तमकुही राज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

सतेंद्र सिंह उम्र लगभग 40 मुंबई रहकर रोजगार करते थे। छठ पूजा में घर आए थे। सोमवार की रात्रि लगभग 8 बजे घर के समीप सड़क पर निकले थे कि उसी दौरान सिसवा नाहर के तरफ़ से आ रहे एक बुलेट सवार ने ठोकर मार दी। ठोकर लगने वह पानी भरे गड्ढे मे जाकर गिर गए। परिजनों ने उन्हें गड्ढे से बाहर निकाला मगर वह बेहोश थे। सीएचसी तमकुही राज के चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के निर्देशन में इसरो, इन-स्पेस और एनएसआईएल की निगरानी में चार दिवसीय प्रतियोगिता शुरू

# कुशीनगर में एक साथ चार कैनसेट रॉकेट लांच

## रॉकेट लांचिंग

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर में सोमवार को एकसाथ चार कैनसेट रॉकेट की सफल लॉचिंग की गई। देवरिया संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में एपी तटबंध किनारे बसे रकबा जंगलीपट्टी में शुरू हुए चार दिवसीय इन-स्पेस मॉडल रॉकिट्री/कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंपटीशन-2025 के पहले दिन युवा वैज्ञानिकों एवं प्रशासनिक टीम की उपस्थिति में रॉकेट का सफल परीक्षण किया गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है।

एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गुरुवार तक चलने वाली प्रतियोगिता के पहले दिन सोमवार को रकबा जंगलीपट्टी में जीरो बांध पर निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से सुबह 9 बजे रॉकेट लॉचिंग कार्यक्रम शुरू किया गया, जो 9:50 बजे तक चला।

इन स्पेस के निदेशक डॉ. विनोद कुमार एवं इसरो वैज्ञानिक मंथन खाखरिया, अभिषेक सिंह, केरल से आए युवा वैज्ञानिक श्रीनाथन, मुरली, अश्विन, आदित्या, कीरनाथना, वेंकटेश आदि की निगरानी में लगभग हर पांच मिनट के अंतराल पर क्रमवार 4 कैनसेट रॉकेट छोड़े गए। लोगों ने भारत माता के जयकारे के साथ वैज्ञानिकों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। यह पूरा आयोजन देवरिया संसदीय क्षेत्र के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी की पहल और प्रयास से हो रहा है। इस दौरान तमकुहीराज की एसडीएम आकांक्षा मिश्रा, सीओ राकेश प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष सेवरही धीरेंद्र राय, सांसद प्रतिनिधि धीरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुझान पैदा करना उद्देश्य :** इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।



सोमवार को कुशीनगर में सेवरही के रकबा जंगलीपट्टी में लांचिंग पैड पर प्रक्षेपण के लिए तैयार कैनसेट रॉकेट। • हिन्दुस्तान



कुशीनगर में सेवरही के रकबा जंगलीपट्टी में रॉकेट छोड़ने की तैयारी करते वैज्ञानिक।

- सेवरही के रकबा जंगलीपट्टी में पहले दिन किया गया सफल परीक्षण, पूर्वी यूपी में पहली बार ऐसा आयोजन
- सोमवार को सुबह 9 बजे रॉकेट लॉचिंग का कार्यक्रम शुरू किया गया, जो 9:50 बजे तक चला, इसे देख दर्शक हुए रोमांचित

### चार दिन में लांच होंगे 71 रॉकेट

डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के अंतर्गत कार्यरत तीनों विंग इसरो, इन-स्पेस और एनएसआईएल (न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड) की निगरानी में चार दिवसीय रॉकेट लांचिंग प्रतियोगिता में कुल 71 रॉकिट्री कैन साइज के सैटेलाइट लांच किए जाएंगे। प्रतिभाग करने वाले विभिन्न संस्थानों के युवा वैज्ञानिकों ने ही इनका डिजाइन किया और बनाया है।



हवा में प्रक्षेपित रॉकेट की ओर देखते सांसद देवरिया व वैज्ञानिक। • हिन्दुस्तान

### पांच घंटे में रिकवर कर लिए चारों रॉकेट

तमकुहीराज। सोमवार को रॉकेट लांचिंग प्रतियोगिता में प्रक्षेपित किए गए चारो कैनसेट रॉकेट लांचिंग के लगभग पांच घंटे के अंदर पूर्ण रूप से रिकवर कर लिए गए। वैज्ञानिकों का दावा है कि चारो कैनसेट रॉकेट को दिन के तीन बजे तक सफलतापूर्वक रिकवर कर लिया गया।

### क्या है कैनसैट ?

कैनसैट एक छोटा शैक्षिक उपग्रह मॉडल है, जिसका आकार लगभग एक सोडा कैन जितना होता है। इसे छात्रों को उपग्रह डिजाइन और अंतरिक्ष मिशन की मूल अवधारणाओं का व्यावहारिक अनुभव देने के लिए विकसित किया गया है। छोटे मॉडल रॉकेट से लगभग एक किलोमीटर की ऊंचाई तक भेजे जाने के बाद यह पैराशूट की मदद से नीचे उतरते हुए तापमान, दबाव, ऊंचाई और जीपीएस डेटा जैसी जानकारियां एकत्र करता है।

### महिला शक्ति की उड़ान

राष्ट्रीय वैज्ञानिक महाकुंभ में लोगों ने महिला शक्ति के मजबूत इरादों की उड़ान भी देखी। इसमें भाग ले रहे कुल 600 युवा वैज्ञानिकों में से 133 छात्राओं की भागीदारी ने महिला वैज्ञानिकों के बढ़ते कदम को दर्शाया। इन छात्राओं ने अपने बनाए हुए कैनसैट मॉडल्स को सफलतापूर्वक लॉन्च कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## सफल प्रक्षेपण से वैज्ञानिकों की टीम उत्साहित

**तमकुहीराज/सेवरही/पिपराधा।** रकबा जंगलीपट्टी में चारो कैनसेट रॉकेट के सफल प्रक्षेपण से वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। वहीं एपी तटबंध के किनारे शुरू हुए इस प्रक्षेपण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर ग्रामीणों सहित युवाओं में अति उत्साह देखने को मिला। इन-स्पेस मॉडल रॉकिट्री/कैनसैट इंडिया स्टूडेंट कम्पटीशन-25 में भारत भर के विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के छात्रों द्वारा लॉन्च साइट से 1000 मीटर की ऊंचाई पर मॉडल रॉकेट और कैन आकार के उपग्रह का डिजाइन, विकास और प्रक्षेपण शामिल है।

### मंगलवार को पांच बजे 20 रॉकेट छोड़े जाएंगे

तमकुहीराज। रॉकेट लांचिंग प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक 20 कैनसेट रॉकेट्री का प्रक्षेपण किया जाना है। बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 30 रॉकेट्री एवं गुरुवार को समापन दिवस के दिन 4 रॉकेट्री और 7 कैनसेट लॉन्च किए जाएंगे। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि सोमवार को 10 रॉकेट लांच होने थे, लेकिन तैयारी पूरी नहीं होने के कारण 4 का ही सफल प्रक्षेपण हो सका। शेष 6 कैनसेट का प्रक्षेपण भी इन्हीं शेड्यूल मे पूरा कर लिया जाएगा।

“ आज हमने पहली बार इंडिया मे एक साथ चार सफल रॉकेट लांच किए, जो सात हजार सेंटीमीटर से ज्यादा के सैटेलाइट्स थे।



इन्हें छात्रों ने खुद निर्मित किया था। इस प्रतियोगिता में 71 टीमें भाग ले रही हैं। आज हमने चार रॉकेट पांच-पांच मिनट के अंतर पर छोड़ा, जो एक रिकॉर्ड है। प्रतियोगिता मे 500 से अधिक बच्चे भाग ले रहे है।

**डॉ. विनोद कुमार,** डायरेक्टर, इन स्पेस

## 7000 सेमी क्यूब के छात्र निर्मित उपग्रहों ने किया कमाल

**पडरौना, निज संवाददाता।** राष्ट्रीय वैज्ञानिक नवाचार के इतिहास में सोमवार का दिन यादगार हो गया। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के जीरो बंधा स्थित जंगलपट्टी राष्ट्रीय इन-स्पेस मॉडल रॉकिट्री/कैनसैट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन-25 के पहले दिन देश भर से आए युवा वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित चार कैनसैट ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी। इस आयोजन को इन-स्पेस के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने उत्तर भारत में पहली बार हुई एक साथ चार कैनसैट की सफल लॉन्चिंग बताया।

सुबह 7:30 बजे, देवरिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद शशांक मणि और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने झंडी दिखाकर कैन सैट लदे वाहन को वर्किंग एरिया से लॉन्च पैड के लिए रवाना किया। छठ पर्व को देखते हुए आम लोगों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए सोमवार को निर्धारित 10 कैनसैट में से केवल चार ही लॉन्च किए गए और ये सभी लॉन्च शत-प्रतिशत सफल रहे। ये कैनसैट लगभग पांच मिनट के अंतराल पर प्रक्षेपित किए गए, जिससे दर्शकों और वैज्ञानिकों को हर बार रोमांचित व गौरवान्वित होने का मौका मिला।

# दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**हाटा** । सोमवार की दोपहर दो बजे हाटा के पिपराइच चौराहे पर दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरे बाइक चालक को मामूली चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी हाटा पहुंचाया गया।

हाटा के वार्ड नंबर 24 निवासी अरविंद उपाध्याय उम्र वर्ष का नगर के पिपराइच रोड पर मकान व टायल्स पत्थर की दुकान है। वह दोपहर दो बजे हरि टोला स्थित अपने पुराने मकान से होकर पिपराइच रोड स्थित दुकान पर जा रहे थे। अभी चौराहे पर पहुंचे ही थे कि विपरित दिशा से बाइक से आ रहा कसया थाना क्षेत्र के जमुनिया टोला निवासी रामविनोद पटेल उम्र 30 वर्ष ने ठोकर मार दिया। इससे दोनों रोड पर गिर कर चोटिल हो गये।



पडरौना में अस्तावलगामी सूर्य को अर्घ्य देतीं व्रती महिलाएं।



हाटा स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर छठ घाट पर भारी संख्या में डूबते सूर्य की आराधना करती व्रती महिलाएं।

## जिले में छठ घाटों पर शाम होते ही उमड़ा आस्था का सैलाब, छठ वेदिकाओं के सामने घंटों बैठ व्रतियों ने किया पूजन-अर्चन

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ीं व्रती महिलाएं

**पडरौना।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर सोमवार को जिले के सभी घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। व्रती महिलाओं ने... कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय आदि लोक गीतों को गाते हुई घाटों पर पहुंची। घाटों छठ वेदिकाओं पर पूजन-अर्चन करने के बाद देर शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर घर पहुंची। इस दौरान घाटों पर पुलिस प्रशासन की चौक चौबंद व्यवस्था रही। महिलाएं पूरी रात पूजन-अर्चन के बाद सोमवार को सुबह घाट पर पहुंचकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी।

सूर्य उपासना का महापर्व छठ के तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने तेजस्वी और सुंदर काया वाले पुत्र और उनकी दीर्घायु के लिए भगवान भास्कर की उपासना की। श्रद्धा और स्वच्छता के प्रतीक छठ पर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय-खाय से हुई थी। रविवार को खरना के साथ ही अर्घ्य की तैयारियां शुरू हो गईं। व्रतियों के घर में सुबह से ही चहल-पहल बढ़ गई थी। परिवार का हर सदस्य सहयोग में जुटे रहे। शाम के समय सज धज कर नदी और ताल पोखरों व कुंड के घाटों पर पहुंची महिलाओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर घाट पर विधि विधान से पूजन किया। पूजन सामग्री को डलिया सिर पर उठाए घाट की ओर जा रही महिलाएं देवी गीत गाती रहीं। छठ पर गाए जाने वाले पारंपरिक गीत... कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय और ...सुगवा के मारबो धनुष से, सुगा गिरे मुरझाय। सरीखे कर्णप्रिय गीत से घाट गूंजते रहे। छठ वेदियों पर पूजा करने के बाद सूर्य को अर्घ्य दिया गया। घाटों से लौटने के बाद लोगों के घरों में कोसी भरने का आयोजन पूरा किया गया। पडरौना के रामधाम पोखरा, अवि चौक का पोखरा, तिलकनगर का सुराजी पोखरा, बावली चौक का पोखरा, छावनी का शिव सागर समेत कुल 70 पोखरों पर छठ पर्व पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके अलावा शहर के आवास विकास कालोनी, बंजारी घाट बुढ़िया माई मंदिर, बावली चौक रेलवे क्रासिंग घाट पर व्रती महिलाएं पहुंचकर पूजन अर्चन की।

- मंगल गीतों व भजन-कीर्तन के बीच व्रती महिलाओं ने भरी कोशी
- कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय... जैसे गीतों की रही धूम

### अर्घ्य मुहूर्त

प्रात:काल सूर्य को अर्घ्य- मंगलवार सुबह 6.25 बजे तक

### आज होगा महापर्व का समापन व अर्घ्य

लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन मंगलवार की सुबह होगा। व्रती महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में नई अर्घ्य सामग्री लेकर जलाशय में खड़ी होकर अरुणोदय की प्रतीक्षा करेंगी, जैसे ही क्षितिज पर अरुणिमा दिखाई देगा। महिलाएं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अर्पित करेंगी। घाट पर महिलाएं ब्राह्मण को अन्नदान व प्रसाद दान देने के बाद व्रत का पारण करेंगी।



पडरौना के सुराजी पोखरा तट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने की प्रतीक्षा में बैठीं व्रती महिलाएं।

**छठ घाटों पर रहा मेला जैसा नजारा:** सभी छठ घाटों पर छठ पर्व को लेकर मेला जैसा नजारा रहा। बच्चे, बूढ़े और नौजवान हर उम्र के लोग छठ घाटों पर पहुंचे थे। इससे छठ घाटों पर मेले जैसा नजारा रहा। आयोजन समिति के सदस्यों की ओर से छठघाटों पर मौजूद श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया।

**छावनी में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब:** शहर के छावनी मोहल्ले में सभासद संजय चौधरी व पूर्व सभासद कैसर वासल डेविड के नेतृत्व में मोहल्ले के लोग कई दिन पहले से छठ घाट की साफ-सफाई कराने में जुटे थे। सोमवार को सभासद एवं मोहल्ले के संभ्रांत लोग सुबह से ही श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसकी देखरेख में जुटे रहे।

**लोगों के घरों में भरी गयी कोसी:** लोक आस्था का छठ पर्व पर निर्जला व्रत रहने के साथ मन्नतें पूरी होने पर कोसी भरा गया। व्रतधारी महिलाएं शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर घर लौटने के बाद पूरी रात षष्ठी माता का पूजन अर्चन की। सभी पूजन सामग्री को आंगन में सजाने से विहंगम दृश्य बना रहा। उसे देखने और पूजन अर्चन करने के लिए आस-पास की महिलाओं के अलावा रिश्तेदार पहुंचे थे।

**आयोजित हुए विविध कार्यक्रम:** कोसी भरने के दौरान कोसी वाले घरों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों के घरों में भजन-कीर्तन, श्रीराम चरित मानस का पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान लोगों को भोजन कराया गया। पडरौना के सुराजी पोखरा समेत अन्य घाटों पर भजन गायकों के भजनों को सुनकर लोग भावविभोर हो गए।

### जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने लिया छठ घाट का जायजा

पडरौना। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री आरपीएन सिंह, उप्र बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, नीरज सिंह बिट्टू, डीएम एस महेंद्र सिंह तंवर, एसपी केशव कुमार, एडीएम सौरभ मिश्रा, एडिशनल एसपी निवेश कटियार, सीओ डॉ. अजय कुमार सिंह, नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल, नपा प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, एसडीएम ऋषभ पुंडीर, ईओ संतराम सरोज, कोतवाल हर्षवर्धन सिंह, महिला एसओ सुमन सिंह, सोनू यादव, रमावती देवी, रत्नेश आदि ने घाटों पर पहुंचकर व्रती महिलाओं की सुविधाओं के प्रति जानकारी ली।

### छठ घाटों पर पहुंच डीएम व एसपी ने जाना हाल

छठ पूजा महोत्सव को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी कुशीनगर महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार ने पडरौना क्षेत्र के छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया। छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए साफ-सफाई, लाइट आदि की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# दूसरे पक्ष की तहरीर पर तीन नाजमद व 3 अज्ञात पर केस

**गुरवलिया बाजार, हिसं।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मठिया गुरवलिया में सलीम अंसारी हत्याकांड के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। शरीर पर जख्म के निशान नहीं मिले हैं और उनके बेटे की मनगढ़ंत कहानी के साथ गोलू पांडेय के पिटाई का वीडियो वायरल हुआ, तो न्याय की लड़ाई के लिए अकेली पड़ी गोलू की मां को लोगों और हिन्दूवादी नेताओं ने उनके हक की लड़ाई के लिए आगे आया है।

करणी सेना व हिन्दूवादी संगठन के नेताओं के सहयोग से बेटे के फंसाने और उसे पहले पीटे जाने को लेकर आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है। नेताओं ने पुलिस को अल्टीमेटम दिया है कि अगर पुलिस 48 घंटे में मुकदमा पंजीकृत नहीं करती है, तो वह न्याय के लिए आंदोलन को उतारू होंगे। इस पर पुलिस ने 3 नामजद और 3 अज्ञात पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। सलीम हत्याकांड में जब उसके बेटे आजाद उर्फ शूटर के पुराने कारनामों और छेड़खानी के विरोध में गोलू से हुए लड़ाई के बाद उसके मनगढ़ंत कहानी ने मामले को एकतरफा किया था, लेकिन अब यह मामला उलट गया है। गोलू पांडेय की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद हकीकत से रूबरू होते हुए सक्रिय हो गए।

# मारपीट के मामले में 16 लोगों के खिलाफ केस

**जटहां बाजार** । पडरौना कोतवाली के मनिकौरा में शनिवार की रात जमीनी विवाद को लेकर चल चटकी लाठियों में आधा दर्जन लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस एक पक्ष की तहरीर पर 16 लोगों पर घर में गोलबंद होकर घुस कर जानलेवा हमला करने व तोड़ फोड़ का केस दर्ज कर जांच कर रही है। मनिकौरा निवासी नरेंद्र मिश्रा ने रविवार को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि घर पर छठ पूजा के अवसर पर कोशी था, जिसमें रिश्तेदार आये थे। पूजा को लेकर सामान की खरीदारी कर ली गईं थी। गांव के भीखम प्रजापति से काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसको लेकर शनिवार की रात करीब 8.30 बजे भीखम, सिकंदर, सिंटू, पिंटू, कन्हैया, महेंद्र, बंशराज सहित 16 लोग गोल बन्द होकर मारपीट किए।

# गैंगसटर हरेंद्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तमकुहीराज :** पड़ोसी प्रांत बिहार के पटना के थाना गौरीचक के खुशियाल चक के रहने वाले गैंगसटर हरेंद्र राय को तमकुहीराज पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध तमकुहीराज थाने में मुकदमा दर्ज है, वह एक वर्ष से फरार था।

# बालिका से छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा

संसू,सलेमगढ़ : तरयासुजान के एक गांव में चार वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने सोमवार को नामजद मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित युवक घर से फरार है।

बालिका की मां ने बहादुरपुर पुलिस चौकी पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 22 अक्टूबर को पड़ोसी युवक बालिका को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। उसके रोने की आवाज सुनकर लोग पहुंचे तो वह भाग गया। एसएचओ तरयासुजान धनवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित नागेश्वर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मृत्यु, एक घायल

## नौरंगिया-घुघली मार्ग पर ढोलहा चौराहे के पास हुई दुर्घटना, घायल जिला अस्पताल में भर्ती

संवाद सूत्र, नेवुआ नौरंगिया : ढोलहा चौराहे के पास सोमवार की शाम नहर की पटरी पर बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रहे सांसद विजय कुमार दूबे ने घायल को अपनी गाड़ी से अस्पताल भिजवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नौरंगिया-घुघली मार्ग पर ढोलहा चौराहा के पास नहर की पटरी पर तेज रफ्तार से आ रही दोनों बाइक अनियंत्रित होकर आमने-सामने से टकरा गईं। एक बाइक पर सवार ढोलहा मुसहरी के 35 वर्षीय जमशेद और हरपुर लालाडीह के 32 वर्षीय समशुद्दीन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार पिपरा बाजार के 30 वर्षीय संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग 108 नंबर पर सूचना दिए। इसी दौरान रास्ते से सांसद विजय कुमार दूबे गुजरे तो भीड़ देखकर रुक गए। अपनी गाड़ी से घायल संतोष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेबुआ नौरंगिया भिजवाए। पुलिस को दुर्घटना की जानकारी दिए।

थानाध्यक्ष दीपक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, दोनों शवों को मोर्चरी भिजवाए।



ढोलहा के समीप नहर की पटरी पर एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भिजवाते सांसद विजय कुमार दूबे (दाएं) • जागरण

## बाइक भिड़ंत में दो घायल, एक गंभीर

जासं, हाटा : नगर के पिपराइच तिराहा के पास हाईवे की क्रासिंग पर सोमवार दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। इनमें से एक को गंभीर हालत में गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। पिपराइच तिराहे पर स्थित भवन निर्माण सामग्री की दुकान के पास से नगर पालिका के वार्ड संख्या 24 हरिटोला के अरविंद उपाध्याय बाइक से क्रासिंग पार कर रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे अरविंद सहित कसया के कुड़वा जमुनिया टोला के रामविनोद पटेल भी घायल हो गए। घायलों को पुलिस सीएचसी हाटा ले गई, वहां से अरविंद को रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



समशुद्दीन। फाइल फोटो।



जमशेद। फाइल फोटो।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

नेवुआ नौरंगिया: दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में सोमवार को चार लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया गया। पहली दुर्घटना नौरंगिया-घुघली मार्ग पर बिहारी छपरा चौराहे के पास हुई। यहां दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में मड़ार बिंदवलिया के प्रहलाद गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा भिजवाया। सूरजनगर-रामकोला मार्ग पर बरवा गांव के पास अनियंत्रित बाइक के भिड़ने से रामकोला के चंदन और सिंगहा के प्रवेश व राजू घायल हो गए। उन्हें सूरजनगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों दुर्घटनाओं की जांच की जा रही है।

# बाइक की ठोकर से तालाब में गिरे युवक की मृत्यु

संसू,सिसवा नाहर (कुशीनगर): बाइक की ठोकर से तालाब में गिरे युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने लोगों से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की।

तरयासुजान के गांव बाघाचौर के टोला नोनियापट्टी के 40 वर्षीय सत्येंद्र सिंह सोमवार की शाम को गांव के बाहर तालाब के किनारे बैठे थे। इस बीच आई तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से वे तालाब में जा गिरे। दुर्घटना बाद बाइक भी पलट गई और चालक गिर पड़ा। आसपास के लोग दौड़ कर आए, चालक को

**तरयासुजान के बाघाचौर के नोनियापट्टी गांव के बाहर तालाब के किनारे बैठा था युवक**

उठाए। उसने बताया कि एक युवक तालाब में गिरा हुआ है। जानकारी होते ही लोग युवक की तलाश में जुट गए। कुछ समय बाद युवक का शव मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। एसएचओ धनवीर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सलीम के शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद उलझी मृत्यु की गुत्थी, बिसरा सुरक्षित
- स्वजन की ओर से कही गई थी पीट-पीट कर हत्या करने की बात

जागरण संवाददाता, पडरौना : सलीम की पीट-पीट कर हत्या किए जाने का आरोप सच की कसौटी पर खरा उतरता नहीं दिख रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने इस पर सवाल खड़ा कर दिया है। रिपोर्ट में शरीर पर किसी तरह के चोट न होने का उल्लेख है, तहरीर में हत्या करने की बात कही गई। हालांकि, पुलिस घटनाक्रम व उससे जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है। सच्चाई शीघ्र ही सामने आने की भी बात कह रही है।

तुर्कपट्टी थाने के मठिया गांव के रहने वाले सलीम के शव का डाक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सलीम के शरीर पर न तो किसी चोट के निशान होने का उल्लेख है और न ही किसी प्रकार से शरीर को क्षति पहुंचाने का। हालांकि पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा विधि विज्ञान प्रयोगशाला गोरखपुर भेजा गया है। स्वजन की ओर से लगाया गया पीट कर हत्या करने का आरोप संदिग्ध लग रहा। सीओ सदर डा. अजय कुमार सिंह ने बताया कि तथ्यों के आधार पर पुलिस आरोप पत्र तैयार कर कोर्ट में प्रस्तुत करेगी।

**मारपीट के समय मौके पर मौजूद नहीं थे सलीम :** चर्चा है कि सलीम काफी समय से बीमार थे। दो बार उन्हें हृदयाघात हो चुका है। घटना के समय वे घर पर मौजूद थे। घटना के समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले उनकी मृत्यु हो गई। लोगों ने कुछ देर पहले आजाद से हुए विवाद को इससे जोड़ कर दूसरा रूप दिया।

**तहरीर के अनुसार यह है मामला :** सलीम का छोटा बेटा आजाद उर्फ शूटर घटना के दिन छह बजे तमकुहीरोड अपनी बुआ की जन्मदिन पार्टी में जा रहा था। गुरवलिया बाजार स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने रेस्टोरेंट में गांव के ही गुड्डू सिंह से उसकी कहासुनी हो गई। गुड्डू अपने साथियों गोलू पांडेय निवासी खलवा पट्टी, सुभाष राय निवासी सपही खुर्द, विनय तिवारी निवासी विजयपुर दक्षिणपट्टी व अज्ञात नौ अन्य साथियों संग मिलकर पीट दिया। मारपीट की घटना के बाद आरोपित अपने मित्रों के साथ गांव स्थित अपने मुर्गी फार्म पर चला गया, जहां दावत का इंतजाम था। खुन्नस खाया आजाद घर आया और पिता सलीम बड़े भाई नवीरसूल व सरताज संग गुड्डू के पास गया। जहां दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई। बाद में सलीम की पत्नी अमीना ने पति की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस चार नामजद व नौ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। उधर दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

# मारपीट के मामले में 16 के विरुद्ध मुकदमा

संवाद सूत्र भैरोगंज : पडरौना कोतवाली के मनिकौरा गांव में शनिवार की रात भूमि विवाद में एक व्यक्ति के घर में घुसकर हमला व तोड़फोड़ की घटना हुई।

इस मामले में पुलिस ने 16 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित नरेंद्र मिश्र ने रविवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके घर छठ पूजा की तैयारी चल रही है, रिश्तेदार आए हैं। इस बीच गांव के भीखम बैठा भूमि विवाद को लेकर शनिवार की रात लगभग 8.30 बजे गुड्डू, धारी, हरेंद्र, जीतेंद्र, सिकंदर, सिंटू, पिंटू, कन्हैया, महेंद्र, वंशराज समेत 16 लोग गोलबंद होकर लाठी डंडा व लोहे की राड लेकर घर पर चढ़ आए।

विरोध करने पर मारपीट करते हुए घर में घुस गए। बचाव करने आए भाई धनंजय के सिर पर लोहे के राड से प्रहार कर दिए। जिससे वह अचेत होकर गिर गए। रिश्तेदार खुशबू व पिता को मारपीट कर घायल कर दिए। तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 62 शीशी देसी शराब बरामद एक गिरफ्तार

**गोड़रिया।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल लुअठाहा कचहरी टोला गांव के पास नदी के किनारे पुलिस ने 62 शीशी शराब बरामद किया। इसके साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब को कब्जे में लेकर पुलिस आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि बीट सिपाही पवन कुमार व रमेश बंगाली क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली कि एक युवक पीले प्लास्टिक के झोले में कुछ लेकर जंगल लुअठाहा कचहरी टोला के रास्ते जा रहा है। गंभीरता से लेते हुए पुलिस कर्मी संदेह के आधार पर आरोपी को रोक लिए, लेकिन वह भागने लगा।

पुलिस कर्मी उसे दौड़ाकर पकड़ लिए। तलाशी के दौरान 62 शीशी देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कन्हैया बिंद, निवासी मुसहरी बिंद टोली, थाना धनहा, जिला पश्चिम चंपारण (बिहार) बताया। पुलिस बरामद शराब को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

## गैंगस्टर के मामले में वांछित पशु तस्कर गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** स्थानीय पुलिस ने गैंगस्टर के मामले में वांछित एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुनील कुमार वर्मा ने बताया पशु तस्करी गिरोह से जुड़े बिहार के पटना जिले के खुशीयालचक निवासी हरेंद्र राय के खिलाफ पशु तस्करी के केस दर्ज हैं। गोवंशों को वध के लिए यूपी से बिहार, बंगाल आदि स्थानों पर भेजता है। संवाद

## वारंटी को किया गिरफ्तार

पडरौना। जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली हाटा पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सीआरपीसी से संबंधित वारंटी अविसुल्लाह निवासी मोतीपाकड़ कबिलसहा, थाना कोतवाली हाटा को गिरफ्तार किया है। संवाद

# छठ घाटों पर पहुंचे अफसर सुरक्षा का लिया जायजा

कुशीनगर। छठ पर्व को लेकर शहर से लेकर गांव तक छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था और साफ सफाई का इंतजाम पुलिस प्रशासन की ओर से किया गया था। छठ घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, ताकि छठ घाटों पर पूजा करने आने वाली महिलाओं को किसी तरह की कोई असुविधा न हो।

सोमवार को डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी केशव कुमार छठ घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना।

### महिला पुलिसकर्मियों की भी लगाई गई थी ड्यूटी, ड्रोन से हुई निगरानी

डीएम ने कहा कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। वह किसी भी कीमत पर लापरवाही न करें।

घाटों, नदियों एवं तालाबों की भौगोलिक स्थिति, जल स्तर, संभावित खतरे के बिंदु एवं सुविधाओं की उपलब्धता का विशेष ध्यान रखा गया है। संवाद

# ताला तोड़ चांदी के सिक्के चोरी

**कसया।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 15 वीर सावरकर नगर में एक बंद घर को चोरों ने खंगाल कर उसमें से कीमती समान ले उड़े। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई।

## कसया में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

पुलिस को दिए गए तहरीर में हरिकेश प्रसाद ने बताया कि वह गोवर्धन पूजा के दिन मकान में ताला लगाकर अपने गांव पटहेरवा थाना के धार मठिया में चले गए। सोमवार को करीब 12 बजे दोपहर उनको सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा है। सूचना पाकर वह जब अपने मकान पर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है।

घर में रखा कीमती सामान गायब है और बाहर पास के खेत में सूटकेश में रखा समान बिखरा पड़ा था। घर में रखा चांदी का सिक्का, चांदी का मूर्ति और बटुए से एक हजार रुपया गायब होने की रिपोर्ट दिए है। हाइवे चौकी प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि सूचना मिला था मौक पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है। संवाद

# प्रधान ने लगाया अश्लील टिप्पणी का आरोप

**उजारनाथ।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने गांव के ही एक युवक पर उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर अश्लील टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।पुलिस को दिए गए तहरीर में ग्राम प्रधान ने कहा कि गांव के एक मनबढ़ युवक ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ गलत टिप्पणी कर उसे वायरल कर रहा है। इससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। संवाद

# बाइक बुकिंग के नाम पर ठगी का लगाया आरोप

**तमकुहीराज।** तहसील न्यायालय के एक अधिवक्ता ने इलेक्ट्रानिक कंपनी पर बाइक बुकिंग के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

## 26 हजार रुपये देने के बाद भी कंपनी ने नहीं दी बाइक

तमकुहीराज कस्बा स्थित तहसील के अधिवक्ता अमरनाथ सिंह ने सोमवार को तमकुहीराज पुलिस को तहरीर सौंपकर कंपनी के ऊपर बाइक खरीदने के नाम पर ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक कस्बे के गोविंदनगर कॉलोनी स्थित एक कंपनी में कार्यरत कर्मियों के सुझाव के इलेक्ट्रॉनिक बाइक बुकिंग के लिए 26 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया था कि बाइक की डिलीवरी गोरखपुर स्थित डीलरशिप से की जाएगी। इसके लिए उन्होंने 26,000 रुपये अग्रिम जमा किए और बाकी रकम के भुगतान के लिए कर्ज देने वाली एक कंपनी से एक लाख रुपए का लोन भी स्वीकृत कराया। प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अधिवक्ता लगातार एजेंसी और कंपनी के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। संवाद

# मारपीट के मामले में 16 पर केस

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के मनिकौरा गांव में शनिवार की रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले में एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रविवार देर रात 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर किया है। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, मारपीट, तोड़फोड़, धमकी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मनिकौरा निवासी नरेंद्र मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनके घर पर छठ पूजा के अवसर पर कोशी भराई का कार्यक्रम है। उसमें शामिल होने के लिए कई रिश्तेदार आए हैं। गांव के भीखम बैठा से चल रहे पुराने जमीनी विवाद को लेकर शनिवार की रात करीब 8:30 बजे भीखम, सिकंदर, सिंटू, पिंटू, कन्हैया, महेंद्र, वंसराज सहित 16 लोग लाठी-डंडा से हमला लगे। संवाद

# बाईपास होकर निकलीं परिवहन विभाग की बसें, परेशान रहे यात्री

## डेढ़ किलोमीटर पैदल सामान लेकर गए यात्री, रूट डायवर्जन से हुई परेशानी

संवाद न्यूज एजेंसी

कसया। नगर में रूट डायवर्जन होने के चलते बसें रोडवेज बस स्टेशन तक नहीं आ पाई। जिससे यात्रियों को बैग समेत अन्य सामान लेकर करीब एक से डेढ़ किलोमीटर तक परेशान होना पड़ा। जिले में छठ महापर्व को लेकर नगर में बड़े वाहनों को प्रवेश वर्जित किया गया था। जिसके वजह से गुजरने वाले अधिकांश रोडवेज बसें बाइपास से निकल जाती है, जबकि स्टैंड पर यात्री इंतजार करते रह गए।

इससे क्षेत्र के लोग और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं अधिकांश चालक बाइपास पर ही यात्रियों को छोड़कर चले गए। वहां से करीब एक से डेढ़ किमी तक यात्रियों को पैदल चलना पड़ा। बस स्टेशन तक बस नहीं पहुंचने से परिसर में भी यात्री परेशान दिखे। उन्हें बाईपास पर वाहनों से जाकर बस पकड़ना पड़ा।



कस्बे में वाहनों को प्रवेश करने से रोकती पुलिस। संवाद

नगर के पडरौना मार्ग पर कसाड़ा चौक पर बैरिकेटिंग किया गया था वहां से सभी बड़े वहां नगर बाईपास हो हाइवे पर जा रहीं थी। उसी तरह सपहा मार्ग पर गोपालगढ़ और कुशीनगर जेटी बाबू तिराहे पर बैरिकेटिंग किया गया था।

जगह-जगह ट्रैफिक और पुलिस के तैनाती कर नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न कराया गया। जिले से गुजरने वाले रोडवेज बसों की यह मनमानी लंबे समय तक चल रही है, लेकिन अभी तक परिवहन निगम के अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बिहार की ओर से रोजाना करीब 20 रोडवेज बसें गुजरते है, जिसमें शायद ही कोई बस रोडवेज स्टेशन पर आती हो। लंबी दूरी की बसों के चालक व परिचालक मनमानी तो कर ही रहे हैं। साथ ही लोकल बसें भी नगर से ज्यादा बाईपास आने जाने में रूचि रखते है।

### आए दिन यात्रियों से होती है नोकझोंक

बिहार, गोरखपुर की ओर से हाइवे पर चलने वाली लंबी दूरी की बसे नगर के स्टॉप पर नहीं जाती हैं, जबकि यात्री बस स्टॉप पर लेकर चलने को कहते है। इस बात पर यात्री और परिचालकों के बीच आए दिन नोकझोंक होने लगती है। कुछ बसों के चालक कुशीनगर, देवरिया मार्ग पर ओवरब्रिज के पहले और गोपालगढ़ ओवरब्रिज के नीचे ही उतार कर चले जाते है। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें होती हैं। जब उनसे बस स्टेशन पर चलने को कहते हैं तो वह विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं।

# नियमों की अनदेखी कर दौड़ रहीं बसें...आफत में जान

## सड़कों पर आए दिन हो रहे हादसे, विभाग बेपरवाह, सलेमगढ़ टोल प्लाजा के पास रविवार को दो लोगों की हुई थी मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

तमकुहीराज। हाईवे पर दौड़ रही लग्जरी व डग्गामार बसों से लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद परिवहन विभाग की ओर से कार्रवाई के के लिए कोई सक्रियता नहीं बरती जा रही है। इसके कारण हाईवे का सफर मौत की वजह बन रही है। हाईवे पर हो रहे लगातार दुर्घटनाओं के कारण हंसते खेलते परिवारों की खुशियां पल भर में गायब हो जा रही है। इसके कारण लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

लोगों के आक्रोश का सामना रविवार को प्रशासनिक अमले को तरयासुजान थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित सलेमगढ़ टोल प्लाजा के समीप करना पड़ा। जब बिहार के गोपालगंज जिले के सुकदेवपट्टी निवासी अलिम (50) व अबरार अंसारी (32) की अनियंत्रित लग्जरी बस से कुचल के बाद मौके पर ही मौत हो गई।



हाईवे पर जाती बस। संवाद

दुर्घटना की जानकारी के बाद मृतकों के परिजन, रिश्तेदार व आसपास के लोग आक्रोशित हो गए और हंगामा किए। हालांकि मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमले ने सूझबूझ व धैर्य का परिचय देते हुए करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को समझाने में सफल रहा और शवों को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बावजूद इसके दुर्घटना से आहत आसपास के लोगों का आक्रोश शांत नहीं हुआ। लोग सोशल मीडिया पर एक्टिव रहे और प्रशासनिक अमले के अलावे टोल व परिवहन विभाग को खूब कोसते रहे। यह सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म के फेसबुक पर एक्टिव रहे और हाईवे पर दौड़ रहे ओवरलोड, मानकविहीन लग्जरी व डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई के समर्थन में पोस्ट करते रहे और जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल खड़ा करते नजर आए। एक यूजर अपने फेसबुक आईडी से टोल प्लाजा के समीप हुए दुर्घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज शेयर कर जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं।

सड़क नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अधिकतर लग्जरी बसें लखनऊ, मुख्यमंत्री के शहर गोरखपुर व कुशीनगर होते बिहार चली जाती हैं, लेकिन जिम्मेदार चुप है। अवैध वसूली के लालच में जिम्मेदार कार्रवाई से परहेज कर रहे है। यूजर वीडियो पोस्ट कर मिलीभगत करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी कर रहे है। एक यूजर जिले के एआरटीओ की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

उनका आरोप है कि हाईवे पर दौड़ रही अधिकतर लग्जरी बसों का परमिट, इंश्योरेंस, फिटनेस, टैक्स आदि कोई सभी वैध प्रपत्र फेल है। बावजूद इसके एआरटीओ की मेहरबानी से बसे हाईवे पर दौड़ रही है और 60 सीटर बसों में बोरों की तरह 200 यात्रियों को ठूसा जा रहा है।

**केस 1** सितंबर 2023 तमकुहीराज थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित माधोपुर बुजुर्ग (मंझरिया) के समीप पश्चिम बंगाल से बलरामपुर यात्रियों को लेकर जा रही एक मिनी बस खड़ी थी। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रक चालक ने बस में पीछे से टोकर मार मौके से भाग निकला।

**केस 2** 23 अक्टूबर 2025 की सुबह करीब छः बजे तरया सुजान थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित बहादुरपुर पुलिस चौकी के समीप ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में सवारियों से भरी लग्जरी बस अनियंत्रित हो पलट गई। इसके कारण बस सवार 27 यात्री चोटिल हो गए।

**केस 3** अप्रैल 2024 कसया थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित बरवा के समीप रोडवेज की बस व खड़ लदे ट्रक के बीच टक्कर में बस के चालक समेत 12 यात्री घायल हो गए।



27 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

हाईवे से गुजरने वाले लंबी दूरी की बसों का समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। कुशीनगर से लंबी दूरी तक चलने वाले डबल डेकर एक भी बसों का रजिस्ट्रेशन नहीं है। हाईवे पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए नियम विरुद्ध चलने वाले लंबी दूरी और डग्गामार बसों पर कार्रवाई की जाएगी। **-मोहम्मद अजीम,** एआरटीओ कुशीनगर

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# किशोरी को अगवा कर भाग रहा था बिहार, पुलिस ने दबोचा

**कार्रवाई**

**सिन्दुरिया, हिन्दुस्तान संवाद।** सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से अगवा कर बिहार ले जाई जा रही किशोरी को पुलिस ने सिसवा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। आरोपी भी दबोच लिया गया है। पुलिस ने आरोपी का न्यायालय चालान करते हुए किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेज दिया है।

सिन्दुरिया के एक गांव की किशोरी को बिहार के वैशाली जिले के महुआ थानांतर्गत ग्राम नरायनपुर बुजुर्ग निवासी मुन्ना कुमार बहला-फुसलाकर झांसे में ले लिया था। बताया जा रहा है कि वह किशोरी को अगवा कर बिहार ले जाने की कोशिश करने लगा। घर से किशोरी को लेकर निकल भी गया, लेकिन भनक लगते ही पुलिस को सूचना दे दी गई। सूचना पर सक्रिय एसओ राजकुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई शुभम तिवारी, कांस्टेबिल गोविन्द कुमार व महिला कांस्टेबिल प्रियंका सिंह की टीम सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने आरोपी को किशोरी के साथ सिसवा रेलवे स्टेशन पर उस समय पकड़ लिया, जब वह ट्रेन से बिहार निकलने की फिराक में था। एसओ राजकुमार सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध दर्ज केस के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया गया। वहीं किशोरी को कार्रवाई के लिए वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया है।

# मारपीट मामले में दो पर केस दर्ज

**श्यामदेउरवा।** क्षेत्र के बसहिया बुजुर्ग निवासी निर्मला देवी ने अपने ही गांव के दो युवकों पर लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। निर्मला देवी ने बताया कि बीते शुक्रवार की दोपहर गांव के ही दो लोगों ने उसे पीटा। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित अमन और रितेश के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लापता तीन नाबालिग छात्राएं बरामद

**राहत**

**घुघली, हिन्दुस्तान संवाद।** घुघली थाना क्षेत्र से 11 दिनों पहले लापता हुई तीनों नाबालिग छात्राओं को थाना प्रभारी कुंवर गौरव सिंह के नेतृत्व में गठित एसओजी और स्वाट टीम ने गोरखपुर के मोहद्दीपुर स्थित विंध्यवासिनी पार्क के पास से सकुशल बरामद कर लिया। बरामद की गई तीनों लड़कियां क्षेत्र के अलग-अलग गांवों की रहने वाली हैं और एक ही स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ती हैं।

बीते 17 अक्टूबर को वे घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। जब काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चियों की तलाश शुरू की।

तकनीकी टीम की मदद से उनका लोकेशन गोरखपुर में ट्रेस हुआ, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल रवाना हो गई।

26 अक्टूबर की शाम पुलिस ने तीनों छात्राओं को मोहद्दीपुर स्थित विंध्यवासिनी पार्क के पास से सुरक्षित बरामद कर थाने लाया।

## घूमने के इरादे से निकली थीं तीनों छात्राएं : पुलिस

पुलिस के अनुसार पूछताछ में छात्राओं ने बताया कि वे केवल घूमने के इरादे से घर से निकली थीं और बाद में लौटने की योजना थी। पुलिस ने तीनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि बच्चियों के परिजनों को अपने बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखने और समय-समय पर संवाद बनाए रखने की सलाह दी गई है। तीनों लड़कियों के सकुशल घर लौटने से परिवार और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

# पट्टीदारों ने पीटा, पिता व दो पुत्रों पर केस दर्ज

**पनियरा।** पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुअहिया छावनी टोला निवासी कालीचरण ने अपने पट्टीदारों पर मारने-पीटने का आरोप लगाकर तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार शनिवार की रात करीब नौ बजे वह मछली गांव से काम कर के घर वापस आ रहा था कि छावनी टोला रास्ते में रोककर उसके पट्टीदार सरोज व उनके लड़के दीपक व सिरप ने गालियां देते हुए लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आस पास के लोग पहुंचे तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

# दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

**श्यामदेउरवा।** कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र की निवासी रितू सिंह ने श्यामदेउरवा थाने में अपने पति, सास और ननद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराई है। रितू सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि 9 मई 2022 को महराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के उंटी खास निवासी संजय सिंह से विवाह हुआ। विवाह के कुछ समय बाद ही पति, सास और ननद द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि घर से निकालने की कोशिश में रहते हैं। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# महिला को पीटा, दंपति और बेटी पर केस दर्ज

**पनियरा।** पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उस्का निवासिनी नजिरुन निशा ने घरेलू रंजिश को लेकर अपने पट्टीदारों पर मारपीट करने का का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार घरेलू रंजिश को लेकर उसके पट्टीदार रियाजउद्दीन, उसकी पत्नी हसीना व बेटी नरगिस ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात, मुक्का व लाठी-डंडे से मार कर चोटिल कर दिया। घटना देख जब सास जमीरुन निशा बीच बचाव करने आयीं तो उपरोक्त तीनों लोगों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस बावत थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति-पत्नी व बेटी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



भिटौली क्षेत्र के भैसा गांव के पास डीएम संतोष कुमार शर्मा व एसपी सोमेन्द्र मीना ने सोमवार को छठ घाट का निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

## डीएम व एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए डीएम संतोष कुमार शर्मा व एसपी सोमेंद्र मीना ने सोमवार को जनपद के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने बलिया नाला छठ घाट समेत अन्य स्थलों पर जाकर सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था और मेडिकल सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के साथ उपस्थित व्रतियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाटों पर भीड़ के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि नगर निकाय और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी निरंतर ड्यूटी पर तैनात रहें।

**सुरक्षा व्यवस्था** | थानों की फोर्स के अलावा अतिरिक्त सुरक्षा का रहा इंतजाम, ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी, भिटौली थानाक्षेत्र के परसा खुर्द में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मनाया छठ पर्व

# सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच व्रती महिलाओं ने की सूर्य उपासना

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिले में छठ महापर्व में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानों की फोर्स के अतिरिक्त 19 इंस्पेक्टर, 36 एसआई, 170, महिला आरक्षी 50, एक प्लाटून पीएसी, ट्रैफिक पुलिस के तीस जवान तैनात किए थे। महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रोन से निगरानी कराई गई। सादे वर्दी में एलआईयू की ड्यूटी लगाई गई थी। जिससे में शांतिपूर्ण माहौल में सोमवार की शाम को व्रती महिलाएं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दीं।

भिटौली थानाक्षेत्र के संवेदनशील गांव परसा खुर्द में कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने महिलाएं गांव के पश्चिम पोखरे पर पहुंची। इस दौरान एडिशनल एसपी सिद्धार्थ के अलावा सीओ सदर व सीओ निचलौल के अलावा कई थानों के एसओ पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। शांतिपूर्ण माहौल में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं घरों को लौटीं। भिटौली थानाक्षेत्र के पचरूखिया तिवारी, गनेशपुर, लक्ष्मीपुर देउरवा में भी कड़ी सुरक्षा के बीच छठ पर्व मनाया गया। परसा खुर्द में छठ पूजा के पहले शिफ्ट में एक सीओ, 11 इंस्पेक्टर, 15 एसआई, 20 हेड कांस्टेबल, 34 कांस्टेबल, 12 महिला कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई। एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम सदर, सीओ सदर ने छठ घाट पर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भिटौली थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र, साइबर थाना प्रभारी सजनूं यादव, एएचटीयू थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव, महिला थाना की एसओ सरोजनी वर्मा, परसा मलिक थानाध्यक्ष योगेन्द्र राय, पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह, भिटौली थाना के एसआई जितेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल पप्पू यादव के अलावा एलआईयू के जवान के अलावा ग्रामीण जगदीश त्रिपाठी, हरिहर तिवारी आदि मौजूद रहे।



भिटौली क्षेत्र के भैसा गांव के पास डीएम संतोष कुमार शर्मा व एसपी सोमेन्द्र मीना ने सोमवार को छठ घाट का निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

डीएम व एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए डीएम संतोष कुमार शर्मा व एसपी सोमेंद्र मीना ने सोमवार को जनपद के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने बलिया नाला छठ घाट समेत अन्य स्थलों पर जाकर सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था और मेडिकल सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के साथ उपस्थित व्रतियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाटों पर भीड़ के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि नगर निकाय और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी निरंतर ड्यूटी पर तैनात रहें।

# महिला बंदियों ने भी की डूबते सूर्य की पूजा

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला कारागार की दस महिला बंदियों ने श्रद्धापूर्वक छठ महापर्व मनाया। सोमवार की शाम व्रती बंदी महिलाओं ने श्रद्धा से डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जेल में भक्ति और समर्पण से भरे इस पर्व ने बंदियों के जीवन में क्षणिक ही सही, लेकिन आशा और आध्यात्मिक शांति की किरणें जरूर बिखेरीं।

जेल अधीक्षक वीके गौतम ने बताया कि छठ व्रत रखने वाली बंदी महिलाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। जेल परिसर में अस्थायी तालाब तैयार कराया गया था, जिसे रंग-बिरंगे फूलों और दीपों से सजाया गया। जेल प्रशासन ने व्रतियों को पूजा सामग्री, प्रसाद और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया। महिला बंदियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सूर्य उपासना की और लोकगीतों के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट की। जेल अधीक्षक ने कहा कि छठ पर्व आस्था और अनुशासन का प्रतीक है, इसलिए जेल में भी इसे गरिमा के साथ मनाया गया। मंगलवार की सुबह बंदी महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत का समापन करेंगी।



जिला कारागार में छठ पर्व मनाया गया। • हिन्दुस्तान

# मारपीट के मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा

निचलौल : ग्राम ढेसो टोला रामनगर में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने अपने देवर और देवरानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कुंसुम निशा ने पुलिस को बताया कि विवाद के दौरान उसके देवर और देवरानी ने उसकी बेटी को अपशब्द कहकर लाठी-डंडे से पीटा और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर पर सफीक अहमद और साहना खातून, दोनों निवासी ग्राम ढेसो टोला रामनगर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# हर तरफ छठ पर्व की धूम, आस्था का उमड़ा सैलाब

**व्रती महिलाओं में छाया रहा उत्साह, छठी मैया से मांगा आशीष, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने की आराधना**

जागरण टीम, महराजगंज : जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पर्व को लेकर अद्भुत उत्साह देखने को मिला। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। छठ गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। नौतनवा और सिसवा नगर पालिका के साथ-साथ आनंदनगर, परतावल, निचलौल सहित सभी नगर निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था का यह पर्व धूमधाम से मनाया गया।

मिठौरा संवाद सूत्र के अनुसार, परसाखुर्द, पचरुखिया तिवारी, लक्ष्मीपुर देउरवा में प्रशासन की निगरानी में महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। परसाखुर्द में सीओ निचलौल शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। यहां व्रती महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की। घुघली संवाद सूत्र के अनुसार, बसंतपुर गांव के डीह टोला स्थित पोखरा पर व्रती महिलाओं ने ग्राम प्रधान अनामिका सिंह के साथ मिलकर सूर्य को अर्घ्य दिया। पकड़ीआ खुर्द गांव के संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप अमृत सरोवर पर बने छठ घाट पर भी महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। ग्राम प्रधान चतुर्भुज सिंह ने महिलाओं के लिए विशेष इंतजाम किए थे। क्षेत्र के भोजपुर मिश्र गांव के श्री योगेश्वर शिव मंदिर के समक्ष स्थित अमृत सरोवर के छठ घाट पर ग्राम प्रधान रीता मिश्र के साथ महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। ब्रह्मस्थान कुटी जोगिया के समक्ष स्थित पोखरा पर भी महंत बालकदास की देखरेख में महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। घुघली के बैकुंठी घाट पर भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम के मद्देनजर स्थानीय पुलिस, राजस्व कर्मी और नगर पंचायत कर्मी व्यवस्था में डटे रहे। मंगलपुर पटखौली में भी भारी संख्या में महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। सीमावर्ती गांव झुलनीपुर, चैतवलिया, बहुआर, चौमुहा नाला तीर पर पुल सहित गांव के सभी तालाबों पर छठ घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया।



मिठौली छठ घाट पर पूजा-अर्चन करतीं महिलाएं। जागरण



आनंदनगर में छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देतीं व्रती महिलाएं। ● जागरण



कृष्णनगर के छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देतीं व्रती महिलाएं। ● जागरण



# जिले में दो माह तक धारा-163 लागू बिना अनुमति सभा-जुलूस पर रोक

जासं, महराजगंज : आगामी त्योहारों, परीक्षाओं और विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शनों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट डा. प्रशांत कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए 25 अक्टूबर से 25 दिसंबर 2025 तक जनपद की सीमा में प्रतिबंध लागू किया है। इस अवधि में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के कोई सभा, जुलूस, धरना, प्रदर्शन या रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी। धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह बिना अनुमति के एकत्र नहीं होगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# घुघली पुलिस को मिली सफलता तीनों नाबालिग छात्राएं बरामद

संवाद सूत्र, घुघली: 11 दिन से लापता तीन नाबालिग छात्राओं को घुघली पुलिस ने गोरखपुर से सुरक्षित बरामद कर उनके स्वजन को सौंप दिया। यह सफलता एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपहताओं की बरामदगी अभियान का हिस्सा है। तीनों छात्राएं एक ही विद्यालय में कक्षा आठ की छात्राएं हैं और थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों की निवासी हैं।

17 अक्टूबर की सुबह, ये छात्राएं स्कूल जाने के लिए घर से निकलीं, लेकिन दिनभर घर नहीं लौटीं। शाम को स्वजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह के नेतृत्व में एसओजी, स्वाट टीम, सर्विलांस सेल और साइबर सेल की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

तकनीकी जांच के साथ-साथ संभावित स्थानों पर छानबीन की गई।

**11 दिन पूर्व स्कूल जाते समय रास्ते से गायब हो गईं भी बालिकाएं, पुलिस की टीम बरामदी में जुटी थी**

लगातार प्रयासों के बाद, रविवार की शाम पुलिस को गोरखपुर के मोहद्दीपुर क्षेत्र में छात्राओं के होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत गोरखपुर रवाना हुई और मोहद्दीपुर स्थित विंध्यवासिनी पार्क में तलाश शुरू की। वहां तीनों छात्राएं एक साथ घूमती हुई मिलीं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बरामद कर थाने ले आई। पूछताछ में छात्राओं ने बताया कि वे बिना बताए घूमने के लिए घर से निकली थीं। पुलिस ने स्वजन को बुलाकर छात्राओं को सुपुर्द कर दिया। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने घुघली पुलिस, स्वाट, एसओजी और सर्विलांस टीम को बधाई दी है।

# छठ माता के गीतों से गूंज उठे घाट, हर तरफ श्रद्धा का सैलाब

## छठ पर्व पर पूरा जनपद आस्था के सैलाव में डूबा रहा, सूर्य अस्त होने के घंटों पूर्व लोग नदी, नाले और तालाबों पर पहुंच गए थे

जासं, महराजगंज: छठ पर्व पर पूरा जनपद आस्था के सैलाव में डूबा रहा। सूर्य अस्त होने के घंटों पूर्व लोग नदी, नाले और तालाबों के पास पहुंचने लगे थे। हर तरफ छठ गीतों की गूंज थी। घाटों पर जयकारे लग रहे थे। हजारों की संख्या में घाटों पर लोग पहुंचे थे।

**एलइडी स्क्रीन पर लोगों ने देखा पूजन का कार्यक्रम :** नगर पालिका महराजगंज में छठ पर्व को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी। छठ घाटों को पूरी तरह से पुलिस सुरक्षा के साथ ही ड्रोन कैमरों से भी कवर किया गया। घाटों के किनारों पर एलइडी स्क्रीन लगाए गए थे, जिनमें पूरे पूजा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जा रहा था। अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्र ने बताया कि छठ पर्व पर किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए सोमवार की सुबह के लिए भी विशेष तैयारी की गई थी।



नगर के छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं • जागरण

**सिर पर दउरा लेकर छठ घाट पहुंचे विधायक :** आस्था के इस महापर्व पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने पत्नी सुनीता कन्नौजिया और स्वजन के साथ सूर्य उपासना में भाग लिया। उन्होंने छठ का दउरा सिर पर रखकर पैदल यात्रा करते हुए नगर के छठ घाट पहुंचे। रास्ते में भक्तों के साथ पारंपरिक गीत गाते हुए उन्होंने परंपरा का निर्वहन किया। घाट पर पहुंचकर विधायक ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर जनकल्याण की कामना की।

छठ घाटों पर युवतियों ने खूब ली सेल्फी, युवाओं ने की आतिशबाजी : विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान युवक-युवतियों ने खूब सेल्फी ली और कई युवाओं ने कार्यक्रम को अपने मोबाइल फोन में कैद किया। नगर पालिका परिषद महराजगंज की ओर से घाट पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे। वहीं, युवाओं ने कई घाटों पर आतिशबाजी भी की।



सिर पर दउरा लेकर छठ घाट पर जाते विधायक जयमंगल कन्नौजिया •

**घाटों पर रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत छठ घाटों पर पुलिस के साथ ही गोताखोरों की टीम भी मौके पर नाव के साथ तैनात रही। सभी घाटों पर पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में तैनात रहे। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि जिले के 20 थाना क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर समस्त पुलिस उपाधीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाती रही। खासकर शहर में रूफटॉप सिक्योरिटी का प्रबंध किया गया था, जिसके तहत पूरी छठ घाट परिसर की सुरक्षा की निगरानी की जाती रही।

**जिला कारागार में भी महिलाओं ने दिया अर्घ्य :** जिला कारागार में भी 40 महिलाओं ने छठ व्रत रखा है। इनके लिए कारागार में विशेष व्यवस्था के साथ ही अस्थाई तालाब भी बनाया गया है, जिसमें खड़ी होकर महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। कारागार अधीक्षक बीके गौतम ने बताया कि व्रत के लिए सभी महिलाओं के लिए व्यवस्था की गई थी।

# पुरानी रंजिश में महिला की पिटाई, दो पर मुकदमा

परतावल/अमवा : पुरानी रंजिश के चलते एक महिला की पिटाई की गई। अमवा निवासी निर्मला देवी ने आरोप लगाया कि 24 अक्टूबर को दोपहर लगभग 11 बजे जब वह अपने घर पर थीं, तब गांव के अमन और रितेश यादव ने गाली-गलौज करते हुए उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं और आरोपित जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए।

# दहेज प्रताड़ना में पति, सास व ननद के विरुद्ध मुकदमा

अमवा/श्यामदेउरवा : क्षेत्र के ग्राम ऊंटी खास की निवासी रीतू सिंह के प्रार्थना पत्र पर दहेज अधिनियम के तहत उसके पति, सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

रीतू ने बताया कि उसकी शादी 9 मई 2022 को ऊंटी खास निवासी संजय सिंह के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही उसके ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे और उसे प्रताड़ित करने लगे। पति संजय, सास कुसुम देवी और ननद पूजा ने उसे मारने-पीटने के साथ-साथ जान से मारने की कोशिश भी की। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महिलाओं ने अर्घ्य देकर की मंगल कामना



सिसवा में छठ घाट स्थित सेल्फी लेती युवतियां● जागरण

जागरण टीम, महराजगंजः स्टेट चौक, राम जानकी मंदिर, खेखड़ा घाट, खेसरारी, सवया, हेवती, गौरी स्थित छठ घाट सहित क्षेत्र के अन्य घाटों पर व्रती महिलाओं की भारी भीड़ रही। इस दौरान उन्होंने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने और परिवार के लिए मंगल की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला देवी और अधिशासी अधिकारी प्रियंका मिश्रा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। नौतनवा संवाद सूत्र के अनुसार, लोक आस्था के महापर्व छठ की आस्था सोमवार को अपने चरम पर दिखी। नौतनवा और सोनौली क्षेत्र के घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राम मनोहर लोहिया पार्क, स्टेशन चौराहा, सुंडी तालाब, श्यामकाट, चंचाई मंदिर, कान्हा गौशाला के सामने, धौरहरा और फरेनी सहित सभी छठ घाटों पर व्रतधारियों ने सूर्यदेव की उपासना की। सूर्यास्त से पहले ही श्रद्धालु परिवार संग घाटों पर पहुंचने लगे थे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उल्लास के बीच अर्घ्य अर्पण किया। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने फरेंदा और कोल्हुई क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। जहां व्रती महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। फरेंदा क्षेत्र के छठ घाट दुर्गा मंदिर मानसरोवर और प्रेम पोखरा तथा कोल्हुई क्षेत्र के कस्बा कोल्हुई में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध कुमार ने प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल को सतर्क दृष्टि बनाए रखने, गश्त व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए गए। बृजमनगंज क्षेत्र के उसका रोड़ पर स्थित साहब पोखरें, ठाकुरद्वारा स्थित शिव पोखरें, लोहरसन, सोनाबंदी सहित विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से शाम को अस्ताचलगामी सूर्य की आराधना कर पूजा अर्चना की। लक्ष्मीपुर संवाद सूत्र के अनुसार, लक्ष्मीपुर क्षेत्र के एकमा में बंगाली पोखरा, बाबा बालक दास कुटी, रेलवे स्टेशन के पार रामनाथ पोखरा, सोंधी, सोहट, कोल्हुआ उर्फ सिंहोरवा, देवपुर व मझार के रोहिन नदी के अमहवां घाट की छठ पूजा का आयोजन आकर्षक रहा। शिकारपुर, पुरैना खंडी चौरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों रमपुरवा, बरवाविद्यापति, गौनरिया बाबू, करमहा, इमिलिया, दरौली, भिसवा, अगया लेविल क्रासिंग पुल, लक्ष्मीपुर शिवाला, बरवाखुर्द, बेलवा टीकर, पुरैना, गोपाला, सिरसिया, हरखपुरा, परसा गिद्धी, बल्लोखास, पड़री खुर्द, पकड़ी सिसवा, विशुनपुर भड़ेहर, लक्ष्मीपुर एकडंगा में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया।

मिठौरा बाजार कस्बा सहित देहात क्षेत्रों में सोमवार की शाम व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन अर्चन किया। स्थानीय कस्बे के राम जानकी मंदिर सहित भागाटार, मोरवन, मधुबनी, देउरवां, बरोहिया, सेखुई, मिश्रौलिया, मठिया, भगवानपुर भुलना, जगदौर, सेमरा के घाटों पर सोमवार की शाम व्रती महिलाओं की भारी भीड़ रही।

# डीएम और एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** छठ महापर्व के अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने घाटों पर की गई सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल आपूर्ति, शौचालय व्यवस्था, सुरक्षा बलों की तैनाती एवं मेडिकल टीम की उपलब्धता का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने सबसे पहले बलिया नाला छठ घाट पर व्यवस्थाओं को देखा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि

## सफाई-पेयजल आदि व्यवस्थाओं की हकीकत जानी

घाटों पर भीड़ के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना से बचाव के लिए सतर्कता बरती जाए।

उन्होंने कहा कि सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में नगर निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहें।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि संवेदनशील घाटों पर विशेष निगरानी रखी जाए। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाय।

---

## लम्हों को कैमरों में कैद करने की लोगों में होड़ मची रही

नौतनवा। नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया, दोमुहान एवं भुंडी छठ घाट पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी रही। इस लम्हे को कैमरे में कैद करने की लोगों में होड़ मची रही। जहां-तहां व्रती महिलाएं एवं युवतियां सेल्फी लेतीं नजर आईं। छठ घाटों पर व्रती महिलाओं के साथ ही अन्य श्रद्धालुओं ने भी वहां स्थापित छठी मैया की मूर्ति एवं गंगा मैया के समक्ष दीपक व अगरबत्ती जला स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सुरक्षा एवं व्यवस्था के दृष्टिगत प्रशासन और पुलिस के अधिकारी समस्त छठ घाटों का दौरा कर पल-पल की अपडेट लेते रहे। संवाद

# घर में घुसकर महिला की पिटाई, दो लोगों पर केस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## श्यामदेउरवां क्षेत्र के ग्राम बसहीया बुजुर्ग का मामला

**परतावल।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम बसहीया बुजुर्ग में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला की घर में घुसकर पिटाई कर दी गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम बसहिया बुजुर्ग निवासी निर्मला देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 24 अक्तूबर को दोपहर लगभग 11 बजे वह अपने घर पर थीं। इसी दौरान गांव के ही अमन और रितेश पुरानी रंजिश के चलते घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। इस हमले में महिला को गंभीर चोटें आईं। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपी अमन व रितेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पटीदारों ने पीटा, पिता व दो पुत्रों पर केस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुअहिया छावनी टोला निवासी कालीचरण ने अपने पटीदारों पर मारने पीटने की थाने पर तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार शनिवार की रात करीब नौ बजे वह मछली गांव से काम कर के घर वापस आ रहा था कि छावनी टोला रास्ते में रोककर उसके पटीदार शरोज व उनके लड़के दीपक व सीरप गालियां देते हुए लात मुक्का लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आस पास के लोग पहुंचे तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ मार-पीट का केस दर्ज किया गया है।

# नेपाल निर्मित कॉस्मेटिक सामान की तस्करी...धंधेबाजों की चांदी

## दोगुना लाभ मिलने के कारण बढ़ी तस्करी, गोरखपुर, लखनऊ में भी हो रही सप्लाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनौली।** नेपाली कॉस्मेटिक के साथ ही नेपाली टूथपेस्ट भारत के शहरों के मंडी में पहुंच रही है। सीमावर्ती इलाकों में नेपाल निर्मित कॉस्मेटिक इसके साथ नेपाली टूथपेस्ट की भरमार है। मोटा मुनाफा के चक्कर में कैरियरों के जरिए इसे मंगाया जा रहा है और भारत के महानगर गोरखपुर, लखनऊ और कानपुर तक इसकी सप्लाई की जा रही है।

बीते दिनों हुई बरामदगी में यह बातें सामने आई थी। एक जैसे सामानों पर एक ही कंपनी के मेड इन नेपाल होने से ग्राहक इसे समझ नहीं पाते और बाजार में नेपाली प्रोडक्ट आसानी से खप जा रहा है। बॉर्डर एरिया में कॉस्मेटिक सामान बिराटनगर, बीरगंज, काठमांडो, हितौंडा और भैरहवा से लाकर खपाया जा रहा है। इसमें नेपाली मूल की महिलाएं सीमावर्ती इलाकों में लाकर फुटकर में सामान बेच रही हैं। बीते दिन सुरक्षा कर्मियों ने एक नेपाली महिला को गिरफ्तार किया था।

जब बरामदगी होती है तब जाकर मामले का खुलासा होता है। नेपाली रेट पर खरीदकर भारतीय दामों पर बेचकर तस्कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। सीमावर्ती गांव एवं नगर में इन दिनों कास्मेटिक के तस्करी के सामानों का हब बन चुका है। नेपाल से सोनौली के रास्ते रोजाना करोड़ों रुपये के कास्मेटिक प्रोडक्ट तस्करी कर गोरखपुर सहित अन्य इलाकों में खपाए जा रहे हैं।



सीमावर्ती क्षेत्र में हो रही कॉस्मेटिक सामान की तस्करी। स्रोत-सोशल मीडिया

### अंकुश न लगने से लगातार बढ़ रहा धंधा

इन सामानों में कुछ कास्मेटिक प्रोडक्ट तो नकली हैं। इनपर मेड इन चाइना भी लिखा होता है लेकिन अधिकांश सामान असली और नेपाली ब्रांड के ही हैं। इसपर लगातार पुलिस, एसएसबी और अन्य एजेंसियां कार्रवाई भी कर रही हैं। बावजूद इसके इसपर अंकुश लगने के बजाय तस्करी का यह कारोबार लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वजह यह है कि जिस टूथ पेस्ट की कीमत नेपाल में 100 रुपये है जबकि इंडिया में उसकी कीमत करीब 62 रुपये है। यही सामान होलसेल में लेने में इसकी कीमत 62 से घटकर करीब 50 रुपये हो जाती है। जबकि भारतीय बाजार के होलसेल मार्केट में भी इस टूथपेस्ट की कीमत करीब 90 रुपये है। ऐसे में 50 रुपये का टूथपेस्ट इंडियन मार्केट में एमआरपी यानी कि पूरे 100 रुपये में बिक रहा है। इससे प्रति टूथपेस्ट व्यापारी को करीब डबल का मुनाफा हो रहा है। संवाद

इन प्रोडक्ट में टूथपेस्ट से लेकर शैंपू, साबुन, मसाला, पाउडर, सौंदर्य प्रसाधन के तमाम ब्रांड के क्रीम आदि शामिल हैं। हैरानी वाली बात तो यह है कि इन सामानों में नकली से लेकर असली भी शामिल हैं लेकिन फर्क सिर्फ इतना है कि इन सामानों को नेपाल के रेट पर खरीदकर यहां भारतीय दामों में बेचा जा रहा है। इस तस्करी के कारोबार से यहां के व्यापारी जहां मालामाल हो रहे हैं वहीं ब्रांडेड कंपनियों से लेकर सरकार को रोजाना लाखों के राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में कड़ी निगारानी की जा रही है।

**तस्करों ने सीमा पर महिलाओं और बच्चों को उतारा**

सूत्रों की मानें तो तस्करों ने बॉर्डर पर तस्करी के लिए सैकड़ों महिला और बच्चों को कैरियर के रूप में लगा रखा है। यह कैरियर भारत-नेपाल की खुली 84 किलोमीटर की सीमा का फायदा उठाते हुए पगडंडियों के रास्ते पहले इन सामानों को बार्डर पार कराकर सोनौली, कोल्हुई बाजार, ठूठीबारी, झुलनीपुर आदि एरिया में स्टॉक करते हैं। इसके बाद यहां से सीमावर्ती गांव और कस्बे में गोरखपुर सप्लाई देते हैं।

### बेहद मुश्किल है पहचान पाना

कास्मेटिक सामानों को यहां की मार्केट में आसानी से खपाने की एक सबसे बड़ी खास वजह यह भी है कि इनकी पहचान करना बेहद मुश्किल है। क्योंकि यह सामान देखने में बिलकुल उसी तरह है, जैसा कि भारत में है। फर्क सिर्फ इतना है कि इनके सामानों की पैकिंग के पीछे काफी ध्यान से देखने पर पता चलेगा कि यह प्रोडक्ट मेड इन नेपाल के हैं। हिंदुस्तान लीवर से लेकर डाबर जैसी तमाम ऐसी ब्रांडेड कंपनियां हैं। जिनकी नेपाल में भी फैक्ट्री है। इसपर मैन्युफैक्चरिंग से लेकर कंपनी का पता भी नेपाल का है और यह प्रोडक्ट सिर्फ नेपाल में ही बेचे जा सकते हैं। नेपाल में इसकी एमआरपी बेहद कम है और भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत और भी अधिक कम हो जाती है, इसका फायदा उठाते हुए तस्कर रोजाना करोड़ों का माल बार्डर से आसानी से पार करा रहे हैं।

# दहेज प्रताड़ना में पति, सास व ननद के विरुद्ध मुकदमा

अमवा/श्यामदेउरवा : क्षेत्र के ग्राम ऊंटी खास की निवासी रीतू सिंह के प्रार्थना पत्र पर दहेज अधिनियम के तहत उसके पति, सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

रीतू ने बताया कि उसकी शादी 9 मई 2022 को ऊंटी खास निवासी संजय सिंह के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही उसके ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे और उसे प्रताड़ित करने लगे। पति संजय, सास कुसुम देवी और ननद पूजा ने उसे मारने-पीटने के साथ-साथ जान से मारने की कोशिश भी की। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुरानी रंजिश में महिला की पिटाई, दो पर मुकदमा

परतावल/अमवा : पुरानी रंजिश के चलते एक महिला की पिटाई की गई। अमवा निवासी निर्मला देवी ने आरोप लगाया कि 24 अक्टूबर को दोपहर लगभग 11 बजे जब वह अपने घर पर थीं, तब गांव के अमन और रितेश यादव ने गाली-गलौज करते हुए उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं और आरोपित जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए।

## लापता तीन सहेलियों को ढूंढ़ निकाला

**घुघली/खुशहालनगर।** क्षेत्र के पास एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली घूमने निकली तीन सहेलियों को पुलिस की टीम ने 10 दिन बाद गोरखपुर के मोहद्दीपुर स्थित एक पार्क से सकुशल बरामद कर लिया है। 17 अक्तूबर को एक ही विद्यालय में पढ़ने वाली तीन अलग-अलग गांव की तीन सहेलियां रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी का तहरीर देकर किशोरियों को ढूंढने की गुहार लगाई थी। संवाद

## छठ घाट पर गई महिला का मोबाइल चोरी

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के गांव बैरवा बनकटवा के अटकहवा छठ घाट पर छठ पूजा देखने गई एक मुस्लिम समुदाय की महिला का मोबाइल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। महिला छठ घाट अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दे रही व्रती महिलाओं का वीडियो बना रही थी। जानकारी के मुताबिक, नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव बैरवा बनकटवा टोला सगरा निवासी जशमीन सोमवार की शाम गांव के अटकहवा छठ घाट पर गई थी। संवाद

## विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप, तीन पर केस

**परतावल।** कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के डूमडूमवा उर्फ मझिला निवासी रितू सिंह ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पीड़िता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह 9 मई 2022 को संजय सिंह निवासी ग्राम उंटी खास, थाना श्यामदेउरवा के साथ हुआ था। संवाद

# घाटों का निरीक्षण कर जायजा लिया

**महराजगंज।** छठ महापर्व के अवसर पर फरेंदा क्षेत्र में प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सोमवार को उप जिलाधिकारी फरेंदा शैलेंद्रन्द्र गौतम और क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने फरेंदा स्थित दुर्गा मंदिर घाट समेत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने श्रद्धालुओं से संवाद भी किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ड्रोन कैमरे के जरिए भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी की गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इस बार विशेष व्यवस्था की गई थी। सीओ अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि घाटों के आसपास पुलिस पिकेट, होमगार्ड और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। संवाद

# मारपीट के मामले में दो पर केस

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के ढेसो गांव के टोला रामनगर में 25 अक्टूबर को देवरानी जेठानी के बीच कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। मारपीट में जेठानी और उसकी लड़की घायल हो गई। पुलिस ने सोमवार को पीड़ित जेठानी की तहरीर पर आरोपी देवरानी और देवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार पीड़ित कुनसुम निशा की तहरीर पर आरोपी सफीक अहमद और साहना खातून के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-28-10-2025

## अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जिले की परसरामपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में स्थनीय पुलिस ने युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत परसरामपुर थाने पर तैनात उप निरीक्षक राजेश यादव क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले हुए थे। इस दौरान मखौड़ा धाम स्थित एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ दिखाई दिया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवक की पहचान रामू गौतम पुत्र जवाहीर ग्राम हड़ही थाना परसुरामपुर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## मार्ग दुर्घटना में पैर टूटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सड़क पार करते समय मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति को पैर टूट गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बीरपुर खरहरा निवासी रवि शंकर पुत्र जगन्नाथ मिश्रा लोहे का ओवरब्रिज पार कर रहे थे। इस दौरान विक्रमजोत की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार वाहन के चालक ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे उनका पैर टूट गया। मामले में घायल के पुत्र निलेश मिश्रा पुत्र रविशंकर मिश्रा निवासी बीरपुर खरहरा थाना छावनी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया है।

## पहले से बिकी भूमि का पुनः किया बैनामा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** धोखाधड़ी कर अभियुक्त द्वारा पहले से बिकी भूमि को पुनः बैनामा कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के अमरौली सुमाली के रामनगर टोला की रहने वाली समीना पत्नी अब्दुल कलाम तथा उसकी बहन को विपक्षी रामपाल द्वारा पहले से ही विकी हुई भूमि को छल कपट कर पहले से ही विक्रित भूमि को पुनः बेच दिया और पैसे हड़प लिया। मामले में पीड़िता समीना पत्नी अब्दुल कलाम निवासिनी ग्राम अमरौली सुमाली (टोला रामनगर) थाना सोनहा की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी रामपाल पुत्र जगमोहन ग्राम अमरौली शुमाली (टोला रामनगर) थाना सोनहा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## पेड़ में हिस्सेदारी को लेकर मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पेड़ में हिस्सेदारी के विवाद को लेकर विपक्षी द्वारा एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के गंधरिया नानकार गांव में कटे हुए पेड़ में हिस्सा लेने की बात को लेकर इनामुल्ला उर्फ चिनकान को विपक्षी बरकत द्वारा गालियां दिया। मना करने पर उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित इनामुल्हा उर्फ चिनकान पुत्र दियानत निवासी ग्राम गंधारिया नानकर थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बरकत पुत्र कोदई हसन निवासी ग्राम गंधारिया नानकर थाना सोनहा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर की मौत

**कुदरहा ( एसएनबी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बगही गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई थी, जब एक 14 वर्षीय किशोर का शव उसके कमरे में बेड पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। थानाध्यक्ष लालगंज संजय कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में मृतक नौशाद की मौत का कारण फांसी लगना आया है। बीते शुक्रवार को बगही निवासी नौशाद (14) पुत्र हकीमुद्दीन शुक्रवार रात करीब दस बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। शनिवार सुबह जब उसकी छोटी बहन रन्नु कमरे में झाड़ू लगाने गई, तो उसने भाई को बेड पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ देखा। बहन ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। कमरे में पहुंचे परिजनों ने नौशाद को मृत पाया। मृतक के पिता हकीमुद्दीन ने बताया कि शुक्रवार को नौशाद अपनी मां की दवा कराकर घर आया था। वह रात में खाना खाकर सोने चला गया और सुबह उसका शव बेड पर मिला। नौशाद तीन भाइयों में सबसे छोटा था और घर पर ही रहता था।

# चकदहा में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कलवारी (एसएनबी)।** कलवारी थाना क्षेत्र के चकदहा गांव निवासी 25 वर्षीय वीरेन्द्र कुमार पुत्र बाबूराम ने घर के अंदर पंखे की कुन्डी में मफलर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवारजन खेत में धान की मड़ाई करने गए थे। छोटा भाई जब घर पहुंचा तो कमरे के खुले जंगले से भाई को फंदे पर लटकता देख शोर मचाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। ग्रामवासियों ने बताया कि सितंबर माह में भी वीरेंद्र ने टांडा पुल से छलांग लगा दी थी, लेकिन उस समय एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने उसे सकुशल बचा लिया था। मृतक के पिता बाबूराम ने बताया कि वीरेंद्र कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान रहता था और उसकी तबीयत भी खराब थी। पहले वह मुंबई में रहकर मजदूरी करता था। थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम घ्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विद्युत पोल के नीचे मिला युवक का शव

**दुबौलिया(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडोसर गांव के पुलिया के पास सोमवार की सुबह सड़क के बगल लगे विद्युत पोल के नीचे धान के खेत में एक युवक का शव पाया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। फोरेंसिक टीम नें भी घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। लच्छूपूरवा निवासी 30 वर्षीय कन्हैयालाल पुत्र स्व दयाराम का शव बड़ोसर गांव में पुलिया के पास विद्युत पोल के नीचे एक धान के खेत में पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया।परिजनों का कहना है कि कन्हैयालाल शाम को खाना पीना खा कर सोने चला गया। इक्कीस अक्टूबर को पति-पत्नी में किसी बाद को लेकर विवाद हुआ था। पत्नी शशिकला अपने चार वर्षीय पुत्र कृष्ण को साथ लेकर कही चली गई थी जिससे कन्हैयालाल काफी अवसाद में रहने लगा हालकि आशंका जताई जा रही है कि कन्हैयालाल विद्युत पोल पर चढ़ कर तार को पकड़ लिया।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जिले की परसरामपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में स्थनीय पुलिस ने युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत परसरामपुर थाने पर तैनात उप निरीक्षक राजेश यादव क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले हुए थे। इस दौरान मखौड़ा धाम स्थित एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ दिखाई दिया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवक की पहचान रामू गौतम पुत्र जवाहीर ग्राम हड़ही थाना परसुरामपुर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

व्रतियों ने की पुत्र की दीर्घायु और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना, शहर के अमहट घाट व निर्मली कुंड के पास जुटे हजारों श्रद्धालु

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने की पूजा

**आस्था**

**बस्ती, निज संवाददाता।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। शहर से लेकर गांवों तक सूर्य को अर्घ्य दिया गया। नदियों से लेकर तालाबों में खड़ा होकर व्रतियों ने सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र के दीर्घायु व परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों व तालाबों किनारे परिजन पूजन सामग्री सिर पर रख पहुंचे। अपने वेदियों के आसपास धूप दीप जलाया। विभिन्न प्रकार के फल व प्राकृतिक वस्तुओं को सजाकर रखा। उसके बाद जल में उतरकर व्रतियों ने अर्घ्य दिया। इस दौरान घाटों पर भजनों की गूंज रही तो पटाखे फूटते रहे।

शहर में कुआनो नदी के अमहट घाट पर हजारों की संख्या में व्रत रखने वालों के साथ परिजन व सहयोगी पहुंचे। दोपहर बाद तीन बजे से ही अमहट घाट पर लोगों का आना शुरू हो गया था। किसी ने सिर पर टोकरी में पूजन सामग्री रखा तो कोई केले के घौद लेकर घाट की तरफ जाता दिखा। गन्ना के साथ विभिन्न प्रकार के फल, फूल, धूप, दीप लिए व्रती व परिजन नंगे पांव घाट की तरफ जाते दिखाई दिए। अमहट घाट शिवमंदिर, विसर्जन स्थल के तरफ बैरीकेटिंग के अंदर व्रती खड़ा होकर अर्घ्य देते दिखाई दिए तो अमहट पुल के पश्चिमी तरफ भी श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही।

अमहट घाट पर उत्तरी तरफ मेले जैसा माहौल रहा। पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं और उनके परिजनों ने भरा रहा। इसी तरफ दक्षिणी तरफ भी काफी संख्या में श्रद्धालु दिखाई दिए। कुछ श्रद्धालुओं ने कुआनो को साड़ी चढ़ाया। अमहट क्षेत्र में प्रकाश, साफ-सफाई, सुरक्षा की व्यवस्था कड़ी रही। प्रशासनिक, पुलिस व पालिका के अधिकारी व कर्मचारी जमे रहे। यहां पर भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ, जहां पर भजन गायकों ने छठ माता और भगवान सूर्य का गुणगान किया। पुरानी बस्ती क्षेत्र के निर्मली कुंड पर रौनियार समाज के साथ साथ काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। निर्मली कुंड की तरफ जाने वाले रास्तों पर सजावट व प्रकाश व्यवस्था रही। कुंड के चारो तरफ प्रकाश व्यवस्था की गई थी। घाटों की साफ-सफाई रही और व्रतियों ने पानी में खड़ा होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। शहर कई मोहल्लों में व्रती अपने घरों के सामने कुंड बनाकर उसमें खड़ा होकर अर्घ्य दी। अर्घ्य के समय जमकर आतिशबाजी होती रही। भजनों के धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।



सोमवार को छठ पर्व को लेकर अमहट घाट पर वेदी बनाकर पूजा करती महिलाएं।

| | |
|---|---|
| 65 | सफाई कर्मी अमहट और निर्मली कुंड घाट पर रहे तैनात |
| 11 | सफाई नायक अमहट और निर्मली कुंड घाट पर रहे मुस्तैद |
| 01 | सौ हैलोजन लाइट पूरे छठ महापर्व के घाटों पर लगाए गए हैं |
| 09 | जेनरेटर से छठ घाट परिसर में हो रही बिजली आपूर्ति |
| 01 | कंट्रोल रूम मेला क्षेत्र में स्थापित, तीन पानी का टैंकर पालिका ने लगवाया |
| 08 | सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा के दृष्टिगत लगाए गए हैं छठ घाटों पर |

## ग्रामीण क्षेत्रों में रही छठ महापर्व की धूम

**हर्रैया।** कस्बे और मनवर नदी के शिवाला घाट पर व्रतियों की भीड़ रही। मखौड़ाधाम में श्रद्धालुओं ने मनवर नदी में खड़ा होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। कुदरहा क्षेत्र में सरयू नदी के नौरहनी घाट पर महिलाओं ने अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि की कामना की। वाल्टरगंज क्षेत्र में कुआनो नदी के बड़ी बनकटी घाट पर श्रद्धालुओं की काफी संख्या रही। छठ महापर्व पर कलवारी पोखरे पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर से परिवार के सुख-समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। पारंपरिक वेशभूषा में खड़े होकर गीतों के साथ पूजा-अर्चना की। कलवारी पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।

लालगंज में कुआनो मनवर नदी संगम तट पर छठ महापर्व पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। महिलाओं ने दीप जलाकर संगम तट पर विधिविधान से मनोवांछित फल के लिए पूजा पाठ किया। संगम तट पर बने तीनों घाटों पर कठवा, मंझरिया, टोकवा, कोप, लालगंज, चौबाह, बारीघाट, गौराघुंघा, अमड़ीपार, हथियांव, जगरनाथपुर, मसुरिहा, रौबागोवा, रसूलपुर, पृथ्वीपुर, भक्लूपुर, कछुआड़ और गोनार घाट पर महिलाओं ने अर्घ्य दिया। वहीं मुंडेरवा में व्रती महिलाओं ने नदियों-तालाबों के अस्थायी घाटों पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया।



हर्रैया स्थित मनवर नदी के शिवाला घाट पर पहुंचे व्रतियों के परिजन।

**साऊंघाट क्षेत्र में अर्घ्य देने पहुंची महिलाएं व उनके परिजन :** विकास क्षेत्र साऊंघाट की ग्राम पंचायत कोड़रा का पुरवा भरवलिया, करही व कड़रखास सहित दर्जनों गांवों की व्रती महिलाओं ने छठ घाटों पर अर्घ्य दिया। यहां पर तालाबों को सजाया गया था। ब्लॉक के सैकड़ों कर्मचारियों, प्रमुख अभिषेक कुमार, बीडीओ मनोज श्रीवास्तव, विद्युत विभाग एवं ग्राम प्रधानों ने तैयारी किया। सोमवार को व्रती महिलाओं ने डूबते भगवान भास्कर को पूजन के बाद अर्घ्य दिया। भरवलिया की महिलाएं गिरिजा सिंह, मंजू, पदमा, अंजू सिंह, रेखा सिंह, रजधामा, माण्डवी सिंह, अनीता सिंह सैकड़ों व्रतियों के साथ पूजा में भाग लिया। यह सभी मंगलवार को भोर में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। यशपाल सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य क्षेत्र के अर्घ्य वाले स्थानों पर पहुंच कर पूजन-अर्चन में भाग लिया।

**अभियान** | शहर में अमहट घाट की तरफ जाने वाले वाहनों को किया गया डायवर्ट, अमहट घाट पर साइबर क्राइम व महिला थाना पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

# डायवर्जन संग घाटों पर मुस्तैद रही पुलिस फोर्स, महिलाओं को किया जागरूक

**बस्ती, निज संवाददाता।** छठ महापर्व को लेकर जिलेभर में पुलिस हाई अलर्ट पर रही। शहर के अमहटघाट, निर्मली कुंड घाट से लेकर जनपद के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की जुटी भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक पुलिस प्रबंध किया गया। साथ ही शहर में वाहनों रूट डायवर्जन भी सोमवार को दिन में दो बजे के बाद से लागू कर दिया गया। शास्त्री चौक से अमहट की तरफ कोई वाहन नहीं जाने दिया गया। सिर्फ छठ पूजा के लिए जाने वाले लोगों को ही घाट की तरफ वाहन लेकर जाने की अनुमति मिली। इन वाहनों की पार्किंग भी एसपी आवास के पास कराई गई।

एसपी अभिनंदन ने बताया कि जिले में छठ पूजा को देखते हुए विभिन्न घाटों पर व्यापक पुलिस बल की तैनाती की गई है। अमहट घाट पर पर्याप्त संख्या में इंस्पेक्टर, एसआई, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। एंटी चेन स्नेचिंग स्क्वायड और महिला पुलिस कर्मियों की अधिक संख्या में तैनाती की गई है। गोताखोरों एवं मोटर बोट सक्रिय मोड पर रखे गए हैं। चिकित्सा दल एवं एम्बुलेंस की स्थायी व्यवस्था के साथ पीएसी की तैनाती भी गई है। घाट परिसर में सीसीटीवी कैमरे एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रबंध किया गया है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही।



अमहट घाट पर महिलाओं को जागरूक करती महिला थाना प्रभारी डॉ. शालिनी सिंह।

### छठ महापर्व में लगाई महिला जागरूकता की क्लास

बस्ती। छठ महापर्व के अवसर पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह ने अमहट घाट पर महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति 5.0 के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्हें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल आदि अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**घाट पर साइबर थाने की टीम ने किया जागरूक :** साइबर जन-जागरूकता माह अक्तूबर के तहत सोमवार को प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना कुलदीप कुमार त्रिपाठी व जनपदीय साइबर सेल प्रभारी शेषनाथ गौड़ की संयुक्त टीम ने अमहट घाट पर जागरूकता अभियान चलाया। छठ महापर्व पर घाट आए लोगों में साइबर अपराध व महिला जागरूकता संबंधी पंपलेट का वितरण किया गया। मौजूद लोगों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देने के साथ ही उन्हें साइबर क्राइम थाने का सीयूजी नंबर 7839876672 के बारे में सूचना दी गई। साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को जरूरी सुझाव दिए गए। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि अनजान लिंक या मैसेज पर कभी क्लिक न करें। किसी भी अनजाने नंबर से आए ओटीपी, पिन कभी शेयर न करें जैसी जानकारी दी।



घाट पर पहुंचे लोगों को साइबर क्राइम थाना प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी ने जागरूक किया।

# ट्रक की चपेट में आकर मासूम की गई जान

**बस्ती।** शहर के कम्पनी बाग चौराहे से महुली को जाने वाले मार्ग पर सोमवार की सुबह करीब नौ हुए एक सड़क हादसे में एक मासूम की जान चली गई। बताया जा रहा है कि सुबह कम्पनी बाग पर एक परिवार के चार-पांच सदस्य पहुंचे, इनमें एक बच्ची भी थी। सभी कम्पनी बाग से महुली मार्ग पर बढ़े। तभी किसी जानवर को आता देख, सभी अचानक पीछे की तरफ हटने लगे। इतने में परिवार संग मौजूद बच्ची अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी। इसी बीच वहां से गुजर रहे एक गैस सिलेंडर लदे ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल मासूम को परिजन जिला अस्पताल ले गए। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए मासूम के शव को अपने साथ लेकर घर चले गए। कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि ऐसे किसी हादसे की सूचना नहीं है।

# युवती से रेप में दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**बस्ती।** त्वरित गति न्यायालय प्रथम प्रमोद गिरि की अदालत ने एक युवती संग दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास व 44 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर ढाई वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतनी पड़ेगी।

शासकीय अधिवक्ता जयगोविंद सिंह, कमलेश चौधरी व वादी के अधिवक्ता शशिप्रकाश शुक्ल ने अदालत में विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वाल्टरगंज थानाक्षेत्र की पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 25 मई 2018 को शौच के लिए गई थी। यहां पर धोबहिया गनेशपुर गांव के सलीम उसे पकड़ लिया और रेप किया। डर के मारे यह किसी को नहीं बताई। पुनः 16 सितम्बर 2018 को बकरी लेकर खेत में गई तो सलीम छेड़ने लगा। 18 सितम्बर 2018 को शौच के लिए बाहर गई थी। तब सलीम उसे रेप किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद साक्ष्य के आधार पर आरोपी सलीम को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

# लड़की के साथ दुष्कर्म की कोशिश, मुकदमा दर्ज

- छप्पर में लड़की को अकेला पाकर आरोपी ने पकड़ा
- कोर्ट के आदेश पर पैकोलिया पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के पैकोलिया थानाक्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि छप्परपोश मकान में लड़की को अकेली पाकर आरोपी युवक ने दबोच लिया और उसके साथ जोर-जबरदस्ती का प्रयास किया। किसी तरह से उसने खुद को बचाया। प्रकरण में कोर्ट के आदेश पर पैकोलिया पुलिस ने आरोपी हीरा के खिलाफ छेड़खानी, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इसी थानाक्षेत्र की रहने वाली किशोरी ने शिकायती पत्र में बताया है कि वह बीते 12 जुलाई की रात में करीब साढ़े नौ बजे मकान के उत्तर अपने छप्परपोश घर में गई थी। आरोप है कि यहां पर पहले से मौजूद आरोपी हीरा ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ दुष्कर्म की नीयत से उसे जोर-जबरदस्ती करने लगा। किसी तरह से खुद को किशोरी ने उससे बचाया। किशोरी का विरोध देख आरोपी मौके से खिसक गया। प्रकरण की जानकारी जब परिजनों को हुई थी तो घटना की शिकायत थाने पर की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में गुहार लगाई। न्यायालय ने प्रकरण को संज्ञान लेते हुए पैकोलिया पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया। थानाध्यक्ष सुभाष मौर्या ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी हीरा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मुकदमे की विवेचना उप निरीक्षक हरेलाल को सौंपी गई है।

# धोखाधड़ी कर हड़पे रुपये, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र के अमरौली शुमाली निवासी समीना ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षी ने उन्हें व उनकी बहन के साथ धोखाधड़ी की। पहले से किसी और को बेची गई जमीन को धोखे से बेच दी और पैसा ले लिया। पैसा मांगने पर देने से इंकार कर दिया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर इसी गांव के रहने वाले रामपाल पर केस दर्ज की है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं का धरना जारी

## मांग

**हरैया, हिन्दुस्तान संवाद।** भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं का भेलमापुर में गन्ना क्रय केंद्र खोलने सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर हरैया तहसील परिसर में चल रहा धरना 39वें दिन भी जारी रहा। किसान अपनी मांगों को लेकर दिन-रात धरना दे रहे हैं। संगठन के मंडल अध्यक्ष महेंद्र चौधरी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा जब तक भेलमापुर में कांटा लगा नहीं जाता तब तक किसानों का धरना जारी रहेगा। किसानों के आगे प्रशासनिक अधिकारियों को झुकना पड़ेगा।

जिलाध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी ने कहा आज धरना का 39वां दिन है। हमारे तमाम भाकियू कार्यकर्ता किसानों के साथ धरने में जमे हुए हैं। जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक धरना से हटने वाला कोई कार्यकर्ता नहीं है। तहसील उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश दुबे ने बताया कि किसानों की आठ सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन चल रहा है। जिसमें बभनान चीनी मिल क्षेत्र राजस्व गांव भेलमापुर में गन्ना क्रय केंद्र स्थापित करने मांग शामिल हैं। हालांकि धरने के दौरान एसडीएम हरैया और गन्ना समिति विक्रमजोत सचिव अंगद वर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि भेलमपुर में क्रयकेंद्र के लिए मैटेरियल गिराया जा रहा है। वहां गन्ना क्रय केंद्र खोला जाएगा। भाकियू कार्यकर्ताओं ने लिखित रूप से देने के लिए मांग की। इस पर सचिव ने हाथ खड़ा कर दिया और बैरंग वापस चले गए। इस मौके पर रामपाल सिंह ब्रह्मदेव चौधरी, आसाराम चौधरी, प्रेम देवी, सुरेंद्रनाथ दुबे, राधेश्याम, रामकुमार, श्रवण कुमार, विनोद, रविंद्र नाथ दुबे, रामचंद्र सिंह, सीताराम चौधरी, विनोद चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।



सोमवार को तहसील परिसर में आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता। • हिन्दुस्तान

# जोन की पुलिस ने 4 दिन में 2438 वांछितों को दबोचा

अरविन्द कुमार राय

**गोरखपुर।** दशहरा-दीपावली और सूर्य उपासना का महापर्व छठ सकुशल-शांतिपूर्ण सम्पन्न हो इसके लिए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने सख्ती दिखाई। उनकी सख्ती का असर साफ दिखा। जोन की पुलिस ने अक्तूबर माह में 4 दिन विशेष अभियान चलाकर 2438 वारंटियों और वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस की सक्रियता दिखने से किसी प्रकार की बड़ी और अप्रिय घटना भी सामने नहीं आई।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने अक्तूबर माह की शुरुआत में पुलिस के अधिकारियों से बात की और दीपावली तथा सूर्य उपासना का महापर्व छठ शांतिपूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीजी ने खुद सक्रियता दिखाई। उन्होंने अक्तूबर माह में ही एक-एक कर 4 दिन विशेष अभियान चलवाया। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के दौरान जोन की पुलिस विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे मनबढ़ों तथा न्यायालस के वारंटियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करे। शांतिभंग करने वालों को भी गिरफ्तार करे। एडीजी द्वारा चलवाए गए विशेष अभियान का असर भी दिखा।

## इन तिथियों को पुलिस ने चलाया अभियान

एडीजी के निर्देश पर जोन की पुलिस ने 6 अक्तूबर, 16 अक्तूबर, 25 अक्तूबर और 26 अक्तूबर को विशेष अभियान चलाया। अंतिम दिन चले अभियान में जोन पुलिस ने 737 वारंटियों और वांछितों को गिरफ्तार किया।

> गोरखपुर जोन की पुलिस को वांछितों और वारंटियों की धर-पकड़ के लिए समय-समय पर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। कहीं भी किसी प्रकार की कोई आपराधिक घटना न होने पाए, पुलिस इसके लिए पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है।
>
> **मुथा अशोक जैन,** एडीजी जोन

गोरखपुर जोन की पुलिस ने 4 दिन चले अभियान के दौरान 2438 वांछित और वारंटियों को धर दबोचा। अभियान के दौरान जोन की पुलिस ने वसूली के लिए जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया गया था उनमें से 33 को दबोच लिया। न्यायालय से अन्य मामलों में जारी वारंटों के तहत पुलिस ने 1241 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इतना ही नहीं अभियान के दौरान पुलिस ने 161 वांछितों तथा शांतिभंग की आशंका के तहत 997 लोगों को गिरफ्तार किया।



पुलिस लाइन के सभागार में बैठक करते सीओ सिटी व डायल 112 प्रभारी।

# रिस्पांस टाइम में सुधार लाएं डायल 112 कर्मी

बस्ती। पुलिस लाइन के सभागार में सोमवार को सीओ सत्येन्द्र भूषण तिवारी और प्रभारी निरीक्षक डायल 112 राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छठ पूजा को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य संग ही डैशबोर्ड की रैंकिंग को लेकर सीओ सदर ने डायल 112 के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कार्यशाला में प्रभारी आरओआईपी सुभाषचन्द वर्मा, एसआई उमेश यादव, बीईएल प्रशिक्षक रत्नाकर पांडेय व अन्य मौजूद रहे।

## नाबालिग संग रेप व धर्मांतरण करने वाला गिरफ्तार

**हरैंया।** छावनी थानाक्षेत्र एक गांव की नाबालिग को शादी का झांसा देकर एक मुस्लिम समुदाय का युवक भगा ले गया। नाबालिग का धर्मांतरण करवाकर उससे जबरन दुष्कर्म किया।

छावनी पुलिस ने आरोपी मोजीब निवासी भरोसे का पुरवा थाना शुकुल बाजार जनपद अमेठी को सोमवार दोपहर रामरेखा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट और धर्मांतरण सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

सोमवार को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को रामरेखा पुल के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। इस दौरान छावनी थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, शोभा यादव, सभाजीत, दिनेश मौजूद मौजूद रहे।

## पेड़ में हिस्सेदारी को लेकर मारा-पीटा, केस दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने गंधरिया नानकर में हुई मारपीट की घटना में केस दर्ज किया है। इसी गांव के रहने वाले इनामुल्हा उर्फ चिनकान का आरोप है कि कटे हुए पेड़ में हिस्सा लेने की बात को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इसी गांव के बरकत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बहला-फुसलाकर किशोरी को भगा ले गया, केस

**बस्ती।** परसरामपुर पुलिस ने बहला-फुसलाकर किशोरी को भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर में बताया है कि गत 23 अक्तूबर को उनकी बेटी को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

## मारपीट के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**गौर।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत लाला बलुआ गांव में रविवार को दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। क्षेत्र के बलुआ गांव निवासिनी संजू श्रीवास्तव ने बताया कि मुझे गांव के ही रामतौल, सावित्री, रामचंदर और शिवपूजन ने मार-पीटकर घायल कर दिया। जिसमें तहरीर के आधार पर गौर पुलिस ने मारपीट के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी गौर परमाशंकर यादव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**संसू, पैकोलिया:** क्षेत्र के गांव में किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी की मां ने कोर्ट में वाद दायर कर बताया है कि उसकी बेटी 12 जुलाई की रात करीब साढ़े नौ बजे घर के उत्तर तरफ बने मड़हले में गई थी, वहां पर मौजूद गांव का ही युवक दुष्कर्म करने की नियत से छेड़खानी करने लगा।

# ुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष की सजा व जुर्माना

ागरण संवाददाता, बस्तीः फास्ट ट्रैक ोर्ट प्रथम के न्यायाधीश प्रमोद ुमार गिरि ने एक युवती के साथ ष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त ो 10 वर्ष की कठोर कारावास व ुर्माने की सजा सुनाई है। पीड़िता ने ाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर कहा ि 25 मई 2018 को रात आठ बजे ह जरूरी काम से बाग में गई थी। ोबहिया गनेशपुर का सलीम उसे कड़ लिया और धमकी देकर उनके ाथ दुष्कर्म किया। दोबारा 16 ितंबर 2018 को जब वह बकरी ेकर खेत में गई थी, तो वापस आते ामय सलीम उसे छेड़ने लगा। वह ापनी जान बचाकर घर आई और ापने परिवार वालों को सारी बात ताई।

नः दो दिन बाद 18 सितंबर 2018 ो शाम को आठ बजे वह बाहर गई ी। आरोपित रास्ते में मिल गया, ाथ पकड़कर खींचने लगे। जब सने विरोध किया तो उसने मारपीट ी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ारोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। ्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के ाद साक्ष्य के आधार पर सलीम को ाेषी मानते हुए दंडित किया है। ाभियोजन की ओर से शासकीय ाधिवक्ता जय गोविंद सिंह, कमलेश ौधरी ने कोर्ट में पक्ष रखा।

## मतांतरण व दुष्कर्म का आरोपित धराया

हरैयाः मतांतरण व दुष्कर्म का आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी क्षेत्र के एक गांव की है। 16 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर गैर समुदाय के युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपित मोजीब पुत्र मोबिन निवासी भरोसे का पुरवा थाना शुकुल बाजार अमेठी को सोमवार की दोपहर तीन बजे छावनी के रामरेखा पुल के पास गिरफ्तार किया गया है। सीओ संजय सिंह ने बताया कि बीते सात अक्टूबर को किशोरी घर से गायब हो गई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि उसे मोजिब बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मामले में किशोरी को एक सप्ताह पहले ही बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में छावनी थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, उपनिरीक्षक शोभा यादव, सभाजीत, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार शामिल रहे।

# श्रद्धालुओं की पिटाई करने वाले पर केस दर्ज

जासं, बभनानः गौर क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता के कारण अपराधों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में, परिवार के साथ मंदिर से लौट रहे श्रद्धालुओं पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गैर समुदाय के लोगों ने हमला किया।

पैकोलिया के ऐनपुर गांव के निवासी संतोष रविवार की शाम लगभग साढ़े बजे छपिया मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। जैसे ही वे गौर थाना क्षेत्र के करमा गांव के पास पहुंचे, सड़क पर बकरियां खड़ी थीं। संतोष ने चरवाहों से बकरियों को हटाने को कहा, जिससे विशेष समुदाय के लोग भड़क गए। उन्होंने श्रद्धालु से उनकी जाति पूछी और मंदिर से दर्शन कर आने की बात सुनकर आक्रोशित हो गए। इसके बाद, जाति सूचक शब्दों के साथ अपशब्द कहते हुए उनकी पिटाई शुरू कर दी और उनकी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। साथ में जा रही महिलाओं के साथ अभद्रता की गई। गौर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर करमा गांव के अनवर अली, अबरार, जरार व कुछ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। एसएचओ ने आरोपितों पर शांतिभंग के तहत कार्रवाई का दावा किया है।

## जानलेवा हमले के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

जागरण संवाददाता, बस्तीः पेट्रोल पंप के सेल्समैन पर जानलेवा हमले के आरोपितों पर केस दर्ज होने के डेढ़ माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर पंप संचालक गोरखपुर निवासी सेवानिवत्त डिप्टी एसपी निरूपा सिंह ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में मुंडेरवा पुलिस प्रशासन पर मामले में ढिलाई बरतने और आरोपितों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया कि मुंडेरवा के परसा हज्जाम में उनका पेट्रोल पंप संचालित है। बीते सितंबर की नौ तारीख को उनके सेल्समैन पर बिना वजह जानलेवा हमला कर उसका सिर फोड़ दिया गया था। उच्चाधिकारी के आदेश पर केस दर्ज करने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी पुलिस अभी तक नहीं नहीं कर सकी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी खजौला अजय पांडेय ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## गैंगस्टर समेत तीन गिरफ्तार

बस्ती : गोंडा जिले की कोर्ट से वांछित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एसओ आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गैंगस्टर अजय कुमार पुत्र राम जियावन निवासी पतिला थाना कप्तानगंज, वारंटी गुरुप्रसाद पुत्र मनीराम निवासी बघौडा व राम आधार लुधुर निवासी बघौड़ा थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय गोंडा भेजा गया।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

बस्ती : पुलिस ने चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। एसओ भानुप्रताप सिंह ने बताया कि हड़ही गांव निवासी रामू गौतम संदिग्ध हालत में मखौड़ा धाम में घूम रहा था। उसकी गतिविधियों को देखते हुए जब तलाशी ली गई तो, उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ।

## अज्ञात कारणों से कवाड़ के गोदाम में लगी आग

वानपुर : देईसाड बाजार में सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे अज्ञात कारणों एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग की लपटे देखकर लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर दमकल टीम ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। कबाड़ गोदाम के मालिक संतकबीर नगर के हरिहरपुर निवासी सतेंद्र मद्धेशिया उर्फ विक्की ने बताया कि अज्ञात कारणों से आग लग गई और गोदाम में रखा हुआ टायर और प्लास्टिक जल गया।

# पीआरवी कर्मियों को सतर्कता व सजगता की दी गई विशेष ट्रेनिंग

## आपातकालीन प्रतिक्रिया को और प्रभावी बनाने की चल रही तैयारी



पुलिस लाइन सभागार में यूपी 112 के प्रशिक्षण को संबोधित करते सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, साथ में प्रभारी राणा डीपी सिंह●

जागरण संवाददाता, बस्तीः प्रदेश पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 के रेस्पांस व्हीकल (पीआरवी) के कर्मियों को अब और अधिक सतर्क और सजग रहने की विशेष ट्रेनिंग सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में दी गई है। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देश पर आयोजित इस गहन प्रशिक्षण का उद्देश्य आपातकाल में पुलिस की प्रतिक्रिया समय (रेस्पांस टाइम) को और कम करना तथा मौके पर पहुंचने के बाद त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के समस्त पीआरवी कर्मियों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में यूपी 112 के प्रभारी राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी घटना की सूचना मिलने पर निर्धारित समय के भीतर मौके पर पहुंचना हर हाल में जरूरी है। सुभाषचन्द वर्मा, उमेश यादव व बेल प्रशिक्षक रत्नाकर पांडेय ने कहा कि संकटग्रस्त नागरिक से बातचीत और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से सही जानकारी जुटाई जाए। प्रथम दृष्टया अपराध स्थल का संरक्षण, साक्ष्य इकट्ठा करना और कानूनी प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन करना होता है। पीड़ितों के प्रति संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। हर एक पीआरवी में पेशेवर दक्षता दिखनी चाहिए। इवेंट के एटीआर में विस्तृत रिपोर्ट अंकित की जानी चाहिए।

**अब हर काल पर होगी बेहतर निगरानीः** ट्रेनिंग के दौरान पीआरवी में तैनात कर्मचारियों को जीपीएस ट्रैकिंग लोकेशन मैपिंग और संचार उपकरणों के बेहतर उपयोग की भी जानकारी दी गई।

उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता (लापरवाही) न बरतें और हर वक्त अपनी गाड़ी की लोकेशन पर अलर्ट रहें। भविष्य में किसी भी आपातकालीन काल पर प्रतिक्रिया समय में देरी या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पीआरवी कर्मियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कदम यूपी 112 सेवा की गुणवत्ता को राष्ट्रीय मानकों पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। ताकि यूपी-112 बस्ती की अच्छी छवि जनता में बनी रहे।

# लापरवाह विवेचकों को जारी की गई चेतावनी

स्कन्द कुमार शुक्ला • जागरण

- विवेचना निस्तारण में शिथिलता पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी
- जनपद में लंबित चल रही हैं 700 विवेचनाएं

बस्ती: आपराधिक मामलों की विवेचना (जांच) को समय पर पूरा न करने और उसमें घोर शिथिलता बरतने के मामले में पुलिस उपनिरीक्षकों (विवेचकों) पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा के दौरान यह गंभीर अनियमितता पाई, जिसके बाद सभी लापरवाह विवेचकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई, यहां तक कि निलंबन की भी कार्रवाई की जा सकती है।

हत्या, लूट, दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट से संबंधित लंबित विवेचनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई गंभीर मामलों की विवेचनाएं कानूनी समय सीमा 90 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लंबित पड़ी हैं। ऐसी लगभग 700 विवेचनाएं तीन माह से अधिक समय से लंबित हैं। कई विवेचकों ने न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने में भी अनावश्यक देरी की, जिससे पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने में विलंब हो रहा है।

## पुलिस अधीक्षक का कड़ा रुख, महकमें हड़कंप

एसपी ने विवेचनाओं के निस्तारण में इस तरह की लापरवाही और संवेदनहीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विवेचना में शिथिलता न केवल पुलिस की छवि को धूमिल करती है, बल्कि न्याय की प्रक्रिया में भी बाधा डालती है। लापरवाही बरतने वाले विवेचकों से जरिए नोटिस में उनसे पूछा गया है कि निश्चित समय के भीतर विवेचना पूरी न करने और मामले को लंबित रखने के आरोप में क्यों न उनके विरुद्ध निलंबन या वेतन वृद्धि रोकने जैसी विभागीय कार्रवाई की जाए। एसपी अभिनन्दन ने सभी थाना प्रभारियों को भी चेतावनी दी है कि वे अपने-अपने थानों में लंबित विवेचनाओं की प्रतिदिन समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विवेचना अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। उन्होंने यह भी आदेश दिया है कि त्योहार समाप्त होने के बाद सभी पुरानी लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। एसपी के इस कड़े रुख से महकमें में हड़कंप मच गया है।



अभिनन्दन, एसपी

# धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** छावनी थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने, धर्म परिवर्तन कराने और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लड़की को सकुशल उसके कब्जे से मुक्त करवाकर सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत किया। सीओ हर्रैया संजय सिंह ने बताया कि किशोरी की मां ने 10 अक्तूबर को थाने में लिखित तहरीर दिया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को सात अक्तूबर को अमेठी जिले के थाना शुकुल बाजार के भरोसे का पुरवा निवासी मोजीब बहला-फुसलाकर भगा ले गया। सीओ ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए दोनों का संपर्क हुआ था। संवाद

## बहलाकर किशोरी को भगा ले गया, केस दर्ज

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने बहला-फुसलाकर किशोरी को भगा ले जाने के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अक्तूबर को उनकी बेटी को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। संवाद

## मारपीट के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**गौर।** ग्राम पंचायत आमाभुइलापार के लाला बलुआ पुरवा में जमीन विवाद में रविवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। बलुआ गांव के संजू श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के रामतौल, सावित्री, राम चंदर व शिव पूजन ने गाली गलौज देते हुए मारपीट की। जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## धोखाधड़ी कर हड़पी रकम, केस दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने के आरोप में केस दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र के अमरौली शुमाली निवासी समीना ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी ने उन्हें व उनकी बहन के साथ धोखाधड़ी की। पहले से किसी और को बेची गई जमीन धोखे से बेच दी और पैसा ले लिया। पैसा मांगने पर देने से इनकार कर दिया। संवाद

## छावनी पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बस्ती।** अभियान के तहत छावनी थाना पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया, जबकि एक रिकॉल वारंटी को आवश्यक कार्यवाही के बाद छोड़ दिया गया। एसओ जनार्दन प्रसाद ने बताया कि एसीजेएम द्वितीय न्यायालय, कोर्ट नंबर-10 बस्ती से निर्गत वारंटों के आधार पर राहुल पाठक डुहवा मिश्रा, सुरेश कुमार मिश्र मल्लूपुर, विजय प्रसाद मलौली दुबे, मुबारक अली खतमसराय और बदलू भगवानपुर को गिरफ्तार किया गया। संवाद

## शांति भंग में 12 लोगों का चालान

**हर्रैया।** पुलिस ने सोमवार को एक दर्जन आरोपियों पर शांति भंग में चालान किया है। आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विवादों को लेकर शांति भंग होने की आशंका में अभिषेक पटेल, अमित, शाहिद, अंकित मौर्य, दीपक सिंह, अजय मौर्या, राम ध्रुव मौर्य, श्रीनारायण, रिंकू सिंह, पिंटू, सूरज मिश्रा व सुमित मिश्रा को शांति भंग के आरोपों में हिरासत में लेकर चालान किया गया है। संवाद

## पेड़ में हिस्सेदारी मांगने पर पिटाई का आरोप, केस

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने गंधरिया नानकर में हुई मारपीट की वारदात में केस दर्ज किया है। इसी गांव के रहने वाले इनामुल्हा उर्फ चिनकान का आरोप है कि कटे पेड़ में हिस्सा लेने की मांग को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गांव के बरकत के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## रुधौली में 12 आरोपी गिरफ्तार

**रुधौली।** पुलिस ने थानाक्षेत्र के लंबे समय से न्यायालय में हाजिर न होने पर एक वारंटी और शांतिभंग की आशंका में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों में मिथुन सोनकर (वारंटी) निवासी कस्बा रुधौली के साथ नहरूमवापुर निवासी शंभू लोध, गुलमेश लोध, राम अवतार, पोखर भित्ति निवासी  विकास कुमार, प्रदीप कुमार, दिलीप कुमार, परमात्मा, पिकौरा निवासी दीपक चौधरी, अमर चौधरी और सौरभ गुप्ता शामिल हैं। संवाद

# मिशन शक्ति टीमों ने छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

**बस्ती।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों ने सोमवार को विद्यालयों और गांवों में जाकर महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा, साइबर अपराध और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

थाना रुधौली मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति-5 के तहत बखिरा तिराहा व मुडियार क्षेत्र में रोमियो चेकिंग की। साथ ही अवध कुमारी इंटरमीडिएट कॉलेज भितेहरा में छात्राओं को मिशन शक्ति, साइबर अपराध और शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। थाना लालगंज मिशन शक्ति केंद्र टीम ने ग्रामसभा बनकटी में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया और गांव में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी।

महिला थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र के अमहट घाट पहुंचीं, जहां छठ पर्व के अवसर पर मौजूद महिलाओं को मिशन शक्ति और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर सतर्क रहने का संदेश दिया। थाना कलवारी मिशन शक्ति टीम ने ग्राम मुस्तफाबाद में चौपाल लगाकर बहू-बेटी कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, साइबर जागरूकता और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया।

इसी क्रम में थाना कोतवाली मिशन शक्ति टीम ने अमहट घाट सहित अन्य स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति-5, साइबर अपराध से बचाव व सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। संवाद

# महिलाओं को दी गई योजनाओं की जानकारी

**लालगंज।** महिला सशक्तीकरण और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को बनकटी में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में किया गया।

इस दौरान आशा बहुएं, समूह सखियां, महिला चौकीदार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर तथा गांव में भ्रमण कर महिलाओं से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा व आत्मनिर्भरता से जुड़ी जानकारियां दीं। छेड़खानी या उत्पीड़न की स्थिति में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। इस मौके पर नोडल अधिकारी निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा, महिला कांस्टेबल वंदना पासवान तथा पीआरडी सीमा आदि मौजूद रहीं। संवाद

# यौन उत्पीड़न के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

## 41 हजार जुर्माना अदा करने का आदेश

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ त्वरित गति न्यायालय प्रथम प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने यौन उत्पीड़न के एक मामले में आरोपी सलीम निवासी धोबहिया गनेशपुर थाना वाल्टरगंज को 10 वर्ष की सश्रम कारावास और 41 हजार रुपये जुर्माना देने की सजा सुनाई है। जुर्माना न अदा करने पर आरोपी को अतिरिक्त तीन वर्ष चार माह की कैद भुगतनी होगी।

मामला 18 सितंबर 2018 का है। पीड़िता ने थाना वाल्टरगंज में तहरीर देकर बताया था कि शाम करीब आठ बजे वह शौच के लिए बाहर गई थी, तभी गांव के सलीम ने रास्ते में रोककर उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर मारपीट की, शोर मचाने पर वह भाग गया। मामले की विवेचना तत्कालीन उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार साहू ने की। विवेचना के दौरान साक्ष्यों और पीड़िता के बयान के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने आठ गवाहों के बयान न्यायालय में प्रस्तुत किए। सभी साक्ष्यों और बयान को देखते हुए न्यायालय ने अपराध को गंभीर मानते हुए सजा का आदेश दिया।

# महिलाओं की योजनाओं की जानकारी

**बस्ती।** छठ महापर्व पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह ने अमहट घाट पर महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति 5.0 के तहत सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग से अवगत कराया। गुड टच, बैड टच के बारे में चर्चा करते हुए घरेलू हिंसा, साइबर अपराध समेत महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। संवाद

## अमहट घाट पर साइबर थाने की टीम ने किया जागरूक

**बस्ती।** साइबर जन-जागरूकता माह अक्तूबर के तहत सोमवार को प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना कुलदीप कुमार त्रिपाठी व जनपदीय साइबर सेल प्रभारी शेषनाथ गौड़ की संयुक्त टीम ने अमहट घाट पर जागरूकता अभियान चलाया। छठ महापर्व पर लोगों में साइबर अपराध व महिला जागरूकता संबंधी पंपलेट का वितरण किया गया। मौजूद लोगों को साइबर हेल्पलाइन की जानकारी देने के साथ ही उन्हें साइबर क्राइम थाने का सीयूजी नंबर 7839876672 के बारे में सूचना दी गई। साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को जरूरी सुझाव दिए गए। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि अनजान लिंक या मैसेज पर कभी क्लिक न करें। किसी भी अनजाने नंबर से आए ओटीपी, पिन या पासवर्ड कभी शेयर न करें जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी। संवाद

# मनबढ़ लाइनमैन ने युवक का पैर तोड़ा, केस दर्ज

### पीड़ित के बड़े भाई ने पुलिस को दी तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**कप्तानगंज।** थाना क्षेत्र के महुलानी बाजार में रविवार की देर रात बिजली का फाल्ट ठीक करने को लेकर हुए विवाद में एक मनबढ़ लाइनमैन ने लोहे की रॉड से युवक की पिटाई कर दी, जिससे उसका पैर टूट गया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद आरोपी लाइनमैन फरार हो गया, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित के बड़े भाई विजय भान पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने लाइनमैन राम नयन वर्मा और दिनेश विश्वकर्मा निवासी महुलानी थाना कप्तानगंज के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

गांव के अजय भान पांडेय (46 वर्ष) की बिजली की लाइन कई दिनों से खराब थी। वे बार-बा[r] लाइनमैन को फोन कर ठीक करने का आग्रह कर रहे थे। रविवार की रात करीब 7:30 बजे जब लाइनमैन महुलानी बाजार पहुंचा तो मरम्मत को लेकर उनमें कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर पास खड़े एक व्यक्ति ने लाइनमैन को लोहे की रॉड थमा दी, जिससे उसने अजय भान पर हमला कर दिया। हमले में अजय भान का बायां पैर दो जगह से फ्रैक्चर हो गया और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े।

ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष कप्तानगंज ने बताया कि आरोपी लाइनमैन को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

# मंदिर से लौटते समय बकरी हटाने पर झड़प

**गौर।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक परिवार के साथ मंदिर से दर्शन करके लौटते समय कर्मा गांव में रास्ते से बकरी हटाने पर रविवार रात दो समुदायों के बीच बवाल हो गया। इस झड़प में कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने तीन नामजद सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ एससी-एसटी, छेड़खानी और मारपीट सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

पीड़ित ने तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ गोंडा के स्वामी नारायण छपिया मंदिर से रविवार शाम लौट रहे थे। कर्मा गांव के पास रास्ते में कुछ लोग बकरी चरा रहे थे। रास्ता साफ करने को कहने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने महिलाओं से अभद्रता की और साड़ी तक खींच ली।

प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर कर्मा गांव निवासी अनवर अली, अबरार, जरार सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का केस दर्ज

**पैकोलिया।** एक गांव में नाबालिग किशोरी से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में वाद दायर कर बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 12 जुलाई की रात करीब साढ़े नौ बजे मकान के उत्तर तरफ बने मड़हले में गई थी। वहां पहले से मौजूद गांव निवासी हीरा ने उसे पकड़ लिया और यौन उत्पीड़न करने की नियत से छेड़खानी करने लगा। लड़की के शोर मचाने पर वह भी वहां पहुंची तो युवक भाग गया। प्रभारी निरीक्षक सुभाष मौर्य ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। संवाद

# देइसाड़ बाजार में कबाड़ की दुकान में लगी आग, मची अफरा-तफरी

## स्थानीय लोगों के साथ दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी।** लालगंज थाना क्षेत्र के देइसाड़ बाजार में सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे आग लगने से कस्बे में अफरातफरी मच गई। विक्की कबाड़ी नामक व्यक्ति के घर के पीछे बने गोदाम से धुआं उठता देख लोग मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊंची लपटें उठने लगीं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक व अन्य ज्वलनशील सामान रखा था, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। लोगों ने पानी की बाल्टियों और पाइपों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कोई भी व्यक्ति लपटों के करीब नहीं जा पा रहा था।



देइसाड़ बाजार में कबाड़ की दुकान में लगी आग बुझाते लोग। संवाद

### गोदाम में बड़ी मात्रा में रखा था प्लास्टिक व अन्य ज्वलनशील सामान

इस बीच, किसी ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लगभग आधे घंटे बाद बस्ती से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत क े बाद आग पर काबू पाया।

आग से गोदाम में रखा हजारों रुपये का कबाड़ राख हो गया। बाजार के लोगों ने बताया कि विक्की कबाड़ी का मकान मुख्य सड़क पर है, और पीछे यह गोदाम बना है। जहां प्लास्टिक, लोहे के टुकड़े, रबर और तार इकट्ठा करता था। गोदाम में रखे प्लास्टिक और रबर से उठ रहा धुआं इतनी तेजी से फैला कि आसपास के घरों में घुस गया। इससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई और कई घरों को खाली कराना पड़ा।

# सीसीटीवी कैमरे से होती रही निगरानी

**बस्ती।** छठ पूजा के दृष्टिगत घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। अमहट घाट पर प्रशासनिक अधिकारी दिन भर तैयारियों का जायजा लेते रहे।

डीएम रवीश गुप्ता और एसपी अभिनंदन मातहत अफसरों से पल-पल की रिपोर्ट ले रहे थे। अमहट सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, एसडीएम शत्रुहन पाठक, ईओ अंगद गुप्ता, सीओ सिटी सत्येंद्र मणि त्रिपाठी समेत कई अफसर मुस्तैदी से डटे रहे। वहीं आधा दर्जन थानेदार और दो दर्जन से अधिक उप निरीक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल तिराहा और बस्ती क्लब मोड़ के पास बैरिकेडिंग करके पुलिस मुस्तैद हो गई थी। संवाद

# अमहट घाट से लौटे तो लग गया जाम

## रूट डायवर्जन की वजह से पार्किंग में खड़े कराए गए वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के अमहट घाट पर सोमवार की शाम को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने और पूजा-पाठ के बाद श्रद्धालु लौटे तो सड़क पर चलने की जगह नहीं बचा थी। सबसे ज्यादा दिक्कत अटल प्रेक्षागृह मोड़ तक हुई। आचार्य शुक्ल तिराहे और न्याय मार्ग के मोड़ पर आकर लोगों को थोड़ी राहत मिली।

उधर, डायवर्जन की वजह से वाहनों को अमहट की तरफ से रोका जा रहा था। इसलिए शहर से बाहर जाने वालों को वैकल्पिक रास्तों से होकर गुजरना पड़ा, जिससे पुराना डाकखाना के पास फोरलेन तक जाने वाली सड़क पर कई बार जाम लगा।

असल में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के समय अमहट घाट की तरफ वाहनों का डायवर्जन लागू कर दिया गया था, जिसके बाद से शास्त्री चौक से अमहट की तरफ कोई वाहन नहीं जाने दिया गया। सिर्फ छठ पूजा के लिए जाने वाले लोगों को ही उधर वाहन लेकर जाने की अनुमति रही। उन वाहनों को भी पुलिस अधीक्षक आवास के पास बनाई गई पार्किंग में खड़ा करा दिया जा रहा है।

यातायात प्रभारी अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि सिविल लाइंस शिवमंदिर, प्रताप चौक व कबीर तिराहे की ओर से आने वाले वाहनों को सर्किट हाउस की पार्किंग में खड़ा कराया जा रहा है। इसी तरह कलवारी नगर हाईवे की तरफ से आने वाले वाहनों को अमहट पुल से पहले सरमाउंट स्कूल परिसर में खड़ा कराने की व्यवस्था बनाई गई है।



छठ के डायवर्जन की वजह से लगा शहर में लगा जाम। संवाद

### शहर में लगता रहा जाम, पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

**बस्ती।** शहर में छठ पूजा के नाते चहल-पहल दोपहर बाद से बढ़ गई थी। बाजार में खरीदारी भी तेजी के साथ की जा रही थी। इस वजह से सभी प्रमुख चौराहा, बाजार हर जगह भीड़ रही। रोडवेज पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। पूजा में शामिल होने के लिए रविवार तक लोग दिल्ली-मुंबई से आते रहे। ऑटो रिक्शा, टैंपो एवं अन्य टैक्सी वाहनों की भी धूम मची रही। यहां पुलिस को आवागमन बहाल रखने के लिए दिन भर मशक्कत करनी पड़ी। इसी तरह गांधीनगर मार्ग पर दो पहिया लेकर चलने पर भी जाम से जूझना पड़ रहा था।

### छठ पर्व पर भीड़ वाले इलाके में गश्त के निर्देश

**बस्ती।** पुलिस लाइंस सभागार में यूपी-112 कर्मियों की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छठ पूजा को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने तथा सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में सुधार के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सदर ने डायल 112 कर्मियों को निर्देश दिए। उन्हें घाटों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार गश्त, महिला अपराध रोकथाम, चेन स्नेचिंग व छेड़खानी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। पीआरवी कर्मियों को रिस्पॉन्स टाइम, कालर संतुष्टि, स्वच्छ वर्दी, वाहन की स्वच्छता, प्रथम उपचार किट व फायर एक्सटिंगुइशर की स्थिति सुधारने पर जोर दिया गया। संवाद

# छठ पूजा को सकुशल निपटाने के लिए पुलिस अधिकारी ने की बैठक

**बस्ती (एसएनबी)**। छठ पूजा को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से एवं डैशबोर्ड की रैंकिंग के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा डायल 112 के कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन बस्ती के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त व क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 जनपद-बस्ती राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रभारी, उनि सुभाषचन्द वर्मा, उप निरीक्षक उमेश यादव,प्रशिक्षक रत्नाकर पाण्डेय की मौजूदगी में पुलिस लाइन सभागार में यूपी-112 जनपद बस्ती के रेंज एवं पीआरवी पर नियुक्त कर्मचारीगण की कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा जनपद के समस्त पीआरवी कर्मियों को प्रचलित त्योहार छठ पूजा के दृष्टिगत भीड़ भाड़ वाले स्थान/घाट/बाजार/संवेदनशील स्थल/धार्मिक स्थलों के आस-पास आदि पर पीआरवी कर्मियों को लगातार गश्त करने,महिला सम्बन्धी अपराध, छेड़खानी एवं चेन स्नेचिंग रोकथाम हेतु सजग एवं सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही साथ मैनुअल के अनुसार शीतकालीन वर्दी सामान रूप से धारण करने एवं अनुशासन में रहनेव साफ-सुथरा रखने, रिस्पान्स टाइम का विशेष ध्यान रखने,कालर की संतुष्टि प्रतिशत में सुधार लाने, जनता से सदव्यवहार रखने, गम्भीर इवेण्टों से उच्चाधिकारीगणों को अवगत कराने, इवेण्ट पर पहुंचकर संदिग्ध वस्तु पर नजर रखते हुए वीडियोग्राफी करने तथा पीआरवी कर्मियों द्वारा की गयी कार्यवाही के सम्पूर्ण तथ्यों को इवेण्ट में विस्तृत रूप से अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया । कर्मियों को प्रत्येक इवेण्ट पर लगाये गयेमानीटरिंग करने तथा कर्मियों को विस्तृत रूप से लगाने के लिए गाइड करने, पीआरवी वाहनों में एक्सपायर हो चुके फायर एक्सटिंगुइशर के गैस को रिफिलिंग कराने एवं फर्स्ट एड बाक्स में एक्सपायर हो चुकी दवाओं को हटाकर नई दवाएं पीआरवी वाहनों में रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । यदि दोनों पक्षों का मामला न्यायालय से सम्बन्धित है। राजस्व से सम्बन्धित है अथवा किसी अन्य विभाग से सम्बन्धित है तो उसका सम्पूर्ण विवरण अंकित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । साथ ही साथ पीआरवी कर्मियों को डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग व जनपद के रिस्पान्स टाइम, काल्र की संतुष्टि में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया । उप निरीक्षक को प्रत्येक इवेण्ट की मानीटरिंग करने व गम्भीर इवेण्टों से उच्चाधिकारीगणों को अवगत कराने तथा पीआरवी कर्मियों द्वारा की गयी कार्यवाही के सम्पूर्ण तथ्यों को इवेण्ट केविस्तृत रूप से अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया । कार्यशाला के दौरान प्रभारी निरीक्षक द्वारा छठ पर्व के दृष्टिगत महिलाओं से सम्बन्धित अपराध के रोकथाम हेतु,भीड़ भाड़ वाले स्थान आदि पर पीआरवी कर्मियों को लगातार गश्त करने, सजग एवं सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि साम्प्रदायिक हिंसा, छठ त्योहार पर छेड़खानी,चेन स्नेचिंग आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके । पीआरवी कर्मियों से रात्रि के समय हूटर लाइट का प्रयोग करने, वाहनों को सही दिशा में खड़ा करने, ड्यूटी के दौरान साफ सुथरी व मैनुअल के अनुसार अच्छी वर्दी धारण करने एवं जनता से सद्व्यवहार रखने हेतु भी निर्देशित किया गया । जिससे यू0पी0-112 जनपद-बस्ती की पुलिस की अच्छी छवि जनता में बनी रहे ।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से दो घायल, पहुंचे जिला अस्पताल

**रुधौली (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के बस्ती-बांसी मार्ग पर स्थित दसिया पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी रुधौली भेजावाया गया जहां डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रुधौली थाना क्षेत्र पडरियाचेत सिंह के 60 वर्षीय रामकोमल पुत्र भगवान दास अपने बाइक पर थाना क्षेत्र के कडही के दीपक पुत्र हरिपाल के साथ रु रुधौली की तरफ जा रहे थे कि अभी वह दसिया पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि किसी अज्ञात बाहर ने बाइक पर पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही हेड कांस्टेबिल वाल्मीकि दुबे अवधेश यादव मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस 108 की मदद से सीएचसी रुधौली भिजवाए। जहां पर रामकोमल का पैर बुरी तरह फै र हो गया और दीपक के सर में गंभीर चोट आई। हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही घटना की जानकारी पुलिस द्वारा उनके परिवार जनों को दिया गया ।

## राहगीरों की पिटाई करने वाले तीन नामजद सहित अज्ञात पर मुकदमा

**गौर(एसएनबी)।** परिवार के साथ मंदिर से लौट रहे राहगीरो की जाति पूछ कर पिटाई करने वाले तीन नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दिया है। पैकोलिया थाना क्षेत्र के ऐनपुर निवासी संतोष पुत्र केदारनाथ रविवार की शाम करीब 4:30 बजे छपिया मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे थे। गौर थाना क्षेत्र के करमा गांव के पास पहुंचे तो सड़क पर बकरियां खड़ी थी। बकरी के चरवाहों से उन्हें सड़क से हटाने को कहा तो विशेष समुदाय के लोग आग बबूला हो गए। राहगीरों से उनका जाति और निवास स्थान पूछ कर जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए उनकी पिटाई करना शुरू कर दिया गया। उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ किया गया तथा महिलाओं के साथ अभद्रता की गई। गौर पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी अनवर अली, अबरार, जरार सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दिया है।

## नाबालिग का धर्म परिवर्तन कराने व दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**हर्रैया(एसएनबी)।** छावनी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने तथा उसके साथ दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने रामरेखा पुल से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय सिंह ने उक्त मामले का खुलासा करते हुए बताया कि छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग बालिका को अमेठी जनपद के शुकुल बाजार थाना अंतर्गत भरोसे का पुरवा निवासी मोजीब पुत्र मोविन बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। आरोप है कि इस दौरान वह बालिका पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाता रहा साथ ही उसके साथ दुष्कर्म किया।मामले में पीड़िता की मां के तहरीर पर पुलिस ने उसके विरुद्ध अपराध संख्या 245/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू किया। सीओ ने बताया कि छावनी के थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, उपनिरीक्षक शोभा यादव, सभाजीत मिश्र एवं हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को उसे रामरेखा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**सिद्धार्थनगर।** अपर सत्र/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार ने नाबालिग के साथ रेप करने के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

आचार्यनाथ यादव उर्फ पंडित पुत्र गंगाराम यादव निवासी सिहोरिया थाना बांसी के खिलाफ नाबालिग से रेप करने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने सुनवाई के दौरान आरोप सही पाए जाने पर आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई। उसपर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। शासन की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक ने की।

## ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी से होती रही निगरानी

बांसी। छठ पर्व पर बांसी राप्ती तट पर स्थित रानी लक्ष्मी मोह भक्त घाट पर डूबते हुए सूरज को अर्ध देने महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सूर्य अस्त होते समय महिलाओं ने पूरी श्रद्धा से परंपरागत तरीके से अर्द्ध दिया। घाट की निगरानी सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरा से किया गया। एसएडीएम निखिल चक्रवर्ती, सीओ सुजीत राय, कोतवाली प्रभारी गौरव सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार चौधरी, चेयरमैन चमनआरा, मोहम्मद इदरीश पटवारी, मोहम्मद जमील, अमरेंद्र कुमार, राजकुमार पांडेय, गिरीश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के रजवापुर गांव एक शिक्षण संस्थान में सोमवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में टीम ने छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर सतर्क रहने का संदेश दिया। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर रामदेव ने छात्राओं को मिशन शक्ति फेज के तहत जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों में 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्डलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी। इस अवसर पर एसआई कृष्ण कुमार पांडेय, तालीमुद्दीन खान, हेड कांस्टेबल धनंजय दुबे, आरक्षी सत्य प्रकाश यादव, महिला आरक्षी प्रीती, कंचन सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**उस्का बाजार।** उस्का बाजार थानाक्षेत्र के गंगाधरपुर निवासी राजमती और शशिकला ने सोमवार को एसपी से मुलाकात कर प्रधान व उसके पुत्र पर दबंगई का आरोप लगाया है। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजमती ने प्रार्थना देकर प्रधान, उनके पुत्र व परिजनों द्वारा रविवार की सुबह मारपीट करने, जानमाल की धमकी देने व गलत नीयत से उसे और देवरानी को पकड़ने का आरोप लगाया है। वीडियो भी साक्ष्य के रूप में एसपी को दिखाया है। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने कहा कि शिकायत मिली है। किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

पुलिस वालों की गिरफ्तारी को लगी हैं टीमें, दो सीओ कर रहे निगरानी

# खाकी की तलाश में खाकी फरार हैं आरोपी पुलिसकर्मी

**रजनीश पिटाई प्रकरण**



- चंपापुर निवासी की पिटाई करने वाले मोहाना थाने के चार पुलिस कर्मियों पर दर्ज है मुकदमा
- एडीजी, डीआईजी कर चुके हैं जिले का दौरा, पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दिया है न्याय का भरोसा

> आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की दो टीमें लगी है। दोनों का नेतृत्व सीओ कर रहे हैं। संभावित स्थानों पर पुलिस दबिश देकर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। जल्द ही गिरफ्तार हो जाएगी।
>
> **-डॉ .अभिषेक महाजन**, एसपी

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के चंपापुर गांव निवासी युवक को बेरहमी से पीट कर अधमरा करने वाले मोहाना थाना के चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज हो चुका है। उनकी तलाश में सीओ की निगरानी में दो पुलिस टीमें लगी हैं लेकिन खाकी, खाकी को तलाश नहीं कर पा रही है। एडीजी, डीआईजी जिले का दौरा कर चंपापुर गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिला चुके हैं।

22 अक्टूबर की रात मां लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस के चार जवानों ने रजनीश पटेल पुत्र अशोक कुमार को उस समय उठा लिया था जब वह डोला के साथ चल रहा था। उसे बाइक पर बिठा कर कहां ले गए किसी को पता नहीं लेकिन रात बारह बजे रजनीश जीवन और मौत के बीच संघर्ष करते हुए ऊंजी पेट्रोलपंप के पास सड़क के किनारे मिला था। उसे पहले सीएचसी बर्डपुर फिर जिला अस्पताल लाया गया। हालत नाजुक होने पर गोरखपुर रेफर किया गया जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां आज भी वह जिंदगी जीतने की जंग लड़ रहा है। पहले तो पुलिस मामले को टालते रही लेकिन मीडिया में खबर आई तो वह हरकत में आ गई। मोहाना थानाध्यक्ष व चार सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया गया। डीआईजी संजीव कुमार त्यागी के निर्देश पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया उसके बाद से पुलिस कर्मी फरार हो गए। रविवार को एडीजी अशोक मुथा जैन भी जिले में पहुंच गए। दोनों अधिकारियों ने चंपापुर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिया। केस दर्ज हुए दूसरा दिन हो गया लेकिन अब खाकी वाले आरोपी खाकी वालों की तलाश पूरी नहीं कर सके जबकि लगी टीमों की निगरानी के लिए सीओ भी लगाए गए हैं।

# धान की कटाई के विवाद में मारपीट, चार घायल

विस्कोहर: कंबाइन मशीन से धान कटाई को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष को जमकर मारपीट दिया। घटना में चार लोग घायल हो गए, जिसमें दो की स्थिति गंभीर है। मामला त्रिलोकपुर थाना के ग्राम छगड़िहवा की है। गांव निवासी बब्लू कश्यप ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने कंबाइन से धान कटवाया था, जिसका पैसा नहीं दे पाए थे और कुछ दिन का समय लेकर बकाया देने की बात की थी। सोमवार को बस्ती बरगदवा गांव निवासी कंबाइन मालिक सुभाष गुप्ता व पप्पू गुप्ता कई लोगों को साथ घर पर आकर धान की कटाई मांगने लगे। अभी बातचीत हो रही थी कि सभी गाली-ग्लौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। जब स्वजन बीच-बचाव करने आए तो उन्हें भी बेरहमी से मारा पीटा। घटना में मेरे अलावा घर के तीन अन्य लोग राम मूरत, भागीरथी व रविन्द्र घायल हो गए, जिसमें राम मूरत व भागीरथी को गंभीर चोट आई है। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर रामदेव ने बताया है कि मारपीट की घटना संज्ञान में आई है। पुलिस मौके पर गई थी।

# दुष्कर्म के आरोपित को 20 वर्ष की सजा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार की न्यायालय ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में निर्णय सुनाया। आरोपित को दोष सिद्ध पाते हुए 20 वर्ष का कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियुक्त का नाम आचार्य नाथ यादव उर्फ पुजारी है।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट पवन कुमार कर पाठक ने न्यायालय को बताया कि 13 फरवरी 2021 को बांसी कोतवाली के गांव निवासी



नाबालिग के पिता ने तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि नाबालिग पुत्री सुबह चार बजे घर से बाहर शौच के लिए गई थी। उसके बाद से घर वापस नहीं आई। वह अपने साथ एक मोबाइल फोन भी लेकर गई है। अपने स्तर से काफी तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। बांसी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। नाबालिग को खोजने के बाद उसकर चिकित्सीय परीक्षण कराया। न्यायालय में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने की कार्रवाई की। न्यायालय ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर आरोपित को दोषसिद्ध पाते हुए कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

## एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु

लोटन : संदिग्ध परिस्थितियों मे रविवार की देर रात लोटन थाना के पटखौली गांव मे एक विवाहिता की मृत्यु हो गई। उसका शव छत पर लगे कुंडी के सहारे बने फंदे पर लटकता मिला है। विवाहिता का नाम शालू पत्नी दुर्गेश है। तहसीलदार नौगढ़ देवेंद्र मणि त्रिपाठी व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

लोटन थाना के पटखौली गांव में देर रात फंदे पर लटकता विवाहिता का शव मिला। स्वजन ने बताया कि घर के सदस्य खेत मे सिंचाई करने के लिए गए थे। जब लौटकर आए तो देखा कि उसका शव फंदे पर लटक रहा है। वहीं मायका पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। एसएचओ लोटन दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। अभी तहरीर नही मिली है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।













# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने की मंगलकामना

जमुआर घाट पर संगीत मंडली ने छठ मईया के भजनों से श्रद्धालुओं का **किया स्वागत** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया छठ घाटों का निरीक्षण





## दीपों की रोशनी में झूमती श्रद्धा

## सेल्फी का क्रेज रहा जारी

## गैंग्सटर एक्ट के आरोपित को ढाई वर्ष की कारावास

जासं, सिद्धार्थनगर : विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट मनोज कुमार तिवारी ने सोमवार को गैंग्स्टर एक्ट के मामले में निर्णय सुनाया। न्यायालय ने आरोपित दीपक कुमार, जो गोरखपुर के गुलरिहा थाना के सेमरा नंबर दो का निवासी है, को दोषी ठहराते हुए ढाई वर्ष का कारावास और पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह मामला वर्ष 2023 में सदर थाना पुलिस द्वारा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त के खिलाफ गैंग्सटर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। न्यायालय में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नीरज श्रीवास्तव और पैरोकार आरक्षी अर्जुन कुमार ने साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाहों के बयान दर्ज कराए।

पुजारी ने मुख्यमंत्री से लगाई सुरक्षा की गुहार: डुमरियागंज: कैथवलिया रेहरा गांव के मंदिर के पुजारी जगन्नाथ दास ने सोमवार को मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेजा है। गांव में राम जानकी मंदिर का निर्माण कराया है। 25 अक्टूबर की रात, कुछ स्थानीय लोगों ने मंदिर पर ईंट-पत्थर फेंककर सीमेंटेड शेड को तोड़ दिया। जब पुजारी ने संबंधित लोगों के घर जाकर उन्हें चेतावनी दी, तो उन पर हमला करने का प्रयास किया।

# जागरूकता से रूकेगा साइबर अपराध

जागरण संवाददाता, इटवा : थाना त्रिलोकपुर की मिशन शक्ति टीम ने सोमवार को साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत उर्मिला देवी शिक्षण संस्थान रजवापुर में चौपाल आयोजित किया। बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव की दिशा में जागरूक किया गया। उप निरीक्षक कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि इन दिनों साइबर अपराध की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसको देखते हुए सभी को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। किसी को भी बैंक डिटेल न दें। एटीएम कार्ड के नंबर तथा कोई ओटीपी आता है तो उसको शेयर न करें। उप निरीक्षक तालीमुद्दीन खान ने कहा कि यदि जागरूकता बरती जाए तो निश्चित ही साइबर अपराध में कमी आएगी। मुख्य आरक्षी धनंजय दुबे, आरक्ष सत्या प्रकाश व महिला आरक्षी कंचन सिंह की टीम ने सुरक्षा, नारी सशक्तीकरण व स्वावलंबन के लिए जागरूक किया।



रजवापुर स्थित विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं • जागरण

बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किया गया है। यहां अपनी समस्याएं दर्ज करा सकती हैं। नाम भी गोपनीय रखे जाएंगे। टीम ने हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विषम परिस्थिति में फोन करके सहायता लेने हेतु आह्वान किया।

## एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं, शिकायतों को सुना। जनसुनवाई में कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें चार भूमि विवाद और चार मारपीट के साथ शेष सात अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित को आदेशित किया गया। संवाद

मुश्किल

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मन्नीजोत चौराहे पर हुए हादसे में गई वृद्ध की जान, तीन बेटों की भी हो चुकी है मौत

# चला गया सहारा... अब परिवार के परवरिश का संकट

मनोज कुमार शुक्ल

**भनवापुर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मंगराव गांव निवासी राम चरन विश्वकर्मा (70) की मौत ने परिवार का सहारा छीन लिया है। तीन बेटों के असामयिक मृत्यु के बाद घर में रह रही दो बहुओं के साथ उनके सात बच्चों की परवरिश का जिम्मा संभाल रहे राम चरन विश्वकर्मा ने भी दुनिया छोड़ दी।

रविवार को मन्नीजोत चौराहे पर सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। इसके बाद हर कोई परिवार और बच्चों की परवरिश कौन करेगा व सहारा कौन बनेगा, इसको लेकर परेशान है।

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के राम चरन विश्वकर्मा के तीन बेटे फूल चंद, जवाहिर और चंद्र पाल के साथ ही दो बेटियां प्रियंका और वृंदावती थी। सभी बेटियों और बेटों की शादी कर दी, जहां बेटियां अपने घर खुशी खुशी रहती हैं। घर पर भी तीन बहुएं खुशी खुशी जीवन यापन कर रहे थे।



राम चरन विश्वकर्मा की बहुएं व पोती-पोते। संवाद

राम चरन के जीवन में वर्ष 2006 ने काला अध्याय लिखना शुरू कर दिया। 35 वर्ष की उम्र में गंभीर बीमारी के चलते बड़े बेटे फूल चंद्र का निधन हो गया। अभी परिवार उसकी मौत के गम से उबर रहा था कि छह साल बाद 2012 में दूसरे बेटे जवाहिर की भी 32 वर्ष की उम्र में गंभीर बीमारी ने मौत हो गई।

किसी तरह से छोटे बेटे चंद्रपाल और तीन बहुओं के साथ जीवन की गाड़ी खींचते रहे। पुरानी बातों को भूल कर परिवार का पालन पोषण व परवरिश में जुट गए। जीवन धीरे धीरे पटरी पर लौट ही रही थी कि छोटे बेटे चंद्र पाल का भी 2024 में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मल्हवार चौराहे पर एक हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। तीन तीन जवान बेटों के अर्थी को कंधा देते देते टूट चुके राम चरन खुद को संभालते हुए बहुओं व उनके बच्चों की परवरिश में जुट गए। मगर रविवार को हुए सड़क हादसे में उनकी जान भी चली गई।

**आठ बीघा जमीन बेटों के इलाज के लिए बेची :** भनवापुर क्षेत्र के मंगराव निवासी राम चरन (70) के पास जीवन यापन के लिए पर्याप्त खेती योग्य जमीन भी थी। दो बेटों के बीमारी के चलते इलाज के लिए आठ बीघा जमीन भी बेच दी, फिर भी उन्हें नहीं बचा पाए। बहू माधुरी और प्रभावती ने बताया कि राम चरन हमेशा ही आश्वासन देते थे अभी मैं जिंदा हूं चिंता मत करो। जल्द मकान बनवा देंगे।

ईश्वर ने छत तो नहीं दिया मगर अब परिवार के एकमात्र बचे जिम्मेदार का हाथ हम लोगों के सिर से जरूर छीन लिया। जर्जर मकान में पतरा रख कर जीवन यापन करने वाली बहुएं जब दहाड़े मार कर रो रहीं थी तो हर किसी का कलेजा हाथ में आ जाता है।

## परिवार में महिलाएं व बच्चे ही रह गए

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मंगराव गांव निवासी 70 वर्षीय राम चरन विश्वकर्मा के तीन बेटों के मौत के बाद बड़ी बहू ने मुंबई में दूसरी शादी कर ली। वहीं दूसरे नंबर की बहु प्रभावती व उसकी एक पुत्री 14 वर्षीय उजाला के साथ ही छोटी बहू माधुरी व उसके बेटी करीना, ज्योतिमा, प्रतिमा व दो बेटे सत्यम व दो वर्षीय अनूप सहित छह परिवार का पालन हार राम चरन के जिम्मे था। रविवार को दोपहर मन्नीजोत चौराहे पर हुए एक हादसे में राम चरन विश्वकर्मा की मौत के बाद अब कोई सहारा नहीं बचा है।

# लेनदेन के विवाद में मारपीट, दो घायल

## त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के छगडिहवा गांव का है मामला, पुलिस कर रही जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिस्कोहर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के छगडिहवा गांव में सोमवार की सुबह नौ बजे के करीब धान कटाई के बकाए रुपये के लेन-देन को लेकर बबलू कश्यप और कंबाइन मशीन के मालिक सुबास गुप्ता में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

लाठी व डंडा चलने लगे। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान राम मूरत यादव और भागीरथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ता बबलू कश्यप ने आरोप लगाया कि धान कटाई के रुपये के लेनदेन को लेकर सुबह नौ बजे कंबाइन मशीन के मालिक बस्ती बरगदवा निवासी सुबास गुप्ता व पप्पू गुप्ता अन्य

### धान की कटाई के रुपये का था विवाद

10 लोगों को लेकर उनके घर पहुंच गए। कहासुनी के बाद अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी व डंडे से मारने लगे। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे गांव निवासी राम मूरत यादव, भागीरथी व रवींद्र यादव को भी उन्होंने मारा-पीटा। पीड़ित ने कंबाइन मशीन मलिक और अन्य के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगई का लगाया आरोप

**उसका बाजार।** क्षेत्र के गंगाधरपुर निवासी राजमती और शशिकला ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर गांव के कुछ लोगों पर दबंगई की शिकायत की है। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजमती ने प्रार्थना देकर विपक्षियों की ओर से रविवार की सुबह मारपीट करने, जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कई वीडियो भी साक्ष्य के रूप में पुलिस अधीक्षक को दिखाया है, वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग गोलबंद होकर मारपीट कर रहे हैं। वहीं इसी गांव की शशिकला ने भी पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर उन्हीं लोगों पर दबंगई करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने कहा कि शिकायत मिली है। किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। पुलिस को गांव में शांति स्थापित करने के लिए निर्देशित किया है। संवाद

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में साक्ष्यों के आधार पर बांसी थानाक्षेत्र के सिरोरिया निवासी अभियुक्त आचार्यनाथ यादव उर्फ पंडित को दोषी ठहराया। उसे 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

घटना बांसी थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 फरवरी 2021 को वारदात हुई थी। एक व्यक्ति ने बांसी थाने पर लिखित तहरीर देते हुए कहा कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी 2021 को सुबह चार बजे घर से बाहर शौच के लिए गई थी और घर नहीं लौटी। वह अपने साथ मोबाइल फोन भी लेकर गई थी। काफी खोजबीन व तलाश करने के बाद भी कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करके विवेचना शुरू की।

काफी खोजबीन के बाद किशोरी को बरामद कर उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराकर न्यायालय में बयान दर्ज करवाया। इसके बाद दुष्कर्म के अपराध की धारा में बढ़ोतरी करते हुए कोतवाली बांसी थाना क्षेत्र के सिरोरिया निवासी अभियुक्त आचार्यनाथ यादव उर्फ पंडित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया।

इसके बाद विवेचना पूरी करके पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले का संज्ञान लेकर न्यायालय ने अभियुक्त के ऊपर आरोप विरचित करके परीक्षण शुरू किया।

परीक्षण की समाप्ति के बाद उपलब्ध साक्ष्यों गवाहों की गवाही, जिरह, चिकित्सकीय परीक्षण रिपोर्ट, घटना के तथ्यों और परिस्थितियों व दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए उसे अवयस्क बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के अपराध में बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए उसके ऊपर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, जिसे अदा ना करने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

न्यायालय ने पीड़िता को राहत एवं पुनर्वास के लिए राज्य सरकार से अधिकतम क्षतिपूर्ति देने का भी आदेश दिया।

**अदालत से**

बांसी थाना क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2021 में हुई थी वारदात

### ढाई वर्ष कारावास और पांच हजार का अर्थदंड

**सिद्धार्थनगर।** अपर सत्र, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी मनोज कुमार तिवारी ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी पाए जाने पर ढाई वर्ष कारावास और पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। सदर थाना में दर्ज मामले की सुनवाई करते हुए मनोज कुमार तिवारी अपर सत्र, विशेष न्यायाधीश ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाए जाने पर दीपक कुमार निवासी सेमरा नंबर दो थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को ढाई वर्ष के कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

# पुजारी ने सीएम से लगाई कार्रवाई की गुहार

संवाद न्यूज एजेंसी

**शाहपुर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के कैथवलिया रेहरा गांव के मंदिर पुजारी जगन्नाथ दास ने सीएम को शिकायती पत्र भेज विपक्षियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि गांव में राम जानकी मंदिर का निर्माण कराया है।

25 अक्टूबर की रात गांव के कुछ लोगों ने मंदिर पर ईंट-पत्थर फेंककर सीमेंटेड शेड को तोड़ दिया था। संबंधित लोगों के घर उलाहना देने पर उनके परिजन भद्दी-भद्दी गालियां देकर मारने के लिए दौड़ा लिए।

पुजारी के मुताबिक वह लोग प्रतिदिन पूजापाठ में बाधा उत्पन्न करने के साथ ही परेशान करते रहते हैं। शिकायत पर आमादा फौजदारी

### डुमरियागंज थाना क्षेत्र के कैथवलिया रेहरा गांव का मामला

रहते हैं। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की। पुजारी के मुताबिक 26 अक्तूबर को गांव के लोगों के समझाने बुझाने और आरोपियों की ओर से माफी मांगे जाने पर मामले में सुलह कर ली गई थी। लेकिन उसी रात कुछ लोग मंदिर पर चढ़कर गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे और कहा की पूजा पाठ नहीं करने देंगे।

पुजारी का आरोप है कि वह लोग खुद को अनुसूचित जाति का होने का हवाला देकर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। पुजारी ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# तय समय पर प्रभावी हुआ डायवर्जन नहीं तो जाम से हांफ जाते लोग

## पुलिस ने जाम से निपटने के लिए तैयार किया था मास्टर प्लान

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। जिले में छठ पर्व पर जाम से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने पहले से मास्टर प्लान तैयार कर रखा था। एक साथ उसे प्रभावी किया गया, जिसका असर रहा कि लोगों को जाम से बहुत परेशान नहीं होना पड़ा।

एकाएक भीड़ के निकलने पर बाइक और साइकिल वालों को कुछ कठिनाई हुई। अगर बड़े वाहनों को डायवर्ट न किया गया होता तो हालात और खराब हो सकते थे। देर रात तक लोगों को जाम से जूझना पड़ता। यह डायवर्जन मंगलवार सुबह आठ बजे तक पर्व के समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।



बर्डपुर मार्ग पर की गई बैरिकेडिंग। संवाद

**नगर शहर के अंदर वाहनों के प्रवेश पर लगी रही रोक:** एक लाख से अधिक की आबादी और बड़ी संख्या में आसपास सटे गांवों के लोगों के लिए पूजा के लिए जमुआर घाट ही मुख्य स्थल है। इसलिए दोपहर के दो बजे से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। शहर से ही महिलाएं पैदल और ई- रिक्शा से निकल रहीं थीं, इसलिए दोपहर के दो बजे से ही अन्य चार पहिया वाहनों की इंट्री जिन्हें घाट की ओर से निकलना था, उन्हें रोक दिया गया था। फिर भी पूजा संपन्न होने के बाद जब लोग सड़क पर चढ़े तो शहर के अंदर तक भीड़ ही भीड़ नजर आने लगी।

### मंगलवार को तड़के तीन बजे से आठ बजे तक प्रभावी रहेगा डायवर्जन

हालांकि, आगे बढ़ने के साथ भीड़ खत्म होते गई। इसी प्रकार से जिले के अन्य हिस्सों में हालात रहे। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। ट्रैफिक पुलिस के जवान जगह- जगह लग रहे।

## डीएम और एसपी ने लिया जायजा

सिद्धार्थनगर। जनपदीय पुलिस की ओर से सोमवार को छठ पर्व के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले छठ घाट पर भ्रमण, ड्यूटीरत रहकर पर्व को सकुशल संपन्न कराया गया। डीएम डॉ. राजागणपति आर, एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने अधिकारियों के साथ जमुआर घाट, बांसी सहित अन्य घाटों का भ्रमण करके सुरक्षा का जायजा लेते रहे। इसके अलावा पुलिस बल को दिशा-निर्देश दिए।

इसके थानाध्यक्ष अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले छठ घाट पर भ्रमण/ड्यूटीरत रहकर पर्व को सकुशल संपन्न कराया जा रहा है। छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। संवाद

# पीड़िता ने की प्रधान की शिकायत, कार्रवाई की मांग

उसका बाजार(एसएनबी)। थाना क्षेत्र के गंगाधरपुर निवासी राजमती और शशिकला ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर यहीं के ग्राम प्रधान व उसके पुत्र के दबंगई की शिकायत की है। एसपी ड. अभिषेक महाजन ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजमती ने प्रार्थना देकर ग्राम प्रधान बेचनराम, इसके पुत्र कन्हैया, भाई ललित, भतीजा नकुल व अन्य परिजनों द्वारा रविवार की सुबह मारपीट करने, जानमाल की धमकी देने व गलत नीयत से उसे और देवरानी नीलम को पकड़ने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कई वीडियो भी साक्ष्य के रूप में पुलिस अधीक्षक को दिखाया है, वीडियो में दिख रहा है कि ग्राम प्रधान बेचनराम और उसके पुत्र कन्हैया ने गोलबंद होकर मारपीट कर रहे हैं। इसी तरह ग्राम प्रधान बेचनराम के छोटे भाई की पत्नी शशिकला ने भी पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर प्रधान और उसके परिजनों के दबंगई की शिकायत की है। आरोप लगाया कि उसका पुलिस इनके प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नही कर रही है। इस संबंध में एसपी ड. अभिषेक महाजन ने कहा कि शिकायत मिली है, किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नही है। पुलिस को गांव में शांति स्थापित करने के लिए निर्देशित किया है।

# दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष का कारावास

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वीरेन्द्र कुमार ने अवयस्क लड़की से दुष्कर्म के मामले में साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए उसे बीस वर्षों के कठोर कारावास की सजा सुनाया और उसके 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। घटना बांसी थानाक्षेत्र के एक गांव में 13 फरवरी 2021 को घटी थी। अभियोजन कथानक के अनुसार 14 वर्षीय पीड़िता अवयस्क बच्ची के पिता ने बांसी थाने पर लिखित तहरीर देते हुए कहा कि 14 वर्षीय लड़की वर्ष 13 फरवरी 2021 को सुबह 4 बजे घर से बाहर शौच के लिये गई थी और घर वापस नहीं आई। लडकी अपने साथ एक मोबाइल फोन भी लेकर गई है। काफी खोजबीन व तलाश करने के बाद भी कहीं पता नहीं चला है। पुलिस ने केस दर्ज करके विवेचना शुरू किया और लड़की को बरामद करके उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराकर न्यायालय में बयान दर्ज करवाया। इसके बाद दुष्कर्म के अपराध की बढ़ोत्तरी करते हुए कोतवाली बांसी थानाक्षेत्र के सिहोरिया निवासी अभियुक्त आचार्यनाथ यादव उर्फ पंडित पुत्र गंगाराम को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया। इसके बाद विवेचना पूरी करके पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले का संज्ञान लेकर न्यायालय ने अभियुक्त के ऊपर आरोप विरचित करके परीक्षण शुरू किया। परीक्षण की समाप्ति के बाद उपलब्ध साक्ष्यों गवाहों की गवाही जिरह, चिकित्सकीय परीक्षण रिपोर्ट, घटना के तथ्यों एवं परिस्थितियों व दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए उसे अवयस्क बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के अपराध में बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए उसके ऊपर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया जिसे अदा ना करने पर उसे अतिरिक्तकारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने पीड़िता को राहत एवं पुनर्वास हेतु राज्य सरकार से अधिकतम क्षतिपूर्ति देने हेतु भी आदेश दिया। पीड़ित पक्ष की पैरवी राज्य सरकार की तरफ से नियुक्त विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार कर पाठक ने किया।

# सूर्योपासना का महापर्व छठ पर व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य






जिले के 250 घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य, दो बजे से ही घाटों पर बनी बेदी पर पहुंचने लगा श्रद्धालुओं का जत्था

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देने घाटों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब




## आज सुबह उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य



## ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी से होती रही निगरानी



हिन्दुस्तान

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# मां-बेटे पर प्राणघात हमला, केस

**मेंहदावल (एसएनबी)।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के शिवरही की अनारकली पत्नी मिठाई ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगायी है कि 24.10.2025 की शाम को गांव में भंडारे का आयोजन हुआ था जिससे मेरा बेटा अजय भी गया था। उसी को हम भंडारे से बुलाकर घर वापस आ रही थी कि रास्ते में पहले से घात लगाये गांव के ही रामनयन पुत्र रामसूरत, अर्जुन पुत्र रामसूरत, वंकी पुत्र रामदास, अजय पुत्र वंकी एवं 3-4 अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर पुत्र अजय को लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से वेतहाशा मारने लगे। जिससे मेरे लड़के अजय का सिर फट गया तथा खून गिरने की वजह से गिरकर वेहोश हो गया। जिसके वाद महिला वचाव हेतु चिल्लाने लगी इस दौरान मेरे लड़के विजय व शिवराज भी वीच-वचाव हेतु आ गये परन्तु उपरोक्त लोग मेरे दोनों लड़को पर भी टूट पड़े और लाठी डंडे व रॉड से उनके भी मारने लगे। जव हम सभी का शोर गुल झगड़ा सुनकर लालचंद (जेठ का लड़के) व हमारे पति मिठाई आये तो इन लोगों को भी उपरोक्त विपक्षीगण ने मारा-पीटा। जिसमें हमको भी काफी चोटे आयी हैं। पीड़िता के तीनों लड़को को सिर में गम्भीर चोटे आयी है। मनोज पुत्र रामप्रीत ग्राम घुसियां थाना धर्मसिंहवा व मीना पत्नी रामनयन के वहकावे से ही उपरोक्त लोगों यह घटना कारित किये हैं। इस मामले में मेंहदावल थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही है।

## छठ घाट पर नहाते समय डूवा किशोर, इलाज के दौरान मौत

**मेंहदावल (एसएनबी)।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के डुमरिया वावू के 12 वर्षीय अंशु पुत्र उधम यादव निवासी सोमवार की शाम छठ घाट पर गया हुआ था। राप्ती नदी में कुछ लोग नहा रहे थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में जाने के कारण डूवने लगा। इसके वाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे वाहर निकाला। उसे मेंहदावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। छठ घाट पर भी कुछ देर तक अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया।

# कुबेर धाम में छठ पूजा की अनूठी परंपरा, मनोकामना परंपरा में लोगों की गहरी आस्था

■ जय प्रकाश मिश्र।

मेंहदावल।

नगर पंचायत मेंहदावल में सैकड़ों वर्ष पुरानी मंदिर बाबा कुबेरनाथ शिव धाम में हर साल लगने वाले विशाल पर्व छठ पर्व मनाया जाता हैघ। यह मंदिर श्रद्धा भक्ति और आस्था का अटूट संगम है। इस मंदिर में सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। छठ पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूरी करने आते है। संतान सुख की प्राप्ति और समस्या निवारण के रूप में यह मंदिर काफी प्रसिद्ध है।

– धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा यह स्थल दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। चारों ओर छठ गीतों की गूंज, दीपों की रोशनी और भक्तों के समर्पित भाव से माहौल दिव्य हो उठता है। श्रद्धालु यहां ढलते हुए सूर्य और और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते है। मेंहदावल के कुबेरनाथ शिव छठ पूजा को लेकर अति विशिष्ट महत्व रखता है। यहां कार्तिक और चौती छठ पूजा पर स्थानीय समेत दूर-दराज से लाखों लोग अपना व्रत करने यहां आते है। इसमें कई लोग अपनी मन्नतें पूरी होने पर और कई लोग मन्नत उतारने के लिए मनोकामना का संकल्प लेते है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में सच्चे मन से भगवान भास्कर की आराधना करने वाले श्रद्धालुओं को रोग से मुक्ति और संतान की कामना करने वाले दंपति की मुराद जरूर पूरी होती है। लग्न में शादी-विवाह करने वाले लोगों का हुजूम लगा रहता है। यहां शादी करने वाले जोड़ों पर आराध्य देव नारायण की कृपा दृष्टि बनी रहती है। वहीं छठ पर्व को लेकर हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है। गौरतलब है कि बढ़ते आस्था और विश्वास को लेकर छठ पर्व का यहां अनुष्ठान किया जाता है। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूरी करने के लिए कुबेरनाथ शिव मंदिर में आते है। मंदिर कमेटी सदस्य डॉक्टर योगेन्द्र भारती ने बताया कि छठ पर्व के दौरान कुबेरनाथ धाम में सुरक्षा, व्यवस्था और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। स्थानीय प्रशासन, पुरोहितों और समाज के लोगों के समन्वय से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाता है। श्रद्धालु बताते है कि यहां आस्था, पवित्रता और परंपरा का जीवंत प्रमाण बनते है। यहां छठ मनाने का अनुभव मात्र पूजा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक बन कर रहता है।

**धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा यह स्थल, दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रखता विशेष महत्व**

**चारों ओर छठ गीतों की गूंज, दीपों की रोशनी और भक्तों के समर्पित भाव से माहौल हो उठता है दिव्य**



बाबा कुबेरधाम मंदिर पोखरे पर छठ पर्व पर उमड़ी भीड़। फोटो : एसएनबी

# अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को व्रती महिलाओं ने आस्था का अर्घ्य देकर की पूजा









जिले की कई नदियों, सरोवरों, पोखरों व तालाबों के तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

...निर्जला व्रत रखकर, कोसी भरकर अपने पुत्रों, पति व परिवार के दीर्घायु, निरोगी तथा सुख-समृद्धि की कर रही हैं प्रार्थना



## कुबेर धाम में छठ पूजा की अनूठी परंपरा, मनोकामना परंपरा में लोगों की गहरी आस्था

■ जय प्रकाश मिश्र।

मेहदावल।

धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा यह स्थल, दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रखता विशेष महत्व

चारों ओर छठ गीतों की गूंज, दीपों की रोशनी और भक्ती के समर्पित भाव से माहौल हो उठता है दिव्य



# चोरी की तीन बाइक बरामद तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर/सेमरियावां** (एसएनबी)। स्थानीय दुधारा पुलिस और एसओजी टीम द्वारा चोरी के तीन अभियुक्तों को पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले रोड के पास से गिरफ्तार कर चोरी की तीन मोटरसाइकिलें और चार मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में रवाना किया गया।

इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि सोमवार को तड़के 02:30 बजे पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले रोड के पास से थाना दुधारा पुलिस और एसओजी टीम ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों की संयुक्त टीम ने चोरी की घटनाओं में संलिप्त तीन शातिर चोरों प्रीतम मौर्या पुत्र संजय मौर्या निवासी अचकवापुर टीचर कालोनी थाना कोतवाली खलीलाबाद, हरिओम चौरसिया पुत्र राममूरत चौरसिया निवासी मड़या चौराहा मिश्रौलिया थाना कोतवाली खलीलाबाद और नन्दू वर्मा पुत्र लल्लन वर्मा निवासी टीचर कालोनी थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों की निशानदेही पर तथा उनके कब्ज़े से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण ने बताया गया कि वह तीनों लोग गरीब परिवार से हैं और बेरोजगार है तथा गैंग बनाकर आसानी से चोरी करने के बारे में सुना था। इसलिए इन तीनों ने अपना गैंग बनाकर मोटरसाइकिल चोरी करना शुरू कर दिया। चोरी की मोटरसाइकिलों को बेचकर इससे प्राप्त धन को आपस में बांटकर अपना खर्च चलाते हैं। इन तीनों ने बताया कि मोटरसाइकिलों को हम लोग नेपाल बार्डर पर बेचने के लिये ले जा रहे थे। स्पेलन्डर मोटर साइकिल 23.10.2025 को सालेहपुर चौराहे से और काले रंग की हीरो स्पेलन्डर 24.10.2025 को मोहद्दीपुर खलीलाबाद से चोरी किये थे। अभियुक्तों ने बताया कि बरामद काले रंग की एचएफ डीलक्स को कुछ दिन पूर्व खलीलाबाद से चोरी किये थे। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक,दुधारा अरविन्द शर्मा और एसओजी प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के लिए बधाई दी है। साथ ही इन अभियुक्तों को व.उ.नि. राजीव कुमार सिंह, उ.नि. अनिल मिश्र, हे.कां. अरविन्द यादव, कां. दीपनारायण शर्मा, कां. सुमित राय एवं एसओजी टीम का बीर बहादुर यादव, कां. विवेक कुमार राय, कां. शुभम सिंह, कां. अरूण हलवाई, कां. सर्वेश मिश्रा, कां. दीपक सिंह, कां. विवेक मिश्रा भी टीम में शामिल रहे।

# कार चालक के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत मुठहींकला गांव निवासी 25 वर्षीय युवक को बीते 24 अक्टूबर की देर शाम एक तेज रफ्तार कार द्वारा पीछे से जोरदार टक्कर मार देने के वाद युवक की हुई दर्दनाक मौत की दुर्घटना को लेकर मृतक के पिता की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार के अज्ञात चालक के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुर्घटना के संवंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के मुठहींकला गांव निवासी वावूराम पुत्र धामू ने वताया कि उसका 25 वर्षीय वेटा कन्हैया उर्फ वखेड़ू वीते 24 अक्टूवर की शाम करीव 7.30 वजे गांव के समीप राम-जानकी मार्ग की वाई पटरी से पैदल घर जा रहा था। उसी दौरान शनिचरा वाजार की तरफ से आ रही मारूती वैगनार कार नम्वर यू.पी. 32 एच.वी.0185 के अज्ञात चालक द्वारा तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक कार को चलाते हुए वेटे को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वेटा वुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों द्वारा दुर्घटना के वारे में उसे जानकारी देने के वाद एम्वुलेंस की मदद्द से वेटे को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी हैंसर वाजार पहुंचाया गया जहाँ डाक्टरों ने गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के वाद वेटे को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। वेटे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचने के वाद डाक्टरों ने उसे गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। वह सभी वेटे को लेकर मेडिकल कालेज गोरखपुर जा रहे थे कि रास्ते में ही वेटे की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार नम्बर यू.पी.32 एच.वी.0185 के अज्ञात चालक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1), 281 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयप्रकाश दूबे ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में लेते हुए उसके चालक को भी चिन्हित कर गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

## शराब की दुकानों के समक्ष देर रात तक सज रही हैं महफिल, प्रशासन मौन



# शादी का झांसा देकर नाबालिग किशोरी का अपहरण करने के आरोप में युवक नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर शादी करने का झांसा देते हुए अपहरण कर लिए जाने के आरोप में अपहृता के पिता की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने एक युवक के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अपहृता और नामजद आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया है कि बीते 19 अक्टूकर की रात को थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी अमर सिंह पुत्र रामराज नामक युवक ने उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर शादी करने का झांसा देते हुए बेटी का अहपरण कर लिया।

सभी नात-रिस्तेदार एवं सगे-संबंधियों समेत अन्य सभी संभावित ठिकानों पर बेटी की काफी खोजबीन करने के बाद भी बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अ मुकदमा दर्ज कर अपहृता और नामजद आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयप्रकाश दूबे ने बताया कि जल्द ही अपहृता को बरामद करते हुए नामजद आरोपी को भी गिरफ्त में लेकर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दबंगों ने बैनामा भूमि में जबरिया किया कब्जा

**नाथनगर।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलान में एक व्यक्ति की बैनामाशुदा भूमि के हिमांशु पुत्र रामगोपाल द्वारा सोमवार को दोपहर में ट्रैक्टर से मेड़ बांध लिया। घटना में पीड़ित द्वारा 112 नम्बर पर काल किया गया जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस के अलावा राजस्व विभाग को सूचना दे दी गई है। समय रहते मामले का निस्तारण नही हुआ तो भूमि विवाद के लेकर बड़ी दुर्घटना घट सकती है जिसकी पूरी जिम्मेदारी राजस्व विभाग की होगी। पुलिस और राजस्व विभाग को दिए गए सूचना के अनुसार पीड़ित अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि उनके बैनामा भूमि को हिमांशु पुत्र रामगोपाल द्वारा सोमवार को गैर मौजूदगी में जबरिया मेड़ बांध कर कब्जा कर लिया गया है। इस घटना के लेकर गांव के दो पक्षों के बीच तनाव का माहौल है। घटना की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक दबंग के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी। इस संबंध में एसडीएम धनघटा से कई बार संपर्क किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

# कबाड़ की दुकान में लगी आग,हजारों का सामान जलकर नष्ट

**महुली** । महुली व लालगंज थाना क्षेत्र की सीमा पर देईसांड़ बाजार के पास एक कबाड़ की दुकान में सोमवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग जाने से उसका हजारों रूपए का कबाड़ जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर दोनों थाना के आसपास के लोग पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी पीड़ित ने लालगंज पुलिस को दे दी है। महुली व लालगंज थाना की सीमा के पास देईसांड़ निवासी बिक्की नामक एक युवक कबाड़ की दुकान खोल रखा है जहां पर लालगंज व महुली थाना क्षेत्र के लोग कबाड़ का सामान बेचते व खरीदते हैं। सोमवार की सुबह अचानक दुकान के पीछे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे उसका कबाड़ का हजारों रूपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पर आसपास के लोग पहुंचकर आग पर काबू पांया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थोड़ी देर बाद दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गया था।

# चालक के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**धनघटा** । धनघटा थानान्तर्गत डिहवा बाजार में बीते 8 अक्टूबर को पैदल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार वोलेरो वाहन द्वारा ठोकर मार कर बुरी तरह घायल कर देनी की दुर्घटना में घायल के वेटे की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बोलेरो के चालक के विरूद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी दिनेश बनिया पुत्र मुरारीलाल बनिया ने वताया कि वीते 8 अक्टूबर की शाम करीव 4.30 बजे उसके पिता मुरारीलाल बनिया पुत्र हीरालाल वनिया डिहवा बाजार से पैदल ही साइकिल लेकर घर जा रहे थे उसी दौरान पिड़िया जाने वाले मार्ग पर सामने से एक बोलेरो वाहन नम्बर यू.पी. 96 बी 5210 अनियंत्रित होकर पिता को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पिता बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय डाक्टरों की सलाह पर जिला मुख्यालय स्थित अशोका हास्पिटल में पिता का अभी भी इलाज चल रहा है। दुर्घटना में शामिल बोलेरो वाहन को थाना क्षेत्र के सरायघाट-फुलुई निवासी भोलानाथ यादव पुत्र राजदेव यादव चला रहे थे और वही दुर्घटना में शामिल बोलेरो वाहन के मालिक भी हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयप्रकाश दूबे ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल वाहन को मयचालक गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास

संतकबीरनगर (एसएनबी)। न्यायालय एएसजे/एसपीजे (पाक्सो एक्ट) ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास व 10 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा भुगतना होगा।

अभियुक्त इम्तियाज पुत्र हबीब शेख निवासी रानीपुर थाना धनघटा द्वारा 03.07.2017 को वादी की नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर व्यपहरण करके दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी। मामले में न्यायालय एएसजे/एसपीजे (पाक्सो एक्ट) ने अभियुक्त को धारा 363 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व दो हजार ₹ के अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह के साधारण कारावास का दण्ड, धारा 366 भादवि में 05 वर्ष का सश्रम कारावास व दो हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित पारित किया। साथ ही अर्थदण्ड अदा न करने पर 06 माह के साधारण कारावास का दण्ड तथा धारा पाक्सो एक्ट में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व छह हजार ₹ के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 01 वर्ष के साधारण कारावास की सजा भुगतना होगा।

# युवक के चंगुल से जान बचाकर लौटी युवती ने बताई आपबीती, केस

मेंहदावल (एसएनबी)। मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को गांव के ही एक युवक ने शादी का झांसा देकर मुम्बई भगा ले गया था। वहां युवती के साथ युवक ने शोषण करता था। आरोप लगा है कि युवती को युवक व उसके सहयोगियों ने जबरन मारते-पीटते थे। किसी तरह युवती ने उक्त लोगों के चुंगल से निकलकर घर आई और परिजनों से आपबीती बताई। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच में जुटी है।

**शादी का झांसा देकर युवक मुम्बई ले जा करता था शोषण**

पीड़िता की मां ने मेंहदावल थाने में दी तहरीर में आरोप लगाई है कि हमारी उम्र लगभग 19 वर्ष है। जमोहरा के जितेन्द पुत्र तुफानी और जितेन्द्र की माता सरोजा व उसकी बहन अंजू उक्त लोग साजिश करके हम प्रार्थिनी के पुत्री को मुम्बई लेकर भाग गया था। हम प्रार्थिनी के परिवार के लोग पूरा कोशिश कर रहे थे लेकिन पता नहीं चल पाया था। मेरी लड़की को ऐसा जगह रखा था कि किसी को भी जानकारी नहीं हुआ और न ही किसी से बात करने देता था। बल्कि अन्य व्यक्तियों को भी बुलाकर शारिरीक शोषण कराना चाहता था। हमारे पुत्री के साथ तीन माह तक शादी का झांसा देकर शोषण करता रहा और यदि नहीं मानती थी तो मारता-पीटता था। मेरी पुत्री किसी तरह भागकर घर पर आयी उसके बात आप बीती बताई। वहीं उक्त घटना में मेंहदावल मु अब्बल केवटलिया निवासी सुंदरी व पिन्टू सहयोग कर रहे थे। हमारे पुत्री को सुंदरी 10 दिन से आपने घर में रखकर शोषण करा रही थी। ऐसी स्थिती में उक्त लोगों पर भी उचित कार्रवाई किया जाना आवश्यक एवं जरूरी है। इस मामले में मेंहदावल थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ड्रोन व सीसीटीवी कैमरा से भीड़ व यातायात व्यवस्था की निगरानी का निर्देश

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक ने संदीप कुमार मीना ने जिले के सभी ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से छठ महापर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत ऑनलाइन गोष्ठी की। उन्होंने छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु दिये गये आवश्यक सख्त दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा महिला सुरक्षा हेतु एंटी-रोमियो टीम को सक्रिय रखते हुए सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु आवश्यक सख्त दिशा-निर्देश दिया।

**एसपी ने छठ महापर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत सभी अधिकारी/कर्मचारी गण के साथ की ऑनलाइन गोष्ठी**

एसपी ने ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भीड़ व यातायात व्यवस्था की निगरानी हेतु निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख घाटों, सरोवरों, नदी तटों एवं पूजा स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, पीएसी और होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई है। भीड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी जा रही है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी भी लगाई गई है। साथ ही घाटों पर गोताखोरों की तैनाती की गई है और एनडीआरएफ/एसडीआरएफ टीम को अलर्ट पर रखा गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षगण, चौकी प्रभारीगण, डायल 112 प्रभारी, यातायात प्रभारी, गोपनीय सहायक, प्रधान लिपिक, पेशकार पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



ऑनलाइन गोष्ठी में संबंधित को निर्देशित करते एसपी। फोटो : एसएनबी

# पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों पर जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने पांच को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना धनघटा पुलिस ने प्रेमनाथ लोहार पुत्र राज देव निवासी रामपुर छितौनी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। महुली पुलिस ने संतोष पुत्र रणजीत, रणजीत पुत्र कमला निवासीगण भिटहा, प्रभूनाथ पुत्र तेरसू निवासी लहरी सुअरहां थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

- पाक्सो कोर्ट का फैसला
- आरोपी पर लगा 10 हजार का अर्थदण्ड

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अवयस्क किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। आरोपी इम्तियाज पर वादी के 15 वर्षीय अवयस्क पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने आरोपी पर सजा के साथ विभिन्न धाराओं में कुल 10 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण दस हजार रुपए की धनराशि पीड़िता को देने का फैसला सुनाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने पीड़िता को नालसा प्रतिकर स्कीम के अंतर्गत दस हजार रुपए का प्रतिकर देने का भी फैसला दिया।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट अभिमन्यु पाल, सत्येन्द्र शुक्ल, अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। उसका कथन था कि उसकी 15 वर्षीय अवयस्क पुत्री को 3 जुलाई 2017 को समय लगभग साढ़े चार बजे शाम को गांव की तपसुन व तरिफुन पुत्रीगण हबीब बहला-फुसलाकर अपने घर ले गईं। घर से सामान खरीदने के बहाने शनिचरा बाजार ले गईं। पुत्री को ले जाते समय गांव के तमाम लोगों ने देखा था। परन्तु वह घर वापस नहीं आई। घर में पत्नी के बक्से का ताला टूटा हुआ मिला। बक्से में रखा 20 हजार रुपये नकद व एक लाख 80 हजार के जेवर गायब थे। बाद में ज्ञात हुआ कि उसकी पुत्री को दोनों लड़कियों ने बहलाकर अपने बड़े भाई इम्तियाज पुत्र हबीब संग भगा दिया।

आशंका है कि रुपया व जेवर हड़प कर उसे बेच देंगे या जान से मार देंगे। पुलिस ने पहले अपहरण का अभियोग पंजीकृत किया। विवेचना के उपरांत दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोत्तरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। विशेष लोक अभियोजक अभिमन्यु पाल ने बताया कि अभियोजन की तरफ से 7 साक्षी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। बहस सुनने के बाद एडीजे व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने आरोपी इम्तियाज को दोषी करार दिया।

# 53 शोहदों पर हुई शांतिभंग की कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** एसपी संदीप कुमार मीना के निर्देश पर जनपदीय पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एंटी रोमियो अभियान में 115 स्थानों पर 2420 व्यक्तियों को चेक किया गया। अश्लील हरकत करने पर दो शोहदो पर धारा 296 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। 139 शोहदों से माफीनामा भरवाकर हिदायत देते हुए छोड़ा गया। 53 शोहदों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई। जबकि 1459 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया।

# 245 वाहनों का किया गया चालान

संतकबीरनगर। एसपी के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने वाहनों चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 245 वाहनों का चालान किया। इसके साथ ही 2,45,500 रुपये जुर्माना वसूल किया।

# बाइक चालक पर दुर्घटना का केस दर्ज

**संतकबीरनगर**। दो माह पूर्व हुए हादसे के मामले में कोतवाली पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज किया है।

बखिरा क्षेत्र के रक्शाकोल गांव के रहने वाले पीड़ित सुनील कुमार का आरोप है कि उसके पिता सदानंद पुत्र त्रिलोक को साइकिल से 20 अगस्त को चकदही से घर आते समय चकदही देसी शराब के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। हादसे में उसके पिता को काफी चोट आईं तथा ब्रेन की नस फट गई। उनकी हसुली टूट गई। उसके पिता को गोरखपुर में एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। आरोप है कि घायल ने पिता को तत्काल सीएचसी खलीलाबाद में भर्ती कराया फिर अपने घर चला गया।

सूचना मिलते ही वह सीएचसी पहुंचे, तब वहां से गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज में लगभग 6 लाख 20 हजार खर्च हुआ है, लेकिन विपक्षी ने आज तक कोई किसी प्रकार की कोई बातचीत नहीं किया। विपक्षी गंगेश राय निवासी ग्राम एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद के खिलाफ तहरीर दिया है। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि बाइक चालक गंगेश राय के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# स्टंटबाजी में वाहनों पर हुई कार्रवाई

**संतकबीरनगर**। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में 86 स्थानों पर 3107 वाहनों को चेक किया गया।

स्टंटबाजी करने एवं यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले 195 दो पहिया वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। 10 चार पहिया वाहनों से काली फिल्म, 07 चार पहिया वाहनों से हूटर उतरवाया गया। 11 चार पहिया वाहनों पर गलत तरीके से लगे नंबर प्लेट पर, 22 चार पहिया वाहनों पर शासकीय तथा जाति सूचक शब्द लगे होने पर कार्यवाही की गई। 1643 वाहन स्वामियों को चेतावनी दी गई। जबकि एक वाहन सीज किया गया।

दुधारा क्षेत्र से एक बाइक और खलीलाबाद से दो की थी चोरी

# चोरी की तीन बाइक संग 3 शातिर चोर गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- चोरी की तीनों बाइकों को बेचने के लिए ले जा रहे थे नेपाल
- खलीलाबाद के रहने वाले तीनों आरोपी एक ही कॉलेज के हैं छात्र

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। दुधारा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सोमवार को पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले रोड़ से बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास पुलिस ने चोरी की तीन बाइकें बरामद की। पूछताछ में पता चला कि तीनों आरोपी चोरी की बाइकों को बेचने के लिए नेपाल ले जा रहे थे।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि दुधारा एसओ अरविंद शर्मा और एसओजी प्रभारी अजय सिंह की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर 03 शातिर चोरों को पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले रोड से 200 मीटर आगे बागीचे के पास से चोरी की तीन बाइकों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए युवकों की पहचान प्रीतम मौर्या निवासी अचकवापुर टीचर कॉलोनी, हरिओम चौरसिया निवासी मड़या चौराहा मिश्रौलिया और नंदू वर्मा निवासी टीचर कॉलोनी खलीलाबाद के रूप में हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे तीनों लोग गरीब परिवार से और बेरोजगार है। गैंग बनाकर आसानी से चोरी करने के बारे में सुना था। इसलिए उन तीनों ने अपना गैंग बनाया और बाइक चोरी करते है।



बाइकों के साथ गिरफ्तार चोरों के बारे में जानकारी देते एएसपी सुशील कुमार सिंह।

## एक ही स्कूल में पढ़ते थे तीनों आरोपी

दुधारा एसओ अरविंद शर्मा के मुताबिक पकड़े गए आरोपी प्रीतम और हरिओम की उम्र 19 वर्ष है। जबकि आरोपी नंदू वर्मा की उम्र 18 वर्ष है। आरोपी प्रीतम और नंदू जूनियर हाईस्कूल से ही साथ-साथ पढ रहे है। तीनों खलीलाबाद क्षेत्र के एक कॉलेज पढाई करते हैं और शौक को पूरा करने के लिए बाइक चोरी की घटनाएं कारित करते हैं। पकड़े गए तीनों आरोपियों ने अहम जानकारी दी है।

चोरी की बाइकों को बेचकर इससे प्राप्त धन को आपस में बांटकर अपना खर्च चलाते हैं। इन तीनों बाइकों को वे तीनों लोग नेपाल बार्डर पर बेचने के लिए ले जा रहे थे। वहां अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अच्छा पैसा देकर बाइकें खरीद ली जाती हैं। चोरी की इन बाइकों को आज मौका पाकर इसे बेचने के लिए ले जा रहे थे और पकड़ लिए गए। यह तीनों बाइकें चोरी की है। तीनों बाइकों के आगे-पीछे कहीं नंबर प्लेट नहीं लगा था। पूछने पर बताए कि स्पेलंडर बाइक 23 अक्तूबर को सालेहपुर चौराहे से चोरी किए थे। काले रंग की हीरो स्पेलन्डर 24 अक्तूबर को मोहद्दीपुर खलीलाबाद से चोरी की थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों ने मिलकर कुछ दिन पूर्व खलीलाबाद से काले रंग की एचएफ डीलक्स चुराया था।

# कब्जे को लेकर हुई मारपीट, 3 घायल

**मेंहदावल।** मेंहदावल कस्बे के पश्चिम टोला मोहल्ले में गली पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पश्चिम टोला निवासी कृष्ण कुमार उर्फ बबलू यादव पुत्र स्व. जयराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनके घर के पास स्थित घूर (कूड़ा डालने की जगह) पर वह और रिंकू यादव पुत्र स्व.रामलखन यादव अपने कूड़ा व गोबर आदि वर्षों से डालते आ रहे हैं। इसी घूर के बगल में उनकी गली है। आरोप है कि दिनांक 16 अक्तूबर 2025 की सुबह करीब 8 बजे विपक्षी पक्ष के लालमन उर्फ गोरई पुत्र रघुनाथ, उनके पुत्र आकाश, विकास, विशाल, तथा गुड्डू यादव पुत्र अवधू, सभी निवासी पश्चिम टोला, एक राय होकर लाठी-डंडों से लैस होकर गली पर कब्जा करने लगे।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के शिवरही मोहल्ले में रविवार की रात आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि भंडारे से लौट रहे युवक पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की राड से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए दो अन्य लोग भी पिटाई का शिकार हो गए।

पुलिस को दी गई तहरीर में शिवरही निवासी अनारकली पत्नी मिठाई ने लिखा है कि वह अपने बेटे अजय के साथ भंडारे से लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रामनयन, अर्जुन, बंकी और अजय समेत कुछ अन्य लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर अजय पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों

## शिवरही मोहल्ले में भंडारे से लौटते समय हुआ विवाद

और लोहे की राड से पीटकर अजय को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। शोर मचाने पर दूसरे बेटे विजय के साथ शिवराज मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपितों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस घटना में तीनों युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर नामजद आरोपितों के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रवींद्र की ट्रेन से गिर कर हुई थी मौत

संतकबीरनगर। खलीलाबाद-मगहर रेलवे स्टेशन के बीच नेहिया क्रासिंग के पास ट्रैक पर मिले शव की पहचान बिहार के अररिया जिले के जौकीहाट थाना क्षेत्र के मालचरी निवासी 32 वर्षीय रविंद्र कुमार गोसाई के रूप में हुई। पीड़ित पिता ने पोस्टमार्टम हाऊस पहुंच कर शव के शिनाख्त की पुष्टि की। युवक के पॉकेट से आधार कार्ड मिला था और उसके दोस्त भी बाद में पहुंच गए थे।

# शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों पर अपहरणं, शारीरिक शोषण करने, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया हैं।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता की मां ने लिखा है कि उसकी बेटी को गांव निवासी जितेन्द्र, उसकी मां सरोजा और बहन अंजू साजिशन बहला-फुसलाकर मुंबई ले गए थे। वहां उसे एक अज्ञात स्थान पर रखा गया, जहां किसी से संपर्क करने की अनुमति नहीं दी जाती थी। तहरीर में आरोप है कि जितेन्द्र ने युवती को शादी का झांसा देकर करीब तीन माह तक शारीरिक शोषण किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी किया। किसी तरह वहां से वह भागकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी आपबीती बताई। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है। उसने यह भी आरोप लगाया है कि अव्वल केवटलिया मोहल्ला निवासी सुन्दरी पत्नी पिंटू ने भी इस प्रकरण में सहयोग किया और पीड़िता को अपने घर में करीब दस दिन तक रखकर उसका शोषण करवाया।

# छठ घाट पर नहा रहा बालक डूबा, इलाज के दौरान मौत

**कोहराम**

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के राप्ती नदी स्थित डुमरिया बाबू में बनाए गए छठ घाट पर सोमवार को छठ पूजा के दौरान नहाने गया एक किशोर डूब गया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अंशू (12) पुत्र उधम यादव निवासी डुमरिया बाबू शाम करीब चार बजे छठ घाट पर गया था। घाट पर कुछ लोगों को स्नान करता देख वह भी नहाने के लिए नदी में उतर गया। इसी दौरान गहरे पानी में जाने के कारण वह डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और तत्काल मेंहदावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अंशू के घर में कोहराम मच गया। परिवार के पर्व खुशियां मातम में बदल गई। वह दो भाईयों में बड़ा था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना चोरघटवा के पास हुई है जो कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र में आता है। यह घाट मेंहदावल पुलिस के रिकार्ड में नहीं है। लेकिन मेंहदावल पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



अंशू (फाइल फोटो)।

- **मेंहदावल थाना क्षेत्र के राप्ती नदी के किनारे स्थित डुमरिया बाबू की घटना**

# युवक की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक पर केस

**संतकबीरनगर।** हाईवे पर मंझरिया पशु बाजार के पास हादसे में बाइक सवार युवक की हुई मौत मामले में सोमवार को पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज किया।

पीड़ित रमेश चंद्र चौरसिया पुत्र भग्गल निवासी मोहनबरा ( बयारा ) का आरोप है कि रविवार की शाम साढ़े चार बजे शाम उसका 21 वर्षीय पुत्र राम अवतार चौरसिया अपने निजी कार्य से खलीलाबाद गया था। बेटा अपनी बाइक से अपने साइड से घर वापस आ रहा था। मंझरिया पशु बाजार के पास ट्रैक्टर से मालिक आजम धौरहरा निवासी स्वयं तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक उल्टा साइड से आ कर ठोकर मार दिया।

# दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल, रेफर

**नाथनगर।** विश्वनाथपुर-हरिहरपुर मार्ग पर डुमरी स्थित एक विद्यालय के समीप सोमवार शाम लगभग छह बजे दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक व्यवसाई समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नाथनगर से जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिजन हालत नाजुक होने की बात बता रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के खलीलाबाद निवासी अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व्यवसायी है। सोमवार को क्षेत्र में तगादा वसूली के लिए बाइक से हरिहरपुर जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही महुली क्षेत्र के डुमरी विद्यालय के समीप पहुंचे।इसी दौरान बाइक से हरिहरपुर होते हुए विश्वनाथपुर जा रहे दीनानाथ पुत्र स्व. देवकीनंदन की बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई।

# डूबते सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य, की मंगलकामना

**आस्था**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। आस्था का महापर्व छठ सोमवार को श्रद्धा और विश्वास के साथ जिले में मनाया गया। गांव से लेकर शहर तक छठ पर्व धूमधाम से पर्व मना। महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और घर परिवार की कुशलता व सुख समृद्धि के लिए छठ मैया से आशीर्वाद मांगा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के सभी घाटों पर भारी भीड़ रही। शहर के पक्का पोखरा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। वहां पर पुलिस फोर्स और मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे।

छठ महापर्व के तीसरे दिन सोमवार को घरों में दिन भर पूजा की तैयारियां होती रहीं। घर में पूजा कक्ष में जहां छठ माता का आवाहन कर दीप जलाया था वहीं डाला रखकर पूजा की एक-एक सामग्री सहेज कर रखी गई। तैयारियां होने के बाद व्रती श्रद्धालु के परिजनों ने छठ मैया के जयकारे के साथ डाला उठाया। 36 घंटे का निराजल व्रत का संकल्प लिए महिलाएं तीन बजे के बाद से ही घाटों की ओर बढ़ने लगीं। महिलाओं के साथ परिवार के दूसरे सदस्य भी पूजन सामग्रियों को घाटों की ओर पहुंचा रहे थे। बच्चे और बड़े भी आस्था के इस महापर्व में व्रती महिलाओं के साथ कदम से कदम मिलाते रहे। कुछ महिलाएं छठ मैया की मंगल गीतों को गाते हुए घाट की तरफ चलती रहीं। घाटों पर पहुंचे परिजनों ने अपनी वेदी पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया। [illegible] सामग्री रखकर फर अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए पानी में खड़ी हो गईं। सूर्यास्त के समय सूप में रखी सामग्री [illegible] के साथ सूर्य देव को अर्पित किया।



गोलाबाजार में नगर पालिका के पोखरे पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।



पक्का पोखरा पर अपनी वेदी पर पूजन सामग्री रख पूजन करती महिलाएं।



लोहरैया में डाला लेकर जाते श्रद्धालु।

- जिले के 170 घाटों पर हुआ आयोजन, मुस्तैद रहे मजिस्ट्रेट और फोर्स
- घाटों पर पहुंच व्रतियों ने अपनी वेदी पर कलश स्थापित कर की पूजा

## पक्का पोखरा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

शहर में छठ पूजा का मुख्य केन्द्र खलीलाबाद का पक्का पोखरा रहा। सर्वाधिक भीड़ यहां पर दिखी। तीन बजे के बाद लोगों की भीड़ पोखरे की तरफ बढ़ गई। लगा कि पूरा शहर यहीं चला आ रहा है। शाम होने के साथ समय माता मन्दिर से लेकर पक्का पोखरा तक जाम की स्थिति रही। वाहनों को भी पहले ही रोक दिया गया था।'

## तीन बजे से ही शहर में लग गया जाम

छठ व्रती महिलाएं और उनके परिवार के सदस्य तीन बजे से ही घाट के लिए निकले तो शहर में जाम की स्थिति बन गई। बड़े वाहनों का प्रवेश पहले ही रोक दिया गया था। लेकिन बाइक और कार वालों को भी जूझना पड़ा। एचआरपीजी कॉलेज से लेकर बरदहिया तक लोगों को जाम से जूझना पड़ा। शाम करीब सात बजे के बाद शहर खाली हुआ।

## व्रती महिलाओं ने पूरी निष्ठा व आस्था से डूबते हुए सूर्य की आराधना की

बखिरा। छठ पर्व के दौरान सोमवार की शाम क्षेत्र की व्रती महिलाओं ने बाबा भंगेश्वर नाथ स्थित पोखरे पर पहुंच कर पूजा पाठ कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसी के साथ झुंगिया में झील के किनारे तथा राई लगही स्थित पोखरे पर सैकड़ों की संख्या में पहुंची व्रती महिलाओं ने पूरी निष्ठा व आस्था से डूबते हुए सूर्य की आराधना की। अपने पुत्रों व परिवार के लम्बी उम्र की कामना की। इस दौरान महिलाएं अपने साथ पूजा सामग्री के साथ अनेक प्रकार के फल, गन्ना आदि कई वस्तुओं के साथ पोखरे के घाट पर पहुंचकर पूजा पाठ के बाद वापस घर गईं। व्रती महिलाओं ने बाबा भंगेश्वर नाथ पोखरे के किनारे बने श्री सोवता पर पूजा अर्चना किया। पूजा की पूरी सामग्री चढ़ाने के बाद मां छठ परमेश्वरी की आराधना की। तत्पश्चात डूबते सूर्यदेव को प्रणाम करने के साथ पोखरे में दीपक जलाकर पुनः आराधना किया।



बखिरा के भंगेश्वरनाथ मंदिर पोखरे पर अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देते श्रद्धालु।

**शहर के इन घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़:** शहर के पक्का पोखरे के अलावा [illegible] पोखरा, शुगर मिल के सामने, खिरियानी स्थित समय माता मंदिर पोखरा में मुख्य रूप से बड़े कार्यक्रम का आयोजन किए गए। वहीं घोरखल, गौसपुर, बनियाबारी, मोहम्मदनपुर, सरौली, सरैया, मिश्रौलिया, डीघा के तालाबों में भी छठ पूजा मनाई गई। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस [illegible] भी मुस्तैद दिखे।

# टेंशन फ्री होकर ड्यूटी निभाएंगी महिला पुलिस कर्मी, क्रेच में रहेगें बच्चे

■ शोभित कुमार पांडेय

- पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस में क्रेच की उपलब्ध होगी सुविधा
- पुलिस लाइन में 400 से 500 लोगों के बैठने की क्षमता का बनेगा ऑडिटोरियम

संतकबीरनगर। अपने बच्चों की देखभाल के साथ ड्यूटी निभाने की चिंता करने वाली महिला पुलिस कर्मियों के लिए खुशखबरी वाली खबर है। एसपी संदीप कुमार मीना ने इसके लिए पहल की है। पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस में क्रेच की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें आया की ड्यूटी रहेगी, जो बच्चों की देखभाल करेंगी और उनकी माताएं बेफिक्र होकर अपनी ड्यूटी पूर्ण मनोयोग से निभा सकेंगी। साथ-साथ खेलने-कूदने और मनोरंजन की बेहतर सुविधाएं मुहैया होंगी। इसके लिए एसपी ने प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

> पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस में क्रेच की सुविधा होगी। इसके अलावा आटा चक्की, गैस एजेंसी, ब्यूटी पार्लर, जिम, चिल्ड्रेन पार्क, ऑडिटोरियम के लिए प्रस्ताव शासन को भेजवाया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही शासन की मंजूरी मिल जाएगी। खेलकूद के लिए बास्केटबॉल, वॉलीबाल, लान टेनिस और बैडमिंटन का कोर्ट बनाया जाएगा। यह सारी सुविधाएं हो जाने से पुलिस कर्मियों और उनके परिवार वालों को काफी सहूलियत होगी। -संदीप कुमार मीना, एसपी

आए दिन महिला पुलिस कर्मी गोद में अपने बच्चों को लेकर एसपी के समक्ष पेश होती हैं। महिलाओं की यही पीड़ा होती है कि उनका बच्चा छोटा है। पति भी बाहर नौकरी करते हैं। बच्चों की देखभाल के साथ ड्यूटी करने में दिक्कतें हो रही हैं। बाहर ड्यूटी लगने पर अपनी समस्याएं बताती हैं। ऐसी महिला पुलिस कर्मियों की समस्याएं दूर हों और वे बेफिक्र होकर ड्यूटी करें, इसके लिए एसपी ने पुलिस ऑफिस और पुलिस लाइन में क्रेच अर्थात शिशु गृह बनाने की कार्ययोजना तैयार कराकर शासन को भेजवाया है। क्रेच में छह माह से लेकर छह साल तक के बच्चों की देखभाल प्रशिक्षित कर्मचारी करेंगे। पुलिस लाइन में चिल्ड्रेन पार्क स्थापित किया जाएगा। जिसमें पुलिस कर्मियों के बच्चे खेलकूद कर मनोरंजन कर सकेंगे।

**गैस एजेंसी और आटा चक्की की होगी सुविधा:** पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों के परिवारों को गैस सिलेंडर के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए पुलिस लाइन में गैस एजेंसी खोली जाएगी। जिससे रिक्रूटों और अन्य पुलिस कर्मियों के मेस में भोजन बनाने के लिए गैस सिलिंडर आसानी से उपलब्ध होगा। इसी तरह पुलिस लाइन में आटा चक्की लगाई जाएगी। जिससे पुलिस कर्मियों के परिवार को गेहूं की पिसाई के लिए बाहर न जाना पड़े। इन दोनों सुविधाओं के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

**बनेगा ऑडिटोरियम और खुलेगा जिम:** पुलिस लाइन में 400 से 500 लोगों के बैठने की क्षमता का ऑडिटोरियम बनेगा। जिससे ब्रीफिंग और मीटिंग करने में पुलिस कर्मियों को सहूलियत होगी। इसके साथ ही पुलिस लाइन में जिम खुलेगा। लेडीज और जेंट्स ब्यूटी पार्लर की सुविधा होगी। पार्क का विस्तार होगा। बास्केटबॉल, वॉलीबाल, लान टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट बनाया जाएगा। जिससे लोग इन खेलों का बेहतर अभ्यास कर सकें। साथ ही प्रतियोगिता के दृष्टिकोण से पुलिस कर्मियों और उनके परिवार के लोग फायदेमंद हो। पुलिस लाइन में लाइब्रेरी बन कर तैयार हो चुकी है। जल्द ही लाइब्रेरी की सुविधा मुहैया होगी। पुराने जिम का जीर्णोद्धार हो रहा है। साथ ही गेस्ट हाउस बन चुका है। उसकी बाउंड्रीवाल बनाई जा रही है। यह सारी सुविधाएं पुलिस कर्मियों को मिलेंगी। इसकी मॉनीटरिंग लगातार एसपी के जरिए की जा रही है।

# डीएम, एसपी ने छठ घाट का लिया जायजा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने भक्ति एवं आस्था का पर्व छठ पूजा के अवसर पर कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत पक्का पोखरा घाट सहित छठ व्रतियों के पूजा स्थलों, पोखरों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पोखरा घाट पर छठ के दौरान आने वाले छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की संख्या आदि के बारे में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका से जानकारी प्राप्त की।

डीएम ने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा सुरक्षा पर लगे पुलिस कर्मियों को एलर्ट रहने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाये। अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाये। यह भी निर्देशित किया गया कि आवारा पशु घूमते हुए न दिखायी पड़ें यह सुनिश्चित कर लिया जाये। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी नपा अवधेश भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



सांध्य कालीन अर्घ्य के समय घाटों का दौरा कर जायजा लेते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

# चोरी के आरोप में किशोर को पीटा, दो पर मुकदमा

संवाद सूत्र, बखिरा: थाना क्षेत्र के समदहा गांव में चोरी का झूठा आरोप लगाकर एक 12 वर्षीय किशोर की दो लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। थाने में दी गई तहरीर में समदहा निवासी अर्चना देवी ने बताया कि 22 अक्टूबर को उनकी गैरमौजूदगी में नल का हैंडल गायब हो गया। इस पर गांव के विजय कुमार मिश्र और बड्डु ने उनके बेटे 12 वर्षीय आनंद पर झूठा आरोप लगाते हुए अपशब्द कहे और मारपीट की। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चोरी की तीन बाइक के साथ पुलिस के हत्थे चढ़े तीन बदमाश



पुलिसलाइन में बाइक चोरो के बारे में जानकारी देते एएसपी सुशील कुमार • जागरण

- चोरी की तीन बाइक के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार
- नेपाल सीमा पर बेचने जा रहे थे चोरी की बाइक

संवाद सूत्र, दुधारा: थाना पुलिस और एसओजी टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी की तीन बाइक बरामद हुई हैं। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता मिली हैं। सोमवार को दोपहर लगभग 2:30 बजे दुधारा पुलिस और एसओजी टीम ने पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले मार्ग के पास से तीनों अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों की पहचान कोतवाली खलीलाबाद के अचकवापुर टीचर कालोनी निवासी प्रीतम मौर्या व नंदू बर्मा, तथा मड़या चौराहा मिश्रौलिया गांव निवासी हरिओम चौरसिया के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक बरामद कीं।

**नेपाल सीमा पर बाइक बेचने जा रहे थे पकड़े गए चोर** : वाहन चोरों ने बताया कि वे चोरी की बाइक को नेपाल सीमा पर बेचने जा रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि वे सभी गरीब परिवार से हैं और बेरोजगारी के कारण गैंग बनाकर चोरी करने लगे। उन्होंने एक बाइक 23 अक्टूबर को दुधारा के सालेहपुर चौराहे, दूसरी 24 अक्टूबर को खलीलाबाद मोहद्दीपुर और तीसरी बाइक खलीलाबाद क्षेत्र से चोरी करने की बात कबूल की।

**पुलिस टीम में यह रहे शामिल** : थाना प्रभारी अरविंद शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अनिल मिश्र, प्रभारी निरीक्षक एसओजी अजय कुमार सिंह, कां. बीर बहादुर यादव, विवेक कुमार राय, शुभम सिंह, अरुण हलवाई, सर्वेश मिश्र, दीपक सिंह व विवेक शामिल रहे।

# दो माह पूर्व हुए सड़क हादसे में बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो माह पूर्व चकदही गांव के पास हुए सड़क हादसे के मामले में बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बखिरा थाना क्षेत्र के रक्शाकोल गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र सदानंद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 20 अगस्त 2025 को उनके पिता सदानंद चकदही से घर लौट रहे थे।

चकदही स्थित देशी शराब की दुकान के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सदानंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ब्रेन की नस फटने और हंसली टूटने जैसी गंभीर चोटें आईं। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद से गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अब तक करीब छह लाख 20 हजार रुपये इलाज में खर्च हो चुके हैं।

पीड़ित परिजन के अनुसार, दुर्घटना के बाद कोतवाली क्षेत्र के एकमा गांव निवासी आरोपी गंगेश राय फरार हो गया था। कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जेल में भी गूंजे छठ गीत, महिला बंदियों ने रखा लोक आस्था का व्रत

## जिला कारागार परिसर स्थित छोटे पोखरे में दिया अर्घ्य

जासं,संतकबीरनगर: लोक आस्था के महापर्व छठ का उत्साह जिला जेल संतकबीरनगर में भी देखने को मिला। जेल में सजा काट रही महिला कैदियों ने पूरे श्रद्धा व भक्ति भाव से छठ व्रत रखा। सोमवार को शाम के समय जिला कारागार परिसर स्थित पोखरे में सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। जेल प्रशासन की ओर से छठ व्रत रखने वाली महिला कैदियों के पूजा के लिए प्रसाद, फल, पूजा सहित सभी सामग्री उपलब्ध करायी थी। साफ-सफाई के साथ ही गीतों के साथ आराधना की। परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



जिला कारागार परिसर स्थित छोटे पोखरे के पास अर्घ्य देती महिला कैदी● जागरण

दुधारा थाना क्षेत्र के पचपोखरी गांव निवासी सुधा पत्नी कृष्णचंद्र करीब छह माह से जिला कारागार में सजा काट रही हैं। दहेज हत्या के मामले कोर्ट ने उसे सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इस महिला कैदी ने नहाय-खाय से छठ पर्व की शुरूआत की। उसके सहयोग में जिला कारागार की 14 अन्य महिला कैदी भी लगी रहीं। सोमवार को शाम के समय सुधा संग ये महिला कैदी बैरक से बाहर निकली। जिला कारागार परिसर स्थित पोखरे में पहुंचकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। जेलर कुलदीप सिंह ने बताया कि महिला कैदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए छठ पर्व को शांतिपूर्वक और गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान महिला प्रहरी लगातार मौजूद रहीं। उनके लिए पूजा सामग्री सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी। जेल परिसर में छठ के अवसर पर भक्ति और लोक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# घाटों की सुरक्षा को लेकर सक्रिय रहीं पुलिस टीमें

जासं, संतकबीर नगर: खलीलाबाद शहर में समय माता मंदिर के निकट पक्का पोखरा के आसपास सोमवार को पुलिस बल लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेती रही।

वहीं नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के ईओ अवधेश प्रसाद, लिपिक गोरख यादव सहित अन्य कर्मी कैंप कर रहे थे। यहां पर एसडीआरएफ की टीम मुस्तैद रही। महिलाएं आकर्षक वेदी पर तिलक लगा रही थीं। पूजा सामग्री रखीं हुई थी। उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इसी शहर के एचआरपीजी कालेज स्थित पोखरा में बनाई गई वेदियों पर महिलाएं तिलक लगा रही थी। इसके बगल में छठ मइया की मूर्ति स्थापित थी।

व्रती महिलाएं पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त की। इसके अलावा प्रसाद वितरण स्टाल, पूजा सामग्री की दुकानें लगी रही। इन दोनों छठ घाटों पर अर्घ्य देने के पूर्व काफी हलचल रही।



खलीलाबाद शहर के पक्का पोखरा के पास भ्रमण कर जायजा लेते पुलिस बल • जागरण

### छठ घाटों पर पुलिस कर्मियों के अलावा फायर ब्रिगेड लगी रही, पीएसी के जवान भी रहे मुस्तैद

# छठ महापर्व : आठ थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: छठ महापर्व के अवसर पर प्रशासन और पुलिस विभाग ने जनपद के आठ थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सोमवार को छठ घाटों और उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। फायर ब्रिगेड भी तैनात रही और पीएसी के जवानों ने भी अपनी ड्यूटी निभाई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई। एसडीएम, सीओ, एसओ और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। इस पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को भी यही व्यवस्था जारी रहेगी।

सोमवार को महापर्व छठ के दौरान कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र में एक फायर ब्रिगेड, कोतवाली प्रभारी के साथ एक निरीक्षक, चार उप निरीक्षक, 12 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, छह महिला आरक्षी के अलावा डेढ़ सेक्शन पीएसी तैनात रही। दुधारा थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड-शून्य, पीएसी-शून्य, एक निरीक्षक, दो उप निरीक्षक, पांच मुख्य आरक्षी और आरक्षी, दो महिला आरक्षी की ड्यूटी लगी रही। धनघटा थाना क्षेत्र में एक फायर ब्रिगेड, पीएसी-शून्य, महिला आरक्षी-शून्य, एक निरीक्षक, पांच उप निरीक्षक, आठ मुख्य आरक्षी और आरक्षी की ड्यूटी लगी रही। महुली थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड-शून्य, पीएसी-शून्य, तीन उप निरीक्षक, सात मुख्य आरक्षी और आरक्षी की ड्यूटी लगी रही। मेंहदावल थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड-एक, पीएसी-शून्य, एक निरीक्षक, तीन उप निरीक्षक, 10 मुख्य आरक्षी और आरक्षी की ड्यूटी लगी रही। बखिरा थाना क्षेत्र में डेढ़ सेक्शन पीएसी, फायर ब्रिगेड-शून्य, एक निरीक्षक, चार उप निरीक्षक, सात मुख्य आरक्षी और आरक्षी, दो महिला आरक्षी की ड्यूटी लगी रही। बेलहरकला थाना क्षेत्र में तीन उप निरीक्षक, सात मुख्य आरक्षी और आरक्षी की ड्यूटी लगी रही। धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में भी तीन उप निरीक्षक, सात मुख्य आरक्षी और आरक्षी की ड्यूटी लगी रही। इस प्रकार कुल तीन फायर ब्रिगेड, एक प्लाटून पीएसी, पांच निरीक्षक, 27 उप निरीक्षक, 63 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, 10 महिला आरक्षी की ड्यूटी लगी रही।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। एसडीएम, सीओ, एसओ और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। इस पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक और पुलिस विभाग सतर्क रहा।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। व्रती महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया गया है।



सुशील कुमार सिंह, एएसपी।

**भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगे रहे यातायात पुलिस कर्मी, यह स्थिति देर शाम तक रही एसडीएम, सीओ, एसओ, चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के छठ घाटों का निरंतर लेते रहे जायजा**

**जनपद में कहां-कितने प्रमुख पूजा घाट व जलाशय**

| थाना | | : प्रमुख पूजा घाट जलाशयों की संख्या |
|---|---|---|
| खलीलाबाद | : | 45 |
| दुधारा | : | 10 |
| धनघटा | : | 29 |
| महुली | : | 10 |
| मेंहदावल | : | 24 |
| बखिरा | : | 12 |
| बेलहरकला | : | 19 |
| धर्मसिंहवा | : | 11 |
| योग | : | 160 |

# सूर्य उपासना के रंग में रंगी संतकबीर की धरती

## अस्ताचलगामी **सूर्य को अर्घ्य** देने के लिए घंटों पानी में खड़ी रहीं व्रती महिलाएं




मेंहदावल के कुबेरस्थान मंदिर पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं • जागरण

जागरण टीम, संतकबीर नगरः गंगा-जमुनी तहजीब के लिए विख्यात संतकबीर की धरा पर सोमवार को शाम के समय छठ पर्व का अलौकिक नजारा देखने को मिला। सूर्य उपासना के इस पर्व को देखने के लिए हर किसी की नजर नदी और तालाब किनारे घाटों पर गड़ी रही। पानी में अर्घ्य लेकर भगवान भाष्कर की पूजा करने के लिए खड़ी महिलाएं और घाटों पर गूंजते छठी मइया की महिमा से जुड़े गीत सुन हर किसी के मन में भक्तिभाव की तरंगे दौड़ने लगीं। वैसे तो इस पर्व को लेकर शहर से गांव तक उत्साह का माहौल है लेकिन मगहर स्थित संतकबीर की परिनिर्वाण स्थल आमी नदी के किनारे की अनुपम छटा देखने लायक रही।

लोकआस्था का महापर्व छठ पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ तालाबों, नदियों और पोखरों के किनारे उमड़ पड़ी। इस दौरान छठ मईया के जयकारों से शहर से लेकर गांव तक गूंज उठा। घाटों को रंग-बिरंगी झालरों, दीपों, फूलों से सजाया गया है। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर टेकुआ, कसार, केले, नारियल और सूप में फल सजाकर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। रविवार को व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरुआत की थी।

सोमवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी। खलीलाबाद शहर में समय माता मंदिर के निकट पक्का पोखरा व एचआरपीजी कालेज की तरफ जाती दिखीं। इनके परिवार के सदस्य पूजा सामग्री रखे दउरा को सिर पर रखकर इनके साथ चल रहे थे। घाट पर महिलाओं ने वेदियों पर तिलक लगाया। दीप, धूप, अगरबत्ती जलाई। विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के सुख-शांति की कामना की। वहीं मेंहदावल के कुबेर नाथ मंदिर का घाट खचाखच श्रद्धालुओं से भरा रहा। वहीं ठाकुरद्वारा, पक्का पोखरा, गंगा सागर पोखरा, सोनबरसा, गगनई, धौरापार, मंझारिया तिवारी में पूजा के लिए बने घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। गाजे-बाजे व छठी माता के पारंपरिक गीतों को गाते श्रद्धालु रवाना हुए।



कोपेश्वरनाथ शिव मंदिर स्थित पोखरे के पास अर्घ्य देने पहुंची व्रती महिलाएं • जागरण

दउरा में नारियल, गन्ना, लोटा, लाल सिंदूर, धूप, बड़ा दीपक, चावल, थाली, दूध, गिलास, अदरक, कच्ची हल्दी, केला, सेब, सिंघाड़ा, नाशपाती, मूली, आम के पत्ते, शकरगंदी, सुथनी, मीठा नींबू (टाब), मिठाई, शहद, पान, सुपारी, कैराव, कपूर, कुमकुम और चंदन से भरी टोकरी को रख घाट पर ले जाकर सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिए। पोखरों पर कई लोगों ने स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की। पक्का पोखरा पर एसडीएम संजीव राय अपनी पत्नी, बच्चों के साथ पहुंचकर पूजा अर्चना किए। नगर पंचायत-धर्मसिंहवा व बेलहर के घाटों पर भी काफी भीड़ रही। ईओ बेलहर अमित सिंह, ईओ धर्मसिंहवा आशुतोष ओझा घाट पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। ग्रामीण क्षेत्र में करमैनी, सांड़े खुर्द, सांड़ेकला, बेलहर के सहुआ नाथ मंदिर घाट, मंझरिया पठान घाट, केवटहिया पोखरा, राजघाट बूढ़ी नदी घाट, आमी नदी आदि जगहों पर व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। बखिरा के बाबा भंगेश्वरनाथ शिवमंदिर, बघौली ब्लाक के कोपिया गांव स्थित कोपेश्वरनाथ शिव मंदिर, सेमरियावां ब्लाक के मंगुआ पाण्डेय, चंगेरा-मंगेरा, रजापुर सरैया, बाघनगर, महुली थाना क्षेत्र के पिड़िया घाट, महुली स्थित छठ घाट, हरिहरपुर स्थित राजघाट, धनघटा तहसील क्षेत्र के नकहां, पड़रिया, रोसया बाजार, नकही, मोहम्मदपुर, बिड़हरघाट पर काफी संख्या में व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

मेंहदावल के पक्का पोखरा पर उमड़ी लोगों की भीड़ • जागरण

# गीत, भक्ति और दीपों से रोशन हुआ सरयू नदी का बिड़हर घाट

## ढलते सूर्य को अर्घ्य देने निकले श्रद्धालु **गीतों से गूंज उठीं सड़कें** और गलियां, शंखनाद व ढोलक की थाप से माहौल रहा भक्तिमय

जागरण संवाददाता, धनघटा: लोक आस्था के महापर्व छठ पर सोमवार को शाम जैसे ही सूर्य पश्चिम दिशा में झुकने लगा, पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति की लहर दौड़ पड़ी। महिलाएं, सूप, दउरा और टोकरी में ठेकुआ, फल-फूल, नारियल व दीये सजाए स्वजन संग घाटों की ओर निकल पड़ीं। रास्ते भर छठ मइया के गीत गूंजते रहे "कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए"। धनघटा कस्बे से लेकर आसपास के गांवों तक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाएं पारंपरिक परिधान में सजी-धजी, माथे पर सिंदूर की लकीर खींचे, जलकुंडों और नदियों की ओर बढ़ रही थीं। बच्चे हाथों में टार्च और दीये लिए आगे-आगे चल रहे थे।

कुआनो नदी के मुखलिसपुर, कटार मिश्र, पौंड़िया, महेश्वरपुर, मुड़ाडीहा घाट और सरयू तट के बिड़हर व राम घाट तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने लायक थीं। चारों ओर लोकगीत, शंखनाद और ढोलक की थाप से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल लगातार गश्त कर रहे थे। शाम के रंग में नहाए घाटों पर दीयों की पंक्तियां झिलमिला उठीं, मानो धरती ने स्वयं सूर्यदेव के स्वागत में दीपोत्सव सजा दिया हो।

घाटों पर स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा व व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। तहसील और पुलिस प्रशासन ने विशेष टीमें तैनात कर भीड़ को नियंत्रित किया और शांति व्यवस्था बनाए रखा। छठ पूजा के इस पावन अवसर पर गांवों व कस्बों का हर घर श्रद्धा से सराबोर रहा। लोग सुबह से ही पूजा की तैयारी में जुट गए थे और शाम होते-होते घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।



बखिरा के भगेश्वरनाथ मंदिर में सूर्यदेव को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं • जागरण



बिड़हरघाट स्थित सरयू नदी में खड़े होकर अर्घ्य देती व्रती महिलाएं • जागरण



कैलहर के आमी नदी में खड़े होकर पूजा करती महिलाएं • जागरण



तामेश्वरनाथधाम मंदिर स्थित पोखरे के पास अर्घ्य देने पहुंची व्रती महिलाएं • जागरण

# डीएम व एसपी ने छठ घाटों का लिया जायजा



कबीर चौरा–मगहर स्थित छठ घाट का जायजा लेते डीएम आलोक कुमार( बाएं से दूसरे) व एसपी संदीप कुमार मीना( बाएं) ● जागरण

जासं, संतकबीर नगर: डीएम आलोक कुमार व एसपी संदीप कुमार मीना सोमवार को खलीलाबाद शहर के पक्का पोखरा में पहुंचे। यहां पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि एसडीएम अरुण कुमार व नगरपालिका के ईओ अवधेश भारती को निर्देश दिया कि व्रती महिलाओं व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाएं, इस पर विशेष ध्यान दें। सीसी कैमरे से निगरानी की जाए। ये दोनों अधिकारियों ने कबीर चौरा–मगहर स्थित छठ घाट पर पहुंचे। यहां पर उपलब्ध जरुरी सुविधाओं, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

# सड़कों पर स्टंटबाजी कर रहे 223 बाइक चालक धराए

जासं, संतकबीर नगर: जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति के अंतर्गत रविवार की रात व्यापक जांच अभियान चलाया गया। 91 स्थानों पर 3,063 वाहनों की जांच की गई, जिसमें सड़क पर स्टंटबाजी करते हुए 223 बाइक चालकों को पकड़ा गया। इनके खिलाफ यातायात में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में कार्रवाई की गई।

इसके अतिरिक्त, 23 चार पहिया वाहनों से काली फिल्म हटाई गई, जबकि सात चार पहिया वाहनों से हूटर उतारे गए। 13 चार पहिया वाहनों पर गलत तरीके से नंबर प्लेट पाए जाने पर भी कार्रवाई की गई। शासकीय और जातिसूचक शब्द लगे 21 चार पहिया वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। नियमों की अनदेखी करने पर 1,437 वाहन स्वामियों को चेतावनी दी गई।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और आम जनमानस में यातायात नियमों तथा जीवन की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# बिहार के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

- साथियों के साथ जम्मू रोजगार की तलाश में जा रहा था रविन्द्र
- गेट पर बैठा था युवक, खलीलाबाद के पास नीचे गिरा

जासं, संतकबीर नगर: शहर के त्रिपाठी मार्केट के पास रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में आम्रपाली ट्रेन से गिरकर बिहार के युवक की मौत हो गई। वह अपने गांव के आठ साथियों के साथ जम्मू रोजगार के सिलसिले में जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक रविन्द्र कुमार गोसाई की फाइल फोटो। जागरण

जानकारी के अनुसार, बिहार के अररिया जनपद के जौकीहाट थाना क्षेत्र के मालचरी गांव निवासी 35 वर्षीय रविन्द्र कुमार गोसाई . पुत्र लखनलाल गोसाई अपने गांव के साथियों सुदामा, जितेंद्र, प्रकाश, संजीत, शनिचरा, सुबोध, गुरुचरण और पंकज गोसाई के साथ रविवार को आम्रपाली ट्रेन से जम्मू जा रहा था। शाम करीब चार बजे जब ट्रेन खलीलाबाद रेलवे स्टेशन से कुछ पहले त्रिपाठी मार्केट स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची, तभी रविन्द्र कुमार ट्रेन के गेट पर बैठा हुआ था। अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिर गया। राहगीरों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया।



पोस्टमार्टम हाऊस पर मौजूद मृतक रविन्द्र कुमार गोसाई • जागरण

**साथी को खोजते हुए बस्ती से वापस खलीलाबाद पहुंचे:** खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद जब रविन्द्र अपनी सीट पर नहीं लौटा, तो उसके साथी उसे तलाशने लगे। उन्हें लगा कि वह किसी अन्य बोगी में चला गया है। ट्रेन के चलने के बाद उन्होंने •जनरल कोचों में खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। बाद में सभी साथी बस्ती रेलवे स्टेशन पर उतर गए और खलीलाबाद लौटकर तलाश की, तब उन्हें दुर्घटना की जानकारी मिली। बाद में सभी साथी जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# मार्ग दुर्घटना घायल युवक ने दो लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाद सूत्र, बखिरा: थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जगदीशपुर निवासी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि गत 14 अक्टूबर की सुबह करीब 9:30 बजे वे बाइक से भगवानपुर गांव से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के पास स्थित मुर्गी फार्म के सामने पहुंचे, तभी गांव के ही शिवा सिंह ने बाइक को तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर में राजेश्वर प्रताप के दाहिने हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं तथा उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान उनके पड़ोसी शिवप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हाईवे पर रैना पेपर मिल के पास हुआ हादसा

- गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की इलाज के लिए गोरखपुर ले जाते समय हुई मृत्यु
- राम अवतार निजी कार्य से गए थे खलीलाबाद, शाम को लौटते समय हुई घटना

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैना पेपर मिल के निकट रविवार शाम को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की जान चली गई। इस हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उसे गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनबरा (बयारा) गांव के निवासी 21 वर्षीय राम अवतार, पुत्र रमेश चंद्र चौरसिया, रविवार की दोपहर किसी निजी कार्य से खलीलाबाद गए थे। शाम करीब साढ़े चार बजे जब वह मंझरिया पशु बाजार के पास पहुंचे, तभी धौरहरा गांव निवासी आजम तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए विपरीत दिशा से आया और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।



रामअवतार की (फाइल फोटो)।

यह टक्कर इतनी भीषण थी कि राम अवतार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मगहर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने दो घंटे तक इलाज करने के बाद उन्हें गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।



पोस्टमार्टम हाऊस के बाहर रामअवतार के स्वजन • जागरण

### चालक के खिलाफ मुकदमा

कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के पिता रमेश चंद्र चौरसिया की तहरीर पर धौरहरा निवासी ट्रैक्टर चालक आजम के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा के मुद्दे को एक बार फिर से उजागर किया है, जिससे स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल है।

# 85 शोहदों पर मुकदमा 1,437 को दी चेतावनी

- महिला थाना की पुलिस ने 60 शोहदों को दी चेतावनी
- धनघटा थाने में 14 आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर: एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गत रविवार की रात एक विशेष अभियान चलाया। बिना किसी काम के घूम रहे 166 शोहदों से माफीनामा भरवाकर उन्हें छोड़ दिया गया। 85 शोहदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। 1,437 शोहदों को चेतावनी दी गई कि यदि वे दोबारा बिना किसी काम के पाए गए, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली खलीलाबाद में सात शोहदों पर मुकदमा दर्ज किया गया। दुधारा थानाक्षेत्र में 23 शोहदों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि 29 से माफीनामा भरवाया गया। महिला थाना ने 60 शोहदों को चेतावनी दी और 15 से माफीनामा लिया। धनघटा थाना क्षेत्र में 136 शोहदों को चेतावनी देकर छोड़ा गया और 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। महुली थाना क्षेत्र में 25 पर मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि 241 को चेतावनी दी गई।

मेंहदावल थानाक्षेत्र में 13 पर मुकदमा और 172 को चेतावनी दी गई। बखिरा थाना क्षेत्र में 240 को चेतावनी देकर छोड़ा गया और सात पर मुकदमा दर्ज किया गया। बेलहरकला थाना क्षेत्र में 15 पर मुकदमा और 170 को चेतावनी दी गई।

धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में 108 को चेतावनी देकर छोड़ा गया और चार पर मुकदमा दर्ज किया गया। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पारिवारिक समस्याओं से निपटने की दी जानकारी

संतकबीरनगर। शासन द्वारा चलाए जा रहे महिला मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान में बच्चियों और महिलाओं के विरुद्ध छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न जैसे अप्रिय घटनाओं की रोकथाम के लिए एंटी रोमियो टीम महिला थानाध्यक्ष पूनम मौर्या के नेतृत्व में मोती चौराहा स्थित ओपन जिम पोखरा, गोला बाजार में जाकर महिलाओं की बच्चियों को मिशन शक्ति के बारे में व आत्मरक्षा के बारे में जानकारी दी।

जिसमें महिलाओं को घरेलू हिंसा, घरेलू लैंगिक अपराध, पारिवारिक समस्याओं के चलते होने वाली आत्महत्याओं तथा विवादों का निषेध, कार्य स्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति पैदा होने पर तत्काल सरकार द्वारा जनहित में जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076 व 1098, 108,102, 1930 साइबर हेल्प लाइन के बारे में जानकारी मिल सकी। संवाद

## मारपीट के आरोप में चार लोगों पर केस

**मेंहदावल।** थाना क्षेत्र के शिवरही गांव में भंडारे से लौट रहे एक युवक पर जानलेवा हमला करने और बचाव में आए लोगों को पीटने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसओ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता अनारकली निवासी शिवरही ने बताया कि वह अपने पुत्र अजय के साथ रविवार को भंडारे से लौट रही थी। रास्ते में पहले से घात लगाए गांव के ही रामनयन, अर्जुन, बंकी व अजय सहित कुछ अन्य लोग लाठी-डंडे से पुत्र की पिटाई करने लगे। इससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। उसके शोर मचाने पर विजय और शिवराज बचाव के लिए पहुंचे तो दबंगों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। संवाद

## युवक से मारपीट के आरोप में दो पर केस

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास हुई दुर्घटना के बाद एक युवक के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसओ बखिरा राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित राजेश्वर प्रताप सिंह निवासी जगदीशपुर ने अपने शिकायत में बताया कि 14 अक्तूबर की सुबह 9:30 बजे वह अपने बाइक से भगवानपुर गांव से होकर अपने गांव आ रहे थे। गांव के पास स्थित मुर्गीफार्म के पास गांव के ही शिवा सिंह ने अपनी बाइक से उसे ठोकर मार दिया। इससे उसे काफी चोट आया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसी बीच उक्त युवक के पटीदार शिवप्रकाश सिंह भी वहां पर आ गए और उससे मारपीट कर जानमाल की धमकी देने लगे। संवाद

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**लोटन(सिद्धार्थनगर)** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पटखौली गांव में रविवार रात शालू (25) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। कमरे फंदे के सहारे उसका शव लटका हुआ मिला। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मायके वालों ने दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है जानकारी के अनुसार, सदर थाना क्षेत्र के मोहनगा गांव निवासी शालू (25) की शादी चार वर्ष पहले लोटन कोतवाली क्षेत्र के पटखौली के दुर्गेश लोध के साथ हुई थी। संवाद

## लेन-देन के विवाद में मारपीट, दो घायल

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के छगडिहवा गांव में सोमवार की सुबह नौ बजे के करीब धान कटाई के बकाए रुपये के लेन-देन को लेकर बबलू कश्यप और कंबाइन मशीन के मालिक सुबास गुप्ता में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। लाठी व डंडा चलने लगे। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान राम मूरत यादव और भागीरथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे का आरोप

## तहसील और थाने का चक्कर लगा रहे अगापुर गुलरिहा के लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** क्षेत्र के अगापुर गुलरिहा गांव में जाने वाले सार्वजनिक रास्ते पर गांव निवासी दबंग व्यक्ति जबरन निर्माण कार्य करा कर अवैध रूप से कब्जा कर रहा है। गांव के लोग तहसील से लेकर थाने तक अवैध निर्माण को रोके जाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। एसडीएम के आदेश के बाद भी अवैध निर्माण कार्य रूक नहीं रहा है।

आलोक कुमार, लालबहादुर, सचिन कुमार, प्रभावती, सुनील कुमार, बिक्रम, मानसिंह, योगेन्द्र कुमार, शंभू, मनोरथ प्रसाद आदि का कहना है कि उनके और गांव के अन्य लोगों को आने-जाने के लिए 8 फीट का सार्वजनिक रास्ता वर्षों से चला आ रहा है। उस रास्ते पर गांव निवासी एक दबंग किस्म का व्यक्ति जबरन निर्माण कार्य करा कराकर रास्ते को अवरूद्ध कर रहा है। इसके पहले वर्ष 2023 में भी उसके जरिए रास्ते को रोकने का कोशिश किया गया तो पुलिस ने आकर उसके कार्य को रोक दिया।

पुलिस चौकी बिड़हर घाट पर 24 सितंबर 2023 को दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हुआ। जिसमें तय हुआ कि 8 फीट का रास्ता छोड़कर निर्माण कार्य कराया जाएगा। लेकिन वह व्यक्ति उसे समझौते को नहीं माना अब फिर उस रास्ते पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। गांव वालों का कहना है कि अगले महीने गांव के तमाम लोगों की बहन बेटियों की शादी है। रास्ता यदि अवरुद्ध हो गया तो शादी समारोह प्रभावित होगी।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम को प्रार्थना पत्र किया गया था उनके आदेश पर लेखपाल भी मौके पर गए और निर्माण कार्य रोकने के लिए कह कर चले आए लेकिन निर्माण कार्य रोका नहीं जा रहा है। इन संबंध में एसडीएम डॉ. सुनील कुमार का कहना है कि सार्वजनिक रास्ते को अवरूद्ध होने नहीं दिया जाएगा। लेखपाल की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



तामेश्वरनाथ स्थित पोखरे पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देतीं महिलाएं। संवाद



सूप में प्रसाद रखकर पूजा करतीं महिलाएं। संवाद



भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पुरानी तहसील स्थित पक्का पोखरे में खड़ी महिलाएं। संवाद

# घाटों पर आस्था का सैलाब...अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

## दोपहर तीन बजे से घाटों पर पहुंचने लगे श्रद्धालु, व्रती महिलाओं ने की पुत्रों की दीर्घायु के साथ सुख-समृद्धि की कामना, डाला लेकर नाचते-गाते घाटों पर पहुंचे श्रद्धालु

संवाद न्यूज एजेंसी



पक्का पोखरा पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देती महिला। संवाद







### अंतिम समय तक होती रही सामान की खरीदारी





पक्का पोखरे पर छठ माता की पूजा करते श्रद्धालु। संवाद



### आमी नदी में खड़े हो की भगवान भास्कर की आराधना





सुगर मिल घाट पर पूजन करतीं महिलाएं। संवाद

# छठ पर्व सकुशल संपन्न कराने के लिए एसपी ने मातहतों को दिए निर्देश

**संतकबीरनगर।** एसपी संदीप कुमार मीना ने सोमवार को जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं अन्य के साथ आनलाइन बैठक करके छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि छठ घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। स्थानीय पुलिस, फायर सर्विस और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी छठ घाट पर मौजूद रहेंगी। छठ घाट व संबंधित रास्तों पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था हो। आतिशबाजी मानक के अनुरूप व छठ घाट से उचित दूरी पर होगी। एसपी ने सभी एसओ को निर्देश दिया कि अवांछनीय एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखें, किसी भी प्रकार की गतिविधि होने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। ० जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। संवाद



# नल का हैंडिल गायब होने के विवाद में मारपीट

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना क्षेत्र के समदहा गांव में नल का हैंडिल गायब होने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज किया है। एसओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता अर्चना देवी निवासी समदहा ने अपने शिकायत में बताया 22 अक्तूबर की सुबह 10:30 बजे उनके गैर मौजूदगी में नल का हैंडिल गायब होने का झूठा आरोप लगाकर उनके लड़के आनंद को गांव के विजय कुमार मिश्र व बड्डू गाली देते हुए काफी मारेपीटे और जानमाल की धमकी दी। मारपीट के घटना में 12 वर्षीय बेटे को काफी चोट आया। संवाद

# दो बाइक की टक्कर में दो लोग घायल, हालत गंभीर

### विश्वनाथपुर-हरिहरपुर मार्ग पर डुमरी स्थित विद्यालय के समीप हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर-हरिहरपुर मार्ग पर डुमरी स्थित एक विद्यालय समीप सोमवार शाम लगभग छह बजे दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक व्यवसायी समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी नाथनगर से जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के खलीलाबाद निवासी अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व्यवसायी है। सोमवार को क्षेत्र में तकादा वसूली के लिए बाइक से हरिहरपुर जा रहे थे।

इसी दौरान जैसे ही महुली क्षेत्र के डुमरी विद्यालय के समीप पहुंचे। इसी दौरान बाइक से हरिहरपुर से विश्वनाथपुर की तरफ जा रहे हरिहरपुर निवासी दीनानाथ पुत्र स्व देवकीनंदन बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई।

दुर्घटना में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। माथे से रक्तस्राव होता देख आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी नाथनगर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं होते देख चिकित्सकों ने घायल अशोक पाण्डेय और दीनानाथ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# चोरी की तीन बाइक के साथ तीन को दबोचा

## पुलिस टीम ने पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले मार्ग से पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसओजी और दुधारा संयुक्त पुलिस टीम ने तीन बाइक चोरों को दबोचने में कामयाबी पाया है। तीनों चोर खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस को उनके पास से तीन चोरी की बाइक बरामद हुआ है। सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में एएसपी सुशील कुमार सिंह ने घटना का अनावरण कर पूरे मामले की जानकारी दी।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविंद शर्मा एवं एसओजी टीम प्रभारी अजय कुमार सिंह के अगुवाई में पुलिस टीम ने 27 अक्तूबर को दिन में लगभग 2:30 बजे के आसपास तीन बाइक चोरों को पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से अलग-अलग स्थानों से चोरी की तीन बाइक को बरामद किया गया। वे चोरी की बाइक को बेचने की फिराक में थे।

### खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले हैं आरोपी

पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान प्रीतम मौर्या निवासी अचकवापुर टीचर कॉलोनी, हरिओम चौरसिया निवासी मड़या चौराहा मिश्रौलिया और नन्दू वर्मा निवासी टीचर कॉलोनी थाना कोतवाली खलीलाबाद के रूप में हुई। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### अलग-अलग स्थानों से चोरी की थी बाइक

एएसपी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों लोग गरीब परिवार से और बेरोजगार हैं। वह लोग गैंग बनाकर आसानी से चोरी करने के बारे में सुने थे। इसके लिए उन तीनों ने अपना गैंग बनाया और मोटरसाइकिल चोरी करते हैं। चोरी की मोटरसाइकिलों को बेचकर इससे प्राप्त धन को आपस में बांटकर अपना खर्च चलाते हैं। एक बाइक 23 अक्तूबर को दुधारा के सालेहपुर चौराहे से चोरी किये थे। वहीं काले रंग की बाइक को 24 अक्तूबर को मोहद्दीपुर खलीलाबाद व एक अन्य बाइक को कुछ दिन पूर्व खलीलाबाद से ही चोरी किए थे। इन तीनों मोटरसाइकिलों को वह तीनों लोग नेपाल बार्डर पर बेचने के लिए ले जा रहे थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष सश्रम कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के दोषी इम्तियाज को दस वर्ष सश्रम कारावास व दस हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है। अर्थ दंड अदा न करने पर दोषी को एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

पीड़िता के पिता ने थाना धनघटा में तहरीर दिया और आरोप लगाया कि 3 जुलाई 2017 दिन सोमवार समय लगभग 4:30 बजे शाम को दो बहनें उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने घर ले गईं तथा वहा से किसी अज्ञात के साथ शनिचरा बाजार सामान खरीदने के बहाने ले गईं और अपने बड़े भाई के साथ भगा दिया। घर में उसके पत्नी के बक्से का ताला टूटा हुआ मिला और उसमें रखा हुआ 20 हजार रुपये नगद व लगभग डेढ़ लाख रुपये का जेवर गायब था। मामले में थाना धनघटा में केस दर्ज हुआ। विवेचक ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत में अभियोजन पक्ष ने वादी मुकदमा सहित सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया तथा अभिलेखीय साक्ष्य भी प्रस्तुत किया।

अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत ने सोमवार को मामले में पक्षों की बहस सुनने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने का दोषी पाए जाने पर थाना धनघटा अंतर्गत ग्राम के दोषी इम्तियाज को 10 वर्ष सश्रम कारावास व दस हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया।

# आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस

## लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के दौरान समय माता मंदिर के पास हुआ था विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर में 22 अक्टूबर को लक्ष्मी मूर्ति के विसर्जन के दिन समय माता मंदिर पर मूर्ति आगे पीछे करने को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस के समझाने पर भी लोग नहीं शांत हुए उल्टे पुलिस से ही उलझ गए। इसके बाद पुलिस ने मामले में चौकी इंचार्ज बरदहिया की तहरीर पर 6 नामजद और 60 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी व वीडियो के माध्यम से अज्ञात आरोपियों की पहचान में जुटी है।

समय माता मंदिर के पास बरदहिया में स्थापित मूर्ति के आयोजक अपनी मूर्ति आगे निकाल लिए। जिसके बाद अन्य आयोजकों ने आपत्ति जताया। जिस पर विरोध जताते हुए मूर्ति को रोककर उसे पीछे ले जाने की मांग पर कुछ लोग अड़ गए। इसके बाद विवाद की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो पुलिस से भी उलझ गए।

कोतवाल पंकज कुमार पांडेय के अनुसार बरदहिया चौकी प्रभारी अनिल कुमार यादव के तहरीर पर पुलिस मामले में 6 नामजद व 60 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। इधर, पुलिस विवादित स्थल पर लगे सीसीटीवी की मदद से घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की पहचान में जुट गई है। पुलिस की तरफ से भी वीडियो बनाया गया है। जिसके आधार पर भी आसपास के लोगों की मदद से अज्ञात की पहचान किया जा रहा है।

### 6 नामजद और 60 अज्ञात पर दर्ज हुआ है केस

**मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए विवाद में छह नामजद व 60 अज्ञात पर केस**

मारपीट के आरोप में चार लोगों पर केस

27 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### इन पर दर्ज हुआ है केस

पुलिस के अनुसार आरोपी संजय कुमार यादव उर्फ शम्भू यादव निवासी मेंहदावल चौराहा, विजय ठाकुर उर्फ बंटी ठाकुर निवासी दुर्गानगर बरदहिया बाजार, राकेश गुप्ता निवासी पुरानी तहसील, दीपक यादव निवासी बरदहिया बाजार, सूरज प्रजापति निवासी बगहिया, रितिक सैनी निवासी अज्ञात थाना कोतवाली खलीलाबाद व अन्य 50-60 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पांच वारंटी समेत सात आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में पांच वारंटी समेत सात आरोपी को पकड़कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस ने वारंटी प्रेमनाथ लोहार निवासी ग्राम रामपुर छितौनी, थाना महुली पुलिस ने वारंटी संतोष व रणजीत निवासी भिटहा, प्रभूनाथ निवासी लहरी सुअरहां और थाना बेलहरकला पुलिस ने वारंटी महेन्द्र चौधरी निवासी लालाजोत को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय प्रस्तुत किया। वहां से उन्हें जेल रवाना कर दिया गया। वहीं महुली पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। वहां से दोनों को जमानत मिल गई।

# बाइक चालक पर हादसे का केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबा पुलिस ने मार्ग दुर्घटना के मामले में पीड़ित की तहरीर मिलने पर बाइक चालक के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज किया है। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित सुनील कुमार निवासी ग्राम रक्शाकोल थाना बखिरा ने अपने शिकायत पत्र में बताया

**20 अगस्त को चकदही में हुई थी दुर्घटना**

कि उनके पिता सदानन्द 20 अगस्त को चकदही से घर आते समय चकदही देशी शराब की दुकान के सामने पीछे से आ रही दो पहिया वाहन चालक गंगेश राय निवासी ग्राम एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद ने अनियंत्रित व तेज रफ्तार से ठोकर मार दिया। जिससे उनके पिता को काफी गंभीर चोट आई। उनको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद में भर्ती कराकर विपक्षी अपने घर चला गया। सूचना मिलते ही वह पहुंचे तब वहां से गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया। उसके बाद पिता का इलाज गोरखपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। संवाद

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

## खलीलाबाद से बयारा लौट रहा था युवक, नेशनल हाईवे स्थित रैना पेपर मिल के पास रविवार की शाम हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

मगहर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बयारा निवासी एक युवक रविवार की शाम लगभग पांच बजे बाइक लेकर खलीलाबाद से बयारा स्थित अपने घर लौट रहा था। हाईवे स्थित पशु बाजार रैना पेपर मिल के पास ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए संयुक्त जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



रामअवतार (फाइल फोटो)

बता दें कि बयारा गांव निवासी राम अवतार (22) पुत्र रमेश चौरसिया रविवार को खलीलाबाद किसी कार्य से आया हुआ था। काम पूरा होने के बाद वह अपने घर बयारा लौट रहा था। नेशनल हाईवे स्थित पशु बाजार रैना पेपर मिल के पास पहुंचा ही था कि वह एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। ट्रैक्टर में पीछे लगे फार में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

सूचना पर परिजन भी पहुंच गए और इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय खलीलाबाद ले गए। वहां डॉक्टरों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। देर शाम मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मगहर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**कमाऊ पुत्र की दुर्घटना में हुई मौत से सदमे में परिजन :** बयारा गांव निवासी मृतक राम अवतार की दुर्घटना में मृत्यु पर गांव में मातम छा गया है। गांव के किसान नेता रणजीत सिंह ने बताया कि मृतक युवक दो भाई व दो बहन थे। एक बहन की शादी हो चुकी है। मृतक युवक व उसका छोटा भाई व छोटी बहन की अभी शादी होनी थी।



बयारा गांव में युवक की मौत के बाद लगी भीड़। संवाद

### ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

कोतवाली पुलिस ने युवक के मौत के बाद ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित रमेश चंद्र चौरसिया निवासी बयारा ने बताया कि उनका बेटा रामअवतार निजी कार्य करके खलीलाबाद से घर आ रहा था। पशु बाजार के पास उल्टा साइड से आकर ट्रैक्टर मालिक स्वयं चालक आजम निवासी धौरहरा ने ठोकर मार दिया। जिससे बेटे की बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसे गंभीर व प्राणघातक चोट आया। उपचार के लिए गोरखपुर ले जाते समय नौसड़ के पास बेटे की मौत हो गई। कोतवाल ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर मालिक व चालक धौरहरा निवासी आजम के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# खलीलाबाद में ट्रेन से गिरकर बिहार के युवक की मौत

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के त्रिपाठी मार्केट के पास रविवार की देर शाम को रेलवे फाटक के पास ट्रेन से गिरने के वजह से एक युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रविंद्र कुमार गोसाई (32) पुत्र लखनलाल गोसाई निवासी ग्राम मालचरी थाना जौकीहार जनपद अररिया बिहार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार वह अपने रिश्ते के चाचा प्रकाश कुमार गोसाई के साथ आम्रपाली ट्रेन में गांव के सात-आठ अन्य लोगों के साथ जम्मू जा रहे थे। ट्रेन के जनरल बोगी स्थित फाटक के पास वह बैठे थे। त्रिपाठी मार्केट स्थित रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन के पहुंचते ही वह नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोट आई।

साथ मौजूद लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक की टीम ने जांच के बाद मृत घोषित करके घटना की सूचना पुलिस दी। संवाद

# डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

संतकबीरनगर। डीएम आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने भक्ति एवं आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करने के लिए कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के पक्का पोखरा घाट सहित छठ व्रतियों के पूजा स्थलों व पोखरों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पोखरा घाट पर छठ के दौरान आने वाले छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की संख्या आदि के बारे में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से जानकारी प्राप्त करते हुए डीएम ने घाट की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि जिन घाटों पर पानी अधिक है वहां पर मजबूत बैरिकेडिंग और नाव, गोताखोर आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो सके। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी छठ घाटों पर आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में एसडीएम व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया। संवाद



**आस्था का सैलाब...**

छठ महापर्व के तीसरे दिन धर्मसिंहवा के अतरीनानकार स्थित पोखरे पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु। इस दौरान व्रती महिलाओं ने परिवार की समृद्धि और संतान की लंबी आयु की कामना की।

>> संबंधित खबर पेज-4 पर

# डायवर्जन : बाईपास से आजाद चौक तक नहीं जाने पाए वाहन

## छठ के चलते शहर में बदले मार्ग से हुआ आवागमन, समय माता मंदिर से पक्का पोखरा तक नहीं जा सके वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर में छठ पर्व पर भीड़ के चलते रूट डायवर्ट रहा। दिन में तीन बजे के बाद से कोई भी वाहन बाईपास से आजाद चौक तक नहीं जाने पाए। रात आठ बजे के बाद भीड़ कम हुई तो वाहनों को जाने दिया गया। वहीं समय माता मंदिर से पक्का पोखरा की तरफ हर तरह के वाहन प्रतिबंधित कर दिए गए। श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात रहे। रूट डायवर्जन से शहर में जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हुई।

छठ पर्व को लेकर व्रतियों व श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी तरह की परेशानी न इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास से दिन में तीन बजे के बाद बड़े वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया। इन वाहनों को डिग्री कॉलेज सरैया बाईपास होते हुए मोती चौराहा से बिधियानी मार्ग से घनघटा की तरफ भेज गया। इसके साथ ही घनघटा से आने वाले वाहनों को विधियानी से मोती चौराहा होते हुए बस्ती और गोरखपुर की तरफ भेजे गया। इससे शहर में जाम की समस्या नही हुई।




समय माता मंदिर चौक पर बैरिकेडिंग लगाकर खड़े पुलिस कर्मी। संवाद

### मोती चौराहा से गोरखपुर और बस्ती की तरफ भेजे गए वाहन रात 8 बजे के बाद मिली राहत

जगह-जगह बैरिकेडिंग करके यातायात पुलिस के साथ कोतवाली पुलिस के कर्मी मुस्तैद रहे। समय माता मंदिर के पास स्थित पक्का पोखरा पर भी देर शाम से ही व्रतियों व श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरु हो गया। इसके वजह से राम जानकी मंदिर व समय माता मंदिर के पास से छोटे व बड़े सभी श्रेणी के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहा।

समय माता मंदिर के पास बैरिकेडिंग पर यातायात पुलिस के साथ ही कोतवाल पंकज कुमार पांडेय भी पुलिस कर्मियों के साथ मुस्तैद रहकर निगरानी करने में जुटे रहे। इसके अलावा सभी प्रमुख चौराहों पर भी आने जाने वाले व्रतियों व श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी तरह की कठिनाई न हो इसके लिए उच्चाधिकारियों के आदेश पर स्थानीय पुलिस के साथ ही यातायात पुलिस के कर्मी भी जमे रहे।

# 245 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूला

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन के चालकों पर कार्रवाई किया। चेकिंग के दौरान संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 245 वाहन के चालकों से 2,54,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः-28-10-2025




## सुझाव और शिकायतें

- महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए घर की ड्योढ़ी लांघकर आवाज उठानी चाहिए।
- अपनों के जुल्म के खिलाफ भी महिलाओं को आवाज उठानी चाहिए, जुल्म नहीं सहना चाहिए।
- ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार से जोड़ने के लिए आजीविका मिशन योजना संचालित हो।
- महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ ही उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है।
- आपराधिक मामलों शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए है, त्वरित सहायता मिले।
- समाज में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। इसको लेकर महिलाओं को सतर्कता बरतनी चाहिए।
- जिला प्रशासन नियमित रूप से महिलाओं को जागरूक कर रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से
- बाहर से ज्यादा महिलाएं घर में अपनों के जुल्म का शिकार होती हैं, ऐसे मामले बाहर नहीं आ पाते हैं।
- घरेलू हिंसा में कभी-कभी महिलाओं को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है।
- समाज के पुरुषवादी सोच के कारण महिलाएं जुल्म का शिकार होती हैं।
- जिला मुख्यालय से काफी दूरी पर स्थित ग्रामीण इलाको में महिलाएं अब भी जागरूक नहीं हो पाई हैं।
- ग्रामीण क्षेत्रों में आपराधिक मामलों के बारे में महिलाओं में जागरूकता की कमी है।
- अपराध पर लगाम लगाने के साथ जागरूकता की भी आवश्यकता है।
- महिलाओं से जुड़े अपराध को लेकर नियमित निगरानी होनी चाहिए जिससे अपराध में कमी आएगी।
- जिले के दूर दराज इलाकों में महिलाओं से जुड़े अपराधों को लेकर जन जागरूकता चलाने की आवश्यकता है।



"गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को जानकारी दी जा रही है। महिला संबंधित अपराधों के लिए थानों में हेल्प डेस्क बनी है।

-विनीत जायसवाल, एस

# अशिक्षा व लोकलाज बन रही जागरूकता में बाधा

महिलाओं की अशिक्षा व लोकलाज उनके जागरुकता में बाधा बन रही है। शिक्षित न होने की वजह से अपना अधिकार नहीं समझ पाती हैं और घर में कैद होकर सारा जुल्म- ज्यादती सहती रहती हैं। लोकलाज के कारण भी वह घर की ड्योढी नहीं लांघती और अंदर ही घुट-घुटकर जिंदगी जीती हैं। उनको निडर बनाने व समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस विभाग की टीम गांव - गांव चौपाल तक लगाती हैं लेकिन लोकलाज के डर से तमाम महिलाएं कार्यक्रम में शिरकत नहीं कर पाती हैं, जिससे वह अपने अधिकारों की जानकारी से वंचित रह जाती हैं।

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों की कड़ी निगरानी से बनेगी बात

गोण्डा। वैसे तो जिले में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने के लिए जिले के राजपत्रित अधिकारी व एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस दौरान टीमें गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित कर रही हैं। कार्यक्रम में टीमें महिलाओं व बालिकाओं को महिला सशक्तीकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दे रही हैं।

मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मी महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ले रही हैं। वहीं आने-जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी ले रही हैं। फीडबैक फार्म भरवाकर हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया जा रहा है, साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया जा रहा है कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है। साथ ही एण्टीरोमियों स्क्वायड टीम महिलाओं व बालिकाओं को शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से बता रही है, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। लेकिन यह प्रशासनिक प्रयास महिलाओं को पूर्ण रुप से सुरक्षित नहीं कर पा रहा। पुरुषवादी सोच के कारण महिलाओं की स्थिति अब भी बदतर बनी हुई है। वह अपनो के ही जुल्म का शिकार हो रही हैं।

**हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने की दी जा रही है सीख :** कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों की टीम महिलाओं व बालिकाओं के मन से झिझक दूर कर उन्हें मजबूत बना रही है। वहीं 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वुमन पावर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन व 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में बारीकी से जानकारी दे रही है। इन नंबरों पर कैसे संपर्क किया जाए और कब किया जाए, इसके बारे में विस्तार से समझाया व बताया जा रहा है।

**साइबर सुरक्षा के भी दिए जा रहे हैं टिप्स :** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं व बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों, जैसे अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना, बैंक संबंधी धोखाधड़ी से बचाव, और सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने के तरीकों की जानकारी भी दी जा रही है। टीमें यह भी बता रही हैं कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करना है बल्कि उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना भी है, ताकि वे हर परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। एण्टीरोमियो स्क्वायड टीमें जिले में चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान भी चला रही हैं। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की जाती है और शोहदों व मनचलों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी हरकत दोहराने पर उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**महिलाओं की बदली तस्वीर, नई पहचान बना रहीं :** समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके प्रति सोच तेजी से बदल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर नई पहचान स्थापित कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। पहले जहां महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, वहीं अब वह स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की ऊषा तिवारी, सबीना बानो, आराधना और प्रियंका जैसे सैकड़ों महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपने हुनर को पहचाना और आज बेहतर आय अर्जित कर रही हैं। किसी ने आचार मुरब्बा, सब्जी, मसाला सिलाई-कढ़ाई को रोजगार बनाया तो कोई खाद्य प्रसंस्करण और हस्तशिल्प से जुड़कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।

प्रस्तुति : प्रदीप तिवारी / सच्चिदानंद शुक्ल

## घर में ही हिंसा का शिकार हो रहीं बड़ी संख्या में महिलाएं

घर के बाहर नहीं बल्कि घर के अंदर अपनों के बीच ही महिलाएं हिंसा का शिकार हो रही हैं। कई मामलों की शिकायत तो पुलिस तक पहुंचती है जबकि ज्यादातर मामले घर में ही दफन होकर रह जाते हैं। घर के लोगों के विरुद्ध आवाज न उठाने के कारण बड़ा अपराध हो जाता है और महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ जाता है। हाल ही में महिलाओं के विरूद्ध कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसने अंदर तक झकझोर दिया है। अपने ही महिलाओं के खून से अपना हाथ रंग लिए हैं। गोण्डा बोले कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने कहा कि महिलाओं को अपनों के जुल्म के खिलाफ भी आवाज उठानी चाहिए, जिससे जुल्म इंतिहा न पार कर पाए।



# रास्ता बंद होने की आशंका, शिकायत

मोतीगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव के दो दर्जन लोगों ने मोतीगंज थानाध्यक्ष को एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़तों का का कहना है कि ग्राम पंचायत बनकटी सूर्यबली सिंह में उद्यान विभाग द्वारा विकास कार्य कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित विकास कार्य से जोलाहटी गांव जाने वाला मुख्य मार्ग बंद हो जाएगा। इससे कई मजरों से जुड़े एक हजार घरों की आबादी का आवागमन ठप हो गया जाएगा। शादी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में भी यही रास्ता है इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रार्थना पत्र के मुताबिक उद्यान विभाग ने ठेकेदार को निर्देशित किया है कि शाहपुर अंबेडकर मार्ग के पूर्व व पश्चिम दोनों तरफ लोहे का गेट लगवा दिया जाए। शिकायत करने वालों में अनिल कुमार, मुन्नालाल विश्वकर्मा, राजू, संदीप, हैदर अली, रमजान आदि रहे।

### इटियाथोक थानाक्षेत्र में पत्नी के प्रसव के लिए बहन के घर आया था युवक, लौटते वक्त हो गया हादसा

# सांड़ से टकराया बाइक सवार युवक, मौत

**दुःखद**

- रविवार सुबह घर आया युवक बहन को उसके घर छोड़ने गया था
- परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार, किया अंतिम संस्कार

धानेपुर/मेहनौन, हिटी। इटियाथोक थानाक्षेत्र में अपनी बहन को छोड़कर लौट रहा युवक भवानीपुर खुर्द के पास रविवार देर शाम सांड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

परिजन उसे हायर सेंटर न ले जाकर एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक पत्नी के प्रसव के सिलसिले में रविवार को घर आया था। उसकी मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। हृदय विदारक हादसे की वजह से गांव भर में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

धानेपुर इलाके के ग्राम पंचायत ख्वाजाजोत के मजरा मटही भारी निवासी राजेंद्र तिवारी का तीसरे नंबर का लड़का रुकमेश तिवारी 24 वर्ष रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात प्रांत के सूरत शहर में रहता था। उसकी पत्नी नौ माह की गर्भवती है। पत्नी के प्रसव के लिए सिलसिले में वह रविवार सुबह सूरत से घर आया था। दोपहर में अपने बहन को उसके ससुराल छोड़ने के लिए बाइक से इटियाथोक क्षेत्र में लेकर गया हुआ था।

शाम को घर वापस लौट रहा था भवानीपुर खुर्द के पास बाइक सवार युवक रुकमेश तिवारी पहुंचा था। इसी दौरान अचानक सड़क पर टहलते हुए छुट्टा सांड़ आ गया। इससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार टकरा गया। बताया जाता है कि रुकमेश सड़क पर जा गिरा और सिर में गंभीर रूप से चोट लग गई और वह अचेत हो गया। राहगीरों की सूचना पर घायल युवक को आनन फानन में गोंडा मेडिकल कॉलेज लाया है। वहां से रेफर किए जाने के बाद परिजनों ने युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।



रुकमेश तिवारी की मौत से परिवार में कोहराम

इसके बाद परिजन शव लेकर पैतृक गांव मटहीभारी लेकर आ गए। घर पर जवान बेटे का शव पहुंचते ही घर परिवार में हाहाकार मच गया। परिवार वालों का रो-रोकर बेहाल हैं। इस बात की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया, सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



सोमवार को धानेपुर क्षेत्र के मटहीभारी में युवक की मौत पर बिलखते परिजन।

### मवेशियों के चलते अब तक हुई दुर्घटनाओं पर एक नजर

- 26 अक्तूबर को इटियाथोक के भवानीपुर खुर्द में सांड से टकराया युवक, अस्पताल में मौत
- 16 अक्तूबर को मथुरा चौबे गांव में युवक को भैंस ने पटक-पटककर मार डाला था
- पांच जुलाई को शहर में बड़गांव पुलिस चौकी के बाद सांड के हमले में महिला इंश्योरेंस कर्मी ने तोड़ा था दम
- तीन जून को परसपुर-करनैलगंज मार्ग पर बाइक से सांड़ टकराने पर गई थी बहराइच के युवक की जान
- 31 मई की शाम कोतवाली देहात क्षेत्र के सोनदरसा गांव में सांड़ के हमले में बाइक सवार युवक की हुई थी मौत
- 17 अप्रैल को छुट्टा सांड के मनकापुर क्षेत्र के ग्राम कुंजलपुर के मजरा तेलियनपुरवा के किसान ने तोड़ा था दम।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छठ का महापर्व

**आस्था**

**करनैलगंज, संवाददाता।** लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा करनैलगंज और छपिया क्षेत्र में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने कटरा घाट स्थित पवित्र सरयू के किनारे पूजन-अनुष्ठान कर ढलते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया।

भारतीय संस्कृति को समेटे इस पर्व को क्षेत्र वासियों ने भी बेहद हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। सोमवार को शाम ढलते ही सैकड़ों की संख्या में कटरा घाट सरयू तट पर पीत वस्त्र धारण कर पहुंची महिलाओं ने छठ माता की पूजा की और भजन गाते हुए ढलते हुए सूर्य देव को नदी के पवित्र जल में खड़े होकर सूप से अर्घ्य दिया। इससे पहले निराजल व्रत रखकर सूर्योदय पर ऊर्जा के श्रोत भगवान सूर्य को नमन किया। श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच कई महिलाएं सिर पर कलश रख व दीप लेकर सरयू के किनारे पहुंची और बालू से छठ मईया की आकृति बनाकर अपनी मान्यता के अनुसार पूजन किया। श्रद्धालुओं की मानें तो इस पूजन को करने से सुख शांति और समृद्धि की प्राप्त होती है। साथ ही महिलाएं बच्चों के दीर्घायु होने की कामना को लेकर यह व्रत और पूजन करती हैं। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कटरा घाट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं नगर पालिका की ओर सरयू कटरा घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व सजावट के बेहतर इंतजाम किए गए। घाट पर उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा, नगर पालिका चेयरमैन रामलली, ईओ सुरभि पाण्डेय, रामजीलाल मोदनवाल, कन्हैया लाल वर्मा, आशीष सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



सोमवार को नवाबगंज में टेढ़ी स्थित पटपरगंज घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देतीं महिलाएं।

# बच्चों को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

**वजीरगंज।** क्षेत्र के सेन्टजोसफ स्कूल भगोहर में एंटी रोमियो टीम ने सोमवार को छात्राओं को पढाया सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। मिशनशक्ति अभियान प्रभारी निरीक्षक यशवंत कुमार सिंह व उप निरीक्षक कैलाश नाथ के नेतृत्व में महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण को लेकर चौपाल का भी आयोजन हुआ।

पुलिस टीम ने महिला से संबंधित अपराधों को लेकर जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 181,112,1076, 1098,108, 102, 1930 आदि के बारे में बताते हुए सहायता प्राप्त करने के तरीके भी बताए। इस मौके पर प्रबंधक कुनाल झा, हीरा देवी, प्रधानाचार्य मनोज प्रजापति, अमित कुमार झा, करन, विजय, लक्ष्मी मौर्या, अंजू, रंजनी सिंह, उपनिरीक्षक कैलाश नाथ, शिक्षक, शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं व आदि लोग उपस्थित रहे।

# तालाब में गिरी बैलगाड़ी डूबने से पिता-पुत्र की मौत

**ललिया/हरैया (बलरामपुर)।** ललिया थाना क्षेत्र के मदरहवा गांव के पास सोमवार की भोर असंतुलित होकर बैलगाड़ी गहरे तालाब में गिर गई। हादसे में बैलगाड़ी पर सवार पिता-पुत्र डूब गए। जब तक मदद मिलती दोनों गहरे पानी में चले गए। गोताखोरों की मदद से घंटों बाद डूबे पिता-पुत्र के शवों को तालाब से बाहर निकाला गया। हादसे में दोनों बैलों की भी मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया।

थाना हरैया क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी सहजराम जायसवाल (54 वर्ष) अपने पुत्र दीपक जायसवाल (25 वर्ष) के साथ सोमवार की सुबह करीब छह बजे बैलगाड़ी से पुवाल भरने के लिए मदरहवा गांव स्थित खेत जा रहे थे। गांव से करीब दो सौ मीटर पूरब दिशा में स्थित तालाब के किनारे से होकर एक संकरा रास्ता खेतों की ओर जाता है। सहजराम उसी रास्ते से बैलगाड़ी निकाल रहे थे कि अचानक बैलगाड़ी का पहिया रास्ते के गड्ढे में फंस गया। इससे बैलगाड़ी का एक हिस्सा तालाब की ओर झुक गया। जब तक पिता-पुत्र वाहन से नीचे आते। बैलगाड़ी तालाब में गिर गई। कुछ दूरी पर धान के खेत में मौजूद लोग दौड़ते हुए पहुंचे, तब तक बैलगाड़ी गहरे पानी में डूब चुकी थी।

# उतरने लगा सूरज तो आसमान चढ़ी आस्था

घाटों व पोखरों के किनारे दिखा **छठ पर्व का उल्लास** डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर की गई मंगलकामना




जागरण टीम • गोंडा : लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन नदियों,घाटों-पोखरों के किनारे छठ पूजन का उल्लास दिखा। पहिले पहिल हम कईनी, छठी मईया व्रत तोहार। करिहा क्षमा छठी मईया, भूल-चूक गलती हमार। कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए, होईं ना महादेव कहरियां दउरा घाटे पहुंचाए...जैसे लोकगीतों की गूंज के बीच निराजल व्रत रखे श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ देवी का पूजन किया।

दोपहर बाद से ही बांस से बनी टोकरी (दउरा) में सूप, गन्ना, फल, ठेकुआ, ईख, नारियल रखकर पोखरों व घाटों के किनारे पहुंचने लगे। पांच बजे शाम तक नदियों व सरोवरों के किनारे श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा हो गया। सूर्यास्त के एक घंटे पहले ही खैरा भवानी व पोएसी लाइन परिसर स्थित पोखरे व सरयू तथा बिसुही नदी के किनारे श्रद्धालु जुट गए। छठ मइया जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने पोखरे किनारे पहले से बनाई वेदी पर पूजन किया। इसके बाद पोखरों में कमर तक पानी में खड़े होकर व्रती सूर्य देवता के अस्त होने का इंतजार करते रहे। भगवान भास्कर के डूबने की घड़ी आते ही महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को जल और दूध का अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा कर सुखमय जीवन की कामना की। एक साथ हजारों श्रद्धालुओं के अर्घ्य देने व छठ मइया के जयकारे लगाने से नदियों व पोखरों के किनारे आस्था का सागर उमड़ता दिखा। गूंज रहे छठ गीत श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करते रहे। घाटों पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालु पूजन सामग्री से भरा दौरा लेकर घर लौट आए। खैरा भवानी मंदिर मे सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह भी पहुंचे। कर्नलगंज : छठ व्रतियों ने कटरा घाट स्थित पवित्र सरयू के किनारे पूजन-अनुष्ठान कर ढलते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। कई महिलाएं सिर पर कलश रख व दीप लेकर सरयू के किनारे पहुंची और बालू से छठ मईया की आकृति बनाकर पूजन किया। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा, नगर पालिका चेयरमैन रामलली, ईओ सुरभि पांडेय, रामजीलाल मोदनवाल, कन्हैया लाल वर्मा, आशीष सिंह मौजूद रहे। वजीरगंज : बारादरी पर भी महिलाओं ने छठ पूजन किया। रुपईडीह : कांटा वंशीपुर लवकुश घाट पर महिलाओं ने छठ मइया की पूजा की। बभनजोत : गौरा युजुर्ग स्थित अमृत सरोवर में ढलते सूर्य को महिलाओं ने अर्घ्य देकर पूजन किया। कटरा शिवदयालगंज : नवाबगंज के खेमपुर स्थित पटपरगंज टेढ़ी नदी घाट पर नदी के पवित्र जल में खड़े होकर पीत वस्त्रों में सजी श्रद्धालु महिलाएं छठ माता की आराधना करती रहीं।




कर्नलगंज में छठ पर पूजन करती महिलाएं और खैरा भवानी मंदिर स्थित पोखरा पर छठ पूजन करते श्रद्धालु • जागरण

## उदीयमान सूर्य को आज अर्घ्य देकर निर्जला व्रत का पारण करेंगी महिलाएं

मंगलवार की सुबह की भोर में नदियों व पोखरों के किनारे फिर श्रद्धालुओं का जमावड़ा होगा। इसके पूर्व शाम को पूजन कर घर लौटे श्रद्धालुओं ने घर में सुख समृद्धि व सभी के कल्याण की कामना को लेकर कोसी भरी और गन्ने को घर की आकृति में सजाकर उसके नीचे दीप जला छठ मइया की आराधना की। पूरी रात छठ मइया की आराधना के बाद मंगलवार की रात तीन बजे से ही श्रद्धालु उन्हीं नदियों व पोखरों के किनारे पहुंचेंगे जहां शाम को पूजा की थी। यहां अपने द्वारा बनाई गई वेदी पूजन कर उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे।



राधाकुंड में छठ का पूजन करती महिलाएं • जागरण



आवास विकास कालोनी में छठ का पूजन करती सत्यवती, रजनी व शालिनी •



कटरा सरयू घाट पर छठ पूजन के लिए पत्नी के साथ जाते एएसपी राधेश्याम रा

# मोबाइल की दुकान में चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

संसू, जागरण • तरबगंज: मोबाइल दुकान में चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक केके त्रिपाठी ने बताया कि भोलेशंकर निवासी घांचा बीकापुर ने असरथा बाजार स्थित मोबाइल दुकान से चोरी होने का मुकदमा कराया था। 27 अक्टूबर की रात में बैरागीपुरवा से असरथा कुदरहा निवासी अली अहमद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के पास से चोरी का आठ कीपैड मोबाइल, 17 डिब्बा भरा व 11 डिब्बा आधा भरा हुआ टेंपर्ड ग्लास बरामद किया गया है। आरोपित को जेल भेज दिया गया है। उधर, आर्यनगर : प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने के आरोपित रामापुर गांव निवासी मुन्ना को गिरफ्तार किया गया है।

# शक्ति संवाद कार्यक्रम में 31 महिलाओं ने मांगा न्याय

जासं • गोंडा : कहीं चकमार्ग पर अवैध कब्जा है तो कहीं विपक्षी जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। न्याय का गोहार लेकर मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम में पहुंचीं 31 महिलाओं ने आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील से न्याय की गोहार लगाई। संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त ने जन समस्याओं की सुनवाई की। सदर तहसील के मछलीगांव रोहांवा निवासी गोल्डी ने कहा जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण न होने से समस्या बढ़ गई है। सहायक अध्यापक ने एफआइआर के बावजूद सहयोगी शिक्षक के स्कूल में आने व छवि खराब करने की शिकायत की है। कंपोजिट विद्यालय चांदपुर की सहायक अध्यापक आश्रिता सोनी ने बीएलओ की ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा उनके पति नितिन कुमार सोनी भी सहायक अध्यापक हैं और उनकी भी ड्यूटी बीएलओ पद पर लगी है। बच्चे की देखभाल करने वाला कोई नहीं हैं। सैदापुर की एक महिला ने चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। यहां 31 शिकायतें आईं। संबंधित अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने कहा कि महिला जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को एक सुरक्षित, सम्मानजनक और सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी समस्याएं निर्भीक होकर रख सकें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पांडेय, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या विनोद कुमार, उपायुक्त खाद्य विजय प्रभा उपस्थित रहीं।



कार्यालय में महिलाओं की समस्या सुनते आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील • सौ सूचना विभाग

# मोबाइल टावर पर बिजली चोरी के दोषितों को 84 हजार का अर्थदंड

संसू, जागरण • गोंडा : विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट/ चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम दत्तनगर विशेन कोतवाली नगर निवासी अजय कुमार सिंह को 84 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक आरएन यादव ने बताया कि प्रवर्तन दल फैजाबाद के अवर अभियंता राजीव कुमार यादव व प्रभारी उपनिरीक्षक जटाशंकर सिंह की टीम 21 अक्टूबर 2012 की दोपहर विद्युत चोरी एवं अनियमितता की जांच के लिए थाना इटियाथोक इलाके में पहुंची थी। वहां इंडस टावर की जांच में मेन केबिल मीटर से बिना जोड़े हुए सीधे चार्जिंग रूम में मिली थी। वहीं, कमंडीह स्थित टावर पर भी ऐसा ही मिला था। टीम को दोनों मोबाइल टावर पर 12-12 किलोवाट की बिजली चोरी मिली थी। टीम ने दोषित के विरुद्ध थाना इटियाथोक में मुकदमा कराया था। जांच के दौरान बिजली चोरी में शामिल मिले कमला प्रसाद उर्फ कमलू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। न्यायालय ने दोनों दोषितों को 84-84 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दोषितों द्वारा अर्थदंड की अदायगी न करने पर एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

# अपर जिला न्यायाधीश ने बंदियों से ली सुविधाओं की जानकारी

संसू, जागरण • गोंडा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला न्यायाधीश दानिश हसनैन ने मंडलीय कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार में निरुद्ध बंदियों से वार्ता कर विधिक सहायता के बारे में बताया और प्राधिकरण द्वारा संचालित अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की समीक्षा की। उन्होंने महिला बैरक में भी निरीक्षक किया और निरुद्ध महिलाओं से वार्ता की। साफसफाई, भोजन, रखरखाव व चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

# कब्जे की शिकायत पर आयुक्त गंभीर

## मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 31 महिलाओं की सुनी फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** मंडलायुक्त कार्यालय में मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में सोमवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील के समक्ष मनकापुर के ग्राम सैदापुर की एक महिला पेश हुई। उसने कहा कि गांव के ही एक व्यक्ति ने चकमार्ग पर पेड़ लगाकर कब्जा कर लिया है, इससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित है। आयुक्त ने तत्काल संबंधित एसडीएम को जांच कर मार्ग बहाली के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

कौड़िया के ग्राम हरखापुर निवासी एक महिला ने कहा कि एक व्यक्ति अपने मकान की नाली जबरन उनके घर की ओर निकाल लिया है। इससे मकान के पीछे गंदा पानी जमा रहता है। उसने बताया कि विरोध करने पर उसे व उसके परिजनों को धमकी दी जा रही है। आयुक्त ने पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर स्थल का निरीक्षण करके तत्काल रिपोर्ट देने को कहा है।

वहीं मनकापुर में तैनात सहायक अध्यापिका आश्रिता सोनी ने बताया कि उनकी और उनके सहायक अध्यापक पति की बीएलओ ड्यूटी एक साथ लगी है, इससे उनके 18 माह के शिशु की देखभाल में कठिनाई हो रही है। कार्यक्रम 31 महिलाओं ने अपनी समस्या बताई। इस पर संबंधित अफसरों को निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



अपने कार्यालय में महिलाओं की समस्या सुनते मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील। स्रोत: सूचना विभाग

### क्या है मां पाटेश्वरी संवाद कार्यक्रम

आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक सोमवार को दोपहर के 12 से 2 बजे तक होने वाले मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की जाती है। यह आयोजन सिर्फ महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई के लिए किया जाता है।

# एडीजे ने सुनी बंदियों की समस्याएं

**गोंडा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज दानिश हसनैन ने सोमवार को मंडलीय कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान विचाराधीन और सिद्धदोष बंदियों से उनके बैरकों में जाकर व्यक्तिगत संवाद किया। उन्होंने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। किचन व अस्पताल का भी निरीक्षण किया। (संवाद)

# रास्ता बंद होने से भड़के ग्रामीण

**मोतीगंज।** सूर्यबली बनकटी में उद्यान विभाग ने खाली पड़ी जमीन पर बाउंड्रीवाल कराकर गेट लगवाने की कवायद शुरू की है। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। समाजसेवी लखपत शुक्ल, मुन्नालाल, राजू कुमार, संदीप विश्वकर्मा, हैदर अली, शाहिद, प्रदीप आदि ने थाने में शिकायत की। ग्रामीणों के मुताबिक जोलाहटी, ललकी पुरवा, काली मंदिर व प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे इसी रास्ते से आते-जाते हैं। (संवाद)

# रात में अकेले फंसने पर डायल करें 112, सुरक्षित घर पहुंचाएगी पुलिस

**बेलसर।** बरसड़ा के एक निजी स्कूल में सोमवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तरबगंज कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, और हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्रा या महिला को रात में अकेले फंसने की स्थिति में मदद चाहिए, तो यूपी 112 पर कॉल करें। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचेगी और उन्हें घर तक सुरक्षित पहुंचाएगी। कोतवाल ने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। किसी भी परिस्थिति में डरें नहीं, तुरंत 112 डायल करें। एंटी रोमियो टीम की प्रभारी कल्पना श्रीवास्तव ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। उपनिरीक्षक अवनीश कुमार शुक्ल ने साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी अंजान व्यक्ति से ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

उपनिरीक्षक सुनील सिंह ने छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य नवल किशोर उपाध्याय, अवध किशोर उपाध्याय, अंबिका प्रसाद, मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# विवाद में महिला को पीटा, मुकदमा

**वजीरगंज।** चौखट निवासी उषा देवी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम को पूर्व में हुई कहासुनी के विवाद को लेकर गांव के ही राजू, उनके भाई राजेश, पत्नी प्रमिला व पिता जगप्रसाद उनके दरवाजे पर आए। सभी ने अभद्रता करते हुए उन्हें मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# किशोरी को ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**परसपुर।** एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनकी पुत्री को एक अज्ञात युवक 24 अक्तूबर की दोपहर शादी करने की नीयत से बहला-फुसला कर कहीं लेकर चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका है। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तलाश शुरू कर दी गई है। (संवाद)

# तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मनकापुर।** चांदपुर गांव निवासी रेखा ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि बीते 20 अक्तूबर को सुबह छह बजे नाली के विवाद को लेकर गांव के ही शिवकुमार, राजकुमार, काली ने मारापीटा और धमकी दी, इससे उन्हें और उनकी माता ननका को काफी चोटें आई हैं। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (संवाद)

# युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**नवाबगंज।** मकदूमपुर गांव निवासी सुबराती ने बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा अल्तमश 20 अक्तूबर को दोपहर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों और संबंधियों में तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। (संवाद)

# अश्लील हरकत करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**मनकापुर।** एंटीरोमियो टीम के उप निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार शाम तीन बजे महिला एसआई रुचि गौतम व हमराही टीम के साथ मिशन शक्ति/एंटीरोमियो अभियान के तहत क्षेत्र में थे। तभी एक महिला ने सूचना दी कि देवरिया गांव निवासी अभय कुमार उनके घर के पास खड़ा होकर अश्लील गाने गाकर गलत इशारे कर रहा है। टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे दबोच लिया। (संवाद)

# चोरी के मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**तरबगंज।** प्रभारी निरीक्षक केके तिवारी ने बताया कि असरथा बाजार में मोबाइल की दुकान से चोरी करने के आरोपी अली अहमद निवासी असरथा कुदरहा को बैरागी पुरवा चौराहा के पास से सोमवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से आठ मोबाइल फोन और 24 टेंपर्ड ग्लास बरामद हुआ है। घांचा बीकापुर निवासी भोलेशंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा कि 14 अगस्त की रात उनकी दुकान से मोबाइल, नकदी व अन्य सामान चोरी हो गया है। (संवाद)

# पांच घंटे लगातार तेज रफ्तार में दौड़ाई बस, अचानक लगी आग

## बस में सवार दीपक ने सुनाई हादसे की पूरी कहानी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। आगरा एक्सप्रेसवे पर लखनऊ के रेवरी टोल प्लाजा के पास रविवार को दिल्ली से आ रही बस में लगातार पांच घंटे तक हाई स्पीड ड्राइविंग की वजह से आग लगी थी। दिल्ली से निकलने के बाद चालक ने सिर्फ एक जगह 10 मिनट के लिए बस रोकी। इसके बाद वह लगातार बस चलाता रहा।

बस में सवार बिहार के सीतामढ़ी के मूल निवासी दीपक ने बताया कि उनके चाचा रमाशंकर सिंह गोंडा रेलवे में लोको पायलट पद पर नियुक्त थे। हाल ही में उनका मुजफ्फरपुर तबादला हो गया। उन्होंने गोंडा में चाचा के साथ रहकर बड़गांव के सरस्वती विद्यामंदिर से इंटर तक की पढ़ाई की। यहां से यूपीएससी की तैयारी करने दिल्ली चले गए।



दीपक। -संवाद

हादसे के समय बस में सवार दीपक के मुताबिक उन्होंने दिल्ली में रेडबस सर्विस से गोंडा के लिए शुक्रवार को टिकट बुक किया। कश्मीरी गेट से गोला बस सर्विस की बस से यात्रा शुरू की। शनिवार रात 08.30 बजे बस दिल्ली से गोंडा के लिए रवाना हुई।

दीपक के मुताबिक दिल्ली से निकलने के बाद आगरा एक्सप्रेसवे पर पहुंचने से पहले बस एक जगह 10 मिनट के लिए रुकी। इसके बाद चालक लगातार तेज रफ्तार में बस चलाता रहा। रविवार तड़के चार बजे आगरा एक्सप्रेसवे पर रेवरी टोल प्लाजा से करीब 500 मीटर पहले बस की गति धीमी हुई, तो चाय बेचने वाले ने बस के पिछले हिस्से से धुंआ निकलता देखकर चालक को इशारा करते हुए शोर मचाया।

चालक ने बस रोकी, तब तक आग लग चुकी थी। आग लगने का शोर सुनकर सभी यात्री उतरने लगे। इस बीच आग बढ़ती गई। यहां से चालक बस को लेकर टोल प्लाजा की ओर भागा। इस दौरान सामान निकालने के चक्कर में छह यात्री बस में ही रह गए। टोल प्लाजा पर अग्निशमन दस्ता भी मौजूद नहीं था। आग बढ़ती देख बस में फंसे छह यात्री किसी तरह से उतरकर भागे। इसके बाद बस आग का गोला बन गई।

### 500 मीटर पहले यात्रियों को उतारकर बस लेकर टोल प्लाजा की तरफ भागा था चालक

**80 की जगह थी 100 की स्पीड**

एक्सप्रेसवे पर बड़े वाहनों की 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार निर्धारित है, लेकिन चालक 100 की रफ्तार में बस चलाता रहा। यात्रियों के विरोध के बाद भी उसने गति कम नहीं की।

- **बस में छूट गई नकदी, कपड़े और बैग जले :** बस में भोर के जिस समय आग लगी उस समय अधिकतर यात्री गहरी नींद में थे। जब तक सहयात्रियों ने उन्हें जगाने का प्रयास किया। आग फैल चुकी थी। किसी तरह लोग बस से बाहर निकले। इस बीच नकदी, कपड़े और बैग बस के साथ ही जल गए। दीपक ने बताया कि उनका बैग भी आग में जल गया, जिसमें तीन हजार रुपये, कपड़े, पहचानपत्र, चार्जर रखा था।

## बसों में आग से बचाव का इंतजाम 'बेबस'

गोंडा। दिल्ली से यात्रियों को लेकर गोंडा आ रही बस में आगरा एक्सप्रेसवे पर आग लगने की घटना के बाद भी जिले में सरकारी व निजी बसों में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। रोडवेज की अनुबंधित बसों में कहीं पुराने सिलिंडर रखकर खानापूर्ति कर दी गई, तो कहीं अग्निशमन यंत्र दिखाई ही नहीं पड़ रहे। गोंडा की बसों के हाल पर पेश है रिपोर्ट : (संवाद)

पड़ताल

### नहीं मिला फस्ट एड बॉक्स



केस-एक

गुरुनानक चौराहे पर एक निजी बस में परिचालक अयोध्या के लिए सवारियां बैठा रहा था। बस में अग्निशमन यंत्र दिखाई नहीं पड़ा। फर्स्ट एड बॉक्स की जगह गूगल-पे का क्यूआर कोड चस्पा था। थोड़ी ही देर में बस सवारियों से भर गई। चालक से जब जानकारी की गई तो वह बोला- अग्निशमन यंत्र के बारे में हमें कुछ नहीं पता।

### मिला पुराना सिलिंडर



केस-दो

रोडवेज बस अड्डे पर लखनऊ के लिए जाने वाली एक बस में अग्निशमन यंत्र का पुराना सिलिंडर कोने में रखा दिखाई पड़ा। पूछने पर चालक ने कहा कि इसकी एक्सपायरी डेट मिट गई है। वर्षों से यही सिलिंडर बस में रखा है। न कभी इसकी जरूरत पड़ी और न कहीं एक्सपायरी की जांच हुई।

### टूल बॉक्स में मिला सिलिंडर



केस-तीन

गोंडा से लखनऊ व कानपुर जाने वाली एक अनुबंधित रोडवेज बस में अग्निशमन सिलिंडर नहीं दिखा। पूछने पर परिचालक ने बताया कि टूल बॉक्स में सिलिंडर रखा है। अग्निशमन यंत्र चलाने का समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। फर्स्ट एड बॉक्स नहीं है।

परिवहन निगम की सभी बसों में अग्निशमन यंत्र व फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध हैं। समय-समय पर इसकी जांच की जाती है। अनुबंधित बसों में कभी-कभार मालिक साफ-सफाई के दौरान अग्निशमन यंत्र व फर्स्ट एड बॉक्स निकालकर रख देते हैं। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
-अरविंद कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज

सभी बस मालिकों को सख्त निर्देश दिया गया है कि अपनी बस में अग्निशमन यंत्र व फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था कर लें। फिटनेस के दौरान चेकिंग की जाती है, अब सड़क पर निकलकर औचक निरीक्षण किया जाएगा। यंत्र न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
-आरसी भारतीय, एआरटीओ

# युवक को खुदकुशी के लिए उकसाने में मां-बेटी को हाईकोर्ट से जमानत

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

गोंडा। युवक से मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी मां और बेटी को बड़ी राहत मिली है। दोनों का जमानत प्रार्थनापत्र हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

उमरीबेगमगंज के ग्राम अकौनी के मजरा पूरेमेठिया निवासी पंचम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि उनके बेटे धर्मेंद्र साहू की शादी नवाबगंज के बल्लीपुर के मजरा गदरहन पुरवा निवासी लौटन साहू की बेटी काजल साहू से 20 अप्रैल 2025 को होनी थी। दो जनवरी 2025 को काजल ने फोन करके धर्मेंद्र को अपने घर बुलाया।

वहां शादी को लेकर आपस में कहासुनी हुई तो लौटन, उनकी पत्नी गीता साहू, काजल व उसकी बहन आंचल ने धर्मेंद्र को मारापीटा और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इसके बाद बेटे ने घर आकर घटना की जानकारी दी और कहा कि वह काजल से शादी नहीं करेगा। मानसिक रूप से परेशान धर्मेंद्र ने अगले दिन तीन जनवरी को सुबह फांसी लगाकर जान दे दी।

मुकदमे के दौरान आरोपी गीता व काजल को सत्र न्यायालय से जमानत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में याचिका प्रस्तुत कर जमानत स्वीकार करने की याचना की।

याचिका की सुनवाई के दौरान मामले के तथ्य, साक्ष्य और परिस्थितियों पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने जेल में बंद गीता व काजल का जमानत प्रार्थनापत्र सशर्त स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने संबंधित न्यायालय में 20-20 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र और इसी धनराशि की दो-दो जमानत प्रस्तुत करने पर दोनों को रिहा करने का आदेश दिया है।

# BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# निरंकुश पुलिस अफसरों पर होगी कार्रवाई: सचान

**बैठक**

- महदेइया पुलिस चौकी प्रभारी के मामले को लेकर गंभीर दिखे प्रभारी मंत्री
- सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह की तैयारी बैठक में पहुंचे थे मंत्री

**बलरामपुर, संवाददाता।** प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हर माह वह कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। उनकी टीम भी पुलिस की कार्यप्रणाली व जनता से फीडबैक लेगी। इसके आधार पर निरंकुश पुलिस अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। महदेया पुलिस चौकी प्रभारी की ओर से कार्यकर्ता की पिटाई व मुकदमा दर्ज करने के मामले में प्रभारी मंत्री ने कहा कि संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद कार्रवाई होगी। किसी भी प्रकार की कार्यकर्ताओं पर जुल्म बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ता उनके लिए सर्वोपरि हैं।

जिले में 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पूर्व गृहमंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह की तैयारी बैठक में शामिल होने के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे थे। अटल भवन कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी भी दशा में कार्यकर्ता के साथ किए गए गलत व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद त्वरित कार्रवाई की जाएगी। महराजगंज तराई में कार्यकर्ता के मामले को लेकर पूछे गए प्रश्न पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि इसके लिए वह टीम गठित कर रहे हैं, जो हर माह बेहतर पुलिसिंग की रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसके आधार पर वह समीक्षा करेंगे। इससे पहले प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। 65 रियासतों को जोड़कर देश का निर्माण सरदार पटेल ने किया। वहीं जिले भर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, डीपी सिंह व एके पाण्डेय मौजूद रहे।

# एसपी से मिले ब्लॉक प्रमुख

श्रीदत्तगंज। शुक्लागंज चौराहे से भाजपा कार्यकर्ता को थाने लाकर पिटाई करने का मामला थमा नहीं है। ब्लॉक प्रमुख हेमंत जायसवाल सोमवार को एसपी विकास कुमार से मिले। उन्होंने चौकी प्रभारी की ओर से क्षेत्र में किए जा रहे कार्य से अवगत कराया। हालांकि एसपी ने कहा कि जल्द प्रकरण की जांच कराकर कदम उठाया जाएगा।


त्ता
नि0वि0
ऊ

3/10/2025

(वि0/याँ0) वृत्त
ऑनलाईन निविदा
1/2025 दोपहर
14/11/2025
टी होने की दशा
र है :–

निविदा की पात्रता

# पुलिस को मिलीं छह नई स्कार्पियो

बलरामपुर। जिले में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने यूपी-112 (पीआरवी) पुलिस को मिली 6 नई स्कार्पियो को पुलिस कार्यालय बलरामपुर से हरी झंडी दिखाकर थानों पर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी कर्मियों को इवेंट प्राप्त होने पर उत्कृष्ट रिस्पांस टाइम बनाए रखने, आम जनता और पीड़ित को तत्काल आपात सहायता प्रदान करने और मामले को नियंत्रित करते हुए स्थानीय थाना प्रभारी को अवगत कराने के निर्देश दिए। इस नई पहल से पुलिस की गतिशीलता और क्षमता में वृद्धि होगी।

# अतिक्रमण जल्द से जल्द हटवाने की मांग

तुलसीपुर। रेलवे स्टेशन के सामने सड़क के किनारे दुकानों ने अतिक्रमण करके सड़क तक कब्जा कर लिया है। अतिक्रमण की वजह से आए दिन ट्रेन आने के समय रोड पर जाम लग जाती है। लोगों को अपनी गाड़ी निकालने के लिए काफी समय लगते हैं। नगर पंचायत को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई है। कहा कि अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाया जाए।

# 'प्रधान के घर पर चढ़ाई करने के मामले में की जाए निष्पक्ष जांच'



पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में मौजूद सपाई ● जागरण

संसू, जागरण ● बलरामपुर: सेखुईया भया गांव में प्रधान के घर पर चढ़ाई मारपीट की घटना को लेकर सपाइयों ने निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा व गैंसड़ी विधायक राकेश यादव की अगुवाई में एसपी विकास कुमार को ज्ञापन दिया।

सांसद ने कहा कि नगर कोतवाली क्षेत्र के सेखुइया भया गांव में बीते दिनों दो पक्षों में मारपीट में प्रधान पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। घटना के दौरान एक व्यक्ति को सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित पक्ष को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। कहा कि घटना के बाद वहां पर स्वयं गए थे। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस हमले की पूरी साजिश पहले से रची गई थी। हत्या करने की योजना बनाई गई थी। आरोप लगाया कि उप जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात राहुल सिंह की भूमिका भी जांच की जाए। इस पूरे प्रकरण की उनको जानकारी है। सांसद ने बताया कि पुलिस ने अब इस मामले में धारा 307 (हत्या के प्रयास) जोड़ दी है और एक आरोपित की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान चला रही है। गैंसड़ी विधायक ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। पीड़ित परिवार ने बताया कि जिला अस्पताल में इलाज के दौरान करीब पांच घंटे तक देरी हुई। कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दावे तो बहुत करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई बिल्कुल विपरीत है। बताया कि एसपी ने आश्वासन दिया है कि सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप, पूर्व विधायक जगराम पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा, राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी शैलेंद्र यादव, कृष्ण कुमार गिहार, विजय, शत्रुघ्न, विक्रम अकेला आदि मौजूद रहे।

# यूपी 112 पीआरवी पुलिस को मिली छह नई स्कार्पियो



हरी झंडी दिखा वाहन रवाना करते एसपी विकास कुमार ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

बलरामपुर : यूपी 112 पीआरवी पुलिस को छह नई स्कार्पियो मिली है। एसपी विकास कुमार व एएसपी विशाल पांडेय ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर सभी स्कार्पियो को संबंधित थाना के लिए रवाना किया। एसपी ने निर्देश दिया कि इवेंट प्राप्त होने पर उत्कृष्ट रिस्पांस टाइम बनाए रखें। आम जनमानस व पीड़ित को तत्काल आपात सहायता देते हुए स्थिति की गंभीरता से थाना प्रभारी को अवगत कराएं। सभी कर्मी दायित्वों का निष्ठा से साथ निर्वहन करें। (जासं)

# शांतिभंग में छह लोग वंदी

बलरामपुर : शांतिभंग की आशंका में ललिया थाना की पुलिस ने छह लोगों को पाबंद किया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि जोगिया कला गांव निवासी छोटकने उर्फ विद्याराम, सिरहिया गांव के अवधेश वर्मा, ओदरहिया गांव निवासी शिव प्रसाद, अफाती अली, फटवा गांव निवासी जगदंबा व डिहवा गांव के छोटेलाल के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। (जासं)

# छेड़खानी के दोषियों को अर्थदंड

बलरामपुर : मिशन शक्ति 5.0 के तहत छेड़खानी के दो दोषियों को जेल में बिताई अवधि व 2500-2500 अर्थदंड से दंडित किया गया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट उतरौला ने अभियुक्तों सेमरा शाहपुर इटई निवासी इंदर उर्फ राजेंदर व गरीबनगर गांव निवासी अशोक कुमार को सजा सुनाई है। 30 दिसंबर 1991 को उतरौला कोतवाली में छेड़खानी का केस दर्ज हुआ था। सहायक अभियोजन अधिकारी सुभाष चंद्र यादव व मानीटरिंग सेल प्रभारी बृजानंद की प्रभावी पैरवी से दोनों को सजा सुनाई गई। (जासं)

# 34 वर्ष बाद छेड़खानी के मामले में हुई सजा

**उतरौला।** सिविल जज जूनियर डिवीजन/न्यायिक मजिस्ट्रेट उतरौला योगेश चौधरी ने मुकदमों की सुनवाई के दौरान सोमवार को छेड़खानी का दोषी मानते हुए दो लोगों को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई है। दोनों ने तीन दिन जेल में बिताए थे। न्यायाधीश ने दोनों दोषियों पर 2500-2500 रुपये अर्थदंड भी लगाया है। 34 वर्ष बाद मुकदमे का फैसला हुआ है।

उतरौला क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने 30 दिसंबर 1991 को युवती के साथ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उतरौला क्षेत्र के ग्राम सेमरा शाहपुर इटई निवासी इंदर उर्फ राजेंद्र व गरीबनगर निवासी अशोक कुमार के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया। मामले की विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने राजेंद्र व अशोक को दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

**अदालत से**

# 19 बंदियों का मुफ्त लड़ा जाएगा मुकदमा

**बलरामपुर।** गरीबी के चलते मुकदमे की पैरवी न कर पाने वाले बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से अधिवक्ता की व्यवस्था कराई जा रही है। जिला कारागार के 19 बंदियों का मुकदमा अधिवक्ता मुफ्त में लड़ेंगे।

जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देश पर सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल कुमार नायक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला कारागार में संबद्ध विधिक स्वयं सेवकों को लीगल क्लीनिक के प्रपत्रों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। कारागार में छोटे अपराधों, वृद्ध व असाध्य रूप से बीमार बंदियों को विधिक सहायता का लाभ लेने के बारे में बताया। कहा कि ऐसे बंदी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से निशुल्क व्यवस्था कराई जा रही है। महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों को दूध व पौष्टिक भोजन की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कारागार के बंदियों की समस्याएं सुनीं। बंदियों को निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के बारे में जानकारी दी गई। सभी बैरकों में जाकर उन्होंने बंदियों से बात की। नियमित रूप से दवा उपलब्ध कराने के बारे में बंदियों से जानकारी ली। परिजनों से विधि के अनुसार बात करने का सुझाव दिया। उन्होंने बंदियों के विधिक अधिकारों पर हनन न होने पर विशेष जोर दिया। (संवाद)

# यूपी 112 को मिलीं छह नई स्कार्पियो

**बलरामपुर।** यूपी 112 को शासन से छह नई स्कार्पियो भेजी गई हैं। एसपी विकास कुमार व एएसपी विशाल पांडेय ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर संबंधित थानों को रवाना किया। एसपी ने कहा कि इससे कर्मियों को कार्य करने में आसानी होगी। (संवाद)

# सेखुइया भया गांव के विवाद में आरोपियों पर हो कार्रवाई



एसपी से मुलाकात करने जाते सांसद, विधायक व अन्य। -संवाद

**बलरामपुर।** नगर क्षेत्र के सेखुइया भया गांव में ग्राम प्रधान के घर पर हुए हमले को लेकर सोमवार को श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा और गैसड़ी विधायक राकेश यादव ने एसपी विकास कुमार से मुलाकात की। जनप्रतिनिधियों ने मुकदमे में एक और मुख्य अभियुक्त का नाम शामिल करने और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि मनबढ़ों ने ग्राम प्रधान के घर पर हमला कर कई लोगों को घायल किया और उन्हें जान से मारने की कोशिश भी की। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी एसडीएम सदर कार्यालय में स्टेनो है, जिसकी वजह से कार्रवाई में ढिलाई बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि वीडियो वायरल करने वाले युवक को भी धमकियां दी जा रही हैं। विधायक राकेश यादव ने कहा कि पीडीए कार्यकर्ताओं पर अत्याचार हो रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (संवाद)

## किशोरी को साथ ले गया युवक, मुकदमा

**उतरौला।** नगर के एक मोहल्ले की महिला ने 24 अक्तूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि मेरी 15 वर्षीय बेटी को एक युवक शादी के लिए 23 अक्तूबर की रात करीब एक बजे अपने साथ ले गया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि मोहल्ला आर्यनगर निवासी छोटू के खिलाफ केस दर्ज करके तलाश की जा रही है। (संवाद)

## चोरी के आरोप में केस दर्ज

**बलरामपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी सुनील साहू ने 24 अक्तूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि 23 अक्तूबर को सुबह करीब 10:35 बजे मोहल्ले के निवासी रिजवान ने घर में घुसकर ड्रिल मशीन व वायरिंग बोर्ड चोरी कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज करके जांच की जा रही है। (संवाद)

## किशोरी को ले जाने पर सिराज पर मुकदमा

**बलरामपुर।** पचपेड़वा क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने 23 अक्तूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि मेरी 14 वर्षीय बेटी को 17 अक्तूबर दोपहर करीब 1:30 बजे युवक अपने साथ लेकर चला गया। बेटी अपने साथ घर से 16 हजार रुपये भी ले गई है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि ग्राम बरगदवा सैफ निवासी सिराज के खिलाफ केस दर्ज करके तलाश की जा रही है। (संवाद)

## महिला को पीटा, दंपती पर केस दर्ज

**बलरामपुर।** तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम सिकटिहवा निवासी अनुराधा शुक्ला ने 23 अक्तूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि गांव का विपक्षी कपिल सुबह गाली दे रहा था। मना करने पर अपनी पत्नी पूर्णिमा के साथ मिलकर पिटाई कर दी। विपक्षी दबंग व शराबी है, आए दिन परेशान करता है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि अनुराधा की तहरीर पर पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज करके जांच की जा रही है। (संवाद)

## 33 वाहनों का चालान, 76 हजार जुर्माना

**बलरामपुर।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह ने बताया कि टीम ने वीर विनय चौराहा, फुलवरिया बाईपास व राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की जांच की। चार पहिया वाहनों के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म हटवाई गई। वाहनों से हूटर व प्रेशर हॉर्न भी हटवाए गए। कमियां मिलने पर 33 वाहनों का चालान किया गया। वाहन मालिकों पर 76 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। (संवाद)

# घर से जेवर व नकदी चोरी, केस दर्ज

**उतरौला।** मोहल्ला सुभाषनगर में किराये के मकान में रहने वाली स्वास्थ्य कर्मी राधिका देवी ने 25 अक्तूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में कार्यरत हैं। घर ग्राम कंथला तहसील बांसगांव जनपद गोरखपुर में है। दीपावली में गोरखपुर स्थित अपने घर गई थी। 19 अक्तूबर को मोहल्ले के लोगों ने कमरे का ताला टूटा होने की सूचना दी। बक्से में रखा मांग टीका, झुमके, दो अंगूठी, सोने का लॉकिट, दो अंगूठी, जंजीर, नाक की नथुनी, पायल, दो जोड़ी बिछिया व 10,700 रुपये चोरी हो गए। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके जांच की जा रही है। (संवाद)

# लखनऊ में मिली किशोरी, अज्ञात पर मुकदमा

**बलरामपुर।** तुलसीपुर क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी 14 अक्तूबर को शाम करीब चार बजे घर से तुलसीपुर कपड़ा सिलाने गई थी। वहां से वह लापता हो गई थी। किशोरी के बाबा ने बताया कि 15 अक्तूबर को कोतवाली चिनहट लखनऊ से फोन आया कि आपकी पोती कोतवाली में है। परिजन लखनऊ पहुंचे और किशोरी को घर ले आए। बाबा ने तुलसीपुर थाने में 23 अक्तूबर को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# पैसे मांगने पर पीटा, चार पर केस दर्ज

**बलरामपुर।** सादुल्लाहनगर क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर के मजरे गंधाउर नगर निवासी साजिदा खातून ने 24 अक्तूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि सुबह करीब 10 बजे दिलीप मौर्य निवासी मदुदौभीख पश्चिमीडीह से बकाया पैसे मांगे तो अपनी मां, बहन व चाची के साथ मिलकर पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि साजिदा की तहरीर पर चारों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच की जा रही है। (संवाद)

# सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल की दी जानकारी

**हरैया सतघरवा/ महराजगंज तराई।** मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को हरैया और परसिया गांव में चौपाल व गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल व साइबर अपराधों के बचाव के उपाय बताए गए। हरैया पंचायत भवन में थानाध्यक्ष हरीश सिंह के नेतृत्व में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। इसके अलावा सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। महराजगंज तराई पुलिस ने परसिया गांव में महिलाओं के संग गोष्ठी की। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन नंबरों समेत विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-28-10-2025

# सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**जरवलरोड।** आदमपुर गांव में सोमवार को थाने की पुलिस ने चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

मिशन शक्ति की टीम ने आदमपुर गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं और युवतियों से संवाद किया। अपना ओटीपी व बैंक एकाउंट नंबर समेत अन्य गोपनीय जानकारी किसी से भी शेयर न करने की बात कही। टीम ने बताया कि महिला सुरक्षा व अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सरकार ने हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था बनाई गई है।

हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग करें। अपना पासवर्ड बदलते रहें। अनजान व्यक्ति द्वारा पुलिस, सरकारी अधिकारी व साइबर क्राइम विभाग का अधिकारी बताकर लोगों को डरा-धमकाकर पैसा वसूलते हैं। अगर इस तरह की कोई काल आती है, तो ऐसी काल से सावधान रहें। (संवाद)

# कूड़ा डालने से मना करने पर की पिटाई

**बहराइच।** ठाकुर शुक्ल पुरवा गांव निवासी पुष्पा शुक्ला ने हरदी थाने की पुलिस को बताया कि सोमवार शाम करीब 6:30 बजे वह अपनी 13 वर्षीय पुत्री प्रियांशी के साथ खेत से धान काटकर घर लौट रही थीं। देखा कि पड़ोस में रहने वाली रोशनी उनके घूर पर कूड़ा फेंक रही थी। बेटी ने विरोध किया तो रोशनी और उनके परिवार के अवधेश, पवन कुमार और राजकुमार ने पहले प्रियांशी को पीटा, फिर बीच-बचाव करने पर उनको भी पीटा। थानाध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**बहराइच।** विजयनगर चहलवा गांव निवासी शशि ने सुजौली थाने में तहरीर देकर कहा है कि वह शनिवार को सब्जी खरीदने बरखड़िया बाजार गया था। सब्जी का पैसा देने के बाद भी विपक्षी अयूब और शमी निवासी मदनिया बरखड़िया ने लाठी-डंडों से उसे पीटा। बाजार में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# रास्ते के विवाद में लाठी-डंडों से हमला

**बहराइच।** कारकौदव गांव निवासी हरीशचंद्र ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे विपक्षी बृजलाल, सुशीला, रामचंद्र और ध्रुव वर्मा दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाव में आए प्रदीप, मां कमलावती और बेटी मुस्कान को भी पीटा गया। रामगांव थानाध्यक्ष मदन लाल ने कहा कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# जान से मारने की धमकी का आरोप

**बहराइच।** बनियागांव निवासी रमवासा ने पयागपुर पुलिस को बताया कि वह अपने भाई दातादीन के घर आई हुई थीं। 23 अक्तूबर की रात करीब आठ बजे भाई के पट्टीदार हजारीलाल और प्रह्लाद की पत्नी दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगी। जब उसने विरोध किया तो विपक्षियों ने मुक्का-थप्पड़ और लात-घूंसों से पीटा। जान से मारने की धमकी भी दी। पयागपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश राय ने बताया कि रविवार को तहरीर मिली है, केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# साइबर फ्रॉड के प्रति किया जागरूक

**बहराइच।** राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान माह के तहत सोमवार को शहर के पुलिस मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए गए। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि एएसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के निर्देशन में पुलिस मॉडर्न स्कूल में लगभग 350-400 विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर बने आई-डी को टू-स्टेप वेरीफिकेशन व मोबाइल में इंस्टाल महत्वपूर्ण एप में कठिन पासवार्ड लगाने तथा मोबाइल में आने वाले लिंक्स व एपीके फाइल्स से बचने व अन्य साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया गया। (संवाद)

# परामर्श केंद्र ने तीन परिवारों में कराई सुलह

**बहराइच।** परिवार परामर्श केंद्र के प्रयास से तीन पति-पत्नियों में सोमवार को सुलह कराई गई। केंद्र के प्रभारी रमाशंकर मिश्र ने बताया कि तीन महिलाओं ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर पति पर उत्पीड़न और उपेक्षा का आरोप लगाया। एसपी के निदेश पर दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराया गया। काउंसिलर की बातों को सुनने के बाद तीनों पति-पत्नियों ने केंद्र के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि अब वे सुलह और समन्वय के साथ रहकर अपने बच्चों की बेहतर परवरिश करेंगे। इस कार्य में केंद्र प्रभारी मिश्र, मुख्य आरक्षी संगीता यादव, आरक्षी गिरजावती यादव, सविता मिश्रा, अनन्या सिंह, छाया द्विवेदी तथा निशी त्रिवेदी मौजूद रहीं। (संवाद)

# हादसों में मोटर मैकेनिक की मौत, 12 घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** एक मोटर मैकेनिक की रविवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। उधर, सोमवार दोपहर बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 12 लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय डॉक्टरों से कराया गया।

ग्राम पंचायत मुरौव्वा टिकुरी के पास सोमवार सुबह बांध के नीचे एक युवक का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बौंडी पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली तो आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त ग्राम घासीपुर फखरपुर निवासी मोहम्मद अनवर (36) के रूप में हुई।

जांच में पता चला कि वह मोटर मैकेनिक थे और रविवार की रात सीतापुर में मोटर की मरम्मत के लिए अपने घर से निकले थे। टिकुरी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर बांध के नीचे जा गिरी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष टीएन मौर्य ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## स्थानीय डॉक्टरों के पास कराया गया घायलों का उपचार

उधर, सेमगढ़हा चौराहे पर सोमवार दोपहर बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गए। बस में सवार 12 यात्रियों को हल्की चोट आई। ग्रामीणों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली कोदही की ओर से जैतापुर जा रही थी, जबकि सवारियों से भरी बस बौंडी से कुंडासर को जा रही थी। सेमगढ़हा चौराहे के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई।

गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक बैरिया निवासी सतीश (35) को सीएचसी फखरपुर में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष बौंडी त्रिलोकी नाथ मौर्य ने बताया कि बस में सवार यात्रियों को हल्की-फुल्की चोट लगी है। स्थानीय डॉक्टरों के पास मरहम-पट्टी के बाद सभी गंतव्य को चले गए। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।



बौंडी थाना क्षेत्र के सेमगढ़हा चौराहे पर दुघर्टना के बाद जांच करतीं पुलिस। -संवाद

## इलाज कराकर लौट रहे मां-बेटे हादसे में घायल

बाबागंज। लखैयागांव निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को वह नेपाल से अपनी मां ग्यानवती (60) की आंख का इलाज कराकर बाइक से घर लौट रहे थे। मधवरामपुरवा गांव के पास एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में ग्यानवती गंभीर रूप से घायल हो गईं, रविंद्र को भी चोट आई। दोनों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा पहुंचाया गया। डॉ. अरविंद कुमार ने बताया प्राथमिक उपचार के दौरान ग्यानवती की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। (संवाद)

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**बहराइच।** महराजगंज बाजार के निकट सोमवार शाम को बेकाबू बाइक ने बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। मेडिकल कॉलेज में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। तिलकपुरवा निवासी सुंदरा देवी (70) प्रतिदिन की तरह शाम को खेत की निगरानी करने के लिए निकली थीं। उनके पुत्र रामप्रसाद ने बताया कि महराजगंज मोड़ के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी वभाग निकला। हरदी थानाध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**चित्तौरा।** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली देहात क्षेत्र के सरस्वती नगर निवासी हर्षित श्रीवास्तव तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध हमला व लूट का मुकदमा कोतवाली देहात पुलिस ने सोमवार को दर्ज किया है।

अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र के जरिये पीड़ित देवेंद्र कुमार मौर्य ने कहा है कि वह लखनऊ रोड स्थित डिवाइन हास्पिटल में वार्ड बॉय के पद पर कार्यरत हैं। 4 सितंबर को रात करीब 10:47 बजे हर्षित श्रीवास्तव अपने तीन सहयोगियों के साथ पहुंचे और उनकी पिटाई कर 740 रुपये छीन लिए। जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

पीड़ित ने कमर में फ्रैक्चर होने की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की है। अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट का आदेश प्रभारी निरीक्षक को सोमवार को दिया गया। आदेश के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। (संवाद)

# पुलिस ने तीन परिवारों को टूटने से बचाया

**बहराइच।** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस और काउंसलरों ने मिलकर तीन परिवारों को टूटने से बचा लिया। तीनों ने अलग अलग शिकायतें की थी। तीनों की शिकायतें सुनकर उनकी काउंसिलिंग की गई। तीनों दोबारा गिले शिकवे भूलकर साथ रहने को राजी हो गए। तीनों ने दोबारा किसी तरह रिश्तों में मनमुटाव नहीं लाने की शपथ ली।

हिन्दुस्तान

साइबर क्राइम थाना द्वारा जागरूकता कार्यक्रम, लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें

# बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए

बहराइच। राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान माह के तहत पुलिस मॉडर्न स्कूल थाना क्षेत्र कोतवाली देहात में लगभग 350-400 स्कूल के बच्चों तथा अध्यापकों को साइबर क्राइम से बचाव के टिप्स दिए गए। मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर बने आई-डी को टू-स्टेप वेरीफिकेशन व मोबाइल में इंस्टाल महत्वपूर्ण एप्स में कठिन पासवार्ड लगाने तथा मोबाइल में आने वाले लिंक्स व एपीके फाइल्स के बारे में बताया। दूसरे साइबर फ्रॉड की भी जानकारी दी। बच्चों से कहा गया कि स्वयं के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। किसी के साथ होने साइबर फ्राड होने पर




महिलाओं को जागरूक करके पम्फलेट दिए गए।

नेशनल क्राइम रिपोटिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नं0 1930 व ऑफीशियल वेवसाइट पर पंजीकृत कर दें। छात्र /छात्राओं द्वारा साइबर सम्बन्धी पूछे गये सवालों के जवाब भी दिए गए।

**महिला सुरक्षा मानव तस्करी के बारे में बताया:** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और युवतियों को थाना रिसिया, थाना कोतवाली नगर, थाना रुपईडीहा व अन्य थानों में मानव तस्करी व महिला सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी को महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं पर हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया गया। साथ ही मानव तस्करी / बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी। संबंधित को बताया गया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है। महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल तरीके तथा खतरनाक परिस्थितियों से बचने के उपाय भी साझा किए गए।

# युवती ने जहर खाकर दी जान

बहराइच : कैसरगंज इलाके के जमल्दीपुर निवासी 22 वर्षीय रूषी ने सोमवार सुबह विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिवारजन उसे सीएचसी ले गए। हालत बिगड़ने पर युवती को मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में युवती की मौत हो गई। डा. आशीष वर्मा ने बताया कि युवती मृत अवस्था में अस्पताल लाई गई थी।(जासं)

# जागरूकता चौपाल में दी गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

संसू, जागरण • जरवलरोड(बहराइच) : मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत गायत्री इंटर कालेज में महिला जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार बताए गए।

महिला उपनिरीक्षक ज्योत्सना ने कहा कि महिलाएं आपात स्थिति में सरकार से जारी टोलफ्री नंबरों पर तत्काल सूचना दें। पुलिस उनकी मदद करेगी। बालिकाओं को महिला सशक्तीकरण के संबंध में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1930, 112, 108, 102, 101, 181, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, समस्या एवं समाधान के संबंध में जागरूक किया गया। जागरूकता पर्चे वितरित किया गया। महिला आरक्षी शैलजा चौधरी, मुख्य आरक्षी मंजू देवी समेत विद्यालय स्टाफ शामिल रहा।

# जुआ खेलते सात लोग गिरफ्तार, नकदी बरामद

संसू, जागरण • रुपईडीहा(बहराइच) : पुलिस ने ग्राम वीरपुर सोरहिया स्थित बाग में छापेमारी कर सात जुआरियों को मौके से पकड़ लिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की तलाशी लेने पर 13 हजार व फड़ से 20,250 रुपये, 52 ताश के पत्ते तथा मौके से 13 बाइकें बरामद की गईं। सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया। टीम में उपनिरीक्षक शिवेश कुमार शुक्ल, सूर्यभान सिंह सहित मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो की महिला पुलिस कर्मी शामिल रहे।

हिन्दुस्तान

# युवती ने खाया जहर, मौत

**बहराइच।** कैसरगंज थाने के एक गांव निवासनी 22 वर्षीय बेटी ने सोमवार दोपहर में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे मेडिकल लाकर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने की भरसक कोशिश की। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# नेपाली कस्टम ने चोरी का माल बरामद किया

**रुपईडीहा।** भारतीय सीमा से सटे नेपाली गांव पचपकरा व साईंगांव के विभिन्न क्षेत्रों से कपड़े, चीनी, खाद्य तेल, कोल्ड ड्रिंक, ऑटो रिक्शों की रिम व खाद्यान रविवार को पकड़े गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता दीपक पातली ने बताया कि यह बरामदगी रविवार की रात इस कार्यालय से गए जवानों ने की है। तस्करी मे प्रयुक्त एक भारतीय नम्बर प्लेट की बाइक भी बरामद हुई है। पकड़ा गया सामान नेपालगंज कस्टम कार्यालय को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौप दिया गया है।

# बौंड़ी पुलिस ने पकड़ा धोखाधड़ी का आरोपी

**तेजवापुर।** बौंड़ी थानाध्यक्ष टीएन मौर्या की ओर से गठित टीम दरोगा कैसर मोहम्मद खां, राकेश कुमार सिंह, मुख्य सिपाही महेश राय ने सेमगढ़ा चौराहे के पास दबिश दी। पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में नामजद आरोपी मैला सरैया निवासी आशीष कुमार निषाद को धर दबोचा है। इसने नेपाली युवकों को यूके भेजने के नाम पर 36 लाख की ठगी की थी।

हिन्दुस्तान

# रुपईडीहा में सात जुआरी गिरफ्तार

**रुपईडीहा।** थाना क्षेत्र की गांव सभा सोरहिया के दो बगीचों में जुआ खेलते 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दूर दूर से जुआ खेलने आये जुआरियों की 13 बाइक भी बरामद हुई हैं। फड़ से 20 हजार 250 पचास रुपये भी बरामद हुए हैं।

उक्त जानकारी देते हुए रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक आर एस रावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो दल बनाकर एक साथ छापा मारा। जुआ खेलते वीरपुर सोरहिया निवासी प्रह्लाद वर्मा व दुर्गेश कुमार, प्रेम नारायण, लखीमपुर धौरहरा निवासी पंकज चौरसिया व कपिल मिश्र बख्शीगांव थाना रुपईडीहा शमशाद तथा धर्मेंद्र प्रताप सिंह निवासी कलवारी थाना रुपईडीहा को गिरफ्तार किया गया।

# जुआ खेलते सात लोग गिरफ्तार, 13 बाइक सीज

**रुपईडीहा।** अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस टीम ने वीरपुर सोरहिया गांव के बाग में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर सात जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर मिली 13 बाइक सीज कर दी गईं।

**पुलिस ने वीरपुर सोरहिया के बाग में छापा मारकर की कार्रवाई**

एसओ रमेश सिंह रावत ने बताया कि वीरपुर सोरहिया गांव स्थित रामनगीना व रामनिवास के बाग में जुआ खेला जा रहा था। टीम ने छापा मारकर जुआ खेल रहे प्रहलाद वर्मा, प्रेमनारायण, पंकज चौरसिया, कपिल मिश्र, शमशाद, धर्मेंद्र प्रताप सिंह और दुर्गेश कुमार को पकड़ लिया। 2025 रुपये नकद, ताश की गड्डियां और 13 बाइक मौके पर मिलीं।

सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–28–10–2025

# महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**श्रावस्ती, संवाददाता।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बच्चियों, किशोरियों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को जगह जगह सम्मेलन आयोजित करके महिलाओं को जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति विशेष अभियान के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन की ओर से भिनगा के मोहल्ला कृष्णा नगर में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को उनके अधिकार बताए गए।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन वन स्टॉप सेंटर के बारे में व टोल फ्री नंबर 1090, 181,1098, 112 हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह से एसपी राहुल भाटी के निर्देशन में 17 स्थानों पर जागरूकता चौपाल लगाए गए। जिसमें अधिकारियों ने छात्राओं को खुद की रक्षा के गुर सिखाया गया।

# अतिक्रमण से मिर्जापुर चौराहे पर जाम

## जाम का झाम

**गिरंटबाजार, संवाददाता।** बदला चौराहा से नानपारा मार्ग पर स्थित तिराहों व चौराहों पर सड़क पटरियों पर अतिक्रमण के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है। चलक अपने डग्गामार वाहन व ई-रिक्शा को सड़क पर खड़ा किए रहते हैं। जिसके चलते लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है।



मिर्जापुर चौराहे पर रविवार सुबह लगा जाम।

हरदत्त नगरग गिरंट थाना क्षेत्र के बदला से नानपारा मार्ग पर स्थित मिर्जापुर चौराहा से कटिलिया चौराहा जाने वाला मार्ग अतिक्रमण का शिकार है। पूरा दिन सड़क की दोनों पटरियों के साथ ही अधी सड़क तक डग्गामार वाहन व ई-रिक्शा का जमघट लगा रहता है। दुकानदार व ग्राहक भी अपने वाहन सड़क पर खड़ा कर देते हैं। चालक घंटो अपने वाहन खड़े कर सवारियों की प्रतीक्षा करते हैं। इसके चलते सड़क संकरी होती है और वाहनों का निकलना मुश्किल रहता है। इस वजह से चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। बड़े वाहनों को निकलने में काफी समस्या होती है।

# चोरी का राजफाश

श्रावस्ती : श्रावस्ती पुलिस टीम ने कटरा बाजार में ज्वैलर्स दुकान पर हुई चोरी की घटना का राजफाश किया। आरोपित महिला को उसके घर हरदोई जिले के बेनीगंज क्षेत्र के मुहल्ला सिकलीन टोला बेनीगंज से दबोच लिया। चोरी की सोने की बाली व चांदी की बिछुआ बरामद हुआ है। ( वि.)

# कानून की जानकारी देकर महिलाओं को किया सशक्त

जासं • श्रावस्ती : मिशन शक्ति अभियान के तहत हब फार इंपावरमेंट आफ वूमेन (महिला सशक्तीकरण केंद्र) के कर्मचारियों की ओर से सोमवार को भिनगा के कृष्णानगर मुहल्ले में घरेलू हिंसा व दहेज उन्मूलन थीम पर जागरूकता चौपाल आयोजित की गई। महिलाओं को उनके लिए बनाए गए विभिन्न अधिनियमों की जानकारी देकर सशक्त किया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा, निराश्रित महिला पेंशन, स्पांसरशिप योजना व वन वन स्टाप सेंटर के बारे में बताया गया।

# बालक लौटा घर

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसा डेहरिया निवासी हग्गन कुमार का बेटा 24 अक्तूबर को घर से कहीं चला गया था। थाना प्रभारी अंकुर वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया व स्थानीय थानों में फोटो भेजकर बालक को तलाशा जा रहा था। सोमवार को बालक को सकुशल तलाश लिया गया। (संवाद)

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न थानों की ओर से 17 स्थानों पर जागरूकता चौपाल लगाई गई। इसमें 2100 महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि चौपाल के माध्यम से महिलाओं को कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन लेनदेन में सतर्कता, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग व घरेलू हिंसा से निपटने आदि के बारे में बताया गया। (संवाद)

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट में सोमवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने अपने कक्ष में जनता दर्शन का आयोजन किया। इस दौरान कुल 11 फरियादियों ने अपनी समस्याएं बताईं। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मामलों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह से पुलिस कार्यालय में एसपी राहुल भाटी ने जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की फरियाद सुनी। उन्होंने संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। (संवाद)

# साखू की तीन बोटा लकड़ी बरामद

**श्रावस्ती।** सिरसिया क्षेत्र के पूवी सोहेलवा वन रेंज में रविवार रात वनक्षेत्राधिकारी अनिमेश वर्मा टीम के साथ भ्रमण कर रहे थे। तभी साइकिल से साखू की तीन बोटा लकड़ी ले जा रहे तीन लकड़कट्टे वन कर्मियों की आहट पाकर लकड़ी व साइकिल छोड़कर भाग गए। कर्मियों ने लकड़ी व साइकिल को अपने कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया। वनक्षेत्राधिकारी अनिमेश वर्मा ने बताया कि लकड़कट्टों की तलाश की जा रही है। टीम में वन दरोगा ज्वाला प्रसाद, वन रक्षक अखिलेश व अजय कुमार शामिल रहे। (संवाद)

# जेवर चुराने वाली महिला गिरफ्तार

**वीरपुर।** सीओ इकौना भरत पासवान ने बताया कि कटरा बाजार निवासी ईश्वर प्रताप वर्मा की ज्वैलरी की दुकान पर 16 अक्तूबर को दो महिलाएं खरीदारी के लिए आई थीं। दोनों के जाने के बाद ईश्वर प्रताप ने देखा कि दो जोड़ी सोने की बालियां व छह जोड़ी चांदी के बिछुये कम थे।

उनकी तहरीर पर नवीन मॉडर्न थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी। सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर कार से हरदोई के पांच लोगों के कटरा पहुंचने की जानकारी मिली। उनमें दो महिलाएं, एक युवती व दो पुरुष शामिल थे। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर हरदोई के बेनीगंज क्षेत्र के सिकलीन टोला में पुलिस ने छापा मारा। वहां से चोरी में शामिल एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से एक बाली व दो जोड़ी बिछुआ बरामद किए गए। (संवाद)

# मृतक के परिजनों से मिले विधायक मदद दिलाने का दिया आश्वासन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**इकौना।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 17 अक्तूबर को कंजड़वा निवासी आकाश पासवान (16) की मौत हो गई थी। रविवार को आकाश के घर श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने हादसे में घायल हुए सूरज पासवान के परिजनों से भी मुलाकात की और हर संभव मदद दिलाने व इलाज करवाने का आश्वासन दिया।

**17 अक्तूबर को ट्रक की टक्कर से एक किशोर की हो गई थी मौत**



मृतक के परिजनों का हाल जानने पहुंचे श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय। - संवाद

विधायक रामफेरन पांडेय ने कहा कि हादसे के समय वह धार्मिक यात्रा पर उत्तराखंड में थे। लौटने पर उन्हें दर्दनाक हादसे की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घायल सूरज का इलाज वह स्वयं करवाएंगे। साथ ही मृतक आकाश के परिजनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास ले जाकर सरकारी सहायता राशि दिलवाई जाएगी।

इलाज में लापरवाही को लेकर उन्होंने कहा कि टांका लगवाने के लिए धागा बाहर से मंगवाने के आरोप की विभागीय जांच हो रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं, लेकिन किसी ने घायल परिवार को मदद करने के लिए हाथ नहीं बढ़ाया।

# पीड़ित परिवार से मिलकर विधायक ने दिया आश्वासन

**इकौना।** कंजडवा गांव में हाईवे दुर्घटना में घायल सूरज पासवान एवं मृतक आकाश पासवान के घर श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने पहुंच कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इसके साथ ही सरकार से हर संभव सहायता दिलाने एवं घायल की दवा इलाज कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई होगी।

विधायक ने कहा कि घायल की दवा हम खुद ले जाकर करायेंगे चाहे पीजीआई, राम मनोहर लोहिया, जैसे बड़े अस्पतालों में कराना पड़े। इसके साथ ही परिवार को सरकारी सहायता राशि मुख्यमंत्री से मिलकर दिलायेंगे।

**सांसद ने पीड़ित परिवार से मिल कर जताई शोक संवेदना :** कंजड़वा गांव में सपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा, एक्स विधायक असलम रायनी, सपा जिला अध्यक्ष सर्वजीत यादव, सपा नेता अमर यादव, महमूद आलम नईमी, विश्वजीत यादव ने पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायल सूरज का हाल चाल जाना।